मानव संसाधन विकास मंत्रालय

MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
1988-89

NIEPA DC
D05410

भाग-I

PART-I

शिक्षा विभाग
DEPARTMENT OF EDUCATION

भारत सरकार

GOVERNMENT OF INDIA

1989

National Institute of Educational
Planning and Administration
Sri Aurobindo Marg, New Delhi-110016
DOC. No. D-5410
Date 13-9-90

Printed at Bengal Offset Works, New Delhi

विषय-सूची

1.	भूमिका	1
2.	प्राक्कथन	3
3.	प्रशासन	7
4.	प्रारम्भिक शिक्षा	10
5.	माध्यमिक शिक्षा	16
	उच्च शिक्षा और अनुसंधान	44
	सातवीं शिक्षा	66
	प्रौढ़ शिक्षा	83
9.	संघ राज्य क्षेत्रों में शिक्षा	91
10.	छात्रवृतियाँ	99
11.	पुस्तक सम्वर्धन और कापीराइट	104
12.	भाषाओं की प्रोन्नति	109
13.	सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम	117
14.	बीस सूत्री कार्यक्रम और सुविधावंचित वर्गों के लिए शिक्षा की सुलभता	118
15.	प्रबंध, मानीटरिंग और मूल्यांकन	120
16.	अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग	125
17.	उपलब्धियां 1985-86 से	132
	– वित्तीय आबंटन	139
	– 1987-88 के दौरान एक लाख रुपये और इससे अधिक आवर्ती सहायता अनुदान प्राप्त करने वाले प्राइवेट और स्वैच्छिक संगठनों के नाम	
	– प्रशासनिक चार्ट	175

प्रकाशन संख्या 1647
PUBLICATION NUMBER 1647

भूमिका

1.1.0. सातवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत बुनियादी कार्यनीतियों में से एक कार्यनीति मानव संसाधन विकास रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में अंत में यह कहा गया है :–

> "सबसे बड़ा काम है शैक्षिक पिरामिड की बुनियाद को सुदृढ़ बनाना, उस बुनियाद को जिसमें इस शताब्दी के अंत तक लगभग सौ करोड़ लोग होंगे। यह सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि जो इस पिरामिड के शिखर पर हों, वे विश्व में सर्वोत्तम स्तर के हों। अतीत में इन दोनों छोरों को हमारी संस्कृति के मूल-स्रोतों ने भलीभांति सिंचित रखा, लेकिन विदेशी अधिपत्य और प्रभाव के कारण इस प्रक्रिया में विकार पैदा हो गया। अब मानव संसाधन विकास का एक राष्ट्व्यापी प्रयास पुनश्च शुरू होना चाहिये जिसमें शिक्षा अपनी बहुमुखी भूमिका पूर्ण रूप से निभाए।"

1.2.0 राष्ट्रसंघ बाल निधि (यूनिसेफ) 1989 में विश्व के बच्चों की दशा पर अपनी रिपोर्ट में इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि विश्व के कई विकासशील देशों में मानव संसाधन विकास पर पूंजी निवेश में अत्यधिक कमी आई है, सार्वजनिक व्यय पर कटौती के कारण शिक्षा पर प्रति व्यक्ति व्यय में लगभग 50% की गिरावट हुई है; कि राज्यों को कार्यसूची में मानव संसाधन विकास कार्यक्रमों को उच्च प्राथमिकता प्रदान करनी चाहिए; कि वास्तविक विकास पैक्ट" एक न्यू मार्शल योजना" कार्यान्वित की जानी चाहिए जिसके अधीन उन्नत देश विकासशील देशों के लिए वास्तविक संसाधनों तक उनकी पहुंच को पर्याप्त रूप से बढ़ाने का प्रयत्न करेंगे, और ये देश भी अपनी निवेश-नीतियों को वास्तविक विकास की प्रवृत्ति की ओर पुनः अभिमुख करेंगे ताकि गरीब व्यक्ति को सबसे पहले प्राथमिकता मिले।

1.3.0 मानव संसाधन विकास में शिक्षा, युवा, महिलाओं एवं बच्चों, कलाओं, संस्कृति तथा खेलों के क्षेत्रों में मानवीय क्षमताओं के विकास के लिए समन्वित एवं सर्वतोमुखी प्रयास किये जाने की अपेक्षा की गई है।

1.4.0 रिपोर्ट के निम्नलिखित पांच भागों में, विभिन्न पहलुओं में, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निष्पादन की तस्वीर प्रस्तुत की गई है –:

भाग I	शिक्षा विभाग
भाग II	संस्कृति विभाग
भाग III	कला विभाग
भाग IV	महिला तथा बाल विकास विभाग
भाग V	युवा कार्य तथा खेल विभाग

1.5.1 राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के अधीन विभिन्न कार्यक्रमों को कार्यान्वित करते समय, मानव संसाधन विकास संबंधी बातों का ख्याल रखते हुये निम्नलिखित क्षेत्रों की ओर विशेष ध्यान दिया गया :

* प्रारम्भिक शिक्षा का सर्वसुलभीकरण;
* प्रौढ़ साक्षरता जिसमें कौशल विकास तथा मूल्यों का संचार करना शामिल है;
* सुविधाहीन वर्गों–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों, आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों तथा महिलाओं के लिए शिक्षा तक पहुंच;
* शिक्षा की विषय-वस्तु तथा प्रक्रिया में सुधार।

1.5.2 उपर्युक्त क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए निम्नलिखित 3 महत्वपूर्ण कार्य-नीतियां अपनाई गई :— औपचारिक पद्धति से बाहर (चाहे अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों द्वारा अथवा सुदूर शिक्षा द्वारा) शिक्षा तक पहुंच का प्रावधान करना; ग्रामीण निर्धन व्यक्ति के लाभ के लिए—जन शक्ति विकास के लिए, प्रौद्योगिकियों आदि का हस्तांतरण जैसे कि सामुदायिक पालिटेक्निकों की योजना के अधीन और (प्रौढ़ साक्षरता के लिए अर्थात कालेज छात्रों, एन.सी.सी. कैडेट्स, एन.एस.एस. स्वयंसेवकों, भूतपूर्व सैनिकों आदि की सेवाओं का उपयोग करते हुये) शैक्षिक प्रयासों के लिए जन सहयोग प्राप्त करना।

1.6.0 सांस्कृति विभाग ने क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों तथा सहायता संसाधनों के जरिए देश की सांस्कृतिक परम्पराओं के परिरक्षण, संवर्धन तथा समृद्धि के लिए अपने प्रयास जारी रखे। चालू वर्ष के दौरान भारत में सोवियत रूस तथा फ्रांस महोत्सवों का आयोजन, जापान में भारत महोत्सव का प्रारम्भ, बम्बई में अपना उत्सव, देश तथा विदेश में सांस्कृतिक प्रसार के क्षेत्र में प्रमुख उपलब्धियां रही हैं। 56 देशों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम तथा 75 देशों के साथ करार भी कार्यान्वित किये जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न देशों के लोगों को भारत के लोगों के और निकट आने में सहायता मिली है।

1.7.0 कला विभाग ने इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (इ.गां.रा.क.के.) के लिए अवस्थापना सुविधाएं स्थापित करने का अपना कार्य लगभग पूरा कर लिया गया। इ.गां.रा.क.के. के पांच प्रमुख प्रभाग अर्थात कला निधि, कला कोश, जनपद सम्पदा, कला दर्शन तथा सूत्रधारा ने केन्द्र के विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों पर अपना ध्यान केन्द्रित किया। केन्द्र के अधीन परिकल्पित प्रमुख गतिविधियां इस प्रकार हैं :—

* सहायता सुविधायें, पुस्तकालय, अभिलेखागारों आदि सहित कला, मानविकी और सांस्कृतिक परम्पराओं से संबंधित डाटा बैंक तथा कम्प्यूटरीकृत राष्ट्रीय सूचना पद्धति का सृजन।
* कलाओं तथा शिल्प कलाओं संबंधी शब्दकोशों, भारतीय कलाओं की पाठ्य पुस्तकों, लेखों के पुनर्मुद्रण, भारतीय कलाओं के विश्वकोशों के बहु-संस्करण इत्यादि के निर्माण के कार्यक्रमों के जरिए मौलिक अनुसंधान।
* लोक तथा जन जातीय कलाओं एवं शिल्प कला का प्रलेखन और
* अंतर-विषयक संगोष्ठियों का आयोजन।

1.8.0 राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (रा.प्र.यो.) 1988-2000 ई. को भावी कार्यनीतियों के आधार के रूप में अंतिम रूप दिया गया ताकि महिलाओं के विकास, विशेष कर महिलाओं के सामाजिक तथा आर्थिक स्तर को ऊपर उठाने के कार्यक्रम पर मुख्य बल दिया जा सके। महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रारम्भिक बाल विकास सेवाएं प्रदान करने को प्राथमिकता देना जारी रखा। एकीकृत बाल सेवाओं का विस्तार कर उसमें वर्ष के दौरान लगभग 2000 परियोजनाएं 0-6 आयु वर्ग के बच्चों तथा गर्भवती एवं दूध पिलाने वाली महिलाओं के लाभ के लिए शामिल की गई।

1.9.0 विस्तृत विश्व व्यापी परामर्श के बाद नवम्बर, 1988 में युवाओं संबंधी एक राष्ट्रीय नीति संसद के सम्मुख रखी गई। नीति में देश के युवाओं के व्यक्तित्व तथा कार्यात्मक क्षमताओं के विकास के लिए अवसर पैदा करने की परिकल्पना की गई है। देश के विभिन्न भागों में आयोजित सामूहिक राष्ट्रीय एकता शिविरों ने युवाओं में राष्ट्रीय एकता की भावना को सर्वोपरि बनाये रखने में सहायता की। नेहरू युवक केन्द्र संगठन ने अपने कार्यकलापों का विस्तार किया हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (भा.प्रा.) 1990 में बीजिंग में होने वाले एशियाई खेलों के लिए खिलाड़ियों के प्रशिक्षण पर ध्यान दे रहा है। दक्षिण ध्रुव अंतर्राष्ट्रीय स्की अभियान जैसे उत्साही कार्यक्रम, भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा प्रतिभा की खोज, खेल-कूद कार्यकलापों के लिए अवस्थापना सुविधायें, खेल-कूद परियोजना विकास क्षेत्र योजना का आरम्भ करना, युवा कार्य तथा खेल विभाग की अन्य प्रमुख उपलब्धियां रही हैं। भारत के संविधान में भी खेल-कूद को राज्य सूची से हटाकर समवर्ती सूची में रखते हुये राज्य सभा में संविधान (61वां) संशोधन विधेयक 1988 पुरःस्थापित करके भारत सरकार ने स्वयं को खेलों में और अधिक मात्रा में शामिल करने का प्रयास किया है।

प्राक्कथन

निधियों का आबंटन और उनका उपयोग

2.1.0 वर्ष 1987-88 के दौरान शिक्षा विभाग के लिए कुल बजट आवंटन 1,211 करोड़ रुपये (800 करोड़ रुपये योजनागत के अंतर्गत, 386 करोड़ रुपये योजनेतर (बी.ए.डी.पी. के अंतर्गत) के लिए था। सम्पूर्ण आवंटन खर्च हो गया है। सभी योजनागत कार्यक्रम राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के पूरे सहयोग से, परियोजनोन्मुख आधार पर तैयार किये गये, और कार्यान्वित किए गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के संदर्भ में कार्यान्वित सभी योजनाओं के अंतर्गत महत्वपूर्ण प्रगति हुई। इन योजनाओं में प्रमुख हैं:- आपरेशन ब्लैक बोर्ड, अनौपचारिक शिक्षा, अध्यापक शिक्षा की पुर्नसरचना और पुनर्गठन, शिक्षा का व्यावसायीकरण, नवोदय विद्यालय, शिक्षा प्रौद्योगिकी, स्कूलों में विज्ञान शिक्षण, प्रौढ़ शिक्षा, सुदूर शिक्षा, और तकनीकी शिक्षा की पुरानी और अनुपयुक्त प्रणालियों को हटा कर इसका आधुनिकीकरण।

2.2.0 वर्ष 1988-89 के लिए 1595 करोड़ रुपये (800 करोड़ रुपये योजनागत, 45 करोड़ रुपये सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत और 750 करोड़ रुपये योजनेत्तर के तहत) की धनराशि आवंटित की गई थी।

2.3.0. विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निम्नलिखित बातों पर विशेष ध्यान दिया गया।

* राज्य और केन्द्र सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों की राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समितियों के जरिए मन्जूरी पत्रों को जारी करना (इससे परिहार्य पत्र व्यवहार को दूर करने, निर्णयों में शीघ्रता लाने और प्रस्तावों की सावधानीपूर्वक जांच में सहायता मिली है)
* राष्ट्र स्तरीय सम्मेलनों में राज्य के शिक्षा सचिवों और निदेशकों के साथ बार-बार मध्यावधि परामर्श,
* केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड और इसकी समितियों की बैठकों में मध्यावधि परामर्श और समीक्षाएं।

प्रारम्भिक शिक्षा

2.4.1 सातवीं योजना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के परिप्रेक्ष्य और कार्यनीतियों के अनुरूप प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया। 800 करोड़ रुपये के कुल योजनागत आवंटन में से चालू वर्ष के लिए प्रारम्भिक शिक्षा हेतु 233.40 करोड़ रुपये का आवंटन है जो कि कुल राशि का 29% बैठता है। वर्ष 1987-88 के दौरान प्रारम्भिक शिक्षा के सर्वसुलभ बनाने के अभियान में निम्नलिखित उपलब्धियां रहीं:

* आपरेशन ब्लैक बोर्ड के अंतर्गत प्रदान की गई केन्द्रीय सहायता - 27 राज्य संघ राज्य क्षेत्र
* लाभान्वित स्कूलों की संख्या 1.13 लाख (देश के स्कूलों का 21.43)
* शिक्षकों के अतिरिक्त स्वीकृत पदों की संख्या - 37000
* अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत लाभान्वित राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों की संख्या - 15
* स्वीकृत अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों की संख्या - 1.85 लाख
* स्कूल शिक्षकों के व्यापक प्रशिक्षण के तहत प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या - 4.55 लाख

* स्वीकृत, पुनर्गठित शिक्षक संस्थानों की संख्या - 116
(101 डी.आई.ई.टी., 8 सी.टी.ई.एस. और 7 आई.ए.एस.आई.)

2.4.2 वर्ष 1988-89 के दौरान उपरोक्त कार्य-कलापों का दूसरा चरण पूरे जोर से चल रहा है। इन कार्यकलापों से इस दिशा में एक चेतना पैदा हुई है और प्राथमिक विद्यालायों में कम से कम न्यूतम अवस्थापना उपलब्ध करवाने, औपचारिक स्कूलों में न जाने वाले, बच्चों के दरवाजों तक शिक्षा पहुंचाने और शिक्षा प्रणाली के व्यावसायीकरण को दिशा प्राप्त हुई हैं।

2.4.3 प्रारम्भिक शिक्षा के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में केन्द्र और राज्यों द्वारा किए गए निवेशों से ठोस परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से एक नई मानीटरिंग प्रणाली स्थापित करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह प्रणाली प्रारम्भिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने की दिशा में हुई प्रगति का मूल्यांकन कर सकेगी।

2.4.4 केन्द्रीय क्षेत्र में शिक्षा के लिए अपेक्षित संसाधनों के संबंध में शिक्षा विभाग ने मई, 1988 में नौवें वित्त आयोग को एक विवरण प्रस्तुत किया था। आयोग द्वारा वर्ष 1989-90 की अपनी रिपोर्ट में (शैक्षिक रूप से पिछड़े दस राज्यों में स्कूल भवनों की व्यवस्था के लिए)। प्रारम्भिक शिक्षा हेतु 200 करोड़ रुपये के आवंटन की सिफारिश की है। इसके अलावा उन्होंने 12 राज्यों में शिक्षा क्षेत्र के स्तर ऊंचे करने के लिए 41.92 करोड़ रुपये के आवंटन की भी सिफारिश की है।

माध्यमिक शिक्षा

2.5.1 माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा को कार्य-जगत से जोड़ने, विज्ञान-शिक्षण शिक्षा, प्रौद्योगिकी के प्रयोग और ग्रामीण प्रतिभाशाली बच्चों के लिए विशेष प्रयास करने पर बल दिया गया है। उपरोक्त लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्यान्वित योजनाओं अर्थात् शिक्षा का व्यावसायीकरण, विज्ञान-शिक्षण के सुदृढ़ीकरण, शिक्षा प्रौद्योगिकी और नवोदय विद्यालयों के संबंध में वर्ष 1987-88 में प्राप्त सार्थक प्रगति की रफ्तार वर्ष 1988-89 के दौरान भी जारी रही।

2.5.2 माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में वर्ष 1987-88 के दौरान विशिष्ट उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:-

* 1000 स्कूलों में 3100 व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए 18 राज्यों को सहायता दी गई,
* विज्ञान शिक्षा के लिए 18 राज्यों को सहायता दी गई (6,900 स्कूलों की प्रयोगाशालाओं का स्तर बढ़ाने, 8,900 स्कूलों के पुस्तकालयों के विकास हेतु यह 80 जिला संसाधन केन्द्रों की स्थापना के अतिरिक्त हैं),
* 6-11 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए, मुख्य रूप से सप्ताह में पांच दिन शिक्षा कार्यक्रमों का 45 मिनट का इन्सेट प्रसारण, हिन्दी, उड़िया, तेलुगु, मराठी और गुजराती में।
* 13 राज्यों के स्कूलों में वितरण के लिए 10,000 से अधिक टी.वी. सेट और 37,000 टू-इन-वन-रेडियो-कैसेट प्लेयर उपलब्ध करवाये गये,
* 34,000 से भी अधिक ग्रामीण प्रतिभाशाली बच्चों को लाभान्वित करते हुये देश के विभिन्न भागों में 256 नवोदय विद्यालयों की शुरूआत।

2.5.3 नवोदय विद्यालयों के बच्चों से संबंधित आंकड़ों के विश्लेषण से निम्नलिखित तथ्य स्पष्ट हो जाते है:

* ग्रामीण बच्चे	79%
* अनुसूचित जाति के बच्चे	18%
* अनु. जनजाति के बच्चे	12%
* गरीबी की रेखा से नीचे के परिवारों के बच्चे	41%
* 12,000 रुपये की वार्षिक आय से कम आय वाले परिवारों के बच्चे	63%

उच्च शिक्षा

2.6.1 उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जनवरी, 1989 की स्थिति के अनुसार इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय खुले विश्वविद्यालय के विभिन्न डिग्री, डिप्लोमा तथा प्रमाण पत्र स्तरीय पाठ्यक्रमों में 54,000 छात्र नामांकित थे। अब इंदिरा गांधी राष्ट्रीय खुला वि.वि. अपने 12 क्षेत्रीय केन्द्रों तथा 112 अध्ययन केन्द्रों के नेटवर्क के माध्यम से सिक्किम, पाण्डिचेरी तथा लक्षद्वीप के अलावा सभी राज्य व संघ शासित क्षेत्रों को लाभ पहुंचा रहा है।

2.6.2 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विभिन्न कार्यक्रमों के तहत 100 विश्वविद्यालयों तथा 4500 से अधिक कालेजों को विभिन्न प्रयोजनों के लिए सहायता प्रदान की गई। 92 कालेजों के संबंध में स्वायत्त स्तर के लिए मंजूरी दे दी गई है। अधिकांश राज्यों द्वारा शिक्षकों के संशोधित तथा परिवर्तित वेतनमानों का

कार्यन्वयन शुरू कर दिया गया है। राज्य शिक्षकों की सेवा-शर्तों में सुधार की योजना के अभिन्न अंग के रूप में कार्य-मूल्यांकन तथा सतत् शिक्षा शुरू हो गई हैं। विश्वविद्यालय तथा कालेज शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए 48 अकादमिक स्टाफ कालेज स्थापित हो चुके हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा बहुत से उच्च अध्ययन केन्द्रों तथा अनुसंधान विकास तथा उत्कृष्टता केन्द्रों के संवर्धन के लिए विश्वविद्यालय विभागों को सहायता दी गई।

प्रौढ़ शिक्षा

2.7.1 राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का कार्यान्वयन पूरे जोरों पर है। 2.71 लाख प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र चल रहे हैं जिनमें 81 लाख प्रौढ़ छात्र पढ़ रहे हैं। इस काम में 500 से अधिक स्वैच्छिक एजेन्सियों का सहयोग लिया जा रहा है। नवसाक्षरों को सतत शिक्षा प्रदान करने के लिए 14,000 जन शिक्षण निलयम कार्यरत हैं।

2.7.2 प्रधान मंत्री महोदय, द्वारा मई, 1988 में व्यापक प्रेरणा अभियान प्रारम्भ किया गया। तमिलनाडु, केरल तथा गुजरात के कुछ जिलों में "आपरेशन साक्षरता-1991 की जनगणना तक" नामक एक विशेष कार्यक्रम भी प्रारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम को अन्य राज्यों तथा 10 महानगरों में शुरू करने के प्रयास किये जा रहे हैं। बढ़िया ब्लैकबोर्डों, स्लेटों तथा धूलरहित चॉकों, प्रकाश के लिए सौर ऊर्जा पैकों, संगणकीकृत प्रबंध सूचना प्रणाली, द्रुतगामी साक्षरता पद्धतियों के प्रयोग आदि जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी एवं शैक्षिक साधनों की सहायता से राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के कार्यक्रम को एक उल्लेखनीय बल प्राप्त हुआ हैं।

तकनीकी शिक्षा

2.8.1 तकनीकी शिक्षा के सुनियोजित विकास तथा स्तरों के समन्वित अनुरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए अखिल-भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् को ए आई सी टी ई अधिनियम द्वारा सांविधिक बल प्रदान किया गया है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा पाठ्यक्रमों व संस्थाओं, शुल्क व प्रवेश संबंधी दिशा-निर्देशों, राज्य निदेशालयों के लिए माडलों आदि के संबंध में अपने विनियम नीतियां तथा स्तर निश्चित किये गये हैं। अखिल भा. तक. शि. परिषद् द्वारा नए संस्थानों/पाठ्यक्रमों को शुरू करने के लिए प्राप्त 89 प्रस्तावों में से 39 को मंजूरी दी गई है।

2.8.2 ध्यान केन्द्रित करने के लिए तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बहुत से महत्वपूर्ण क्षेत्र निर्धारित किये गये हैं। 10,000 से अधिक प्रयोगशाला आधुनिकीकरण के लिए निर्धारित की गई हैं। वर्ष 1987-88 के दौरान आधुनिकीकरण व महत्वपूर्ण क्षेत्र विकास के लिए 700 से अधिक परियोजनाओं को मंजूरी दी गई तथा वर्ष 1988-89 में भी इतनी ही परियोजनाओं को मंजूरी दिए जाने की आशा है।

2.8.3 ग्रामीण समुदाय को महत्वपूर्ण लाभ पहुंचाने के लिए सामुदायिक पालिटेक्निकों ने सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। आज तक 109 सामुदायिक पालिटेक्निक कार्यरत हो चुके हैं। अब तक इनमें 94,000 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इन पालिटेक्निकों द्वारा 3000 से अधिक गांवों को तकनीकी सेवायें प्रदान की गई हैं।

पहले से चल रहे अन्य कार्यक्रम

2.9.0 शिक्षा की विषय वस्तु तथा प्रक्रिया में सुधार, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति, अल्पसंख्यकों तथा महिलाओं तक शिक्षा को पहुंचाने, भारत के अन्दर तथा विदेशों में रह रहे पात्र व्यक्तियों को छात्रवृत्तियां प्रदान करने तथा पुस्तक संवर्धन एवं भाषाओं के विकास से संबंधित पहले से चले आ रहे कार्यक्रमों को जारी रखा गया।

संगणकीकरण

2.10.0 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 तथा कार्रवाई योजना में की गई परिकल्पना के अनुसार तथा शिक्षा के विकास के लिए किये जा रहे अखिल भारतीय प्रयासों के अनुरूप राष्ट्रीय सूचना केन्द्र की सहायता से शिक्षा विभाग में कार्य निर्वाह के साथ-साथ प्रबंध सूचना के लिए संगणकीकरण का काम उल्लेखनीय रूप से शुरू कर दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

2.11.0 वर्ष के दौरान भारत द्वारा यूनेस्को की तीसरी माध्यावधि योजना तैयार करने के लिए विभिन्न स्तरों पर आयोजित चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया गया। यूनेस्को के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग द्वारा किये गये कार्य में से अन्य उल्लेखनीय कार्य है:

अक्तूबर, 1988 में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष संबंधी क्षेत्रीय कार्यदल की बैठक तथा दिसम्बर, 1988 में नई दिल्ली में, विकासशील देशों के बीच तकनीकी सहयोग (टी सी डी सी) बढ़ाने के लिए आयोजित उप-क्षेत्रीय संगोष्ठी। यूनेस्को के महा-निदेशक श्री फ्रेडरिको मेयर द्वारा दिसम्बर, 1988 में भारत की यात्रा की गई तथा उन्होंने मानव संसाधन विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने मानव संसाधन विकास मंत्री तथा प्रधान मंत्री जी से भी भेंट की।

प्रशासन

संगठनात्मक संरचना

3.1.1 शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय का एक अंग है और मानव संसाधन विकास मंत्री के समग्र कार्य प्रभार के अधीन राज्य मंत्री इसके कार्य प्रभारी हैं। सचिव इस विभाग के सचिवालय प्रमुख है, उनकी सहायता के लिए एक अपर सचिव तथा शिक्षा सलाहकार (तकनीकी) हैं। इस विभाग में अनेक ब्यूरो, प्रभाग, डेस्क, अनुभाग तथा एकक हैं। प्रत्येक ब्यूरो के प्रभारी एक संयुक्त सचिव/संयुक्त शिक्षा सलाहकार हैं और उनकी सहायता प्रभागाध्यक्षों द्वारा की जाती है। विभाग का संगठनात्मक स्वरूप रिपोर्ट के साथ संलग्न प्रशासनिक चार्ट में दर्शाया गया है।

अधीनस्थ कार्यालय स्वायत्त संगठन

3.1.2 पिछले अनेक वर्षों के दौरान इस विभाग के अधीन बहुत से अधीनस्थ कार्यालय तथा संगठन बने हैं। उच्च शिक्षा के स्तरों के निर्धारण एवं समन्वय के लिए संसद द्वारा पारित एक अधिनियम के अंतर्गत 1956 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना की गई थी। इसके अतिरिक्त, विशिष्ट जिम्मेदारियां निभाने के लिए अनेक संगठन स्थापित किए गए हैं। इनमें से एक है राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद जो समूचे देश में स्कूली शिक्षा के गुणवत्ता संबंधी पक्ष को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयत्नशील हैं। अन्य महत्वपूर्ण संगठन हैं:-

- राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना एवं प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली।
- भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला।
- भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली।
- भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली।
- भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली।
- केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली।
- नवोदय विद्यालय समिति, नई दिल्ली।
- केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली।
- केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर।
- केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा।
- केन्द्रीय अंग्रेजी तथा विदेशी भाषा संस्थान, हैदराबाद।
- केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, नई दिल्ली।
- वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली।
- राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली।
- राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली।
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हैं:- भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर भारतीय खान स्कूल, धनबाद; राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान, बंबई; राष्ट्रीय ढलाई तथा गढ़ाई प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची; आयोजना और वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली; भारतीय प्रशासनिक स्टाफ कालेज, हैदराबाद; अहमदाबाद, बंगलौर, कलकत्ता और लखनऊ स्थित चार भारतीय प्रबंध संस्थान; भोपाल, कलकत्ता, चण्डीगढ़ और मद्रास स्थित चार तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान; बंबई, दिल्ली, कानपुर, खड़गपुर और मद्रास स्थित पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान; और देश भर में फैले सत्रह क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज।

कार्य :

3.2.0 शिक्षा विभाग के मुख्य कार्य हैं : सभी पहलुओं से शिक्षा नीति का विकास और उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा के स्तरों का निर्धारण तथा समन्वय; कापीराइट अधिनियम लागू करना; पाठ्य-पुस्तकों की कोटि में सुधार; छात्रवृत्तियों तथा अन्य योजनाओं का संचालन; यूनेस्को के साथ सहायता कार्यक्रमों तथा अन्य कार्यकलापों का समन्वय; सामाजिक विज्ञानों में अनुसंधान का प्रोत्साहन तथा समन्वय; संस्कृत तथा अन्य प्राचीन भाषाओं में अध्ययन और अनुसंधान का विकास और संवर्धन;· अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यकलापों को बढ़ावा देना; और प्रौढ़ शिक्षा की प्रोन्नति।

सतर्कता कार्यकलाप

3.3.1 वर्ष के दौरान, दो अधिकारियों के विरुद्ध (जिनमें एक राजपत्रित अधिकारी) अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त तीन राजपत्रित अधिकारियों (जिनमें से दो कर्मचारी अधीनस्थ कार्यालयों के थे) और एक अराजपत्रित अधिकारी के विरुद्ध जो अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई थी, वह अभी चल रही है।

3.3.2 शिक्षा विभाग के संलग्न 48 स्वायत्त संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में से 39 ने अब तक केन्द्रीय सतर्कता के परामर्शी क्षेत्राधिकार को स्वीकार कर लिया है। 18 संगठनों में मुख्य सतर्कता अधिकारी नियुक्त किए जा चुके हैं जबकि शेष संगठनों में मुख्य सतर्कता अधिकारी की नियुक्ति के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है। मुख्य सतर्कता अधिकारियों/शिक्षा विभाग से सम्बद्ध स्वायत्त संगठनों में सतर्कता से संबंधित कार्य संचालन करने वाले अधिकारियों का एक सम्मेलन 24 अक्तूबर, 1988 को आयोजित किया गया, जिसमें सभी सतर्कता अधिकारियों ने केन्द्रीय सतर्कता आयोग के क्षेत्राधिकार को स्वीकार कर लिया। इस सम्मेलन में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी किए गए भ्रष्टाचार विरोधी तरीकों से कार्यवाई योजना के प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया गया।

3.3.3 अनुशासन और समय-निष्ठा (पाबन्दी) के अनुपालन पर जोर दिया गया।

सरकारी काम काज में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

3.4.1 आलोच्य वर्ष के प्रारम्भ में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 1988-89 का वार्षिक कार्यक्रम विभाग में तथा इसके अधीनस्थ कार्यालयों/स्वायत्त संगठनों/संस्थाओं आदि में इस अनुरोध के साथ परिचालित किया गया कि इस कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की भरसक कोशिश की जाए और इसकी प्रगति की समीक्षा विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में नियमित रूप से की जाए।

3.4.2 विभाग के 82 अनुभागों, 9 अधीनस्थ कार्यालयों और 70 स्वायत्त संगठनों में राजभाषा अधिनियम तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों, विनियमों एवं प्रशासनिक आदेशों के अनुपालन की स्थिति पर हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों के माध्यम से नज़र रखी गई। इनसे उक्त रिपोर्ट नियमित रूप से मंगवाई जाती रही और विभाग में उसकी समीक्षा की गई और उसमें पाई गई कमियों को दूर करने के लिए संबंधित कार्यालयों के ध्यान में लाया गया।

3.4.3 मानव संसाधन विकास मंत्रालय में पहले सभी विभागों की एक ही संयुक्त हिन्दी सलाहकार समिति थी। अब राजभाषा विभाग के निर्देशों के अनुसार शिक्षा विभाग की पृथक हिन्दी सलाहकार समिति गठित की गई है।

3.4.4 इस विभाग की अपनी राजभाषा कार्यान्वयन समिति भी है। आलोच्य वर्ष के दौरान इसकी तीन बैठकें हुईं। यह बहुत बड़ा विभाग होने के फलस्वरूप राजभाषा नियमों की जानकारी अनुभाग स्तर तक देने के लिए और उस स्तर पर हिन्दी के प्रयोग में आने वाली कठिनाइयों का पता लगाने और उनके निराकरण ढूंढने के लिए प्रत्येक प्रभागाध्यक्ष को प्रत्येक प्रभाग की अलग-अलग राजभाषा कार्यान्वयन समिति बनाने का अनुरोध किया गया। तदनुसार अब अधिकांश प्रभागों ने अपनी-अपनी राजभाषा कार्यान्वयन समितियां बना ली हैं और उनकी बैठकें भी हो रही हैं। शेष प्रभागों से भी यह समितियां शीघ्र बनाने का अनुरोध किया गया हैं।

3.4.5 नोटिंग/ड्राफ्टिंग में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए और हिन्दी का प्रयोग करने में कर्मचारियों की झिझक दूर करने के लिए दो हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इसके अलावा, समेकित प्रशासनिक शब्दावली और बार-बार प्रयोग में आने वाले प्रशासनिक वाक्यांशों की सूचियां भी सभी

अनुभागों/अधिकारियों को उपलब्ध कराई गईं।

3.4.6 संसदीय राजभाषा समिति के सम्मुख आलोच्य वर्ष में 17.9.1988 को शिक्षा सचिव का मौखिक साक्ष्य हुआ और इस विभाग के कामकाज में हिन्दी के प्रयोग की स्थिति का पुनर्विलोकन करने के लिए संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति ने 13.1.1989 को इस विभाग का निरीक्षण किया।

3.4.7 आलोच्य वर्ष के दौरान राजभाषा विभाग के हिन्दी शिक्षण योजना केन्द्रों में हिन्दी के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए सैंत्तीस कर्मचारियों को नामित किया गया। दो क्लर्कों को हिन्दी टाइपिंग तथा छः स्टेनोग्राफरों को हिन्दी शॉर्ट-हैंड ट्रेनिंग के लिए भेजा गया।

3.4.8 राजभाषा संबंधी आदेशों आदि के अनुपालन की स्थिति का जायजा लेने के लिए तथा हिन्दी के प्रयोग में आने वाली कठिनाइयों का पता लगाने के लिए इस विभाग में एक निरीक्षण दल गठित किया गया और इस दल ने ग्यारह कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने संबंधित कार्यालयों के प्रमुखों से चर्चा की और इस संबंध में आने वाली कठिनाइयों का समाधान किया।

3.4.9 इस विभाग द्वारा 14 सितम्बर से 20 सितम्बर 1988 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मानव संसाधन विकास मंत्री जी की ओर से सन्देश, शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री जी की ओर से अपील और शिक्षा सचिव महोदय की ओर से निर्देश जारी किए गए।

3.4.10 आलोच्य वर्ष के दौरान विभाग के नौ (9) कार्यालयों को राजभाषा नियम 1976 के नियम 10(4) के अधीन अधिसूचित किया गया। इसके लिए इस विभाग के लगभग 45 विषयों को राजभाषा नियम 1976 के नियम 8(4) के अधीन विनिर्दिष्ट करने का निर्णय किया गया है।

प्रकाशन

3.5.1 प्रकाशन एकक ने वर्ष 1988-89 के दौरान, द्विभाषी (अंग्रेजी और हिन्दी शीर्षक सहित) अंग्रेजी में कुल 45 प्रकाशन और एक त्रैमासिक पत्रिका "दि एज्यूकेशन क्वार्टरली" प्रकाशित किये। "दि एज्यूकेशन क्वार्टरली" नामक पत्रिका के प्रकाशन का यह 40वां वर्ष है। केन्द्र तथा राज्यों में "शैक्षिक विकास" संबंधी मासिक सारांश प्रत्येक माह हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में निकाला जाता है जिसका सीमित परिचालन होता है। इसके अतिरिक्त, इस एकक ने आई.एन.सी. न्यूजलैटर भी प्रकाशित किया।

3.5.2 हिन्दी प्रकाशन एकक ने इस अवधि के दौरान दो त्रैमासिक पत्रिकाओं "शिक्षा-विवेचन" और "संस्कृति" सहित 15 प्रकाशन निकाले। इसके अतिरिक्त, यह एक "यूनेस्को न्यूजलैटर" का हिन्दी रूपान्तर भी प्रकाशित करता है।

3.6.0. वर्ष 1987-88 के दौरान विदेश भेजे गए सरकारी अधिकारियों तथा गैर-सरकारी व्यक्तियों के शिष्टमंडल/प्रतिनिधि मंडल

शिष्टमंडलों/ प्रतिनिधि मंडलों की संख्या	प्रतिनिधि मंडलों/ शिष्टमंडलों में शामिल व्यक्तियों की संख्या	कुल खर्च (रुपयों में)	विदेशी मुद्रा घटक (रुपयों में)
63	103	28,62,677.00	19,45,795.00

बजट अनुमान

3.7.0 शिक्षा विभाग के संबंध में वर्ष 1988-89 और 1989-90 के लिए बजट-प्रावधान निम्नवत हैं :-

(रुपये लाखों में)

	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	बजट अनुमान
	1988-89	1988-89	1989-90
ब्यौरे	158486.00	160415.00	158142.00

मांग संख्या 48

शिक्षा विभाग

निम्नलिखित के लिए प्रावधान :-
मंत्रालय का सचिवालय जिसमें वेतन और लेखा कार्यालय तथा स्वागत और मनोरंजन भी शामिल हैं सामान्य शिक्षा-विभाग के अन्य राजस्व खर्च जिसमें केन्द्रीय/केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं के आधार पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अनुदान सहायता देने का प्रावधान है तथा केन्द्रीय एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं हेतु ऋण का प्रावधान भी शामिल है।

प्रारम्भिक शिक्षा

प्रारंभिक शिक्षा का सर्वसुलभीकरण

4.1.1 प्रारम्भिक शिक्षा का सर्वसुलभीकरण शैक्षिक विकास का बुनियादी लक्ष्य है। यह बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था से संबंधित है। राज्य की नीति के निदेशक तत्वों (संविधान का अनुच्छेद 45) में निर्धारित किया गया है। निश्चित शब्दों में इसमें कहा गया है कि "राज्य इस संविधान के प्रारंभ से 10 वर्ष की अवधि के शुरू में सभी बालकों को 14 वर्ष की आयु पूरी करने तक निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने के लिए प्रबंध करने का प्रयास करेगा।"

4.1.2 देश के बहुत से राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के लिए कानून बना लिये गए हैं। बहुत अधिक संख्या होने और सामाजिक-आर्थिक विविधताओं के कारण बच्चों को स्कूल से दूर रखा गया है। इसलिए इन कानूनों में दंड व्यवस्था लागू करना मुश्किल है।

4.1.3 यद्यपि प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण के लक्ष्य की प्राप्ति अभी भी संभव नहीं हुई है, फिर भी, सभी क्षेत्रों में सामान्य तौर पर शिक्षा संबंधी वृद्धि में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

शिक्षा में वृद्धि

4.2.1 वर्ष 1950-51 से शिक्षा संस्थाओं की संख्या, शिक्षा स्तर के अनुसार छात्रों की संख्या (नामांकन), शिक्षा स्तरों के अनुसार बालिकाओं का नामांकन, शिक्षकों की संख्या की दृष्टि से शिक्षा की वृद्धि बाद में दिए गए चार्टों में दर्शाई गई है :–

5वें अखिल भारतीय शिक्षा सर्वेक्षण के निष्कर्ष

4.2.2 चौथे अखिल भरतीय शिक्षा सर्वेक्षण (1978) के समय प्राप्त स्थिति की तुलना में पांचवें अखिल भारतीय सर्वेक्षण (1986) के निष्कर्ष के अनुसार शिक्षा में हुई वृद्धि नीचे दी गई है:–
– नामांकन और शिक्षकों की संख्या में वृद्धि नीचे दी गई है :–

नामांकन में वृद्धि	सभी क्षेत्रों में	ग्रामीण क्षेत्रों में	अनुसूचित जातियों में	अनुसूचित जन-जातियों में
1	2	3	4	5
प्राथमिक स्तर	26 प्रतिशत	28.6 प्रतिशत	49 प्रतिशत	62 प्रतिशत
उच्चतर प्राथमिक स्तर	51 प्रतिशत	62.3 प्रतिशत	102 प्रतिशत	126 प्रतिशत
माध्यमिक स्तर	63 प्रतिशत	80.8 प्रतिशत	121 प्रतिशत	124 प्रतिशत
उच्चतर माध्यमिक स्तर	88 प्रतिशत	127.5 प्रतिशत	132 प्रतिशत	185 प्रतिशत

बलिकाओं के
नामांकन में वृद्धि

प्राथमिक स्तर	36 प्रतिशत	92 प्रतिशत
उच्चतर प्राथमिक स्तर	64 प्रतिशत	87 प्रतिशत
माध्यमिक स्तर	74 प्रतिशत	87 प्रतिशत
उच्चतर माध्यमिक स्तर	132 प्रतिशत	329 प्रतिशत

शिक्षकों की
संख्या में वृद्धि

प्राथमिक स्तर	17 प्रतिशत
उच्चतर प्राथमिक स्तर	24 प्रतिशत
माध्यमिक स्तर	49 प्रतिशत
उच्चतर माध्यमिक स्तर	62 प्रतिशत

- 300 या इससे अधिक जनसंख्या की 32,000 बस्तियों को अभी एक किलोमीटर की दूरी के अन्दर प्राथमिक स्कूल की सुविधा प्रदान की जानी है।
- 13.5 प्रतिशत प्राइमरी स्कूल और 4 प्रतिशत उच्चतर प्राथमिक स्कूल अभी भी किसी प्रकार के बिना भवन के हैं।
- प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या निम्न प्रकार है :–

प्राथमिक और उच्चतर प्राथमिक स्तर	13 प्रतिशत
माध्यमिक स्तर	10 प्रतिशत
उच्चतर माध्यमिक स्तर	11 प्रतिशत

स्रोत : रा.शै.अनु.प्र. परिषद

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के अधीन सर्वसुलभीकरण प्राथमिक शिक्षा के लक्ष्य

4.3.1 राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 बनाते समय शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त प्रगति की समीक्षा की गई थी और उसका मूल्यांकन किया गया था। जहां तक प्राथमिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण का संबंध है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के लक्ष्यों को निम्न प्रकार कहा गया है :-

एक संकल्प

नई शिक्षा नीति में स्कूल छोड़ जाने वाले बच्चें की समस्या को सुलझाने को उच्च प्राथमिकता दी जाएगी। बच्चों को बीच में स्कूल छोड़ने से रोकने के लिए स्थानीय परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में, इस समस्या का बारीकी से अध्ययन किया जाएगा और तदनुसार प्रभावशाली उपाय खोज कर दृढ़ता के साथ उनके प्रयोग हेतु देशव्यापी योजना बनाई जाएगी। इस प्रयत्न का अनौपचारिक शिक्षा कीं व्यवस्था के साथ पूरा तालमेल होगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि 1990 तक जो बच्चे 11 वर्ष के हो जाएंगे, उन्हें विद्यालय में 5 वर्ष की शिक्षा याअनौपचारिक धारा में इसके समतुल्य शिक्षा अवश्य मिल जाए। इसी प्रकार 1985 तक 14 वर्ष की अवस्था वाले सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अवश्य दी जाएगी।"

4.3.2 राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के अनुरूप प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में जैसा कि नीचे के पैरों में कहा गया है, सार्थक कार्यक्रम तैयार किया गया और उसका कार्यान्वयन किया गया।

4.3.3 आपरेशन ब्लैकबोर्ड योजना का मुख्य उद्देश्य सरकार, स्थानीय निकायों, पंचायती राज और मान्यता प्राप्त तथा सहायता प्राप्त संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे प्राथमिक स्कूलों में सुविधाओं में पर्याप्त सुधान लाना है। इसके तीन परस्पर आश्रित घटक हैं अर्थात्

- ऐसे भवन की व्यवस्था जिसमें सभी ऋतुओं में उपयोग में लाने वाले दो बड़े कमरे, खुला बरामदा और बालक तथा बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय सुविधा हो।
- प्रत्येक स्कूल में कम से कम दो शिक्षक, जहां तक संभव हो उनमें एक महिला; और
- ब्लैक बोर्ड, नक्शे, चार्ट, खिलौने और कार्य अनुभव के लिए उपकरण।

4.3.4 स्कूल भवनों के निर्माण के लिए मुख्यत: निधि की व्यवस्था राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार कार्यक्रम (एन आर ई पी) और ग्रामीण भूमिहीन रोज़गार गारंटी कार्यक्रम (आर एल ई जी पी) के अधीन की जाती है। अन्य घटकों के लिए निधि शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान की जाती है। इस योजना के अंतर्गत देश में सभी खंडों, नगरपालिका क्षेत्रों के प्राथमिक स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से सम्मिलित किया जाएगा। 1987-88 के दौरान 20 प्रतिशत खण्डों/नगरपालिका क्षेत्रों को सम्मिलित करने का लक्ष्य रखा गया है जिनमें से 1988-89 के दौरान 30 प्रतिशत और 1989-90 के दौरान 50 प्रतिशत का लक्ष्य है।

4.3.5 वर्ष 1987-88 के दौरान निम्नलिखित कार्यों के लिए 24 राज्यों और 3 संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता के रूप में 110.61 करोड़ रुपए की धन राशि दी गई थी।

- 1,13,417 स्कूलों के लिए (देश के प्राथमिक स्कूलों का 21 प्रतिशत से अधिक) और
- 36,891 अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था (उपर्युक्त स्कूलों के लिए)

अनौपचारिक शिक्षा

4.4.1 छठी पंच वर्षीय योजना के दौरान आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, जम्मू और काश्मीर, मध्य प्रदेश और पश्चिमी बंगाल राज्यों के शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों में केन्द्रीय सहायता प्राप्त स्कीम के रूप में अनौपचारिक शिक्षा स्कीम लागू की गई थी और 1987 में इसमें अरुणाचल प्रदेश के अतिरिक्त और सभी अन्य राज्यों में शहरी गंदी बस्तियों, पर्वतीय रेगिस्तानी और जनजाति क्षेत्रों की परियोजनाओं में भी कामकाजी बच्चों के लिए भी शामिल करने के लिए इसका विस्तार किया गया। संशोधित स्कीम के अधीन राज्यों को सामान्य अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों और बालिका अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों को चलाने के लिए क्रमशः 50:50 और 90:10 के अनुपात से सहायता दी जा रही है। स्वैच्छिक एजेंसियों को शतप्रतिशत केन्द्रीय सहायता दी जा रही है।

4.4.2 संशोधित स्कीम की मुख्य-मुख्य बातें निम्नलिखित हैं :-

संगठनात्मक लचीलापन, पाठ्यचर्या की प्रासंगिकता, पढ़ने वालों की आवश्यकता के अनुरूप शिक्षण कार्यकलापों में विविधता और सुदृढ़, विकेन्द्रीकृत

शैक्षिक संस्थाओं की वृद्धि

	1950-51	1960-61	1970-71	1980-81	1986-87
प्राथमिक स्कूलों की संख्या (हजार)	210	330	408	494	537
माध्यमिक स्कूलों की संख्या (हजार)	14	50	91	119	137
माध्यमिक / उच्चतर माध्यमिक स्कूलों की संख्या (हजार)	7	17	37	51	69
सामान्य शैक्षिक डिग्री स्तर और उससे उच्च स्तर के कालेजों की संख्या	542	1082	2285	3421	4151
व्यावसायिक शिक्षा के कालेजों की संख्या डिग्री और उससे उच्च स्तर	182	810	992	1156	1280*

* 1982-83 से सम्बन्धित



शैक्षिक स्तर पर छात्रों की संख्या

	1950-51	1960-61	1970-71	1980-81	1986-87
कक्षाओं में छात्रों की संख्या (लाख)					
I – V	192 (43.1)	350 (62.4)	570 (72.6)	738 (80.5)	900 (96.0)
VI – VIII	31 (12.9)	67 (22.5)	133 (34.2)	207 (41.9)	288 (53.14)
IX – XI/XII	14	33	76	119	176
डिग्री और उससे उच्च स्तर के पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या (लाख)	2	6	25	30	34

टिप्पणी : 6 – 11 और 11 – 14 वर्षों की आयु वर्ग के बच्चों की कुल जनसंख्या में से ।



स्तर-वार स्त्रियों का नामांकन

(लाख रुपए)

स्तर	1950-51	1960-61	1970-71	1980-81	1986-87
प्राथमिक	54 (28.1)	114 (32.6)	213 (37.4)	285 (38.6)	361 (40.1)
माध्यमिक	5 (16.1)	16 (23.9)	39 (29.3)	88 (32.9)	102 (35.4)
माध्यमिक / उच्चतर माध्यमिक / 10 + 2 / इन्टरमीडिएट (IX और उससे उच्च स्तर)	2 (14.3)	6 (18.2)	19 (25.0)	35 (29.4)	54 (30.7)
उच्च शिक्षा (डिग्री और उससे उच्च स्तर)	.20 (10.0)	1 (16.7)	4 (20.0)	8 (26.7)	10* (29.4)

* 1982 – 83 से सम्बन्धित

टिप्पणी : प्रतिशत में आंकडें कुल नामांकनों (बालक-बालिकाओं) के द्योतक हैं ।



शिक्षकों की संख्या

(हजारों में)

	1950-51	1960-61	1970-71	1980-81	1986-87
प्राथमिक स्कूल	535	742	1060	1363	1522
माध्यमिक स्कूल	85	345	638	852	979
माध्यमिक / उच्चतर माध्यमिक स्कूल	127	296	629	912	1199



भारत सरकार, शिक्षा विभाग का एक प्रतिबद्ध अवर सचिव, रयाल सीमा सेवा समिति द्वारा संचालित अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र, तिरुपति में शिक्षण-विधि स्पष्ट करते हुए।

प्रबन्ध। यह कार्यक्रम अब परियोजना आधार पर कार्यान्वित किया जा रहा है। (आमतौर पर परियोजना लगभग 100 अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के सामुदायिक विकास खण्ड के साथ कोटर्मिनस है। स्वैच्छिक एजेंसियों, पंचायती राज संस्थाएं इस कार्यक्रम में सार्थक तरीके से सम्मिलित हैं।

4.4.3 इस स्कीम के कार्यान्वयन पर 1987-88 के दौरान 38.07 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की गई थी। निम्नलिखित कार्यों के लिए 15 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को सहायता स्वीकृत की गई थी :-

- 1.85 लाख अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों को चलाने।
- 104 स्वैच्छिक एजेंसियों द्वारा केन्द्र चलाने।
- आठ प्रायोगिक और नवीकरण परियोजनाएं।

4.4.4 चालू वर्ष में वास्तविक लक्ष्य 2650 परियोजनाओं (लगभग 2,65,000 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र केन्द्र और स्वैच्छिक एजेंसियों की ·100 परियोजनाएं) का है। चालू वर्ष के दौरान पहले से स्वीकृत अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष कर प्रक्षेपी दल की दृष्टि से बल दिया जाएगा।

4.4.5 कार्यक्रम के लिए मानीटरिंग प्रणाली की रूपरेखा बना ली गई है और इसका क्षेत्र में परीक्षण किया जा रहा है। साथ ही इलैक्ट्रानिकी विभाग की सहायता से उपयुक्त निर्णय सहायता प्रणाली की व्यवस्था करने के लिए और सूचना का नियमित प्रवाह के लिए कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है।

शिक्षाकर्मी परियोजना

4.4.6 स्वीडिश अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (एस. आई. डी. ए.) की सहायता से कार्यान्वित किए जा रहे शिक्षा कर्मी परियोजना–अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम 1987-88 में 10 खंडों में जारी रही और 1988-89 में 20 से अधिक खंडों में इसका विस्तार किया गया। परियोजना का प्रयोजन सुदूरवर्ती और पिछड़े गांवों में सुधार लाने और इसका विस्तार करने के लिए अनौपचारिक और नवीन दृष्टिकोण अपनाना है। शिक्षा कर्मियों के लिए यह आवश्यक नहीं है कि उन्हें शिक्षकों की भांति औपचारिक शैक्षिक अर्हता प्राप्त हो बल्कि उनकी उपयुक्तता, उनके उत्साह, समर्पण भावना, रुचि और अभिरुचि के आधार पर आंकी जाएगी। वे दिन और सायंकालीन दोनों प्राथमिक कक्षाओं को चलाते है और अभिप्राय यह है कि अध्यापन बच्चों पर अधिक केन्द्रित हो और सुधारात्मक हो।

महिला समाख्या

4.4.7 राष्ट्रीय शिक्षा नीति-1986 के पैरा 4.2 और कार्य-योजना के अध्याय 12 के अनुसरण में "महिला समाख्या" नाम का कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसमें 1989-90 तक चरणबद्ध तरीके में 3 राज्यों में 10 जिलों के 2,000 गांवों में महिला कार्यकलाप केन्द्र स्थापित करने का प्रयास किया गया है।

4.4.8 इस कार्यक्रम में उत्प्रेरक या प्रेरक के रूप में काम करने के लिए प्रत्येक गांव की कुछ महिलाओं को प्रशिक्षण देने की संरचना की गई है जो स्वास्थ्य, जल, ईंधन, चारा और शिक्षा से संबंधित उन समस्याओं तथा इस सबके अलावा समाज में अपने व्यक्तित्व और छवि से संबंधित समस्याओं के बारे में भी जिनका सामना उन्हें करना पड़ता है, चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इस प्रकार की चर्चाओं से महिलाओं की जीवन स्थिति के विश्लेषण में महत्वपूर्ण चिन्तन में सहायता मिलेगी और परिवर्तन लाने के लिए सामूहिक कार्रवाई को प्रोत्साहन मिलेगा। महिला संघ के लिए काफी बड़ा बरामदा युक्त एक छोटे से मकान की व्यवस्था की जानी है (यह मकान समाज के कार्यकलापों के लिए गांवों के मकानों के समीप हो और यह गांव द्वारा दी गई भूमि पर बनाया जाए)। महिला संघ में उठाये गये महिलाओं के विचारों को शिक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों जैसे ई सी सी ई एन एफ ई, ए०ई०, जे एस एन आदि में सम्मिलित किया जाता है। ग्राम स्कूल शिक्षकों, अनौपचारिक और प्रौढ़ शिक्षा अनुदेशकों को गहन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा ताकि वे समुदाय अर्थात् महिला संघ के प्रति अपने दायित्व को समझ सके। आवासी संस्थाओं में 100 महिलाओं के लिए छात्रावास सुविधाएं दी जानी हैं और महिलाओं के लिए और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों की बालिकाओं के लिए भी अल्पकालिक और दीर्घकालिक व्यावसायिक पाठ्यक्रम चलाए जाने हैं।

4.4.9 इस कार्यक्रम का अभिप्राय जिलों में महिलाओं के लिए कार्य करने वाले स्वैच्छिक एजेंसियों की विश्वसनीयता और विशेज्ञता तैयार करना है। कार्यक्रम बनाने और शुरू करने दोनों अवसरों पर इन एजेंसियों के साथ और सरकारी अधिकारियों के साथ भी राज्य, जिला और खंड स्तरों पर कई बार चर्चा की है।

4.4.10 यह आशा की जाती है कि यह कार्यक्रम आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान भी चलता रहेगा और चरणबद्ध तरीके से अन्य राज्यों में भी शुरू होगा। यह कार्यक्रम केन्द्रीय सेक्टर स्कीम के रूप में सितम्बर, 1988 मे स्वीकृत हुआ था और जिसके अधीन तीन राज्यों में पंजीकृत महिला समाख्या सोसाईटियों को 100% वित्तीय सहायता दी जाएगी।

4.5.0 भारत सरकार दो महत्वपूर्ण स्कीमें चला रही है, ताकि स्कूल के बच्चों के फायदे के लिए उचित दामों पर पाठ्यपुस्तकों, अभ्यास-पुस्तिकाओं और परीक्षा प्रश्नों के उत्तर-पत्रकों का उत्पादन किया जा सके। इन स्कीमों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:-

शैक्षिक प्रयोजनों के लिए रियायती दर पर सफेद प्रिंटिंग कागज की सप्लाई

4.5.1 कागज़ नियंत्रण आदेश और कागज़ (उत्पादन विनियम) आदेश, 1978 को 22 जनवरी, 1987 से निरस्त करने के फलस्वरूप भारत सरकार ने उसे नई स्कीम के साथ प्रस्तुत किया है जिसके अधीन शिक्षा के क्षेत्र को सफेद प्रिंटिंग कागज़ की सप्लाई सुनिश्चित की गई है। नई स्कीम के अधीन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 7,560 रु० प्रति मीट्रिक टन पर रियायती कागज़ मिलता रहेगा। हिन्दुस्तान कागज़ निगम, भारत सरकार के एक उद्यम को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 7,560 रु० प्रति मीट्रिक टन की दर पर कागज सप्लाई करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है और बताई गई कीमत 10,910 रु० पर शिक्षा विभाग से आर्थिक सहायता की मांग करेगा बशर्ते कि कीमत 3,000 रु० प्रति मीट्रिक टन से अधिक न हो।

4.5.2 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को शिक्षा क्षेत्र के लिए कलैण्डर वर्ष के दौरान कुल मात्रा 80,000 टन पहले ही आवंटित किया गया है।

नार्वे से सफेद प्रिंटिंग कागज़ की प्राप्ति

4.5.3 भारत सरकार और नार्वे राज्य के बीच द्विपक्षी करार के अधीन नार्वे से स्कूल की पाठ्य-पुस्तकें छापने के लिए उपहार के रूप में सफेद प्रिंटिंग कागज़ मिला है। योजना परिचालन 1988-89 के अधीन 38 मिलियन क्रोनर मूल्य के कागज़ मिलने की आशा है। आगे 15 मिलियन क्रोनर कीमत का अतिरिक्त कागज़ देना स्वीकार किया गया है। यह सब कागज़ एन०सी०ई०आर०टी० को स्कूल की पाठ्यपुस्तकें छापने के लिए आबंटित किया जाएगा।

शिक्षक शिक्षा

4.6.1 शिक्षक शिक्षा की पुन:संरचना और पुनर्गठन की केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम को निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए सातवी पंचवर्षीय योजना के अधीन कार्यान्वित किया जा रहा है:-

- शिक्षकों को शिक्षण क्षमता से सुसज्जित करने के लिए उन्हें सेवापूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण देना
- व्यावसायिक दृष्टि से गठित शिक्षक शिक्षा संस्थाओं के माध्यम से औपचारिक तथा अनौपचारिक शिक्षा के साथ ही प्रौढ़ शिक्षा को भी सार्थक शैक्षिक सहायता की व्यवस्था।

स्कीम के निम्नलिखित पांच घटक हैं अर्थात्

- शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति में संकल्पित मुख्य-मुख्य विविधताओं की जानकारी देने और उन्हें व्यावसायिक दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए 1989-90 तक प्रति वर्ष लगभग 5,00,000 स्कूल शिक्षकों को सामूहिक पुन:प्रशिक्षण;
- लगभग 400 जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों (डी. आई. ई. टी.) की स्थापना या तो मौजूदा उपयुक्त प्रारंभिक शिक्षक शिक्षा संस्थाओं का ग्रेड बढ़ाकर या जहां आवश्यक हो, नई संस्थाएं स्थापित करके ताकि जिला स्तर पर प्रारंभिक शिक्षा प्रणाली को पूर्णत: शैक्षिक और प्रशिक्षण सहायता प्रदान की जा सके।
- लगभग 250 माध्यमिक शिक्षक शिक्षा संस्थाओं (एस०टी०ई०आई०) का सुदृढ़ीकरण और उनमें से लगभग 50 का उच्च शिक्षा अध्ययन संस्थान (ए. एस. ई.) के रूप में विकास;
- राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों (एस. सी. ई. आर. टी.) का सुदृढ़ीकरण; और
- विश्वविद्यालयों में शिक्षा विभागों की स्थापना और उनका सुदृढ़ीकरण

4.6.2 1987-88 के दौरान उपर्युक्त शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों के अधीन पन्द्रह राज्यों और एक संघ राज्य क्षेत्र को निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्रीय सहायता के रूप में 32.47 करोड़ रुपये दिए गये थे:-

- पांच लाख स्कूल शिक्षकों का पुनः प्रशिक्षण
- 101 जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थाओं की स्थापना
- 15 एस. टी. ई. आई. का सी. टी. ई. के रूप में सुदृढ़ीकरण
- 7 एस. टी. ई. टी. का आई. ए. एस. ई. के रूप में सुदृढ़ीकरण

4.6.3 शिक्षा विभाग ने 24-26 अक्तूबर 1988 को "शिक्षक शिक्षा की पुर्नसंरचना और पुनर्गठन में शैक्षिक अनुसंधान" पर एक कार्यशाला आयोजित की।

4.6.4. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालयों के शिक्षा विभागों के सुदृढ़ीकरण के ब्यौरे तैयार कर रहा है।

माध्यमिक शिक्षा

5.1.0 माध्यमिक शिक्षा की वृद्धि प्रारम्भिक शिक्षा से संबंधित भाग में दी गई तालिकाओं और ग्राफों में पहले ही प्रस्तुत की गई है।

5.2.0 उच्चतर माध्यमिक सहित माध्यमिक शिक्षा को यह मानते हुए कि यह उनकी अंतिम परीक्षा है जो इस स्तर के बाद कार्य जगत में प्रवेश करते हैं, और अन्य के लिए जो उच्चतर शिक्षा की तैयारी में जुटते हैं, इस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण स्कीमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के अधीन कार्यान्वित की जा रही हैं। इन स्कीमों में तथा पीछे से चली आ रही स्कीमों में प्राप्त प्रगति नीचे दर्शाई गई है:-

माध्यमिक शिक्षा का व्यावसायीकरण

5.3.1 राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में व्यावसायिक शिक्षा को अत्यन्त उच्च प्राथमिकता दी गयी जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह कहा गया है कि "एक सुव्यवस्थित, सुनियोजित और सुकार्यान्वित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत, शिक्षा के प्रस्तावित पुनर्गठन में अत्यन्त महत्वपूर्ण है" उच्चतर माध्यमिक स्तर के 10 प्रतिशत विद्यार्थी 1990 तक और 25 प्रतिशत 1995 तक, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकित कर दिए जाएंगे।

5.3.2 राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा कार्रवाई योजना में निर्दिष्ट मार्गदर्शी रूपरेखाओं तथा राज्य सरकारों और विशेषज्ञों के साथ हुई चर्चा के आधार पर माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायिकरण की एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना, वर्ष 1987-88 से शुरू की गयी है जिसके अन्तर्गत स्कूलों में +2 स्तर तक व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को लागू करने के लिए राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा की संयुक्त परिषद की स्थापना की परिकल्पना की गयी हैं ताकि विभिन्न संगठनों/एजेंसियों द्वारा चलाये जा रहे व्यावसायिक कार्यक्रमों की नीति, आयोजना और समन्वय किया जा सके। इस कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय/राज्य/जिला और संस्थागत स्तरों की प्रबंध संरचना को उपयुक्त रूप से सुदृढ़ बनाया जाएगा। योजना के मानदंडों के अनुसार इसके अन्तर्गत जिला व्यावसायिक सर्वेक्षणों, पाठ्यचर्या और संसाधन सामग्रियों के विकास, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए अपेक्षित उपस्करों, कार्यशैडों का निर्माण, शिक्षकों का प्रशिक्षण पाठ्यपुस्तक आर्थिक सहायता आदि, मूल्यांकन और अनुश्रवण आयोजित करने के लिए राज्य/संघ शासित प्रदेशों को शत प्रतिशत आर्थिक सहायता दी गई है। शिक्षकों तथा स्कूलों में अन्य व्यावसायिक कर्मचारियों के वेतन और भत्तों पर व्यय का पचहत्तर प्रतिशत और शिक्षा निदेशालय, राज्य शै०आ० तथा प्र० परिषद और जिला शिक्षा अधिकारियों में व्यावसायिक विंगों में स्टाफ पर व्यय का 50 प्रतिशत केन्द्र द्वारा वहन किया गया है। तथापि कच्चे माल और फुटकर व्यय, व्यावसायिक मार्गदर्शन तथा परीक्षण और प्रमाणीकरण की शत-प्रतिशत जिम्मेदारी राज्यों की है। व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में प्रयोगात्मक तथा नवाचारी कार्यक्रमों को शुरू करने के लिए इस योजना में स्वैच्छिक संगठनों को भी सहायता प्रदान की जाती है।

5.3.3 इस योजना के अंतर्गत प्रारंभ किए गए पाठ्यक्रमों को इस प्रकार तैयार किया जाता है कि इन

पाठ्यक्रमों को उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर होंगे अथवा छात्र स्व-रोजगार प्राप्त करने में समर्थ हो सकेंगे। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा शुरू की गयी एक नवाचारी योजना महानगरों में के०मा०शि०बो० के चुनिन्दा स्कूलों में जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन आफ इंडिया के सहयोग से जनरल इन्शयोरेंस में व्यावसायिक पाठ्यक्रम लागू करने की है जिसके अन्तर्गत इस पाठ्यक्रम को सफलता पूर्वक पूरा करने वाले छात्रों के रोजगार को सुनिश्चित किया है। राज्य सरकारों को भी सलाह दी गयी है कि वे भी अपने क्षेत्र में ऐसे नियोक्ताओं का पता लगाएं और उनके साथ सहयोग से इसी प्रकार के पाठ्यक्रम विकसित करें ताकि छात्रों के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित और नियोक्ताओं के लिए उपयुक्त प्रशिक्षित जनशक्ति प्रदान की जा सके।

5.3.4 स्वास्थ्य संबंधित क्षेत्रों में सही ढंग से प्रशिक्षित जनशक्ति की जरूरत को काफी लम्बे समय से मद्दे नजर रखते हुए प्रोफेसर जे०एस० बजाज की अध्यक्षता में "स्वास्थ्य जनशक्ति - आयोजना उत्पादन और प्रबंध" पर एक विशेषज्ञ समिति का गठन स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मई, 1986 में किया गया। इस समिति ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सिफारिश की जिन्हें स्कूलों में शुरू किया जा सकता है। राज्य सरकारों/संघ शासित प्रशासनों से अनुरोध किया गया है कि वे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने का पता लगाते समय बजाज समिति की सिफारिशों पर विचार करें।

5.3.5 वर्ष 1987-88 के दौरान लगभग 1000 उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में लगभग 3100 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की व्यवस्था करने के लिए 18 राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को केन्द्रीय सहायता के रूप में 32.26 करोड़ रुपए की राशि संस्वीकृत की गयी। वर्ष 1988-89 के दौरान भी राज्यों ने कार्यक्रम के अंतर्गत पर्याप्त केन्द्रीय सहायता के लिए प्रस्ताव भेजे है।

स्कूलों में विज्ञान शिक्षा में सुधार

5.4.1 स्कूली बच्चों की सामान्य शिक्षा योजना में विज्ञान के स्थान को शायद ही कम किया जा सकता है। कोठारी आयोग और शिक्षा नीति संकल्प (1968) में स्कूल स्तर पर विज्ञान शिक्षण को उच्च प्राथमिकता दी गई थी, तथापि, इस समय के स्तर पर विज्ञान शिक्षण कुछ कमजोर ही है। विज्ञान शिक्षण के लिए मात्र अध्यापन ही पर्याप्त नहीं अपितु इसके लिए प्रदर्शन और प्रयोग की भी आवश्यकता होती है। तथापि, देश के अधिकांश स्कूलों में पर्याप्त प्रयोगशाला सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

5.4.2 राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) में विज्ञान शिक्षा कार्यक्रमों को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। विशेषज्ञों ने यह महसूस किया कि पर्याप्त भौतिक सुविधाएं प्रदान करने के साथ ही अध्यापकों में सुधार लाना भी आवश्यक है। तदनुसार वर्ष 1987-88 की अंतिम तिमाही के दौरान स्कूलों में विज्ञान शिक्षा के सुधार से संबंधित एक केन्द्रीय प्रयोजित योजना शुरू की गयी है जिसके अन्तर्गत राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को वित्तीय सहायता दी जाएगी ताकि वे अपर प्राइमरी स्कूलों को विज्ञान किटें प्रदान कर सकें, माध्यमिक और उच्चतर स्कूलों में अपेक्षित स्तर तक प्रयोगशालाओं को स्तरोन्नत कर सकें, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में पुस्तकालयों को स्तरोन्नत करें और विज्ञान शिक्षा के लिए जिला संसाधन केन्द्रों की स्थापना कर सकें जो विज्ञान शिक्षकों के प्रशिक्षण तथा अध्ययन-अध्यापन सामग्री का विकास करने के साथ-साथ एक ऐसे मंच की भूमिका निभाएंगे जहां विज्ञान अध्यापक अपनी समस्याएं रख सकते हैं और विचारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं। इसके अलावा योजना के अन्तर्गत स्कूलों के विज्ञान और गणित शिक्षकों के लिए एक व्यापक सेवाकालीन कार्यक्रम भी प्रारंभ किया जाएगा। इस योजना के अन्तर्गत विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय स्वैच्छिक एजेंसियों को भी सहायता दी जाती है ताकि वे वैज्ञानिक चेतना के विकास और विज्ञान शिक्षा की जागरूकता की प्रौन्नति के लिए नवाचारी कार्यक्रम प्रारंभ कर सकें। राष्ट्रीय उच्चतर गणित बोर्ड से यह अनुरोध किया है कि स्कूलों में गणित के शिक्षण को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्यक्रम शुरू करने की संभाव्यता की जांच करे जिससे प्रत्येक वर्ष आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैथेमेटिकल ओलम्पियाड में भाग लने के लिए छात्रों को तैयार किया जा सके।

5.4.3 वर्ष 1987-88 के दौरान अन्य बातों के साथ—साथ लगभग 21,000 प्रदेशों को उच्चतर प्राथमिक स्कूलों को विज्ञान किटें देने, 6900 माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में प्रयोगशालाओं का स्तरोन्नत करने और 80 जिलों में जिला संसाधन केन्द्रों

की स्थापना के लिए 19 राज्यों/संघ शासित 29.27 करोड़ रुपए की राशि के केन्द्रीय राज्यों को शामिल किए जाने का प्रस्ताव है। स्वैच्छिक संगठनों ने भी इस योजना के प्रति प्रोत्साहित प्रतिक्रिया दर्शायी है। विभिन्न स्वैच्छिक एजेंसियों से विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम प्रारम्भ करने के लिए कई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और एकलव्य, भोपाल, तमिलनाडु साइंस फोरम, मद्रास, पाण्डिचेरी साइंस, फोरम, पाण्डिचेरी, केरल शास्त्र साहित्य परिषद, त्रिवेन्द्रम, बाल भवन सोसायटी (भारत) नई दिल्ली को पहले ही सहायता संस्वीकृत कर दी गयी है। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् के प्रस्ताव हेतु 25 जिलों के लिए, प्रत्येक जिले में दो की दर से, स्कूल विज्ञान केन्द्रों के, गठन का अनुमोदन किया गया है। ये स्कूल विज्ञान केन्द्रों, छात्रों में वैज्ञानिक चेतना का विकास जैसे माडल तथा चार्ट बनाना, प्रदर्शनियों, नाटकों, निबंधों और प्रश्नावली प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन करके विज्ञान शिक्षा के प्रसार के लिए विभिन्न कार्यकलाप आयोजित करेंगे।

स्कूली शिक्षा के लिए पर्यावरणात्मक अनुस्थापन

5.5.1 विश्व में वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिक विकास के साथ पर्यावरणात्मक विषयों का महत्व बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) ने इस विषय पर यथासंभव महत्व दिया हैं और, अन्य बातों के साथ साथ, यह बताया गया है कि "पर्यावरण की सुरक्षा" का मूल्य, एक ऐसा मूल्य है जिसे कुछ अन्य विशेष महत्वपूर्ण मूल्यों के साथ शिक्षा के सभी स्तरों पर पाठ्यचर्या का एक अभिन्न अंग अवश्य बनाना चाहिए। तद्नुसार राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् ने सभी अध्ययन करनेवालों के लिए अनिवार्य अध्ययन परिणाम निर्धारित करने के लिए एक राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा विकसित किया है। रा०शै०अ०एवं०प्र० परिषद् राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को प्रभावी बनाने के लिए पाठ्यक्रमों, पाठ्य-पुस्तकों तथा अन्य शिक्षण अध्ययन सामग्रियों का भी विकास कर रही है। शिक्षक प्रशिक्षण प्रबन्धों में भी पर्यावरणात्मक अनुस्थापन दिया जा रहा है। तथापि, चूंकि ये कार्यक्रम राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय परिप्रेक्ष्यों में रूपांकित और कार्यान्वित किए जाएंगे, फिर भी पर्यावरणात्मक शिक्षा का पूरा सार प्राप्त नहीं किया जा सकता क्योंकि पर्यावरणात्मक विषय स्थान-विशेष से सम्बद्ध होते हैं और, इसलिए सार्वदेशिक समाधान इन पर लागू नहीं होते हैं। अतः इन प्रयासों को और अधिक गहन स्थानीय विशेष प्रयासों में बदलने की जरूरत होगी।

5.5.2 तद्नुसार, स्कूल शिक्षा के प्रति पर्यावरणात्मक अनुस्थापन की एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना चालू वित्तीय वर्ष से आरम्भ की गई है जिसके अन्तर्गत पर्यावरण शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों तथा स्वैच्छिक संगठनों को शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। छात्रों तथा समाज में पर्यावरण संबंधी जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम सदृश पर्यावरण स्थितियों वाले चुनिन्दा क्षेत्रों में परियोजना आधार पर आयोजित किए जाएंगे। परियोजना कार्यकलापों में पाठ्यचर्या का पुनरीक्षण, संशोधित पाठ्यपुस्तकों की तैयारी, पाठ्यचर्या तथा पाठ्येत्तर सामग्रियां, आम सूचनाप्रद पुस्तकें/विवरणिकाएं/पोस्टर्स/श्रव्य-दृश्य सामग्रियों की तैयारी, अध्ययन तथा अनुरक्षण के लिए स्कूलों द्वारा स्मारकों को अपनाना, पास पड़ोस में पर्यावरणात्मक समस्याओं का अध्ययन, संरक्षण परियोजनाओं में सहभागिता आदि शामिल होंगे। पर्यावरण तथा वन राज्य विभागों तथा राष्ट्रीय परती भूमि विकास बोर्ड की सहायता से स्कूल की नर्सरियों की स्थापना करना, महत्वपूर्ण कार्यकलापों में से एक हैं। यह योजना पर्यावरण शिक्षा से सम्बन्धित नवीन परियोजनाओं में स्वैच्छिक संगठनों को शामिल करने की व्यवस्था भी करती है।

5.5.3 चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, हिमाचल प्रदेश, असम तथा मिजोरम के प्रस्ताव पहले ही स्वीकृत किए जा चुके हैं और कुछ अन्य विचाराधीन हैं। इस योजना को स्वैच्छिक संगठनों से बहुत अच्छा प्रोत्साहन मिला है और कई प्रस्ताव इस योजना के अन्तर्गत परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्राप्त हो रहे हैं। पहले से ही स्वीकृत कुछ प्रस्ताव जो निम्नलिखित से प्राप्त हुए हैं :

- उत्तराखण्ड सेवा निधि अल्मोड़ा, उत्तर प्रदेश के कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्रों की प्राथमिक शिक्षा का पर्यावरणात्मक अनुस्थापन
- समाज के विकास की अत्यावश्यक परियोजना, जिसमें प्राकृतिक विपदाओं तथा पर्यावरणात्मक अवनति के बीच सम्पर्क स्थापित करने का प्रयत्न है, के लिए संचालन फाउन्डेशन, नई दिल्ली
- पर्यावरण शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे

एन०जी०ओ० को शामिल करने के लिए नोडल एजेन्सी के रूप में कार्य करने के लिए पर्यावरण शिक्षा, केन्द्र (सी.ई.ई.) अहमदाबाद जिससे उनके चारों और स्कूल समूहों में स्थानीय विशेष कार्यकलाप शुरू किए जा सकें। यह पर्यावरण शिक्षा केन्द्र एन०जी०ओ० के मुख्य कार्यकर्ताओं को अनुस्थापन प्रदान करेगा, और अपने कार्यक्रमों में उनके साथ सहयोग तथा मार्गदर्शन करेगा। इस प०शि०केन्द्र द्वारा पहचाने गए एन०जी०ओ० को पर्यावरण शिक्षा केन्द्र के जरिए अनुदान दिए जाएंगे, जो स्कूलों में इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन का अनुश्रवण तथा पर्यवेक्षण करेंगे।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी कार्यक्रम

5.6.1 शैक्षिक प्रौद्योगिकी कार्यक्रम चौथी योजना अवधि के दौरान 1972 में केन्द्रीय क्षेत्र में शिक्षा तक व्यापक पहुंच और उसमें गुणवत्तात्मक सुधार लाने के लिए केन्द्रीय क्षेत्र में एक शैक्षिक प्रौद्योगिकी कार्यक्रम शुरू किया गया।

5.6.2 वर्ष 1982 में, इन्सेट ट्रान्समिशन चालू करने के साथ ही यह निर्णय किया गया था कि ई.टी.वी. कार्यक्रम का निर्माण करना शैक्षिक प्राधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। तद्नुसार, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में एक केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.) तथा छह राज्यों अर्थात् आन्ध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा में राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थाओं (एस.आई.ई.टी.एस.) की स्थापना करके एक विकेन्द्रीकृत आधार पर शैक्षिक क्षेत्र के भीतर शैक्षिक टेलिविजन (ई.टी.वी.) कार्यक्रम निर्माण सुविधाओं के सृजन और अन्य राज्यों में ई.टी. सैलों को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक योजना बनाई गई थी।

5.6.3 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में बताया गया है कि संरचनात्मक द्विविधता से बचने के क्रम में, आधुनिक शैक्षिक प्रौद्योगिकी को तुलनात्मक प्रभाव तथा आसान सुलभता के क्षेत्रों के साथ एक ही समय सर्वाधिक सुदूर क्षेत्रों तथा लाभ प्राप्त करने वालों के सर्वाधिक वंचित वर्गों तक अवश्य पहुंचना चाहिए। ऐसा प्रयास प्रसारण प्रणालियों के प्रयोग का उनके अत्यधिक पहुंच, प्रबन्ध एवं लागत प्रभावशीलता की सुविधा के निहित लाभ के साथ मूलभूत रूप से समर्थन करेगा। इसे ध्यान में रखते हुए, एक संशोधित योजना इस विभाग द्वारा तैयार की गई है जो इनसेट उपयोगिता कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान प्रयासों को समेकित करने, शैक्षिक क्षेत्र में विस्तृत कार्यक्रम निर्माण क्षमताएं अर्जित करने तथा रिसीविंग सैट प्रदान करके क्रमशः एक लाख और पांच लाख प्रारंभिक स्कूलों में रेडियो तथा टी.वी. कवरेज प्रदान करने का प्रयत्न करती हैं। इस योजना को अन्तिम रूप दे दिया गया और वर्ष 1987-88 में शुरू कर दी गई है।

5.6.4 सी.आई.ई.टी. तथा एस.आई.ई.टी. में कार्यक्रम निर्माण शुरू कर दिया गया हैं। चालू शैक्षिक वर्ष से, कार्यक्रम निर्माण के लिए जिम्मेदारी जो अब तक दूरदर्शन तथा सी.आई.ई.टी. के बीच में 50:50 के आधार पर बांटी जा रही थी अब सी.आई.ई.टी. को पूर्णतः सौंप दी गई है।

5.6.5 ई.टी.वी. कार्यक्रम पांच क्षेत्रीय भाषाओं, अर्थात् हिन्दी, गुजराती, मराठी, उड़िया तथा तेलुगु में आवंटित समय के आधार पर (प्रत्येक भाषा के लिए 45 मिनट) लगभग 220 स्कूल दिवसों के दौरान 3 घंटे तथा 45 मिनटों के लिए सुबह दैनिक रूप से प्रसारित किए जाते हैं। पांच भाषाओं में कार्यक्रम सोमवार से शुक्रवार तक स्कूल में और स्कूल के बाहर दोनों में छह से आठ तथा नौ से ग्यारह वर्षों की आयु के बच्चों के लिए, निर्मित और प्रसारित किए जाते हैं। प्राथमिक स्तर पर शिक्षकों के लिए कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को प्रसारित किए जाते हैं। छः इनसेट राज्यों तथा अन्य हिन्दी भाषी राज्यों में सभी एच.पी.टी. तथा एल.पी.टी. द्वारा ई.टी.वी. कार्यक्रम रिले किए जाते हैं।

5.6.6 सी.आई.ई.टी. ने वर्ष 1984 से 350 ई.टी.वी. कार्यक्रमों तथा 700 भाषा रूपान्तरों का निर्माण किया है। नवम्बर, 1988 के अन्त तक, सी.आई.टी. ने हिन्दी में 50 नए ई.टी.वी. कार्यक्रम निर्मित किए और इन कार्यक्रमों के उड़िया रूपान्तर तैयार किए। पूर्ववर्ती वर्षों के अनुसार, सी.आई.ई.टी. ने, इस वर्ष भी, स्कूल शिक्षकों का जन अनुस्थापन के राष्ट्रीय कार्यक्रम के ई.टी.वी. संघटक तैयार किए। हिन्दी तथा अंग्रेजी में निर्मित कार्यक्रम 13 विभिन्न भाषाओं के सिनोप्सिस से प्रारम्भ होते हैं। विभिन्न कोर महत्वपूर्ण पाठयचर्या क्षेत्रों तथा मुद्रण सामग्री के लिए सहायता देने पर बल दिया जाता है। 4.5 लाख से भी अधिक शिक्षक प्रतिवर्ष इन कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त करते हैं। विभिन्न प्रशिक्षण के

पाठ्यक्रम अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त एजेन्सियों के सहयोग से आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 1988-89 के दौरान 94 व्यक्ति विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाग लेंगे। लगभग 30 देशों में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी श्रव्य और दृश्य निर्माण के विभिन्न पक्षों में एस.आई.ई.टी. तथा सी.आई.ई.टी. के 600 व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान करके आयोजित किए गए हैं।

5.6.7 यद्यपि, सी.आई.ई.टी. ने उच्च स्तर की निर्माण क्षमता के कार्यक्रम तैयार किए हैं, परन्तु एस.आई.ई.टी. ने इस बारे में कुछ धीमी प्रगति की हैं। उन्होंने प्रबन्ध समस्याओं के साथ-साथ तकनीकी मानवशक्ति संबंधी समस्याओं का सामना किया हैं। एक कार्यकारी दल प्रबन्ध संरचना की जांच करने तथा एस.आई.ई.टी. के कार्यकरण को सुधारने के लिए उपाय सुझाने के लिए गठित किया गया था। इस दल ने अन्य बातों सहित यह सिफारिश की कि एक पंजीकृत सोसाइटी के रूप में एक स्वायत्तशासी संगठन राज्य सरकार के तत्वावधान में गठित किया जाना चाहिए ताकि राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों के कार्यों का प्रबन्ध किया जा सके। इसके अनुसरण में प्रारूप उप नियम बनाए गए हैं तथा विभिन्न उपाय इन राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों के पुनर्गठन करने के लिए विचाराधीन हैं।

5.6.8 इस वर्ष के दौरान, सी.आई.ई.टी. में शैक्षिक श्रव्य निर्माण, कोर पाठ्यचर्या क्षेत्रों पर बल दिया गया और 72 नए श्रव्य कार्यक्रम निर्मित हुए। भूमि तथा लोगों पर एक भौगोलिक श्रृंखला में पश्चिमी तट पर तीन 16 एम.एम. रंगीन फिल्में पूरी की गईं। इसके साथ, 'रावली रेन्जिस' तथा 'अनौपचारिक शिक्षा' पर दो अन्य फिल्में लगभग पूरी हो रही हैं। ई.टी.वी. कार्यक्रमों के निर्माण में निजी निर्माताओं को शामिल करने के लिए भी प्रयास किए गए हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने सी.आई.ई.टी. के लिए वीडियो/फिल्में निर्मित करने के लिए बाहरी निर्माताओं को शामिल करने हेतु एक निश्चित मात्रा (मोडेलिटी) तैयार करने के लिए एक समिति गठित की है। एस.आई.ई.टी., लखनऊ भी ई.टी.वी. कार्यक्रमों के लिए निजी निर्माताओं को नियुक्त करने की सम्भावनाओं का पता लगा रहा है।

5.6.9 शिक्षा के लिए उपग्रह के प्रयोग से संबंधित विषय जिसमें मीडिया की समय आवश्यकता, मानवशक्ति संबंधी जरूरतों और सम्पूर्ण शैक्षिक क्षेत्र के लिए वित्त संबंधी आवश्यकताएं शामिल हैं, पर विचार करने के लिए, एक दल का गठन भी श्री किरण कार्तिक के संयोजन में किया गया। इस दल द्वारा शीघ्र ही रिपोर्ट प्रस्तुत करने की आशा की गई है।

5.6.10 जनवरी, 1988 में अनुमोदित नई ई.टी.वी. योजना में सातवीं पचंवर्षीय योजना अवधि के अन्तिम तीन वर्षों के दौरान प्रारम्भिक स्कूलों के लिए एक लाख टी.वी. सैट तथा पांच लाख रेडियो व कैसेट प्लेयर्स की पूर्ति परिकल्पित थी। वर्ष 1987-88 के दौरान, 10,049 टी.वी. सैटों की कुल संख्या तथा लगभग 38,000 रेडियो व कैसेट प्लेयर्स प्रारम्भिक स्कूलों को देने के लिए राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को स्वीकृत किए गए हैं। टी.वी. सैटों तथा रेडियो एवं कैसेट प्लेयर्स की खरीदारी के लिए मानकीकरण सुनिश्चित करने के लिए, उनकी डिजाइन संबंधी विशेषताओं को सी.आई.ई.टी., शिक्षा निदेशक, दूरदर्शन/रेडियो के परामर्श से अन्तिम रूप दिया गया और इनको खरीदारी प्रक्रियाओं के लिए मार्गदर्शी रूपरेखाओं के साथ राज्यों को परिचालित किया गया था।

स्कूलों में संगणक शिक्षा

5.7.1 वर्ष 1984-85 में इलैक्ट्रानिकी विभाग तथा शिक्षा विभाग ने सामूहिक रूप से 248 माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में नामक (क्लास) प्रायोगिक परियोजना शुरू की गयी ताकि छात्रों और शिक्षकों को पढ़ाई के माध्यम के रूप में संगणक अनुप्रयोगों और इसकी विविधता के क्षेत्र से परिचित कराया जा सके। यह परियोजना वर्ष 1987-88 से वर्ष दर वर्ष आधार पर 1700 और अधिक अतिरिक्त स्कूलों (वर्ष 1987-88 के दौरान शामिल किए गए 700 स्कूल भी इसमें शामिल हैं) में जारी रखी गयी। स्कूल अध्यापकों को प्रशिक्षित करने तथा सहभागी स्कूलों को संभारतंत्र (लाजिस्टिक्स) सहायता देने के लिए तिरपन संसाधन केन्द्रों का गठन किया गया। हार्डवेयर के रखरखाव और इसे लगाने की जिम्मेदारी संगणक अनुरक्षण निगम (सी.एम.सी.) को सौंपी गयी। इस परियोजना को कार्यान्वित करने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद प्रमुख एजेंसी मानी गयी। इस परियोजना की शुरूआत से लेकर 1986-87 तक, इस परियोजना को पूर्णतया इलैक्ट्रानिकी विभाग द्वारा वित्त-पोषित किया गया। वर्ष 1984-85, 1985-86, 1986-87 और 1987-88 के दौरान इलैक्ट्रनिकी विभाग ने क्रमशः 2.2 करोड़ रुपए, 4.00 करोड़ रुपए तथा 4.00 करोड़ रुपए और 90 लाख रुपए आवंटित किए। वर्ष 1987-88 के दौरान इस परियोजना पर शिक्षा विभाग ने 5.39 करोड़ रुपए खर्च किए।

शिक्षा सचिव, श्री अनिल बोर्दिया नवोदय विद्यालय, लेह (जम्मू और कश्मीर) के बच्चों के साथ, उनके गणतंत्र दिवस समारोह, 1989 में भाग लेने के बाद।

5.7.2 राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा सी.एम.सी. के माध्यम से स्वदेशी साफ्टवेयर का उत्पादन प्रारम्भ करने का प्रयास किया गया। वे 14 पैकेज विकसित करने में सफल रहे जिन्हें 1987-88 के अन्य पैकेजों के साथ स्कूलों को भेज दिया गया। सी.एम.सी. ने अब तक मराठी, उड़िया तेलुगु, हिन्दी, तमिल, कन्नड़, मलयालम, गुरूमुखी, गुजराती, बंगाली और असमी अर्थात् ग्यारह भाषाओं में कुंजी पटल तथा रोम विकसित किए हैं। कार्य अभी जारी है।

5.7.3 परियोजना अनुभव के मूल्यांकन की दृष्टि से इलैक्ट्रनिकी विभाग ने अंतरिक्ष प्रयोग केन्द्र, अहमदाबाद को मूल्यांकन अध्ययन का कार्य सौंप दिया था। उनकी रिपोर्ट से यह पता चला कि परियोजना को सरल बनाने का लक्ष्य आंशिक रूप से ही प्राप्त किया जा सका।

5.7.4 अब तक प्राप्त मूल्यांकन और अनुभव के परिणामों को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को सातवीं योजना के शेष वर्षों में बड़े पैमाने पर कार्यान्वित करने के लिए इलैक्ट्रानिकी विभाग और शिक्षा विभाग द्वारा सामूहिक रूप से एक प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसमें देश भर में 13000 उच्चतर माध्यमिक स्कूलों को शामिल करने का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम के लिए पहले वर्ष में 89.03 करोड़ रुपए तथा वर्ष 1988-89 में 89.03 करोड़ रुपए तथा दूसरे वर्ष में 109.39 करोड़ रुपए के कुल वित्तीय प्रावधान अनुमान लगाया गया है। अभी सरकार ने अन्तिम रूप में इस प्रस्ताव को स्वीकार करना है।

नवोदय विद्यालय

5.8.1 ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान बच्चों को उच्च कोटि की आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने प्रत्येक ज़िले में औसतन एक नवोदय विद्यालय स्थापित करने के लिए एक योजना प्रारंभ की है। अब तक देश भर में 22 राज्यों तथा 7 संघ शासित प्रदेशों में दो सौ छप्पन नवोदय विद्यालय है।

5.8.2 नवोदय विद्यालय में दाखिला कक्षा VI से किया जाता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि इस प्रकार दाखिल अधिकांश छात्रों ने पहले मातृ भाषा/क्षेत्रीय भाषा के माध्यम से अध्ययन किया होता है अतः उन्हें कक्षा VI अथवा VIII तक उसी माध्यम से पढ़ाया जाता है, इस समय अवधि के दौरान भाषा के रूप में तथा सह-माध्यम के रूप में अंग्रेजी/हिन्दी का गहन शिक्षण दिया जाता है। तत्पश्चात्, हिन्दी/अंग्रेजी समान माध्यम होगा। इस स्तर पर विभिन्न भाषायी क्षेत्रों में एक नवोदय विद्यालय से दूसरे नवोदय विद्यालय में 20 प्रतिशत छात्रों का प्रवास (माइग्रेशन) होता है। यह प्रवास मुख्यतः हिन्दी और अहिन्दी भाषी जिलों के मध्य होता है। छात्रों के प्रथम बैच ने नवोदय विद्यालय झज्जर और नवोदय विद्यालय, अमरावती पारस्परिक प्रवास किया चूंकि ये दोनों विद्यालय इस वर्ष कक्षा-IX तक पहुंच गए है। नवोदय विद्यालयों में त्रिभाषा सूत्र का अनुसरण किया जाता है। इस समय हिन्दी भाषी राज्यों में 123 तथा अहिन्दी भाषा राज्यों में 133 नवोदय विद्यालय हैं तथा इन सभी विद्यालयों में तृतीय भाषा को लागू किया गया है।

प्रवेश

5.8.3 नवोदय विद्यालयों में प्रवेश राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित एक परीक्षा के आधार पर किया जाता है। इस परीक्षा का माध्यम मातृ भाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा होती है। परीक्षा अधिकतर अमौखिक स्वरूप, वर्ग-भेद विहीन और इस प्रकार से तैयार की जाती है ताकि ग्रामीण स्कूलों के प्रतिभावान बच्चों को उपेक्षित हुए बिना इसमें भाग लेने योग्य बन सकें इसकी सुनिश्चित व्यवस्था की जा सकें।

5.8.4 सभी जिलों में जहां नवोदय विद्यालय कार्य कर रहे है, शैक्षिक सत्र 1988-89 के लिए परीक्षा 15.5.88 को आयोजित की गयी थी। यह परीक्षा 18 भाषाओं में आयोजित की गयी।

5.8.5 256 नवोदय विद्यालयों के लिए चुनिन्दा छात्रों का ब्यौरा निम्नलिखित है :–

ग्रामीण	10934	लड़के	11298
शहरी	2870	लड़कियां	2506
	----	अनु. जा.	2360
	13804	अनु. ज. जा.	1602
		सामान्य	9842

5.8.6 नवोदय विद्यालय में सह-शिक्षा होती है और इनमें मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे होते है। अतः शहरी क्षेत्रों के बच्चों का दाखिला एक-चौथाई तक प्रतिबंधित है। यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि नवोदय विद्यालयों में एक तिहाई छात्र लड़कियां हों।

5.8.7 अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति से संबंधित बच्चों के लिए सीटों के आरक्षण की परिकल्पना

की गयी है जो कि संबंधित जिले में उनकी जनसंख्या के अनुपात में होगी बशर्ते कि किसी भी जिले से ऐसा आरक्षण औसत से कम न हो।

निर्माण कार्यक्रम

5.8.8 नवोदय विद्यालयों के निर्माण कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की मुख्य एजेंसी के रूप में पद नामित किया गया है। इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए समिति में निर्माण समन्वय समिति का गठन किया गया है। छब्बीस निर्माण एजेंसियों का पता लगाया गया है और उन्हें विद्यालय आवंटित किए गए हैं। समिति ने प्रथम चरण के रूप में 100 विद्यालयों में छठी कक्षा से नौवीं कक्षा के लिए निर्माण कार्य और केवल 120 विद्यालयों में नलाकार बंध सहित निर्माण संरचना की अनुमति दी हैं।

प्रिंसिपल और शिक्षक

5.8.9 इस समय 256 प्रिंसिपलों तथा 2719 शिक्षकों सहित 256 विद्यालय काम कर रहे हैं।

5.8.10 चूंकि सभी नवोदय विद्यालय आवासीय हैं तथा दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित हैं अतः अच्छे शिक्षकों/प्रिंसिपलों को आकर्षित करने के लिए निम्नलिखित प्रोत्साहन दिए गए हैं :–

i) उस स्थान पर रहने के लिए आंशिक रूप से सुसज्जित किराया-रहित आवास उपलब्ध कराना।
ii) दो बच्चों तक प्रति बच्चे के लिए प्रतिमाह 150/- रुपए की दर से बाल शिक्षा भत्ता।
iii) छात्रों के साथ रह रहे हाउस मास्टरों और शिक्षकों को निःशुल्क छात्रावास सुविधा।
iv) सभी शिक्षकों को निःशुल्क मध्याहन् भोजन।
v) समिति के नियमानुसार पति/पत्नी की नियुक्ति के लिए सुविधाएं।
vi) बिना प्रवेश परीक्षा के शिक्षकों के बच्चों को दाखिला और ऐसे बच्चों को निःशुल्क छात्रावास सुविधाएं जहां शिक्षक तैनात हैं।
vii) 100/- रुपए प्रतिमाह शिक्षण भत्ता।

नवोदय विद्यालयों को वाहनों का प्रावधान

5.8.11 कुछ विद्यालय दूरस्थ स्थानों में स्थित हैं और मुख्य सड़क, बाजार, डाकघर, बैंक आदि से काफी दूर हैं। अब तक ऐसे 60 विद्यालयों का पता लगाया गया है और उन्हें कार्यालय प्रयोग हेतु वाहन प्रदान किए गए हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

5.8.12 प्रिंसिपलों के लिए दो सेवारत पाठ्यक्रम और शिक्षकों की विभिन्न श्रेणियों अर्थात् टी.जी.टी. और पी.जी.टी. के लिए सेवारत पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया ताकि उन्हें आवासीय स्कूलों के कार्य प्रचालन से अवगत कराया जा सके।

महत्वपूर्ण शैक्षिक कार्यकलाप

– 14-15 फरवरी, 1988 को रा.पु. न्यास के सहयोग से नवोदय विद्यालय समिति द्वारा प्रतिभावान बच्चों के लिए विकसित पाठ्यचर्या कार्यनीतियों पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया और इसके सेमिनार की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में ''स्कूल भिन्न कार्यनीतियों के जरिए रचनात्मक अध्ययन पर्यावरण'' नामक विषय पर एक अन्य कार्यशाला का आयोजन 22-23 नवम्बर, 1988 को किया गया।
– विज्ञान, गणित और सामाजिक-अध्ययन में समिति द्वारा समृद्ध पाठ्यचर्या कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह समृद्ध पाठ्यक्रम नवोदय विद्यालयों के शिक्षकों और छात्रों के लिए उपयोगी होगा।
– समिति के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा अन्तर क्षेत्रीय विज्ञान और सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया।

खुला स्कूल

5.9.1 केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 1979 में स्थापित खुला स्कूल उन सभी को शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं जो आर्थिक, सामाजिक और अन्य कमियों के कारण नियमित स्कूल में प्रवेश नहीं ले पाते हैं परन्तु अपनी शैक्षिक योग्यता बढ़ाने के इच्छुक होते हैं। मुख्य रूप से यह पढ़ाई बीच में छोड़ जाने वालों, महिलाओं, कार्यरत प्रौढ़ों तथा समाज के अन्य उपेक्षित वर्गों को शिक्षा प्रदान करने पर बल दे रहा है।

गहन प्रचार अभियान

5.9.2 आलोच्य वर्ष के दौरान. देश भर में राष्ट्रीय

तथा क्षेत्रीय समाचार पत्रों में लगभग 36 विज्ञापन दिए गए ताकि दूरवर्ती क्षेत्रों में बसे हुए लोगों के बीच खुला स्कूल प्रणाली का प्रचार किया जा सके। प्रचार सामग्री को राज्यों में शिक्षा तथा प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय के.मा.शि.बो. से संबद्ध स्कूलों, प्रायोजित एजेंसियों तथा संसाधन-एवं-अध्ययन केन्द्रों को प्रचार सामग्री भी भेजी गयी ताकि वे इसे अन्य इच्छुक व्यक्तियों एवं एजेंसियों को अग्रेषित कर सकें।

छात्रों की संख्या

5.9.3 खुला स्कूल वर्ष 1979 में स्थापना के साथ ही माध्यमिक स्कूल परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा था। जिन छात्रों ने माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है उनके लिए सतत् शिक्षा की जरूरतों को पूरा करने के लिए इसने चालू वर्ष में टंकण विद्या, आशुलिपि और सचिवालय पद्धति में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के पैकेज सहित विज्ञान, वाणिज्य तथा मानविकी में सीनियर सैकण्डरी पाठ्यक्रम शुरू किए। इस प्रयोजनार्थ 5600 छात्रों ने दाखिला लिया।

5.9.4 इस योजना के अंतर्गत पहली परीक्षा अप्रैल, 1983 में आयोजित की गयी। नामांकन में प्रथम वर्ष के 1634 के मुकाबले 1987-88 में 17052 तक की वृद्धि हुई है। वर्ष 1988-89 के दौरान अब तक 18167 छात्रों की दाखिल किया गया और इस संख्या के 20000 तक बढ़ जाने की आशा है। एक बार दाखिल छात्र अधिकतम पांच वर्ष की अवधि तक अथवा जब तक वह पाचों विषय उत्तीर्ण नहीं कर लेता, दाखिल रह सकता है। इस समय माध्यमिक पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों का कुल संचयी दाखिला 57,337 है।

प्रकाशन

5.9.5 खुला स्कूल प्रत्येक वर्ष कई विवरणिकाएं प्रकाशित करता है और उन्हें अध्ययन सामग्री के रूप में छात्रों को भेजता है। वर्ष 1988-89 में 90 प्रकाशन मुद्रित कराए गए।

नए संसाधन एवं-अध्ययन केन्द्र

5.9.6 सप्ताह के अन्त और छुट्टियों के दौरान खुला स्कूल अपने संसाधन एवं-अध्ययन केन्द्रों में व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रमों का आयोजन करता है। मद्रास, जयपुर, सिक्किम तथा अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह को शामिल करते हुए पूरे भारत में इस प्रयोजनार्थ इक्कीस संसाधन-एवं-अध्ययन केन्द्र पहले ही कार्य कर रहे हैं। कलकत्ता में अब एक नया केन्द्र खोला जा रहा है। आलोच्य वर्ष के दौरान दिल्ली में भी एक नया केन्द्र अर्थात् माउन्ट कारमल स्कूल, आनन्द निकेतन नई दिल्ली में खोला गया।

5.9.7 इसके अलावा, खुला स्कूल, संसाधन-एवं-अध्ययन केन्द्र, सुस्थापित संस्थानों को खुला स्कूल पाठ्यक्रमों के लिए उम्मीदवारों के प्रयोजन के लिए तथा संसाधन एवं-अध्ययन केन्द्रों के अनुरूप उनके लिए सम्पर्क कक्षाएं आयोजित करने के लिए प्रत्यायित करता है। वर्ष 1988-89 में चौबीस नयी संस्थाओं को प्रत्यायित किया गया जिससे इन संस्थाओं की संख्या 72 हो गयी।

5.9.8 राष्ट्रीय खुला स्कूल पर एक परियोजना रिपोर्ट तैयार की गयी जिसकी जांच की जा रही है। राष्ट्रीय खुला स्कूल के गठन का निर्णय यथाशीघ्र लिया जाएगा।

विकलांग बच्चों के लिए समेकित शिक्षा

5.10.1 राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में सामान्य स्कूलों में सामान्य बच्चों के साथ कम विकलांगता वाले बच्चों की समन्वित शिक्षा पर इस उद्देश्य से बल दिया गया है ताकि ऐसे बच्चों का सामान्य विकास हो सके तथा वे जीवन का सामना उत्साह और विश्वास से कर सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और रा.शि.नी. के कार्यान्वयन के लिए तैयार की गयी कार्रवाई योजना में निहित मार्गदर्शी रूपरेखाओं को ध्यान में रखते हुए वर्ष 1987-88 के दौरान विकलांग बच्चों के लिए समेकित शिक्षा की योजना की पूर्णतया समीक्षा की गयी तथा इसे संशोधित किया गया। स्कूलों में अपेक्षित सुविधाओं का सृजन करने के लिए इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ शासित प्रशासनों/स्वैच्छिक संगठनों को शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। विकलांग बच्चों को पुस्तक एवं लेखन भत्ता, यात्रा भत्ता, वर्दी भत्ता, पाठक भत्ता (केवल नेत्रहीन बच्चों के लिए जिनमें विकलांगता अधिक हो) उपस्कर भत्ता छात्रावास प्रभार (जहां आवश्यक हों) जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं इसके अलावा, इस योजना में अध्यापकों के वेतन और प्रोत्साहन, संसाधन और मूल्यांकन कक्षों की स्थापना, शिक्षकों के प्रशिक्षण, स्कूलों में वास्तुशिल्पीय संबंधी बाधाओं के उन्मूलन, विकलांग बच्चों के लिए विशेष शिक्षण सामग्री का विकास और प्रकाशन आदि की लागत को पूरा करने की व्यवस्था है। विकलांग बच्चों के शिक्षकों के लिए विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम चलाने वाले

चुनिन्दा विश्वविद्यालयों/संस्थाओं को वि.अ.आर. के जरिए भी सहायता दी जाती है। रा.शै.अ. तथा प्र.प. और क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों द्वारा शिक्षण सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

5.10.2 यह योजना इस समय 18 राज्यों तथा दो संघ शासित प्रदेशों अर्थात् आन्ध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, नागालैण्ड, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, दिल्ली तथा अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह में कार्यान्वित की जा रही है। वर्ष 1987-88 के दौरान विभिन्न राज्यों/संघ शासित प्रदेशों और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की 2.36 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता संस्वीकृत की गयी।

सभी राज्यों संघ शासित क्षेत्रों में IX—XII कक्षाओं की लड़कियों से वसूल किए गए शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति

5.11.1 भारत के राष्ट्रपति ने संसद के संयुक्त अधिवेशन में अपने भाषण में 17 जनवरी, 1985 को घोषणा की थी कि देश भर में XII वीं कक्षा तक की लड़कियों की शिक्षा निःशुल्क कर दी जाएगी। इसके अनुसरण में, राजकीय/सरकारी सहायता प्राप्त/राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के लिए स्थानीय निकाय के स्कूलों में शिक्षा के माध्यमिक/सीनियर माध्यमिक स्तर पर लड़कियों से वसूल किए गए शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति करने के लिए एक योजना बनाई गई थी। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1982-83 को कट-आफ वर्ष के रूप में लिया गया।

5.11.2 यह योजना 1.4.1985 से प्रभावी हुई थी और यह सातवीं पंचवर्षीय योजना की समूची अवधि के लिए चालू रहेगी।

युद्ध के दौरान मारे गए अथवा अपंग हुए सशस्त्र सेना अधिकारियों व कार्मिकों के बच्चों के लिए शैक्षिक सुविधाएं।

5.12.1 वर्ष 1962 में भारत-चीन व 1965 व 1971 में भारत-पाक युद्धों के दौरान मारे गए अथवा स्थाई रूप से अपंग हुए सुरक्षा कार्मिकों तथा अर्ध सेना बलों के कार्मिकों तथा अर्ध सेना बलों के कार्मिकों के बच्चों के लिए केन्द्र सरकार तथा अधिकांश राज्य सरकारों व केन्द्र शासित प्रशासनों ने शैक्षिक सुविधाएं देना जारी रखा।

5.12.2 ये सुविधाएं श्रीलंका कार्रवाई के दौरान मारे गए/अपंग हुए भारतीय शांति सेना बलों/के. आ .पु.ब. के कर्मचारियों के लिए तथा सियाचिन क्षेत्र में मेघदूत आपरेशन कार्रवाई में मारे गए अथवा अपंग हुए सशस्त्र सेना कार्मिकों के बच्चों के लिए भी बढ़ा दी गई हैं।

5.12.3 वर्ष 1987-88 में 16 विद्यार्थियों द्वारा इन सुविधाओं का उपयोग किया गया।

योग की प्रोन्नति

5.13.1 शारीरिक स्वस्थता को बढ़ाने में योग की सम्भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, देश में शारीरिक शिक्षा के विकास के लिए मंत्रालय के समूचे कार्यक्रम के भाग के रूप में, योग की प्रोन्नति के लिए एक योजना द्वितीय पंचवर्षीय योजना से कार्यान्वित कर रहा है। यह योजना रख-रखाव के लिए अखिल भारतीय स्वरूप की योग संस्थाओं को वित्तीय सहायता के साथ-साथ चिकित्सीय पक्षों के अलावा योग के विभिन्न पक्षों में मूल अनुसंधान और/अथवा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रोन्नति पर विकासात्मक व्यय की व्यवस्था करती है। योग संस्थाओं को योग चिकित्सीय पक्षों की प्रोन्नति के लिए वित्तीय सहायता, स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दी जा रही है।

5.13.2 इस योजना के अन्तर्गत कैवल्य धाम श्रीमन माधव योग मन्दिर समिति, लोनावाला (पुणे) को, अनुसंधान तथा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए, अपने अनुरक्षण तथा विकासात्मक व्यय दोनों के लिए ही सहायता मिलनी जारी है।

5.13.3 केन्द्रीय विद्यालयों में प्रयोग के तौर पर 1981-82 में एक वर्ष की अवधि के लिए योग को एक अलग विषय के रूप में, शुरू किया गया था। इस प्रयोग का मूल्यांकन किया गया और केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने निर्णय लिया कि सभी केन्द्रीय विद्यालयों में नियमित आधार पर योग पढ़ाया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्देशों को ध्यान में रखकर, बड़े पैमाने पर स्कूलों में योग शिक्षा आरम्भ करने का प्रस्ताव है। तदनुसार, यह निर्णय किया गया है कि वर्ष 1988-89 से स्कूलों तथा प्रशिक्षण संस्थानों की सहायता के लिए केन्द्रीय प्रायोजित योजना शुरू की जाए।

शिक्षा में संस्कृति/कला/मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए एजेंसियों को सहायता तथा नवीन कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने वाली शैक्षिक संस्थाओं को सहायता।

5.14.1 शिक्षा के प्रबंध में विचारणीय बात यह है कि इसमें गैर-सरकारी एजेंसियों तथा स्वैच्छिक प्रयासों सहित लोगों की सहभागिता को महत्व दिया जाए जिससे शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में नवीन विचारों तथा व्यवहारों को अधिक बल मिले।

5.14.2 राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में यह भी कहा गया है कि भारत की सांस्कृतिक सम्पदा के बारे में शिक्षा को सुदृढ़ बनाना तथा कला शिक्षा जैसे सृजनात्मक क्रियाकलापों पर बल देना चाहिए। इस उद्देश्य के लिए सांस्कृतिक कला/मूल्यों को सुदृढ़ बनाने के लिए एजेंसियों को सहायता के लिए एक केन्द्रीय योजना, 1987 में तैयार की गई थी।

योजना के विशिष्ट उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- शैक्षिक निवेश तथा प्रक्रिया में सांस्कृतिक निवेश को सुदृढ़ बनाना,
- स्कूल प्रणाली में मूल्य शिक्षा को सुदृढ़ बनाना,
- स्कूल स्तर पर पायनियर और नवीन कार्यक्रमों को कार्यान्वित करना।

निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए सहायता प्रदान की जाती है:–

- अध्ययन सामग्री/शिक्षण/अध्ययन सहायता सामग्री विकसित करना,
- शिक्षक प्रशिक्षण,
- नए परिवर्तन और प्रयोगों को बढ़ावा देने के लिए बैठकें, सम्मेलन सेमिनार,
- राष्ट्रीय महत्व की नवीन तथा प्रयोगात्मक परियोजनाएं,
- शिक्षा को संस्कृति/कला/मूल्य शिक्षा क्रिया-कलापों के साथ जोड़ने वाले क्रियाकलाप/कार्यक्रम।
- नवीन कार्यक्रमों के लिए स्कूलों में अवस्थापना का विकास।

5.14.3 वर्ष के दौरान, योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित संगठनों को 9.28 लाख रु. की राशि मुक्त की गई थी:–

(क) रामकृष्णन नैतिक तथा आध्यात्मिक शिक्षा संस्थान, मैसूर को नैतिक तथा आध्यात्मिक शिक्षा शिक्षण के लिए हाई स्कूल शिक्षकों को सेवारत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए पाठ्यक्रम आयोजित करने के लिए दिया गया।

(ख) एक समेकित शिक्षा तथा रहन-सहन प्रशिक्षण, शारीरिक शिक्षा तथा दोपहर को निशुल्क पौष्टिक आहार देने, निशुल्कः पुस्तकें तथा काफी संख्या में अ. जाति/अ.ज. जाति के छात्रों को निशुल्क वर्दियां प्रदान करने के लिए ओल्कोट मेमोरियल स्कूल, मद्रास को सहायता।

(ग) छात्रों, विशेषकर गर्ल गाईडों, झुग्गी झोपड़ी से युवा आदि के साथ कार्यशाला आयोजित करने तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला तथा महिलाओं पर वीडियो फिल्म तैयार करने के लिए अल्लरिपु, नई दिल्ली की सहायता।

(घ) शिक्षा तथा कठपुतली में थिएटर के उपयोग के लिए कोरस रिपेरेटरी थिएटर, इम्फाल की सहायता।

(ङ) ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों तथा जरूरतमंद महिलाओं तथा बच्चों के आम कल्याण के लिए धर्मार्थ क्रियाकलापों के लिए कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक न्यास, इन्दौर को सहायता।

(च) देश के युवाओं में, परम्परागत भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सिपकमैसी, नई दिल्ली को सहायता, जिसका मुख्य माध्यम शास्त्रीय भारतीय संगीत तथा गायन है।

(छ) भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं में स्कूली बच्चों के लिए अनुपूरक शैक्षिक सामग्री की एक श्रृंखला तैयार करने के लिए सांस्कृति संसाधन तथा प्रशिक्षण केन्द्र, नई दिल्ली की सहायता।

(ज) स्थानीय भाषा में शिक्षण सामग्री तथा शिक्षण सहायता का विकास करने के लिए स्कूलों में शैक्षिक निवेश तथा प्रक्रिया में सांस्कृतिक निवेशों को सुदृढ़ बनाने के लिए स्कूल शिक्षा निदेशक, नागालैंड की सहायता।

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एन.पी.ई.पी.)

5.15.1 बढ़ती जनसंख्या की समस्या से निपटने के लिए शिक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा की परियोजना अप्रैल 1980 से शुरू

की है। परियोजना का पहला चक्र (1980-85) में सफलतापूर्वक पूरा किया। इसका दूसरा चक्र पहली जनवरी, 1986 से प्रारम्भ किया गया। 26 राज्यों तथा संघशासित प्रशासनों में कार्यान्वित की जा रही परियोजना ने दूसरे चक्र का तीसरा वर्ष पूरा कर लिया है। इस परियोजना को संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय जो जनसंख्या शिक्षा का मुख्य मंत्रालय है, के सहयोग से विकसित किया जा रहा है।

5.15.2. कार्यक्रम के मुख्य लक्ष्य इस प्रकार हैं :–

(i) व्यक्तिगत परिवार, सोसाइटी, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तरों में जनसंख्या वृद्धि तथा सामाजिक-आर्थिक विकास की प्रक्रिया के बीच अन्तः सम्पर्क में छात्रों को प्रेरित करना;

(ii) बच्चों तथा शिक्षकों को देश में जनसंख्या की स्थिति के बारे में बताना तथा इस समस्या को दूर करने के लिए भारत सरकार के लक्ष्य तथा प्रयास,

(iii) राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरों में विश्वविद्यालय तथा अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम सहित जनसंख्या शिक्षा को औपचारिक शिक्षा प्रणाली के रूप में स्थापित करना,

(iv) जनसंख्या के मामलों में व्यापक रूप से समुदाय को शामिल करने के साथ-साथ शिक्षकों तथा छात्रों में वांछनीय प्रतिक्रिया तथा बर्ताव विकसित करना ताकि वे अपने परिवार के बारे में तर्कसंगत निर्णय ले सकें और जीवन की कोटि के बारे में सोच सकें, जैसा वे जीना चाहते है।

5.15.3 सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इस परियोजना के कार्यक्षेत्र को +2 स्तर पर (कक्षा x1 और x11) छात्रों तथा शिक्षकों को शामिल करने के लिए बढ़ाया जाएगा चूंकि इस समय छात्रों का प्रजनक आयु वर्ग में प्रवेश हो जाने के कारण इसे बहुत ही महत्वपूर्ण वर्ग माना गया है। इस परियोजना को कार्यान्वित करने के लिए राज्यो द्वारा अपेक्षित वित्तीय तथा अन्य अपेक्षाएं रा.शै.अ.प्र. परिषद् के माध्यम से, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी। रा.शै.अ.प्र. परिषद् तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

5.15.4 राज्यों तथा संघ शासित प्रशासनों द्वारा किए जा रहे परियोजना कार्यकलापों में जमा दो-स्तर, अनौपचारिक शिक्षा क्षेत्र तथा विभिन्न लक्षित वर्गों के प्रशिक्षण, शिक्षकों की अवस्थापना तथा अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के लिए शिक्षक परियोजना के विभिन्न घटकों का मूल्यांकन तथा सह पाठ्यचर्या कार्यकलाप सामग्री विकास पर बल दिया गया है। पाठ्यपुस्तकों में जनसंख्या शिक्षा तत्वों के समेकन के संबंध में जनसंख्या शिक्षा सैलों के प्रयासों को संशोधित किया गया जिससे अधिकांश राज्यों में पाठ्यपुस्तकों में संशोधन प्रारम्भ करने में विलम्ब हुआ।

5.15.5 वर्ष 1987-88 के अन्त तक अधिक से अधिक 18 राज्यों/संघ शासित प्रशासनों ने जमा दो स्तर के लिए जनसंख्या शिक्षा में पाठ्यचर्या विकास के कार्यकलाप को पूरा किया। इन दस्तावेजों से जनसंख्या शिक्षा के तत्वों को पाठयचर्या और पाठयपुस्तकों में समेकित करने में सहायता मिलेगी जो कि रा.शि. नीति, 1986 के कार्यान्वयन के आधार पर संशोधित किया जा रहा है। सोलह राज्यों/संघ शासित प्रशासनों ने जनसंख्या शिक्षा तत्वों को पाठयक्रम में शामिल किया है। पंद्रह राज्यों तथा संघ शासित प्रशासनों ने अनौपचारिक क्षेत्र के लिए जनसंख्या शिक्षा में पाठ्यचर्या विकसित की है और इनमें से आठ राज्य इन तत्वों को, चल रही पाठ्यचर्या में समेकित कर पाए हैं। बीस राज्यों ने प्रारम्भिक शिक्षक प्रशिक्षण के लिए पाठ्यचर्या विकसित की है और उनमें से चौदह राज्यों ने जनसंख्या शिक्षा के तत्वों को चल रही पाठ्यचर्या में शामिल किया है। पिछले वर्ष की 367 की संख्या के मुकाबले में चालू वर्ष के दौरान जनसंख्या शिक्षा में शैक्षिक तथा प्रशिक्षण सामग्री के 435 शीर्षक निकाले गए हैं। राज्यों तथा संघ शासित प्रशासनों ने अनौपचारिक शिक्षा क्षेत्र के लिए 21 शीर्षक प्रकाशित किए। चौदह राज्यों/संघ शासित प्रशासनों में विभिन्न स्तरों पर 41 अनुपूरक अध्ययन सामग्री निकाली और तेरह राज्यों/संघ शासित प्रशासनों ने समाचारों के नियमित अंक प्रकाशित किए। अब तक आकाशवाणी में 403 कार्यक्रमों को प्रसारित किया गया है। चालू वर्ष के दौरान, जनसंख्या शिक्षा पर सोलह कार्यक्रमों को प्रसारित किया गया। अठारह राज्यों/संघ शासित प्रशासनों ने पोस्टर चार्ट, फिलम चार्ट आदि जैसी गैर-प्रक्षेपित सहायक सामग्री को विकसित किया है और नौ राज्यों ने जनसंख्या शिक्षा में श्रव्य दृश्य सामग्री विकसित की है। वर्ष के दौरान राज्यों/संघ शासित प्रशासनों ने 1,04,971 शिक्षकों, 1761 प्रमुख तथा संसाधन व्यक्तियों तथा अनौपचारिक शिक्षा क्षेत्र के 9595 शिक्षकों को अवस्थापना प्रदान की। रा.शि. नीति के अनुसार आयोजित जन-शिक्षक अवस्थापना कार्यक्रम के अन्तर्गत मई-अगस्त, 1988 के दौरान

लगभग 5,00,000 शिक्षकों को अवस्थापना प्रदान की गई। पन्द्रह राज्यों/संघ शासित प्रशासनों ने विभिन्न प्रकार के सह पाठ्यचर्या कार्यक्रम आयोजित किए जैसे निबंध प्रतियोगिता, चित्रकारी प्रतियोगिता, प्रश्न प्रतियोगिता तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि। ग्राम अपनाने कार्यक्रम के अन्तर्गत 17 राज्यों/संघ शासित प्रशासनों ने 137 गावों को चुना है जिसमें जनसंख्या शिक्षा कार्यकलाप आयोजित किए जा रहे हैं।

स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

5.16.1 इस कार्यक्रम का कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा रा.शै.अ. तथा प्र. परिषद/राज्य सरकारों आदि के परामर्श से किया जा रहा है।

5.16.2 वर्ष 1988-89 के दौरान 5 भारतीय छात्रों के एक दल ने इंडो-यू.एस. छात्र विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत संयुक्त राज्य अमरीका का दौरा किया और पारस्परिक आधार पर 10 अमरीकी छात्रों के एक दल ने भारत का दौरा किया।

स्कूल पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा

5.17.1 भारत सरकार ने वर्ष 1981 से राष्ट्रीय एकता के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए स्कूल पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन का एक कार्यक्रम शुरू किया है। यह राज्य सरकारों द्वारा विकेंद्रीकृत आधार पर रा.शै.अ. प्र. परिषद द्वारा तैयार की गई मार्गदर्शी रूपरेखाओं पर कार्यान्वित किया जाएगा। प्रारंभ में शुरूआत के तौर पर यह समीक्षा इतिहास और भाषाओं की पाठ्यपुस्तकों तक ही सीमित रखी गयी थी। छात्रों में राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने और अस्पृश्यता, वर्ग भेद, प्रादेशिकता, जातिवाद और साम्प्रदायिकता आदि को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप में भड़काने वाले तत्वों को पहचानने तथा उनको दूर करने के उद्देश्य से ये कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। लगभग सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में कार्यक्रम का प्रथम चरण पूरा किया जा चुका है।

5.17.2 कार्यक्रम के द्वितीय चरण में राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में भूगोल, नागरिक शास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थ-शास्त्र इत्यादि की स्कूली पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन कार्यक्रम प्रारंभ करने का अनुरोध किया गया है। अधिकांश राज्यों ने यह सूचित किया है कि नई शिक्षा नीति, 1986 के अनुसार पाठ्यक्रम में संभावित परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए नई पाठ्यपुस्तकें और शिक्षण सामग्री अभी विकसित की जानी है और इसीलिए कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। तथापि, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, मिजोरम जैसे कुछ राज्यों और संघशासित क्षेत्र दिल्ली ने पहले ही यह कार्य समाप्त कर लिया है। हरियाणा ने भी आठवीं कक्षा तक की पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन का कार्य प्रारंभ किया है।

5.17.3 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों से पाठ्यपुस्तकों की तैयारी और विकास के अंग के रूप में पाठ्यपुस्तकों के सतत् मूल्यांकन के लिए एक अन्तः स्थापित प्रणाली बनाने का अनुरोध किया गया है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्र. परिषद ने भी आगे प्रतिवर्ष नमूने के आधार पर राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों की पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन/पुनरीक्षण का एक कार्यक्रम आरम्भ किया ताकि राष्ट्रीय एकता के मार्ग में बाधक सामग्री की पहचान की जा सके और राष्ट्रीय एकता के आदर्शों को प्रोन्नत करने वाली सामग्री को विशेष स्थान दिया जा सके। परिषद राज्यों की चुनिन्दा पाठ्यपुस्तक लेखकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन भी कर रहा है। इस समय भारत सरकार एक संचालन समिति के गठन पर विचार कर रही है जिससे राज्यों में समीक्षा के कार्य को प्रणालीबद्ध तरीके से जारी रखने की सुनिश्चित व्यवस्था की जा सके।

शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार

5.18.1 शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कारों की योजना शिक्षकों के सम्मान को बढ़ाने तथा स्कूलों में प्रशंसनीय सेवाओं को सार्वजनिक सम्मान देने के लक्ष्य से वर्ष 1958-59 में आरम्भ हुई थी। वर्ष 1967-68 में इस योजना का कार्यक्षेत्र परम्परागत आधार पर चलने वाला संस्कृत पाठशालाओं, तोल्स आदि के शिक्षकों को शामिल करके, विस्तृत किया गया था। वर्ष 1978 में इस योजना को और विस्तृत किया गया ताकि परम्परागत आधार पर चलने वाले मदरसा के अरबी/फारसी शिक्षकों को भी शामिल किया जा सके। राष्ट्रीय शिक्षक आयोग से प्राप्त सिफारिशों के आधार पर, शिक्षकों के लिए पुरस्कार राशि वर्ष 1987-88 से प्रति पुरस्कार 2,500 रुपये से बढ़ा करके 5,000 रुपये प्रति पुरस्कार कर दी गई थी। इसके साथ, इस योजना के अन्तर्गत शिक्षकों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की संख्या वर्ष 1988-89 से 186 से 300 तक बढ़ा दी गई है। कुल 186 पुरस्कारों में से, 163 शिक्षक वर्ष

1987 के दौरान राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चुने गए थे। 5 सितम्बर, 1988 को एक विशेष समारोह में भारत के राष्ट्रपति द्वारा इन शिक्षकों को पुरस्कार दिए गए थे। वर्ष 1988 के लिए, अब तक कुल 200 शिक्षक चुने गए हैं। इनमें आन्ध्र प्रदेश, असम, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, हरियाणा, उड़ीसा, पंजाब, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, अन्डमान और निकोबार द्वीप समूह, चण्डीगढ़, दादरा और नागर हवेली, दिल्ली, पाण्डिचेरी, के राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड तथा केन्द्रीय विद्यालयों के 124 प्राथमिक शिक्षक तथा 76 माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं। शेष राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में चयन हो रहा है। यह योजना वर्ष 1989-90 में भी जारी रखने का प्रस्ताव है।

राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान

5.18.2 राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान की स्थापना पूर्व अक्षय निधि अधिनियम 1890 के अन्तर्गत 1962 में की गयी थी। इस प्रतिष्ठान का मुख्य उद्देश्य उन शिक्षकों तथा उनके आश्रितों को सहायता प्रदान करना है जो दीन परिस्थितियों में हैं। प्रतिष्ठान की निधियों का समेकन संघ, राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों और केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा दिए गए अंशदानों तथा राज्यों/संघ शासित प्रदेशों/केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा एकत्रित राशि द्वारा किया जाता है। प्रतिष्ठान के धन संग्रह को मियादी बचतों में लगा दिया गया है और उससे प्राप्त ब्याज को निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए वित्तीय सहायता देने हेतु उपयोग में लाया जाता है:–

- शिक्षक सदन के निर्माण कार्य
- विख्यात शिक्षकों जिन्होंने सराहनीय सेवाएं प्रदान की हैं, को वेतन सहित छुट्टी प्रदान करना,
- स्कूल शिक्षकों के बच्चों की व्यावसायिक शिक्षा के लिए सहायता देना
- गंभीर बीमारियों से ग्रस्त शिक्षकों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति
- गंभीर दुर्घटना के मामले में निःशुल्क सहायता।
- शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधियों के लिए आर्थिक सहायता।
- आजादी की 40वीं वर्षगांठ और जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी समारोह के संबंध में शिक्षकों के भ्रमण दौरे।

5.18.3 उपरोक्त के अलावा, प्रतिष्ठान किसी मान्यता प्राप्त प्राथमिक, मिडिल और उच्चतर माध्यमिक स्कूल में कार्यरत, 30 वर्ष से अधिक की दोष रहित, प्रशंसनीय सेवा वाले तीन अध्यापकों को प्रोफेसर डी.सी. शर्मा मेमोरियल पुरस्कार प्रदान करता है।

5.18.4 वर्ष के दौरान प्रतिष्ठान ने निम्नलिखित वित्तीय सहायता प्रदान की है:–

- केन्द्रीय विद्यालय, सैक्टर-IV, आर.के. पुरम, नई दिल्ली में कार्यरत शिक्षक की मृत्यु के उपरांत मृतक की पत्नी को 10,000/- रु. की राशि दी गयी।
- उड़ीसा राज्य के छः शिक्षकों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति के रूप में 60,000/- रुपए (प्रत्येक को 10,000/-रु.) की राशि दी गयी।
- उड़ीसा राज्य से 43 लब्धप्रतिष्ठ शिक्षकों को 84,350/- रुपए की राशि सवेतन छुट्टी के लिए प्रदान की गयी।
- निम्नलिखित मामलों में शिक्षक सदनों के निर्माण कार्य के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई:–
- अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक फैडरेशन को जनकपुरी, नई दिल्ली में शिक्षक भवन को पूरा करने के लिए 6 लाख रुपए।
- पुणे में शिक्षक भवन के निर्माण कार्य के लिए 20 लाख रुपए।
- मध्य प्रदेश में सांची, खुजराहो, शिवपुरी, माण्डव और भाराघाट में पांच शिक्षक भवनों के निर्माण कार्य के लिए 50 लाख रुपए।
- आजादी की 40वीं वर्ष गांठ तथा जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी समारोहों के उपलक्ष में शिक्षकों के भ्रमण दौरे के लिए वित्तीय सहायता के लिए विभिन्न राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों से प्राप्त प्रस्तावों के समर्थन में।
- वर्ष 1988 के लिए प्रोफेसर डी.सी. शर्मा मेमोरियल पुरस्कार निम्नलिखित तीन शिक्षकों को दिया गया:–

□ श्रीमती कमला राधाकृष्णन,
मुख्य अध्यापिका,
राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल,
एग्मोर, मद्रास।

□ श्रीमती जाहिदा अहमद,
सहायक शिक्षक,
राजकीय बालिका उच्च स्कूल,
बरहामपुर।

नवोदय विद्यालय
चुने गए छात्रों का संयोजन (कुल)



माता-पिता की आर्थिक स्थिति (पहले दो वर्ष)



- श्री जवाहरलाल श्रीवास्तव,
  हैडमास्टर,
  राजकीय प्राथमिक स्कूल,
  जवाहर नगर, ग्वालियर।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

5.19.1 सरकार द्वारा 1962 में केन्द्रीय विद्यालयों की योजना का अनुमोदन द्वितीय वेतन आयोग की सिफारिश पर किया गया ताकि रक्षा कार्मिकों सहित केन्द्रीय सरकार के उन स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके, जिनका स्थानांतरण बार-बार होता रहता था। इस योजना का दूसरा महत्वपूर्ण उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना था। इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पूरे भारत में केन्द्रीय विद्यालयों का एक समान झंडा, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों, शिक्षण माध्यम, बच्चों की वर्दी का रंग भी एक जैसा ही है। इस समय केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अधीन 729 केन्द्रीय विद्यालय कार्यरत हैं जबकि इसके मुकाबले में 30.4.1988 को 690 विद्यालय थे। ये विद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा नियंत्रित किए जाते हैं जो मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है। प्रशासनिक सुविधा के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन को 15 क्षेत्रों में विभाजित किया गया है।

5.19.2 केन्द्रीय विद्यालय शिक्षा की कोटि में सुधार के लिए सम्मिलित प्रयास कर रहे है। 1988 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परीक्षा में केन्द्रीय अखिल भारतीय सीनियर माध्यमिक शिक्षा (ए.आई.एस.एस.ई.) एवं ए.आई.एस.एस.सी.ई. में केन्द्रीय विद्यालयों के परिणाम क्रमश: 9% और 16% ऊँचे थे। लगभग 15% छात्रों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किए तथा लगभग 40% छात्रों ने 60 से 74 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए। इस प्रकार 55% छात्रों ने प्रथम श्रेणी के अंक प्राप्त किए। इस वर्ष, केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों ने हिंदी इलेक्टिव, हिंदी कोर, वाणिज्य, गणित, रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान में अधिकतम अंक प्राप्त किए।

5.19.3 केन्द्रीय विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय कैडेट कोर, स्काउट और गाइडस, सामूहिक गायन, लम्बी पहाड़ी यात्रा और पर्वतारोहण खेलों आदि में भाग लेते हैं। प्रत्येक वर्ष लगभग 10,000 छात्रों को पर्वतारोहण का प्रशिक्षण दिया जाता है और बड़ी संख्या में छात्रों को लम्बी पहाड़ी यात्रा (ट्रैकिंग) पर भेजा जाता है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने 11 से 20 अक्तूबर, 1988 तक दिल्ली में अपने राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जिसमें सभी 15 क्षेत्रों के लगभग 3500 छात्रों ने भाग लिया। इससे पहले मई-जून, 1988 के दौरान ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविरों में 9 खेलों का आयोजन किया गया था। लगभग 350 चुने हुए छात्रों को गहन प्रशिक्षण दिया गया। नवम्बर और दिसम्बर, 1988 के दौरान केन्द्रीय विद्यालय संगठन की राष्ट्रीय टीमों ने फुटबाल, हॉकी, वालीबाल, बैडमिन्टन, टेबल टेनिस, बास्केट-बाल, क्रिकेट और एथलेटिक्स की एस.जी.एफआई. प्रतिस्पर्द्धाओं में भाग लिया। एस.जी.एफ.आई. प्रतिस्पर्द्धाओं में उनके भाग लेने से पहले इन टीमों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए थे। 28 से 31 दिसम्बर, 1988 तक बम्बई में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के स्काऊटों और गाइडों की राज्य रैली का आयोजन किया गया था जिसमें लगभग 1200 स्काउटों और गाइडों ने भाग लिया।

5.19.4 नियमानुसार, प्रत्येक केन्द्रीय विद्यालय में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों से संबंधित कर्मचारियों के बच्चों के लिए क्रमश: 15 और साढ़े सात प्रतिशत नए दाखिले आरक्षित होते हैं। प्रत्येक केन्द्रीय विद्यालय में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को इतने प्रतिशत तक दाखिला देने के प्रयास किए गए, चाहे इसके लिए अर्हक स्तरों पर छूट भी देनी पड़ी हो। आरक्षित सीटों पर अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीदवारों को शत-प्रतिशत दाखिला देने का लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से, दाखिले के समय मुख्य-मुख्य राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों के माध्यम से केन्द्रीय विद्यालयों में अ.जा./अ.ज.जा. में उम्मीदवारों के दाखिले के लिए विज्ञापन देने का निर्णय किया गया है जिसमें उनके लिए आरक्षित सीटों का प्रतिशत भी दर्शाया गया हो।

5.19.5 संगठन सम्मेलन और सेवाकालीन शिक्षण पाठ्यक्रमों के माध्यम से अपने शिक्षण और गैर शिक्षण स्टाफ की दक्षता में सुधार करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। वर्ष 1988-89 के दौरान स्टाफ के विभिन्न वर्गों के लिए 111 सेवाकालीन शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इनमें से एक उन उप प्रधानाचार्यों और पी.जी.टी. शिक्षकों के लिए प्रवेश पाठ्यक्रम था जो प्रधानाचार्य के रूप में चुने गए थे। यह पाठ्यक्रम सहभागियों द्वारा उनके सम्बन्धित

विद्यालयों में प्रधानाचार्य के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण से पूर्व 25 जनवरी, 1988 से 23 अप्रैल, 1988 तक आयोजित किया गया था। चार शिक्षकों को जनवरी, 1989 से अप्रैल, 1989 तक ब्रिटिश काउंसिल के अंग्रेजी भाषा शिक्षण परियोजना में भाग लेने के लिए यू.के. भेजा गया है। इस संबंध में सभी खर्चे ब्रिटिश काउंसिल द्वारा वहन किए जाएंगे।

5.19.6 सभी केन्द्रीय विद्यालयों के लिए शिक्षकों के पदों का विज्ञापन अखिल भारतीय आधार पर किया जाता है और देश के सभी भागों में शिक्षकों की सेवा शर्तें एक समान है। वरिष्ठता सूचियां भी तैयार की जाती हैं और पदोन्नतियां अखिल भारतीय स्तर पर प्रभावित होतीं हैं। केन्द्रीय विद्यालयों के लिए पी.जी.टी. शिक्षकों, उप प्रधानाचार्यों, प्रधानाचार्यों तथा अन्य उच्च पद, केन्द्रीय आधार पर भरे जाते हैं। जहां तक टी.जी.टी. शिक्षकों, पी.आर.टी. और शिक्षकों के अन्य वर्गों का सम्बन्ध है, उनकी भर्ती अखिल भारतीय आधार पर क्षेत्रीय स्तर पर की जाती है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र और कश्मीर राज्य के प्रार्थियों को 5 वर्ष और असम के निवासियों को 6 वर्षों, तक की आयु में छूट, इन क्षेत्रों से शिक्षकों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए दी जाती है। इसी प्रकार महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा उनको शिक्षण व्यवसाय की ओर आकर्षित करने के लिए, 1987-88 से सभी वर्गों के शिक्षण पदों में भर्ती हेतु महिला उम्मीदवारों को आयु में 10 वर्षों तक की छूट की अनुमति दी गई है।

5.19.7 केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा दिसम्बर, 1988 से केन्द्रीय विद्यालय में त्रिभाषा सूत्र का कार्यान्वयन शुरू कर दिया गया है। इस सूत्र के अंतर्गत हिंदी और अंग्रेजी, अब से I से X कक्षा तक अनिवार्य भाषाओं के रूप में पढ़ाई जाएंगी। अहिन्दी भाषी राज्यों में केन्द्रीय विद्यालयों में उस राज्य की क्षेत्रीय भाषा पढ़ाई जाएगी, जहां वे स्थित हैं। हिंदी भाषी क्षेत्रों में, अधिकांश केन्द्रीय विद्यालयों में, तीसरी भाषा के रूप में एक दक्षिण-भारतीय भाषा पढ़ाई जाएगी जबकि बाकी विद्यालयों में अन्य आधुनिक भारतीय भाषाएं पढ़ाई जाएंगी।

5.19.8 स्कूलों में कम्प्यूटर साक्षरता एवं अध्ययन की मुख्य परियोजना जिसे 1984-85 में 17 चुनिंदा केन्द्रीय विद्यालयों में शुरू किया गया था, उसे वर्ष 1988-89 में जारी रखा गया। परियोजना के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:–

– छात्रों को कम्प्यूटर का विस्तृत ज्ञान तथा उसके उपयोग की जानकारी प्रदान करना, और
– मनुष्य के जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कम्प्यूटर के प्रयोग तथा नियंत्रण एवं सूचना एकत्रित करने के साधन के रूप में कम्प्यूटर की क्षमता से छात्रों को परिचित कराना।

30.4.1988 तक इस परियोजना के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या 309 थी।

5.19.9 संगठन द्वारा 164 केन्द्रीय विद्यालयों के लिए भवनों का निर्माण किया गया। वर्ष के दौरान 50 और भवन निर्माणधीन हैं। अब तक 72 विद्यालयों में स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण पूरा हो चुका है। 102 केन्द्रीय विद्यालयों में स्टाफ क्वार्टर निर्माणाधीन हैं।

5.19.10 केन्द्रीय विद्यालयों की अत्यधिक मांग को ध्यान में रखते हुए, 1987-90 की अवधि के दौरान प्रतिरक्षा और सिविल क्षेत्रों में प्रतिवर्ष 50 नए केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने का निर्णय किया गया हैं। हमारे नियमों और प्रस्तावों की उपयुक्तता के अनुसार परियोजना क्षेत्र में नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने का भी निर्णय किया गया है। इस निर्णय के अनुसरण में, केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने वर्ष 1988-89 के दौरान 11 परियोजना क्षेत्रों सहित 42 केन्द्रीय विद्यालय खोलने के आदेश जारी किए है।

5.19.11 वर्ष 1988-89 में अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर लेने पर केन्द्रीय विद्यालय इस वर्ष अपनी रजत जयन्ती मना रहे है।

केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन

5.20.1 केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन की स्थापना 1961 में एक स्वायत्तशासी संगठन के रूप में की गई थी और इसे सोसायटी पंजीकरण अधिनियम (1860) का XXI वां अधिनियम) के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। सोसायटी का उद्देश्य 1959 में तिब्बत में चीनियों द्वारा की गई मार-काट के परिणामस्वरूप भारत आए तिब्बती शरणार्थियों के बच्चों को शिक्षा के लिए संस्थाओं को चलाना, उनका प्रबंध और उनकी मदद करना है।

5.20.2 प्रशासन 30 विद्यालय चला रहा है जिनमें से चार आवासीय विद्यालय हैं और 26 प्रातः कालीन विद्यालय है। ये विद्यालय भारत भर में फैले हैं। इन विद्यालयों का नामांकन 10,000 से अधिक है। ये

विद्यालय केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध हैं और छात्रों को अखिल भारतीय माध्यमिक विद्यालय और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षाओं के लिए तैयार करते हैं।

5.20.3 प्रशासन तिब्बती बालकों को विद्यालयोपरांत शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी सुविधाएं प्रदान करता है। केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन के विद्यालयों से प्रतिवर्ष उत्तीर्ण होने वाले छात्रों में से 15 को विद्यलय छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। भारत सरकार द्वारा प्रौद्योगिकी, औषधि, मुद्रण और फार्मेसी में तिब्बती छात्रों के लिए आठ स्थान आबंटित किए गए हैं।

5.20.4 तिब्बती बालकों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए 'प्रशासन' तिब्बती शिक्षा परिषद, परम पवित्र दलाई लामा, ब्यूरो, स्पेशल सिक्योरिटी फ्रंटियर शिक्षा और तिब्बती नेहरू स्मारक, प्रतिष्ठान जैसे अभिकरणों/संगठनों को वित्तीय सहायता भी प्रदान कर रहा है। तेरह विद्यालय 'प्रशासन' से सहायक अनुदान प्राप्त कर रहे हैं।

5.20.5 केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन सेवाकालीन शिक्षा पाठ्यकम के माध्यम से शिक्षकों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए सम्मिलित प्रयास कर रहा है। वर्ष के दौरान 'प्रशासन' ने 31 दिसम्बर, 1988 से 9 जनवरी 1989 तक 10 दिन की अवधि के लिए बाईलेक्प्पे में 'प्राथमिक शिक्षकों के लिए सेवाकालीन पाठ्यक्रम' का आयोजन किया है। केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन ने शिक्षकों को सेवाकालीन शिक्षण पाठ्यक्रम में दीक्षित करने के लिए अपना संकाय विकसित किया है।

5.20.6 प्रशासनाधीन सातों उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 'क्लास' परियोजना के अंतर्गत आते हैं और उनको कम्प्यूटर आरम्भ करवाए गए है। पाठ्येतर कार्यकलापों को प्रोत्साहित करने और छात्रों में सहयोग, सहायता समन्वय और द्वेष रहित स्पर्द्धा की भावना बढ़ाने और विकसित करने के लिए 'प्रशासन' ने स्थापना देवस को प्रतिवर्ष मिलकर मनाने का फैसला किया है। सी. एस. टी. मसूरी में 5-7 सितम्बर, 1988 तक पहली बार स्थापना दिवस मनाया गया। इस आयोजन में 'प्रशासन' के अधीन कार्यरत शिक्षकों को अपने कार्यनिष्पादन को आंकने का मौका मिला। इस आयोजन से छात्रों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का सुअवसर भी प्राप्त हुआ।

5.20.7 वर्ष के दौरान सी. एस. टी. मुंडगड़ और कलिम्पोंग स्थित विद्यालयों को स्तरोन्नत कर उच्चतर माध्यमिक स्तर का बना दिया गया। राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और तिब्बती बालकों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए सी. एस. टी. और मुंडगड़ में + 2 स्तर पर टंकण और आशुलेखन के दो व्यावसायिक पाठ्यक्रम आरम्भ किए गए हैं।

5.20.8 वर्ष के दौरान 'प्रशासन' के परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहे :

– अखिल भारतीय माध्यमिक विद्यालय परीक्षा, 1988 74.7 प्रतिशत।

– अखिल भारतीय उच्चतम विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा, 1988 : 84.5 प्रतिशत।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

5.21.1 केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत एक स्वायत्त शासी संगठन है। 'बोर्ड के प्रमुख कार्य हैं – संस्थाओं को संबद्ध करना; माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर परीक्षाएं अथवा अन्य ऐसी परीक्षाएं आयोजित करना जिनका आयोजन इसे सौंपा जाता हैं और पाठ्यचर्या तथा पाठ्य सामग्री तैयार करना और उसे अद्यतन बनाना।

5.21.2 के. मा. शि. बो. का मुख्यालय दिल्ली में हैं। के. मा. शि. बोर्ड का एक ग्यारह मंजिला भवन प्रीत बिहार में निर्माणाधीन है और मार्च, 1989 तक बनकर तैयार हो जाएगा। दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों से संबद्ध विद्यालयों के कार्यकलापों को सुकर बनाने और समन्वित करने के लिए मद्रास में 1981 में और गुवाहाटी में 1986 में 'बोर्ड' के क्षेत्रीय कार्यालय खोले गए थे। दीर्घावधिक कल्याणकारी उपाय के रूप में 'बोर्ड' ने क्षेत्रीय नए भवन से थोड़ी दूरी पर अपने लगभग 25% कर्मचारियों के लिए 109 बने बनाए फ्लैट खरीदे।

5.21.3 के. मा. शि. बो. से संबद्ध विद्यालयों की संख्या 30.11.1988 को 2,652 थी जिसमें दिल्ली, चण्डीगढ़ तथा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह संघ क्षेत्रों के तथा अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम राज्यों के सभी राजकीय और राजकीय सहायता प्राप्त विद्यालय, सभी केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सेना विद्यालय, सैनिक स्कूल, तिब्बती विद्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा संचालित विद्यालय, पब्लिक

स्कूल और देश भर के अन्य स्वतंत्र विद्यालय तथा विदेश स्थित 44 विद्यालय शामिल हैं। केवल काफी अच्छे स्तर के विद्यालयों का के. मा. शि. बो. से संबद्धन सुनिश्चित करने के लिए भूमि, भवन, योग्य स्टाफ, वेतन आदि से संबद्ध अनिवार्य नियमों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। इन अनिवार्य अपेक्षाओं पर अमल करने के कारण विद्यालयों के स्तर में सुधार हुआ है। संबद्ध विद्यालयों के आर्वाधक निरीक्षण के कार्य को तेज किया गया तथा कमियों को दूर करने के लिए निर्देश जारी किए गए। विद्यालयों को उनके मार्ग-दर्शन के लिए संबद्धन उपर्विाध भेजी हुई है।

5.21.4 वर्ष के दौरान 'बोर्ड' ने 13 परीक्षाओं का निर्विध्न और कारगर आयोजन किया है तथा उनके परिणाम अनुसूची में निर्धारित तारीखों से पहले घोषित किए हैं। 1988 की प्रमुख परीक्षाओं में शामिल हुए अभ्यार्थियों की कुल संख्या उनके उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ नीचे दी गई है:-

	परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की संख्या	उत्तीर्ण अध्यर्थियों का प्रतिशत
अखिल भारतीय उच्चतम विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा, मार्च, 1988	53456	83.2%
दिल्ली उच्चतम विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा, मार्च, 1988	50843	82.8%
अखिल भारतीय माध्यमिक परीक्षा, मार्च, 1988	100303	80.4%
दिल्ली माध्यमिक परीक्षा, मार्च, 1988	93262	66.7%
खुला विद्यालय परीक्षा		
नवम्बर, 1987	09075	
मई, 1988	13894	

5.21.5 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से प्रथम प्री-मेडिकल, प्री-डेंटल प्रवेश परीक्षा तथा दिल्ली प्रशासन के अनुरोध पर जे. बी. टी./एन. टी. टी. प्रवेश परीक्षा का विचाराधीन वर्ष में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। दोनों परीक्षाओं के परिणाम समय पर घोषित किए गए।

5.21.6 के. मा. शि. बो. ने ब्रिटिश काउंशिल के सहयोग से अंग्रेजी भाषा शिक्षण परियोजना का शुभारंभ किया। इसका लक्ष्य "बोर्ड" से संबद्ध विद्यालयों में माध्यमिक स्तर पर अंग्रेजी पाठ्यक्रम 'ए' में भाषा पढ़ने-पढ़ाने में सुधार लाना है। यह विशद शैक्षिक परियोजना है जिसमें पाठ्यचर्या विकास, सामग्री निर्माण परीक्षा सुधार, अंग्रेजी भाषा शिक्षण आदि चार महत्वपूर्ण घटक शामिल हैं।

5.21.7 के. मा. शि. बो. ने 'नेशनल इंट्रिग्रेशन थ्रू स्कूल्स' (विद्यालयों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता) नामक एक प्रबंध (मोनोग्राफ) तैयार किया है। इस प्रबंध के माध्यम से ये दर्शाने का प्रयास किया गया है कि बालकों में राष्ट्रीय एकता के संबर्धन में विद्यालय किस प्रकार सहायक हो सकते हैं और किस प्रकार राष्ट्रीय एकता को सहज स्वभाव का एक अंग बनाया जा सकता है।

5.21.8 बोर्ड ने विद्यालयों को, विभिन्न क्षेत्रों में अभिनव परिवर्तनों की शुरूआत करके व्यवस्था में गुणवत्तात्मक परिवर्तन करने के लिए अपने संसाधन देने के वास्ते 'विद्यालय परिसरों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। इन परिसरों द्वारा निम्नलिखित प्रमुख कार्यकलाप शुरू किए गए:– शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, आपसी लाभ के लिए भौतिक और शैक्षिक संसाधन जुटाना, विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए खेल सम्मेलन आयोजित करना और राष्ट्रीय एकता बढ़ाने वाले कार्यकलापों को प्रोत्साहित करना।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसधान एवं प्रशिक्षण परिषद्

5.22.1 राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की स्थापना एक सितंबर, 1961 को हुई थी जो सोसाइटीज़ पंजीकरण अधिनियम XXI (1860) के अंतर्गत पंजीकृत स्वायत्त संगठन हैं। रा. शै. अ. प्र. परि. एक संसाधन संस्था है। स्कूल शिक्षा और शिक्षक शिक्षण की अपनी रीतियों और कार्यक्रमों को तैयार करने तथा कार्यान्वयन के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय रा. शै. अनु. प्र. परि. के विशेषज्ञों को आंमत्रित करती है।

5.22.2 संवीक्षाधीन वर्ष के दौरान, देश में स्कूल शिक्षा और शिक्षक शिक्षण की कोटि में सुधार लाने के लिए रा. शै. अ. प्र. परि. ने व्यापक और संगठित प्रयास किए हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के कार्यान्वयन में मुख्य भूमिका निभाई है। योजनावार ब्यौरे नीचे दिए गए हैं।

प्रारम्भिक बाल्यकाल में देख-रेख और शिक्षा (ई. सी. ई.)

5.22.3 रा. शै. अ. प्र. परि. द्वारा प्रारम्भिक बाल्यकाल देखरेख और शिक्षा कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आरंभ किए गए। 3 से 8 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए शैक्षिक और मनोरंजन संबंधी सामग्री के विकास से संबंधित कार्यकलापों को चिल्ड्रन्स मीडिया लैबोरेटरी (बच्चों का जनमाध्यम अनुसंधानशाला) परियोजना के अंतर्गत जारी रखा गया। 'प्रारंभिक बाल्यकाल शिक्षा परियोजना के अंतर्गत स्कूल-पूर्व शिक्षकों और शिक्षक-शिक्षकों के प्रशिक्षण और प्रारम्भिक बाल्यकाल शिक्षा के लिए अध्ययन और खेल सामग्री के विकास हेतु प्रारंभिक, बाल्यकाल शिक्षा इकाइयों को सुदृढ़ करने हेतु 10 राज्यों को सहायता प्रदान की गई। प्रारम्भिक बाल्यकाल शिक्षा परियोजना के अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यकाल शिक्षा और संघटित बाल विकास सेवाओं के बीच संपर्क स्थापित करने पर मुख्य बल दिया गया है। संघटित बाल विकास सेवाओं के कार्यकर्ताओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बाल शिक्षा और संघटित बाल विकास सेवा के संदर्भ में विशेष रूप से बाल शिक्षा पर एक राज्य स्तर का सेमिनार कर्नाटक में आयोजित किया गया। राजस्थान द्वारा संघटित बाल विकास सेवा केंद्रों के लिए कुछ गैर मुद्रित सामग्री का विकास किया गया। उड़ीसा में लगभग 8000 आंगनवाड़ियों को रा. शै. अ. प्र. परि. द्वारा विकसित की गई चित्र पुस्तकें और अन्य नाट्य सामग्री भेजी गई। बाल शिक्षा परियोजना के अंतर्गत, संसाधन व्यक्तियों के लिए अवस्थापना पाठ्यक्रम और भाग लेने वाले राज्यों से बाल शिक्षा परियोजना के समन्वयकों की दो बैठकों का आयोजन किया गया तथा इसके अलावा शिक्षकों, शिक्षक-शिक्षकों तथा अभिभावकों के लिए शिक्षण सामग्री श्रृंखला की चार पुस्तकें प्रकाशित की गई। इनके अलावा बाल शिक्षा परियोजना में भाग लेने वाले 10 राज्यों में स्कूल-पूर्व अनुभवों के संबंध में नामांकन करने और उन्हें रोके रखने पर एक अध्ययन, अगस्त 1988 में आरंभ किया गया। बाल विकास के विकल्प तैयार करने के प्रयास के एक भाग के रूप में, उड़ीसा में जनजातीय तथा शहरी गंदी बस्तियों के क्षेत्रों में एक बाल विकास के गृह-आधारित कार्यक्रम का प्रयोग किया गया था। कक्षा IV और V के बच्चों के लिए स्वास्थ्य और पोषण संबंधी शिक्षा से संबंधित नियमित कार्यकलापों सहित स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में दो उत्सव आयोजित किए गए। दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में कार्यान्वित की जा रही बाल शिक्षा परियोजना के अंतर्गत कक्षा III के शिक्षकों के लिए खेल-खेल में पढ़ाई पद्धति और कार्रवाई पर एक अवस्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया था। अक्तूबर, 1988 में आकाशवाणी, कोटा के सहयोग से रा. शै. अ. प्र. परि. द्वारा रेडियो की सम्भाव्यता पर एक अध्ययन आरंभ किया गया था जिसका उद्देश्य आंगनवाड़ी तथा प्राथमिक स्कूलों में कक्षा I और II के बच्चों के अध्ययन अनुभव को बढ़ाने के माध्यम के रूप में रेडियो का प्रयोग करना था। रा. शै. अ. प्र. परि. द्वारा अपने क्षेत्र अधिकारियों के माध्यम से 31 राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में खिलौना बनाने की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। राज्य स्तर पर खिलौना प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं ने 19 से 23 दिसम्बर, 1988 तक रा. शै. अ. प्र. परि. द्वारा आयोजित खिलौना निर्माण कर राष्ट्रीय कार्यशाला एवं प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अलावा स्कूल पूर्व के नेत्रहीन बच्चों के लिए शिक्षा से संबंधित खिलौनों का पता लगाने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

शिक्षा का सर्वसुलभीकरण

5.22.4 एक दस्तावेज जिसका शीर्षक आपरेशन ब्लैक बोर्ड: प्राथमिक स्तर पर अनिवार्य सुविधाएं मानदण्ड और विशिष्टताएं को अंतिम रूप दिया गया तथा राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में व्यापक प्रसार के लिए उन्हें प्रकाशित किया गया।

5.22.5 प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या नवीनीकरण परियोजना के अंतर्गत आरंभ किए गए कार्य 'नामांकन, बनाए रखने, स्थिरता और छात्रों की उपलब्धियों' के भाग के रूप में राज्यों से एकत्रित किए गए आंकड़ों का विश्लेषण किया गया और 'प्राथमिक स्तर पर छात्रों की उपलब्धि' नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई। पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा और पर्यावरणात्मक स्वच्छता परियोजना के अंतर्गत दो अध्ययनों अर्थात् "छात्र उपलब्धि का अध्ययन" और "सामुदायिक सम्पर्क कार्यक्रम का प्रभाव" से संबंधित आंकड़ों को एकत्रित करने और संकलित करने का कार्य पूरा किया गया। मानव संसाधन विकास के लिए गहन शिक्षा के क्षेत्र के अंतर्गत, रा. शै. अ. प्र. परि. द्वारा परियोजना के परिप्रेक्ष्य और नीतियों के बारे में राज्य स्तर पर मुख्य कार्मिकों के लिए अवस्थापना पाठ्यक्रम आयोजित

किया गया। संवीक्षाधीन वर्ष के दौरान परियोजना को छः राज्यों और एक संघ शासित क्षेत्र-महाराष्ट्र, मिजोरम, उड़ीसा, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और दादरा एवं नागर हवेली में कार्यान्वित किया गया। परियोजना का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा के सर्वसुलभी-करण के लिए समुदाय में स्कूल पूर्व, प्राथमिक, अनौपचारिक तथा प्रौढ़ शिक्षा कार्यकलापों के समाकलन को बढ़ावा देना है। परियोजना कार्यान्वयन के मुख्य घटकों में, क्षेत्र संबंधी गहन दृष्टिकोण, कार्यकलापों और संसाधन निवेशों का सामन्जस्य और विकेंद्रित आयोजना और प्रबंध में सामुदायिक सहभागिता, इसके कार्यान्वयन के सभी पहलुओं में लचीलापन तथा शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों और जनसंख्या को प्राथमिकता देना शामिल है।

5.22.6 प्राथमिक शिक्षा की व्यापक पहुंच परि-योजना के अंतर्गत स्कूल के बाहर के बच्चों के लिए अध्ययन सामग्री के विकास (अध्ययन एपिसोडों) और अध्ययन केन्द्रों की स्थापना और प्रबंध से संबंधित कार्यकलाप जारी रखे गए। वर्ष 1988-89 में परियोजना को 17 राज्यों में कार्यान्वित किया गया। पर्यावरणात्मक अध्ययनों के चार्टों के एक सेट सहित छः माड्यूलों को मुद्रित किया गया और बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, और उत्तर प्रदेश के हिन्दी भाषी राज्यों में परियोजना के अंतर्गत सभी अध्ययन केंद्रों को भेज दिए गए। परियोजना के अंतर्गत विकसित की गई अध्ययन सामग्री को सात मुख्य स्वैच्छिक संगठनों के पास इन संगठनों द्वारा चलाए जा रहे अनौपचारिक शिक्षा केंद्रों में प्रयोग के लिए भेजा गया। अध्ययन सामग्री के विकास, अध्ययन केन्द्रों के सुविधा प्रदानकर्ताओं के प्रशिक्षण, प्रश्न बैंक के विकास के लिए परियोजना में भाग लेने वाले राज्यों को परिषद द्वारा तकनीकी सहायता प्रदान की गई।

5.22.7 रा. शै. अ. प्र. परि. द्वारा केंद्र प्रायोजित अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम को सहायता देने के विभिन्न कार्यकलाप शुरू किए गए। अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के अनुकूल शैक्षिक सामग्री और उपयुक्त शिक्षण अध्ययन विकास नीतियों के विकास के कार्यों पर मुख्य बल दिया गया है। अनुसंधान संबंधी कार्यकलापों में बच्चों को स्कूल में प्रवेश के समय ही उनकी उपलब्धियों के मूल्यांकन के लिए साधन और तकनीक विकसित करना भी शामिल हैं। केन्द्रों की सफलता की कहानी को प्रकाशित करने के लिए प्राथमिक स्तर पर चुनिन्दा अनौपचारिक केंद्रों का अध्ययन तथा अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के लिए विकसित पाठ्यचर्या और शैक्षिक सामग्री के विश्लेषण सहित अनुसंधान कार्य आरंभ किए। विकसित की गई शैक्षिक सामग्री में अनौपचारिक शिक्षा केंद्रों की मिडल स्तर पर प्रयोग करने हेतु गणित पुस्तक-III, शै. और शिक्षा केंद्रों में प्राथमिक स्तर पर प्रयोग के लिए कक्षा III के लिए आठ कॉर्मिक पुस्तकें और शिक्षक गाईड तथा मिडल स्तर के गै. औ. शिक्षा केंद्रों में कार्य कर रहे शिक्षकों के प्रयोग के लिए गणित की कार्य पुस्तक शामिल है। परिषद ने रा. शै. अ. प्र. परि. द्वारा शामिल किए गए गै. औ. शिक्षा केंद्रों के गै. औ. शिक्षा के शिक्षकों और गै. औ. शिक्षा अधीक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण नियम पुस्तक भी तैयार की है। शुरू किए गए अन्य कार्यक्रमों में अनौपचारिक शिक्षा अधीक्षकों के लिए प्रशिक्षण सामग्री का विकास करना, गै. औ. शिक्षा से संबंधित शिक्षण अध्ययन और प्रशिक्षण विधियों पर एक फिल्म बनाना, राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में स्वैच्छिक संगठनों और अनौपचारिक शिक्षा इकाइयों की ओर से अनौपचारिक शिक्षा के कार्यकर्ताओं के लिए अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों और अवस्थापना कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में शामिल संसाधन व्यक्तियों के लिए अवस्थापना कार्यक्रम शामिल हैं।

स्कूल स्तर पर विषयवस्तु और शिक्षा प्रक्रिया की पुनः अवस्थापना

5.22.8 रा. शै. अ. प्र. परि. द्वारा स्कूल स्तर पर विषय वस्तु शिक्षा प्रक्रिया की पुनः अवस्थापना के लिए कई समन्वित उपाय किए गए जैसा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में परिकल्पना की गई है। इन उपायों में मुख्य बल स्कूल शिक्षा के विभिन्न स्तरों के लिए अध्ययन के निम्नतम स्तरों के नियमों को तैयार करना, संशोधित पाठ्यचर्चा के आधार पर संस्थागत पैकेजों का विकास करना, बाल केंद्रित अध्ययन नीति कार्यकलाप आधारित शिक्षण पद्धति का विकास, अपनी व्यावसायिक दक्षता में सुधार के लिए शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कार्मिकों को प्रशिक्षण देना और परीक्षा संशोधन तथा अध्यापन-अध्ययन प्रक्रियाओं को सुधारने के लिए निरंतर और व्यापक मूल्यांकन शामिल हैं। स्कूल शिक्षक जन-अनुस्थापन कार्यक्रम के अंतर्गत 1986 से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा राज्य सरकारों के माध्यम से लगभग पांच

13-9-90

लाख स्कूल शिक्षकों के लिए अनुस्थापन कार्यक्रम किए जा रहे हैं ताकि स्कूल स्तर पर विषय वस्तु के पुनर्स्थापन की प्रक्रिया और शिक्षा की प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सुसज्जित करने के वास्ते शिक्षकों के प्रोत्साहन और व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि की जा सके। 1988 के दौरान इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 4.6 लाख शिक्षकों को अनुस्थापित किया गया था। वर्ष 1986 और 1987 के दौरान प्राप्त अनुभवों को देखते हुए अनुस्थापन कार्यक्रम की विषय वस्तु की समीक्षा की गई थी। प्राप्त पुनर्निवेशन के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परिकल्पित प्रमुख बलों के प्रति जागरूकता पैदा करने के घटकों के अतिरिक्त विभिन्न पाठ्यचर्या के शिक्षण से संबंधित व्यावसायिक क्षमताओं में वृद्धि करने के लिए निर्देशित घटकों को शामिल करने के वास्ते 1988 के दौरान आयोजित अनुस्थापन कार्यक्रमों की विषय वस्तु को फिर से तैयार किया गया था। इस उद्देश्य के लिए प्राथमिक स्कूल शिक्षकों और माध्यमिक स्कूल शिक्षकों को सम्मिलित करके एक संशोधित प्रशिक्षण पैकेज तैयार किया गया था। अनुस्थापन/प्रशिक्षण शिविरों के संकाय/संसाधन व्यक्तियों के लिए दिशा-निर्देश भी तैयार किए गए थे। इस कार्यक्रम के लिए नई पाठ्यचर्या से सम्बद्ध कुछ नए कार्यक्रमों को शामिल करके दूरदर्शन सहयोग को भी सुदृढ़ किया गया था। 1988 के दौरान आयोजित अनुस्थापन कार्यक्रमों का मूल्यांकन तीन विश्वविद्यालयों, अर्थात् कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय और पाण्डिचेरी विश्वविद्यालय, द्वारा किया गया था और मूल्यांकन रिपोर्टों में दिए गए सुझावों के आधार पर 1989 के दौरान आयोजित किए जाने के लिए प्रस्तावित अनुस्थापन कार्यक्रमों की विषय वस्तु में और संशोधन किया गया था ताकि इसे शिक्षकों की आवश्यकताओं के लिए संगत बनाया जा सके।

5.22.9 स्कूल स्तर पर विषय वस्तु और शिक्षा की प्रक्रियाओं को पुनर्स्थापित करने के प्रयास के भाग के रूप में स्कूलों में मूल्यांकन पद्धतियों में सुधार करने के लिए उपाय किए गए थे। राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में राज्य शै. अ. प्र. परि./शिक्षा विभागों और माध्यमिक शिक्षा बोर्डों में परिचालित करने के लिए तैयार की गई एक वृहद् सतत मूल्यांकन योजना पर 22 जून से 5 जुलाई, 1988 तक आयोजित संसाधन व्यक्तियों के लिए दो सप्ताह के अखिल भारतीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में चर्चा की गई थी। शैक्षिक और गैर-शैक्षिक क्षेत्रों में छात्र की उपलब्धि के रिकार्ड रखने की कार्य विधियों सहित एक नमूना संचयी कार्ड भी तैयार किया गया है। राष्ट्रीय शै. अ. प्र. परि. ने भी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के विभिन्न बोर्डों द्वारा आयोजित परीक्षाओं में ग्रेडिंग तथा स्केलिंग शुरू करने के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए और 7 से 9 सितम्बर, 1988 तथा 24 और 25 नवम्बर, 1988 को माध्यमिक शिक्षा बोर्डों के अध्यक्षों/सचिवों की दो क्षेत्रीय बैठकें आयोजित की। इन बैठकों के दौरान माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्डों द्वारा आयोजित परीक्षाओं में स्केलिंग तथा ग्रेडिंग शुरू करने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई थी। राष्ट्रीय शै. अ. प्र. परि. ने मौखिक परीक्षाओं, खुली पुस्तक परीक्षाओं तथा परियोजना कार्य जैसी वैकल्पिक मूल्यांकन कार्य विधियों द्वारा महत्वपूर्ण व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने के लिए एक आठ दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित की। इन के अतिरिक्त, परिषद ने विभिन्न विषय क्षेत्रों में शैक्षिक मूल्यांकन, मानदण्ड संदर्भित परीक्षाएं तैयार करने और परीक्षा विषयक लेखकों के प्रशिक्षण से संबंधित संकल्पनात्मक सामग्री के विकास के अपने कार्य जारी रखे।

5.22.10 स्कूल स्तर पर विषय वस्तु तथा शिक्षा की प्रक्रियाओं को पुनर्स्थापित करने से संबंधित कार्यों के कार्यान्वियन को सुकर बनाने के उद्देश्य से रा. शै. अ. प्र. परि. ने एक योजना तैयार की जिसके अंतर्गत विभिन्न पाठ्यचर्या क्षेत्रों में पाठ्य-पुस्तकों सहित पाठ्यचर्या के नवीकरण तथा शैक्षिक सामग्री के विकास से संबंधित कार्यकलाप शुरू करने के लिए राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी।

विज्ञान शिक्षा से संबंधित कार्यकलाप

5.22.11 स्कूलों में विज्ञान शिक्षा के सुधार की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के कार्यान्वयन से संबंधित कार्य के भाग के रूप में रा. शै. अ. प्र. परि. ने कर्नाटक और मध्य प्रदेश में वरिष्ठ/उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में विज्ञान शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए सात प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए। इन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के दौरान, भाग लेने वालों ने कुछ प्रशिक्षण सामग्री तैयार की जिसका उपयोग इस योजना के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले उत्तरवर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रमों में किया जा सकता है। योजना के कार्यान्वयन से संबंधित राष्ट्रीय शै. अ. प्र. परि. द्वारा शुरू किए गए अन्य कार्यकलापों में ये शामिल हैं।

योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक नियम पुस्तक तैयार करना, तथा उत्तर प्रदेश में उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपयोग की जाने वाली शैक्षिक सामग्री तैयार करने के लिए एक-एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन और बिहार में माध्यमिक शिक्षकों के लिए एक तीन दिवसीय अनुस्थापना कार्यक्रम शामिल हैं। परिषद ने 31 अक्तूबर और 1 नवम्बर, 1988 को राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों स्तर पर योजना के कार्यान्वयन से संबद्ध केन्द्रीय एजेंसियों के प्रतिनिधियों की एक बैठक भी आयोजित की और योजना में परिकल्पित विभिन्न कार्यों को शुरू करने के लिए राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को तकनीकी सहायता प्राप्त की।

5.22.12 परिषद ने प्राथमिक और अपर प्राथमिक स्कूलों के लिए विज्ञान किटें तैयार करने से संबंधित अपने कार्यकलाप जारी रखे। प्राथमिक विज्ञान किट के लिए किट नियम पुस्तकें और अपर प्राथमिक स्कूलों के लिए समेकित विज्ञान किट की नियम पुस्तकें मुद्रित की गई हैं। शुरू किए गए अन्य कार्यकलापों में शामिल हैं - मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश में स्कूलों में शिक्षक शिक्षण विज्ञान का सर्वेक्षण; और मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश के प्राथमिक एवं अपर प्राथमिक स्कूलों में "संशोधित विज्ञान शिक्षा" नामक भारत ज. ज. ग. परियोजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों तथा प्रारंभिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं में आयोजित विज्ञान किटों तथा उपस्कर के स्तर का सर्वेक्षण, विज्ञान किटों की मदों के निर्माण निर्धारण तथा आदान पर एक विस्तृत ब्यौरा तैयार करना और एक शिक्षक हस्तपुस्तिका तैयार करना।

5.22.13 स्कूलों में विज्ञान के शिक्षण को सुदृढ़ करने के प्रयासों के भाग के रूप में, राष्ट्रीय शै. अ. प्र. परि. ने शिक्षक गाइडें, प्रयोगशाला - पुस्तिकाएं, अनुपूरक पठन सामग्री और लोकप्रिय विज्ञान सामग्री तैयार की। राष्ट्रीय शै. अ. प्र. परि. द्वारा जम्मू और काश्मीर सरकार के सहयोग से 5 से 11 नवम्बर, 1988 को जम्मू में बच्चों के लिए सत्रहवीं राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई थी।

संगणक साक्षरता उन्मुखी कार्यकलाप

5.22.14 स्कूलों में संगणक साक्षरता तथा अध्ययन परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय शै. अ. प्र. परि. और अन्य संसाधन केन्द्रों द्वारा स्कूल शिक्षकों के लिए अनेक उन्नत स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। संसाधन केन्द्रों द्वारा परियोजना में भाग लेने वाले नए स्कूलों से शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। 1988 के दौरान, परियोजना के अंतर्गत लगभग 1325 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया था। परियोजना के अंतर्गत स्थापित 53 संसाधन केन्द्रों ने परियोजना में भाग लेने वाले स्कूलों को तकनीकी सहयोग प्रदान किया। नए स्कूलों के लिए साफ्टवेयर पैकेज प्राप्त करने और परियोजना में भाग लेने वाले नए स्कूलों में उपयोग के लिए स्वदेशी साफ्टवेयर पैकेजों का चयन करने के लिए आवश्यक उपाय किए गए थे। कुल मिलाकर, नए स्कूलों को आपूर्ति के लिए लगभग 22 स्वदेशी साफ्टवेयर पैकेजों को अनुमोदित किया गया था।

व्यवसायमुखी कार्यकलाप

5.22.15 राष्ट्रीय शै. अ. प्र. परि. ने उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शिक्षा के व्यावसायीकरण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों की आयोजना और कार्यान्वयन में राज्यों को आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए अनेक कार्यकलाप शुरू किए। उन राज्यों के प्रमुख व्यक्तियों के लिए जिन्होंने उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के + 2 स्तर पर व्यावसायीकरण का कार्यक्रम पहले शुरू कर दिया है और उनके लिए भी जो व्यावसायीकरण का कार्यक्रम शुरू करने वाले हैं, व्यावसायीकरण पर नौ अनुस्थापन कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इन अनुस्थापन कार्यक्रमों के माध्यम से, दिल्ली संघ शासित क्षेत्र तथा हिमाचल प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश राज्यों और पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के लगभग 300 प्रमुख व्यक्तियों को उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शिक्षा के व्यावसायीकरण के कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं की ओर अभिमुख किया गया था। परिषद ने शिक्षा के व्यवसायीकरण के लिए कार्यक्रमों के विभिन्न पहलुओं के कार्यान्वयन के वास्ते विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों तथा वृहद् दिशा-निर्देशों के विकास के लिए न्यूनतम व्यावसायिक क्षमता आधारित पाठ्यचर्या के विकास के अपने कार्यकलाप जारी रखे। परिषद ने उद्यमशीलता में एक आदर्श पाठ्यचर्या मुद्रण प्रौद्योगिकी तथा पुस्तक जिल्दबंदी में न्यूनतम क्षमता-आधारित पाठ्यचर्या, विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में शैक्षिक सामग्री और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने के लिए फोल्डर तैयार किए।

शिक्षक शिक्षा उन्मुखी कार्यकलाप

5.22.16 शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में रा. शै. अ. प्र. प. ने संवीक्षाधीन वर्ष के दौरान तीन अनुसंधान परियोजनाएं पूरी की। इनमें शामिल हैं – भारत में शिक्षकों के जीवन स्तर का अध्ययन, विभिन्न प्रशिक्षण नीतियों की सापेक्ष प्रभावकारिता का अध्ययन और अनु. जाति/अनु. जन जाति तथा गैर अनु. जाति/अनु. जन. जाति छात्र शिक्षकों की स्व–संकल्पना, अभिवृत्ति तथा समायोजन का उनकी उपलब्धि के साथ संबंधों का अध्ययन/ रा. शै. अ. प्र. परि. ने राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद के लिए सचिवालय के रूप में कार्य करना जारी रखा और रा. शि. शि. प्र. के विभिन्न कार्यकलापों को समेकित किया। शिक्षक शिक्षा पाठ्यचर्या – एक कार्य ढांचा दस्तावेज का संशोधन एक महत्वपूर्ण कार्यकलाप था, जो शुरू किया गया था। शिक्षक शिक्षा के लिए संशोधित पाठ्यचर्या कार्य ढांचे का मसौदा तैयार करने के लिए एक समिति गठित की गई थी। इस समिति द्वारा तैयार किए गए प्रारूप कार्य ढांचे पर 14 और 15 नवम्बर, 1988 को आयोजित एक राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा पाठ्यचर्या सम्मेलन में चर्चा की गई थी। इस सम्मेलन में दिए गए सुझावों के आधार पर कार्य ढांचे में संशोधन किया गया है और उसे अन्तिम रूप दिया गया है। + 2 स्तर पर चार वर्षीय शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम संरचना और शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एक संरचना तैयार करने के लिए कारवाई शुरू की गई थी।

5.22.17 परिषद ने जिला शिक्षा संस्थाओं की स्थापना के लिए राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को तकनीकी सहायता प्रदान की। इसने जिला शिक्षा संस्थानों से संबंधित परियोजना दस्तावेज को संशोधित करने का कार्य भी शुरू किया।

5.22.18 राष्ट्रीय शै अ प्र परि द्वारा संचालित चार क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों ने बी. ए., एड., बी. ए. बी. एड डिग्रियों तथा बी. एस. सी. एड अथवा बी. एस. सी. (आनर्स/पास) बी. एड डिग्रियों, एक वर्षीय बी. एड. पाठ्यक्रम तथा एक वर्षीय एम. एड. पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए चार वर्षीय समेकित शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम जारी रखा। भुवनेश्वर और मैसूर में क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों ने भी दो वर्षीय एम. एस. सी. एड. पाठ्यक्रम प्रदान किए। क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों ने स्कूल शिक्षा और शिक्षक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अनेक विस्तार कार्यक्रम/कार्यशाला/बैठकें/सेमिनार आयोजित किए। इनके अतिरिक्त, प्रत्येक क्षेत्रीय शिक्षा कालेज ने स्कूल शिक्षा तथा शिक्षक शिक्षा से संबंधित अनुसंधान अध्ययन भी शुरू किए। क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों द्वारा अनेक अध्येताओं को पी. एच. डी. डिग्री हेतु उनके अनुसंधान कार्य के लिए मार्ग दर्शन प्रदान किया गया था।

अनु. जातियों/अनु. जन जातियों से संबंधित कार्यकलाप

5.22.19 रा. शै. अ. प्र. परि. ने अनु. जातियों और अनु. जन जातियों की शिक्षा को प्रोन्नत करने की ओर निर्देशित अपने अनुसंधान और विकासात्मक कार्यकलाप जारी रखे। संवीक्षाधीन वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में कक्षा – V के अनु. जातियों और अनु. जन. जातियों के छात्रों की शैक्षिक उपलब्धियों का एक तुलनात्मक अध्ययन पूरा किया गया था। अनु. जातियों और अनु. जन जातियों के छात्रों के लिए पूर्व-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के मूल्यांकन परक अध्ययन के अंतर्गत कार्यकलाप जारी रहे। वर्ष के दौरान 11 राज्यों (अनु. जन. जातियां, कलस्टर-I) के लिए रिपोर्ट पूरी की गई थी। कलस्टर-I (अनु. जातियों) से संबंधित प्रारूप रिपोर्ट भी तैयार की गई है। कलस्टर-II (अनु. जाति/अनु. जन जाति राज्यों) के लिए आंकड़ा-संग्रह किया जा रहा है।

5.22.20 परिषद ने जनजातीय बोलियों में प्राइमर/पाठ्यपुस्तकें तैयार करने से संबंधित अपने कार्य जारी रखे। कक्षा - I और II के लिए जनजातीय बोलियों और बिहार की पांच जनजातियों, अर्थात् सन्थाल, मुन्द्री, हो, खरिया और कुर्क के लिए देवनागरी लिपि में पाठ्यपुस्तकें तैयार करने के वास्ते नवम्बर 1988 में एक कार्यशाला आयोजित की गई थी। ये पाठ्य पुस्तकें केन्दीय भारतीय भाषा संस्थान मैसूर के सहयोग से तैयार की जा रही हैं। शुरू किए गए अन्य कार्यकलापों में आन्ध्र प्रदेश में गोन्ड जन जातीय बच्चों के लिए कक्षा-II के एक प्राईमर का प्रारूप और तमिलनाडु में इरूला जनजातीय बच्चों के लिए कक्षा-I का एक प्राईमर तैयार करना शामिल है। गोन्ड जनजातीय बच्चों के लिए प्राईमर गोन्डी जनजातीय बोली में तैयार किया जाता है जिसमें तेलुगु लिपि का प्रयोग किया जाता है जबकि इरूला जनजातीय बच्चों के लिए प्राईमर तमिल लिपि का इस्तेमाल करके इरूला जनजातीय बोली में तैयार किया जाता है।

शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों की शिक्षा से संबंधित कार्यकलाप

5.22.21 परिषद ने शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यक समुदायों, विशेष रूप से मुसलमानों द्वारा प्रबन्धित स्कूलों में शैक्षिक स्तरों को सुधारने के उद्देश्य से शिक्षकों और प्राचार्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के वास्ते तकनीकी और वित्तीय सहयोग प्रदान करना जारी रखा। संवीक्षाधीन वर्ष के दौरान, परिषद ने शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा प्रबन्धित स्कूलों के प्रबंधकों और प्राचार्यों के लिए मार्गदर्शीय सेवाओं से संबंधित चार 3-दिवसीय सेमिनार-एवं-कार्यशालाएं आयोजित कीं। इनके अतिरिक्त, 26 से 28 दिसम्बर, 1988 तक शैक्षिक रूप से पिछड़े समुदायों द्वारा प्रबन्धित स्कूलों में आजीविका शिक्षकों के लिए एक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किया गया था। यह परिषद शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों, द्वारा प्रबन्धित स्कूलों के शिक्षकों के लिए आजीविका, शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी आयोजित करती रही है।

महिला-समानता के लिए शिक्षा से संबंधित कार्य

5.22.22 रा. शै. अ. प्र. परि. ने शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को अधिकार देने के लिए अनेक कार्यक्रम और परियोजनाएं शुरू की हैं। महिला समानता के लिए शिक्षा पर आदर्श संसाधन सामग्री तैयार करने के लिए केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान के सहयोग से एक कार्यशाला आयोजित की गई थी। महिलाओं पुरुषों की समानता को प्रौन्नत करने के लिए एक स्कूल आधारित कार्यक्रम तैयार करने के लिए एक अनुसंधान परियोजना के अन्तर्गत एक अन्य कार्यशाला आयोजित की गई थी। शुरू किए गए अन्य कार्यकलापों में शामिल है महिला शिक्षा तथा विकास को संचालित करने के लिए संकेतकों तथा नीतियों की पहचान, महिला समानता की शिक्षा से संबंधित एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम रूपरेखा तैयार करना, एक छः सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए एक पाठ्यक्रम रूपरेखा तैयार करना, और अधिकार की प्रक्रिया का पता लगाने के लिए हरियाणा में महिला मण्डलों का एक अध्ययन। इनके अतिरिक्त, परिषद ने शैक्षिक कार्यक्रमों तथा पाठ्य पुस्तकों से महिला पुरुष पक्षपात का पता लगाने तथा समाप्त करने और महिला समानता की शिक्षा की दृष्टि से शैक्षिक कार्यक्रमों के निरीक्षण और मूल्यांकन की प्रक्रिया के लिए राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्तियों को अभिमुख करने के लिए चार क्षेत्रीय कार्यशालाएं और एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। परिषद ने महिला अध्ययन के लिए केन्द्रों/एककों की स्थापना करने के वास्ते राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को तकनीकी सहायता प्रदान की और आन्ध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश राज्यों से कार्मिकों के लिए जागरूकता वृद्धि कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में भाग लेने वालों में कालेज प्रिंसिपल, स्कूल प्रिंसिपल, शैक्षिक प्रशासक तथा महिला अध्ययन के क्षेत्र में विशेषज्ञ शामिल थे।

विकलांगों की शिक्षा से संबंधित कार्यकलाप

5.22.23 रा. शै. अ. प्र. परि. ने विकलांगों के लिए समेकित शिक्षा कार्यक्रम के कार्यान्वयन से संबंधित अनेक कार्य शुरू किए। बोधात्मक तथा उत्पादक, दोनों क्षेत्रों में अध्ययन विकलांगता का पता लगाने के लिए उपकरण तैयार किए गए हैं। उन्हें अन्तिम रूप देने के लिए इन उपकरणों की जांच की जा रही है। परिषद ने विकलांग बच्चों का पता लगाने के लिए पद्धति विज्ञान से संबंधित शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए 7 कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें मध्य प्रदेश में मुस्तोरी खण्ड में शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए तीन कार्यक्रम, मिजोरम में शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए एक कार्यक्रम और राजस्थान के चब्बरा खण्ड में शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए तीन कार्यक्रम शामिल थे।

5.22.24 परिषद ने विकलांग बच्चों की शिक्षा के वीडियो कार्यक्रमों के वास्ते विषयों का पता लगाने और संक्षिप्त विवरण तैयार करने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की। अध्ययन विकलांगता, श्रवण-दौर्बल्य, मानसिक दुर्बलता तथा दृष्टि-दौर्बल्य से संबंधित विषयों पर वीडियो कार्यक्रमों के संक्षिप्त विवरण कार्यशाला में तैयार किए गए थे। निम्न यंत्र नियंत्रण सहित छात्रों के लिए देवनागरी लिपि के शिक्षण पर एक अन्य कार्यशाला आयोजित की गई थी। परिषद ने शैक्षिक खिलौनों तथा खेलों पर एक प्रदर्शनी एवं कार्यशाला भी आयोजित की थी। भाग लेने वालों में बाल विकास, विशेषज्ञ, पाठ्यचर्या विशेषज्ञ, सामान्य शिक्षक शामिल थे और खिलौना निर्माताओं ने कार्यशाला में भाग लिया। इनके अतिरिक्त, विकलांग बच्चों के कार्यात्मक मूल्यांकन के लिए एक दो सप्ताह का अटैचमेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मिजोरम और तमिलनाडु से आठ सहभागियों को

प्रशिक्षित किया गया था। इनके अतिरिक्त, विकलांगों के लिए समेकित शिक्षा के कार्यक्रमों वाले स्कूलों के साथ जानकारी का आदान-प्रदान करने के उद्देश्य से ''संचार-विकलांगों के लिए समान शैक्षिक अवसर'' शीर्षक से एक तिमाही समाचार पत्र प्रकाशित किया गया था।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी उन्मुख कार्यकलाप

5.22.25 राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों के सहयोग से केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा अनेक कार्यकलाप शुरू किए गए थे, जो शिक्षा में कोटिपरक सुधार लाने के लिए और शिक्षा तक पहुंच को सरल बनाने के लिए रेडियो और दूरदर्शन के उपयोग सहित शैक्षिक प्रौद्योगिकी की उपयोगिता की ओर निर्देशित हो।

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान ने ई. टी. वी. कार्यक्रमों के निर्माण में देश के अन्दर क्षमताएं पैदा करने की दृष्टि से पांच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। संवीक्षाधीन वर्ष के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में वीडियो सम्पादन, ई. टी. वी. निर्माण तथा तकनीकी संचालन, कैमरा और ध्वनि रिकार्डिंग्स, स्टूडियो निर्माण तथा बी. सी. एन.-51 अनुरक्षण पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शामिल थे। केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान ने यूनेस्को, पेरिस द्वारा प्रायोजित एक परियोजना के भाग के रूप में शिक्षा परियोजना के लिए इनसेट पर विस्तृत मामला अध्ययन को अन्तिम रूप दिया जो एशियाई देशों में बड़े पैमाने की संचार पद्धतियों का प्रयोग करके सुदूर शिक्षा में विकास का विश्लेषण करने के लिए शुरू की गई थी।

नवोदय विद्यालयों के लिए सहायता सेवाएं

5.22.26 शैक्षिक सत्र 1989-90 के लिए नवोदय विद्यालयों में दाखिलों के लिए रा. शै. अ. प्र. प. ने चयन परीक्षाएं आयोजित की हैं। वर्ष 1989-90 में नवोदय विद्यालयों की संख्या 256 थी। चयन परीक्षाएं, 18 भाषाओं में पूरे देश भर फैले 256 जिलों में 2980 सामुदायिक विकास खंडों में 3241 केन्द्रों में आयोजित की गई। परीक्षा पुस्तिकाएं 18 भाषाओं में केंद्रीकृत तरीके से छापी गई तथा रा. शै. अ. प्र. परिषद, के क्षेत्र सलाहकार कार्यालयों के माध्यम से विभिन्न केन्द्रों को बांटी गईं। चयन परीक्षा के लिए 4,64,382 छात्रों ने आवेदन किए जिसमें 3716052 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया। नवोदय विद्यालयों में दाखिले के लिए कुल मिलाकर 14,769 छात्रों का चयन किया गया। इनमें से 11059 (75 प्रतिशत) छात्र ग्रामीण क्षेत्रों में थे जबकि 3710 (25 प्रतिशत) छात्र शहरी क्षेत्रों में से थे। चुने गए छात्रों में से 10,001 (68 प्रतिशत) लड़के तथा 4768 (32 प्रतिशत) लड़कियां थीं। नवोदय विद्यालयों में दाखिले के लिए चुने गए 14,769 छात्रों में से 1775 (19 प्रतिशत) अनुसूचित जाति से संबंधित थे जबकि 1638 (11 प्रतिशत) अनुसूचित जन जातियों से संबंधित थे। अनुसूचित जाति से संबंधित 655 छात्रों तथा अनुसूचित जनजाति में से संबंधित 551 छात्रों को खुली प्रतियोगिता में चुना गया। चयन परीक्षाओं के अलावा परिषद, छात्रों की समाजार्थिक स्तर तथा 1986 तक स्थापित किए गए नवोदय विद्यालयों में भौतिक सुविधाओं का अध्ययन भी करती है।

शिक्षा सर्वेक्षण

5.22.27 परिषद पांचवे अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण की प्रारंभिक रिपोर्ट प्रकाशित करती है। पांचवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण की संदर्भ तारीख 30 सितंबर, 1986 थी। सर्वेक्षण में, तीन प्रश्नावली अर्थात् ग्राम सूचनाफार्म, शहरी सूचना फार्म तथा सूचना फार्म मुख्य थी। पहली दो प्रश्नावलियों के माध्यम से स्कूल की उपलब्धता पर सभी ग्रामों तथा शहरी क्षेत्रों से आंकड़े एकत्रित करने के साथ साथ पूर्व प्राइमरी शिक्षा अनौपचारिक शिक्षा तथा प्रौढ़ शिक्षा की सुविधाओं के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। स्कूल सूचना फार्म के माध्यम से सभी स्कूलों में छात्रों, शिक्षकों, भवनों, सुविधाओं, उपलब्ध उपस्कर आदि के बारे में आंकड़े एकत्रित किए गए थे। आंकड़े पहले ब्लाक/तहसील स्तर पर एकत्रित किए गए तथा उसके पश्चात् ब्लाक सारणी से जिला स्तर सारणी तैयार की गई थी। जिला स्तर सारणी से राज्य स्तर सारणी तैयार की गई और बाद में विभिन्न राज्यों/संघ शासित प्रशासनों से प्राप्त राज्य सारणी पर रा. शै. अ. प्र. परिषद में अनेक तरह से राष्ट्रीय स्तर की सारणी तैयार की गई।

5.22.28 इस सर्वेक्षण आकंड़ों की शैक्षिक आयोजना विशेषकर शैक्षिक विकास के लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना को तैयार करने में प्रयोग किए जाने की आशा है। इन आंकड़ों की ब्लाक स्तर पर सूक्ष्म आयोजना तथा इसके साथ ही जिला स्तर पर शैक्षिक आयोजना के लिए उपयोग किए जाने की आशा है। इसके अलावा इन आंकड़ों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के कार्यान्वयन के संदर्भ में प्रारम्भ की गई विभिन्न

योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायता मिलने की संभावना है जैसे कि आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा का व्यावसायीकरण।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज

5.22.29 रा. शै. अ. प्र. परिषद द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए द्वितीय स्तर की परीक्षा 8 मई, 1988 को आयोजित की गई। प्रथम स्तर की परीक्षा राज्यों/संघ शासित प्रशासनों द्वारा आयोजित की गई। द्वितीय स्तर की परीक्षा पूरे देश में फैले 30 केन्द्रों में आयोजित की गई थी और परीक्षा में 3065 छात्रों ने भाग लिया। इन 750 छात्रों में से 70 अ. जा./ अ. ज. जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए चुना गया।

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श तथा मार्गदर्शन

5.22.30 रा. शै. अ. प्र. परिषद के शैक्षिक तथा व्यावसायिक मार्ग दर्शन के क्षेत्र में विभिन्न क्रियाकलाप आयोजिए किए। शैक्षिक व्यावसायिक आयोजना, शैक्षिक और चुनिन्दा मनोविज्ञान तथा गृह-पृष्ठ भूमि की जन जाति हाई स्कूल छात्रों में तथा शिलांग (मेघालय) के आस पास एक अध्ययन को पूरा किया गया। अनुसंधान परियोजना "व्यावसायिक बर्ताव तथा + 2 स्तर पर शैक्षिक तथा व्यावसायिक पद्धति में छात्रों का समायोजन" का कार्य तथा "दिल्ली में व्यावसायिक सीनियर सैकेन्डरी स्कूलों में स्वत: रोजगार को बढ़ावा देने" के लिए अनुसंधान परियोजना के अन्तर्गत कार्य को आलोच्य वर्ष के दौरान जारी रखा गया। परिषद ने अपना शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम जारी रखा।

5.22.31 रा. शै. अ. प्र. परिषद ने बाल केन्द्रित शिक्षा पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की। इस संगोष्ठी में 160 विख्यात शिक्षाविदों, मनोवैज्ञानिकों शैक्षिक प्रशासकों आदि ने भाग लिया। शुरू किए गए अन्य क्रियाकलापों में क्लास रूप सैटिंग, विकास में बर्ताव की संशोधित तकनीकों में प्राइमरी शिक्षकों तथा शिक्षा शिक्षकों के लिए शिक्षण मैनुअल का विकास करना तथा प्राइमरी स्कूल शिक्षा में सृजनात्मक संभावयता में एक हैंड बुक विकसित करके प्राइमरी शिक्षा शिक्षकों का विकास करना भी शामिल है।

शैक्षिक अनुसंधान

5.22.32 रा. शै. अ. प्र. परि. की शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रगामी समिति ने स्कूल शिक्षा तथा शिक्षक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान परियोजनाओं को प्रायोजित करना जारी रखा। वर्ष 1988-89 के दौरान, 6 विभागीय तथा 5 बाहरी अनुसंधान परियोजनाओं को निधियां प्रदान की गई। ई. आर. आई. सी. द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करके 10 पी. एच. डी. शोध प्रबन्धों को प्रकाशित किया गया। आलोच्य वर्ष के दौरान 8 बाहरी तथा 27 विभागीय परियोजनाओं को पूरा किया गया। आलोच्य वर्ष के दौरान 31 बाहरी तथा 39 विभागीय अनुसंधान परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

5.22.33 चौथे शैक्षिक अनुसंधान सर्वेक्षण की पाण्डुलिपि तैयार कर ली गई है और प्रकाशन के लिए भेज दी गई है।

5.22.34 शैक्षिक अनुसंधान की कोटि में सुधार के प्रयास के एक भाग के रूप में परिषद ने दो सेमिनार आयोजित किए। उत्तरी क्षेत्र के लिए पहला क्षेत्रीय सेमिनार काश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर में आयोजित किया गया। दक्षिणी क्षेत्र के लिए दूसरा क्षेत्रीय सेमिनार कोयम्बतूर में आयोजित किया गया।

जनसंख्या शिक्षा

5.22.35 राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए रा. शै. अ. प्र. परिषद ने कई उपाय किए है। जनसंख्या शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत वर्ष 1988-89 के दौरान विभिन्न विकासात्मक और प्रशिक्षण क्रियाकलाप आयोजित किए। जनसंख्या पर पाठों के संग्रह के विकास के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। बंगलौर में जनसंख्या शिक्षा (प्रश्न प्रतियोगिता) पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई।

शैक्षिक सामग्री तथा पत्रिकाओं का प्रकाशन

5.22.36 रा. शै. अ. प्र. परिषद का एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्रियाकलाप अनुपूरक पाठकों के लिए पाठ्य-पुस्तकों, कार्यशालाओं, शिक्षकों, गाइडों, अनुसंधान मोनोग्राफ, पत्रिकाओं आदि का आयोजन करना है। अप्रैल से दिसम्बर, 1988 के दौरान, विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत 216 प्रकाशन प्रकाशित किए गए। इनमें 160 पाठ्य पुस्तकें, 9 अनुपूरक पाठक, 3 शिक्षक गाइडें, 36 अन्य-प्रकाशन तथा पत्रिकाओं के 8 अंक शामिल हैं। परिषद ने स्कूल शिक्षा के विभिन्न स्तरों

पर छात्रों के उपयोग के लिए अंग्रेजी तथा हिन्दी में पुस्तकों की कुछ श्रृंखला प्रारम्भ की। इनमें रीडिंग टू लर्न सीरिज़, लोटस सीरीज़ तथा पढ़ें और सीखें योजना शामिल हैं। परिषद ने 6 पत्रिकाओं का प्रकाशन जारी रखा अर्थात् **भारतीय शिक्षा समीक्षा** (एक तिमाही), **भारतीय शिक्षा की पत्रिका** (हि. मासिक), **स्कूल शिक्षा** (एक तिमाही), **प्राइमरी शिक्षक** (एक तिमाही), प्राइमरी शिक्षक (हिन्दी में एक तिमाही)। रा.शै.अ.प्र. आधुनिक शिक्षा (हिन्दी में तिमाही)। रा. शै. अ. प्र. परि. ने शैक्षिक पत्रकारिता में स्रोत पुस्तक के विकास के लिए 14 से 16 जून, 1988 तक एक कार्यशाला आयोजित की। परिषद ने वर्ष 1988-89 के लिए शैक्षिक पत्रकारिता में राष्ट्रीय पुरस्कार की योजना से संबंधित क्रियाकलाप शुरू किए।

लाइब्रेरी, प्रलेखन और सूचना

5.22.37 रा. शै. अ. प्र. परिषद के लाइब्रेरी प्रलेखन और सूचना विभाग ने रा. शै. अ. प्र. परिषद के विभिन्न विभागों तथा एककों के अनुसंधान तथा विकासात्मक क्रियाकलाप जारी रखे। विभाग, रा. शै. अ. प्र. परिषद के संकाय सदस्यों की सूचना संबंधी आवश्यकताओं को ही पूरा नहीं करता बल्कि पूरे देश के अनुसंधान अध्येताओं तथा शिक्षाविदों की आवश्यकताओं को पूरा करता है। इसके पास शिक्षा तथा मनोविज्ञान के क्षेत्र में पुस्तकों तथा आवधिकों तथा सभी स्कूल विषयों से संबंधित पाठ्यचर्या तथा संदर्भ सामग्री का एक बहुत ही अच्छा संग्रह है। विभाग ने स्कूल पुस्तकाध्यक्षों, स्कूल लाईब्रेरियों के शिक्षक प्रभारी तथा शिक्षक प्रशिक्षण कालेजों के पुस्तकाध्यक्षों के लिए सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी रखा। प्रारम्भिक स्तर पर शिक्षण प्रशिक्षण लाईब्रेरियों के विकास पर एक कार्यशाला त्रिवेन्द्रम में 12 से 16 दिसम्बर, 1988 तक आयोजित की गई और इस कार्यशाला में 38 लोगों ने भाग लिया। परिषद ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, उड़ीसा को स्कूल पुस्तकाध्यक्षों/स्कूल पुस्तकालयों के शिक्षक प्रभारियों के लिए 9 से 18 दिसम्बर, 1988 तक सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए शैक्षिक सहायता प्रदान की।

सामूहिक गान

5.22.38 रा. शै. अ. प्र. परिषद ने शिक्षकों को कला तथा सामूहिक गान की तकनीकों में प्रशिक्षित करने के लिए सामूहिक गान शिविर आयोजित किए। अप्रैल से दिसम्बर, 1988 की अवधि के दौरान राज्य/क्षेत्रीय स्तर सामूहिक गान कैम्प तथा दो राष्ट्रीय स्तर तथा एक राज्य स्तर का सामूहिक गान कैम्प आयोजित किए गए। इनके अलावा, सामूहिक गान कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय समितियां भी आयोजित की गई।

अन्तर्राष्ट्रीय संबंध

5.22.39 रा. शै. अ. प्र. परिषद ने स्कूल शिक्षा तथा शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के उपबंधों के कार्यान्वयन के लिए एक प्रमुख एजेन्सी की भूमिका में अपना कार्य जारी रखा। आलोच्य वर्ष के दौरान 13 देशों से प्रतिनिधियों तथा विशेषज्ञों ने रा. शै. अ. प्र. परिषद का दौरा किया। परिषद ने राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान महारगाया, श्रीलंका के संकाय सदस्यों के लिए 6 सप्ताह के दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इसने सोमानिया से आए चार महिला शिक्षा अधिकारियों के लिए आई. टी. ई. सी. कार्यक्रम के अन्तर्गत गैर-औपचारिक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर 6 महीने का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया। परिषद ने बंगलादेश से आए 12 सदस्यों के लिए 10 दिनों के लिए फैलोशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिन्होंने अध्ययन के न्यूनतम स्तरों पर आधारित प्राइमरी शिक्षा पाठ्यचर्चा के नवीकरण की प्रक्रिया का अध्ययन करने के लिए भारत का दौरा किया। परिषद ने तीन यूनेस्कों द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं/अध्ययनों/कार्यक्रमों को आयोजित किया तथा विकास के लिए शैक्षिक नवीनता के एशिया तथा पैसिफीक कार्यक्रम के सह केन्द्र तथा शैक्षिक नवीनता के लिए राष्ट्रीय विकास दल के सचिवालय के रूप में प्रमुख भूमिका अदा की। वर्ष के दौरान परिषद द्वारा यूनेस्को प्रायोजित परियोजनाओं/अध्ययन कार्यक्रमों में विकसित देशों सें जैव-तकनीकी (शि.क्ष.प. वी. परियोजना, प्राइमरी स्कूलों में [illegible] शिक्षण में राष्ट्रीय कार्यशाला तथा तकनीकी तथा व्यावसायिक शिक्षा के तरीकों फार्म तथा स्वरूप में सुधार के लिए एक राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला भी शामिल है। परिषद ने 29 जून, 1988 को राष्ट्रीय विकास दल की आम सभा आयोजित की। आलोच्य वर्ष के दौरान रा. शै. अ. प्र. परिषद के 15 संकाय सदस्यों ने यूनेस्कों तथा अन्य अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सियों जैसे कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान संस्थान, ज्ञापन द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया।

क्षेत्र सेवाएं

5.22.40 रा. शै. अ. प्र. परिषद के 17 क्षेत्र अधिकारियों ने राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में अपने क्षेत्राधिकार में सम्पर्क कार्य करना जारी रखा। रा. शै. अ. प्र. परिषद के क्षेत्रीय अधिकारियों ने नवोदय विद्यालय की स्थापना तथा नवोदय विद्यालय में दाखिले के लिए चयन परीक्षा आयोजित करने में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने स्कूल शिक्षा के जन अवस्थापना कार्यक्रम के अन्तर्गत अवस्थापना कैम्प आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रत्येक क्षेत्र अधिकारी ने स्कूल शिक्षा तथा शिक्षक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर शिक्षकों तथा शिक्षक शिक्षकों के लिए कुछ अवस्थापना/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए तथा राज्य स्तर की खिलौना निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया।

बाल भवन सोसायटी, भारत

5.23.1 बाल भवन सोसायटी, भारत की शुरूआत 1955 में विद्यालयोपरांत गतिविधि के रूप में बच्चों को रचनात्मक कलाओं, विज्ञान, प्रदर्शन कलाओं, संग्रहालय तकनीकों, छायांकन, खगोलशास्त्र, पर्यावरण, शारीरिक शिक्षा आदि विभिन्न क्षेत्रों में अनौपचारिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी।

5.23.2 वर्ष के दौरान राज्यों को अपने बाल भवन आरंभ करने में मदद करने के लिए जम्मू, अरुणाचल प्रदेश और लेह के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किए गए। बाल भवन ने, अमेरली में खगोलशास्त्र और कम लागत के तारामण्डल पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। विंध्याचल और रामगुदम, एन. टी. पी. सी. (राष्ट्रीय तापीयविद्युत निगम) के दो घटकों, में बाल भवन खोले गए। पणजी, गोआ में जवाहर बाल भवन गोआ के सहयोग से 200 शिक्षकों के लिए राज्य स्तर पर एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

5.23.3 गंदी बस्तियों और देहातों के बच्चों ने बाल भवन कार्यकलापों में हिस्सा लिया। संपूर्ण वर्ष के दौरान सप्ताह में दो बार भूले-बिसरे बच्चों को लाकर नहलाया गया, उन्हें कपड़े पहनाए गए, भोजन कराया गया और उन्हें उनकी पंसद के कार्यकलापों में शामिल किया गया।

5.23.4 विकलांग बच्चों को बाल भवन और बाल भवन केन्द्रों में लाने के लिए एक मिनी बस 'टेल्को' से श्रीमती एवं श्री मूलगांवकर के माध्यम से निःशुल्क प्राप्त की गयी।

5.23.5 इसके अतिरिक्त, बाल भवन ने व्यापार मेला प्राधिकरण के साथ सहयोगात्मक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और बच्चों के कार्य की एक प्रदर्शनी इम्फाल, मणिपुर और लेह (लद्दाख) में आयोजित की। इस नए प्रयोग को हजारों अभिभावकों, बच्चों और अधिकारियों ने देखा। बच्चों के बाल भवन पर एक दृश्य श्रव्य कार्यक्रम दिखाया गया और तदनंतर उन्होंने सृजनात्मक कलाओं, सज्जात्मक कार्य और एयरो-माडलिंग में हिस्सा लिया।

5.23.6 वर्ष के दौरान के अन्य प्रमुख आयोजन में काश्मीर की घाटी और कोडइकनाल, तमिलनाडु में सेना की मदद से व्यावसायिक ट्रेकों का आयोजन था। रा. शै. अ. प्र. परिषद के सहयोग से पर्यावरण पर एक बाल कार्यशाला आयोजित की गई।

5.23.7 एयरो क्लब के बच्चों ने "बच्चों की वैज्ञानिक कृतियां" नामक प्रदर्शनी में भाग लिया। बच्चों ने आई. एन. एस. विक्रांत (जहाज) एवं पनडुब्बियों का प्रदर्शन भी किया।

5.23.8 प्रदर्शन कलाओं, सृजनात्मक कलाओं, खेल और दैनिक जीवन में विज्ञान विषयों पर चार राष्ट्रीय कार्यशालाएं आयोजित की गई। राज्य बाल भवन ने प्रतिभागियों को भेजा जिससे वे काफी लाभान्वित हुए।

5.23.9 बाल भवन निदेशकों का चतुर्थ अखिल भारतीय सम्मेलन 21 अप्रैल, से 24 अप्रैल, 1988 तक चला। सम्मेलन में देश के बाल भवनों को एक दूसरे की ओर अधिक निकट लाने की आवश्यकता की स्वीकार किया गया तथा उनके कार्यक्रमों की बाल भवन सोसायटी द्वारा अनुवीक्षण की परिकल्पना की गई। सम्मेलन के बाद भवन की सदस्यता को, 16-18 आयु वर्ग को भी बाल भवनों की सदस्यता में शामिल करके, बढ़ाने की सिफारिश की।

5.23.10 बाल भवन और बाल भवन केन्द्रों की सदस्यता में काफी वृद्धि हुई। देश के सभी बाल भवनों ने पर्यावरण अभियान का आयोजन किया जिसमें 1,65,000 बच्चों ने भाग लिया।

5.23.11 समाजवादी देशों के बच्चों के रंग चित्रों की

एक प्रदर्शनी के साथ साथ बुल्गारियाई बच्चों की कला कृतियों और रंगचित्रों की भी एक प्रदर्शनी आयोजित की गई। वर्ष के दौरान संख्या की दृष्टि से प्रदर्शनी आयोजन का एक कीर्तिमान स्थापित किया गया।

5.23.12 राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय महत्व के सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें स्वतंत्रता सप्ताह, पर्यावरण अभियान, हरित वाहिनी, विश्व आवास दिवस, संयुक्त राष्ट्र दिवस, मानवाधिकार दिवस, विश्व स्वास्थ्य दिवस, कौमी एकता दिवस और बाल दिवस शामिल हैं। बाल भवन सोसायटी व बोर्ड ने राष्ट्रीय बाल संग्रहालय को प्रथम प्रधानमंत्री की स्मृति को समर्पित करने का निश्चय किया और इसका नाम जवाहरलाल राष्ट्रीय बाल संग्रहालय रख दिया।

उच्च शिक्षा और अनुसंधान

6.1.1 उच्च शिक्षा के स्तरों का समन्वय तथा निर्धारण करना संघ-सूची का विषय है और यह केन्द्रीय सरकार का विशेष दायित्व है। यह दायित्व मुख्य रूप से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से निभाया जाता है जिसकी संस्थापना संसद के एक अधिनियम के अधीन वर्ष 1956 में की गई थी। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय भी खुले विश्वविद्यालय और सुदूर अध्ययन प्रणाली के संबंध में ये कार्य करेगा। इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय सरकार ने विशिष्ट क्षेत्रों में अनुसंधान प्रयासों की प्रौन्नति तथा समन्वय के लिए एजेन्सियों की स्थापना की है। इस समय ऐसी तीन राष्ट्रीय एजेन्सियां हैं अर्थात् भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद् और भारतीय दर्शन-शास्त्र अनुसंधान परिषद्।



उच्च शिक्षा प्रणाली का विकास

6.2.1 वर्ष 1988-89 के आरम्भ में विश्वविद्यालयों और कालेजों में विद्यार्थियों का कुल नामांकन 38.14 लाख था। यह पिछले वर्ष के नामांकन से 1.32 लाख अधिक था। विश्वविद्यालय विभागों में नामांकन 6.37 लाख और सम्बद्ध कालेजों में 31.77 लाख था।

6.2.2 कला संकाय में नामांकन कुल नामांकन का 40.3% था। विज्ञान और वाणिज्य संकायों से यह प्रतिशतता क्रमशः 19.7 तथा 21.5 थी। प्रथम डिग्री स्तर पर नामांकन 33.57 लाख (88 प्रतिशत), स्नातकोत्तर स्तर पर 3.62 लाख (9.5 प्रतिशत), अनुसंधान स्तर पर 0.42 लाख (1.1 प्रतिशत), और डिप्लोमा और प्रमाण पत्र स्तर पर 0.53 लाख (1.4 प्रतिशत) था।

6.2.3 वर्ष के दौरान शिक्षकों की संख्या में 2.42 लाख की वृद्धि हुई। इनमें से 0.53 लाख विश्वविद्यालय विभागों/विश्वविद्यालय कालेजों और शेष सम्बद्ध कालेजों में थे। विश्वविद्यालयों में 53165 शिक्षकों में 6273 प्रोफेसर, 13079 रीडर, 31580 लेक्चरर और 2233 अनुशिक्षक–प्रदर्शनकर्ता थे। सम्बद्ध कालेजों में वरिष्ठ शिक्षकों की संख्या 24923, लेक्चररों की संख्या 155389 और अनुशिक्षकों/प्रदर्शनकर्ताओं की संख्या 8496 थी।

6.2.4 आलोच्य वर्ष के दौरान 6 राज्य विश्व-विद्यालय जिनके नाम कुवेम्पु विश्वविद्यालय (शिमोगा), कोटा खुला विश्वविद्यालय (कोटा), अजमेर विश्वविद्यालय (अजमेर), राजस्थान कृषि विश्व-विद्यालय (बीकानेर), त्रिपुरा विश्वविद्यालय (अगरतला)

और पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर) स्थापित किये गये।

महिलाओं में उच्च शिक्षा

6.2.5 महिला छात्रों का नामांकन पिछले वर्ष के 11.25 लाख के मुकाबले वर्ष 1988-89 के आरम्भ में 11.95 लाख था। स्नातकोत्तर स्तर पर महिलाओं का नामांकन कुल नामांकन का 32.7% था। महिला छात्रों का नामांकन केरल में सबसे अधिक (51.6%) था, उसके बाद पंजाब (46.6%), दिल्ली (44.6%), हरियाणा (39.7%) और मेघालय/नागालैंड में (39.6%) था। महिलाओं का सबसे कम नामांकन (15.9%) बिहार में था।

आयोग के कार्यक्रम और कार्यकलाप

6.2.6 वर्ष के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जिन क्षेत्रों में उत्साहपूर्वक मुख्य प्रयास किये गये, उनमें से कुछ थे : स्वायत्त कालेज, पाठ्यक्रमों की पुनर्संरचना, उच्च शिक्षा की राज्य परिषदें, मान्यता एवं मूल्यांकन परिषदें, विश्वविद्यालयों में प्रबंध के वैकल्पिक मॉडल, शिक्षकों की भर्ती के लिए राष्ट्रीय अर्हक परीक्षा, अनुसंधान एवं विकास को व्यापक आधारयुक्त बनाना, शिक्षकों का प्रशिक्षण/अनुस्थापन, कार्यदक्षता में सुधार, युवा तथा खेल और अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जातियों/अनु. जनजातियों, विकलांगों और महिलाओं के लिए शिक्षा। विभिन्न योजनाओं के संबंध में आयोग द्वारा किये गये प्रयासों का एक संक्षिप्त विवरण आगामी पैरों में दिया गया है।

स्वायत्त कालेज

6.2.7 स्वायत्त कालेजों की योजना के लिए संशोधित मार्गदर्शी रूपरेखाओं, जिन्हें 1987 में परिचालित किया गया था, के आधार पर 76 कालेज (19 आंध्र प्रदेश में, 28 तमिलनाडु में, 25 मध्य प्रदेश में और 4 राजस्थान में), स्वायत्त स्तर प्रदान किए जाने के लिए अनुमोदित किये गये हैं। इस प्रकार नवम्बर, 1988 तक स्वायत्त कालेजों की कुल संख्या 95 हो गई। कुछ कालेजों द्वारा दिए गये प्रस्ताव विभिन्न अवस्थाओं में संबंधित विश्वविद्यालयों के विचाराधीन हैं। वे राज्य जहां से कोई सार्थक उत्तर नहीं मिला है, वे है : - बिहार, गुजरात, हरियाणा, केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल और असम।

उच्च शिक्षा की राज्य परिषदें

6.2.8 आयोग ने उच्च शिक्षा की राज्य परिषदों की संस्थापना के लिए संशोधित मार्गदर्शी रूपरेखाओं का अनुमोदन कर दिया है जो राज्य स्तर पर उच्च शिक्षा की योजना बनाएंगी और उनमें समन्वय करेंगी। उच्च शिक्षा की राज्य परिषदें आंध्रप्रदेश में स्थापित कर ली गई हैं।

पाठ्यक्रमों की पुनर्संरचना

6.2.9 सामान्य शिक्षा में अवर-स्नातक पाठ्यक्रमों की पुनर्संरचना की योजना, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा, प्रथम, डिग्री पाठ्यक्रमों को अधिक प्रासंगिक बनाने और शिक्षा को कार्य/क्षेत्र/व्यावहारिक अनुभव और उत्पादकता के साथ जोड़ने की दृष्टि से शुरू की गई थी। 30 नवम्बर, 1988 तक बत्तीस विश्वविद्यालय इन पाठ्यक्रमों को 134 कालेजों में प्रारम्भ कर चुके हैं। पाठ्यक्रमों की पुनर्संरचना के कार्यक्रम को प्रोत्साहन देने के क्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 27 पाठ्यचर्या विकास केन्द्र स्थापित किये हैं, 10 विज्ञान में और 17 मानविकी और सामाजिक विज्ञान में। ये केन्द्र, मौजूदा पाठ्यचर्या की, इसे आधुनिक बनाने और नई शिक्षण व अध्ययन सामग्रियों को तैयार एवं विकसित करने के विचार से, समीक्षा करेंगे। आयोग को अब तक 12 विषयों में नमूना पाठ्यचर्या प्राप्त हुई हैं। इन पर संबंधित विषयों में विशेषज्ञ समितियों द्वारा विचार किया जाएगा और उसके बाद विशेषज्ञ समितियों की सिफारिशों के साथ, यह विश्वविद्यालयों को भेजीं जाएंगी। इस बीच, आयोग ने 294 कालेजों को अपनी सहायता जारी रखी है जो कालेज विज्ञान सुधार का एक कार्यक्रम लागू कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त 40 विश्वविद्यालय विभागों को भी विज्ञान में विश्वविद्यालय नेतृत्व कार्यक्रम के लिए सहायता प्राप्त हो रही थी। इसी प्रकार 554 कालेज और 12 विश्वविद्यालय विभाग मानविकी और समाज विज्ञान के शिक्षण में सुधार के लिए सहायता प्राप्त कर रहे हैं।

6.2.10 आयोग, विश्वविद्यालयों और बहु-संकाय वाले कालेजों में शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा और खेलों में एक तीन वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के लिए सहमत हो गया है। प्रारम्भिक चरणों में प्रत्येक जिले में केवल एक कालेज ही, जहां बुनियादी न्यूनतम सुविधाएं अर्थात् ट्रेक और मैदान, जिम्नास्टिक, योग,

कन्डीशनिंग यूनिट आदि होगा, पाठ्यक्रम को लागू करने के लिए चुना जाएगा। विश्वविद्यालयों/कालेजों को सलाह दी गई कि पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए प्रस्ताव भेजें। इस पाठ्यक्रम को शुरू करने के लिए आयोग द्वारा 31 मार्च, 1988 तक 11 विश्वविद्यालयों और 22 कालेजों के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

विद्यमान संस्थाओं का समेकन

6.2.11 राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उच्चतर शिक्षा के अंतर्गत विद्यमान संस्थाओं के समेकन तथा उनमें सुविधाओं के विस्तार पर मुख्य बल दिया गया। तद्नुसार, आयोग का मुख्य प्रयास विद्यमान विश्वविद्यालयों और कालेजों की अवस्थापना को मज़बूत बनाना था। वर्ष के दौरान, आयोग ने सातवीं योजना के लिए आवंटित राशि के अलावा छठी योजना तथा उससे पहले की योजनाओं में चल रही भवन-परियोजनाओं की बाकी की अपेक्षाओं के बराबर अतिरिक्त राशि विश्वविद्यालयों को आवंटित करने का निर्णय लिया। विश्वविद्यालयों से, महत्वपूर्ण कार्यों की दिशा में अर्थात् कक्षाओं, प्रयोगशाला, पुस्तकालय भवनों, छात्रावासों, कर्मचारी आवासों आदि के निर्माण के लिए इस राशि का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) में अप्रचलित प्रथाओं को हटाने और विश्वविद्यालयों और कालेजों में उपकरणों के समेकन पर बल दिये जाने की दृष्टि से आयोग वर्ष 1987-88 के दौरान विश्वविद्यालयों और कालेजों को, अप्रचलित प्रथाओं को हटाने और उपकरणों का समेकन करने के लिए सहायता देने के लिए सहमत हो गया।

6.2.12 कालेजों के विषय में, पिछले वर्ष, सातवीं योजना में विकास के संबंध में परिचालित मार्गदर्शी रूपरेखाओं की वर्ष 1987-88 के दौरान समीक्षा की गई और निश्चित रियायतें दी गईं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उपबंधों के कार्यान्वयन के लिए भी आयोग ने विश्वविद्यालय द्वारा कालेजों की सम्बद्धता की शर्तों के बारे में मार्गदर्शी रूपरेखाएं, विश्वविद्यालयों और राज्य सरकारों को परिचालित कीं। जहां तक कालेज क्षेत्र को दी गई कुल सहायता का संबंध है, बुनियादी सहायता के लिए 2823 कालेजों से प्रस्ताव प्राप्त हुए, उनमें से 2683 कालेजों के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। 2259 कालेजों ने अवर-स्नातक शिक्षा के विकास के लिए सहायता मांगी है, जिनमें से 1716 कालेजों के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया है। इसके अतिरिक्त आयोग एकल संकाय कालेजों से प्राप्त 114 प्रस्तावों और स्नातकोत्तर संस्थाओं से प्राप्त 119 प्रस्तावों का अनुमोदन कर चुका है। सातवीं योजना में 30 जून, 1988 तक कालेजों को सहायता के लिए 114.52 करोड़ रूपये की कुल राशि का अनुमोदन किया गया।

कार्यकुशलता में सुधार

6.2.13 आयोग ने 103 विश्वविद्यालयों को संगणक सुविधाओं की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त, आयोग सातवीं योजना अवधि के दौरान 400 कालेजों को लघु संगणक देने के लिए सहमत हो गया है। शुरूआत के तौर पर 281 कालेजों का चयन किया गया है जिनमें से 186 को दिसम्बर, 1988 तक इस प्रयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए इन सुविधाओं का उपयोग करने के अलावा, छात्रों के रिकार्ड, खाते और प्रबंध व प्रशासन के लिए आवश्यक अन्य आंकड़ों के रख-रखाव के लिए भी उनका उपयोग किया जाएगा।

शिक्षक भर्ती प्रशिक्षण और निष्पादन मूल्यांकन

6.2.14 आयोग ने शिक्षकों की भर्ती के लिए अर्हक परीक्षा आयोजित करने हेतु कार्यविधियां तैयार करने के लिए इसके द्वारा नियुक्त समिति की सिफारिशों पर विचार किया और निर्णय किया कि समस्याओं की पेचीदगियों को दृष्टि में रखते हुए वर्ष 1988-89 के दौरान अर्हक परीक्षा के आधार पर लेक्चररों की नियुक्ति पर बल न दिया जाए और इस बीच वर्ष 1989-90 से इस योजना को समय पर लागू करने के लिए कार्यविधियां तैयार कर ली जाएं। कालेजों और विश्वविद्यालयों के नए भर्ती होने वाले लेक्चररों के प्रशिक्षण के लिए एक शैक्षिक प्रशिक्षण योजना तैयार की गई है। कार्यक्रम की विषय-वस्तु लचीली होगी ताकि विश्वविद्यालय अपनी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप इनमें सुधार कर सकें। कार्यक्रम की प्रकृति बहु-विषयक होगी। शैक्षिक स्टाफ कालेजों की स्थापना के लिए 41 विश्वविद्यालयों को 3.47 करोड़ रूपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गई और नवम्बर, 1988 तक इन स्टाफ कालेजों में से 38 ने कार्य करना शुरू कर दिया था। 45 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किये गये थे और करीब 2500 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया था। उम्मीद है कि निर्धारित सभी 48 शैक्षिक स्टाफ कालेज वर्ष 1988-89 के दौरान कार्य करने योग्य हो जाएंगे। शिक्षकों के कार्यनिष्पादन की प्रणाली तथा

उनके लिए व्यावसायिक नीति संहिता तैयार करने के लिए नियुक्त कार्यदल ने शिक्षकों के कार्यनिष्पादन मूल्यांकन की प्रणाली शुरू करने के संबंध में अपनी रिपोर्ट पूरी कर ली है तथा उसे नवम्बर, 1988 में विश्वविद्यालयों/कालेजों तथा राज्य सरकारों को आगे कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

अनुसंधान को सुदृढ़ बनाना

(क) विशेष सहायता कार्यक्रम

6.2.15 आयोग ने उच्च अध्ययन के 26 केन्द्रों, तथा विज्ञान, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में विशेष सहायता के 75 विभागों तथा उच्च अध्ययन के 15 केन्द्रों तथा मानविकी तथा समाज विज्ञान में विशेष सहायता के 58 विभागों को सहायता प्रदान करना जारी रखा। इसके अलावा, विज्ञान में 36 विभागीय अनुसंधान सहायक परियोजनाओं तथा मानविकी तथा समाज विज्ञान में ऐसी 13 परियोजनाओं को कार्यान्वित किया जा रहा है। आयोग के विषय-पैनलों ने इन विशेष सहायता कार्यक्रमों के अंतर्गत लाने के लिए कुछ और विभागों का पता लगाया है।

(ख) "कोसीसूट" कार्यक्रम

6.2.16 विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी शिक्षा और अनुसंधान में अवस्थापना को सुदृढ़ बनाने की योजना के अंतर्गत 30 नवम्बर, 1988 तक 95 विभागों को सहायता प्रदान की गई है।

(ग) आम सुविधाएं तथा सेवाएं

6.2.17 आधुनिक कम्प्यूटर-आधारित सूचना प्रलेखन केन्द्रों को बंगलौर, बम्बई और बड़ौदा में स्थापित कर दिया गया है। इन केन्द्रों ने शिक्षकों तथा छात्रों तक सूचना पहुचान मे सुधार किया है, और उन्हें विभिन्न विषयों में अद्यतन प्रलेखन उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें आवश्यक ग्रंथ-सूची सहायता भी प्रदान की । जे.एन.यू. परिसर में अन्तरिक्ष विज्ञान केन्द्र की वि. अ. आयोग के एक स्वायत्त संस्थान के तौर पर पंजीकृत सोसाइटी के रूप में स्थापना की मई है। इसके अलावा, पूना विश्वविद्यालय में स्थापित खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी में अन्तर-विश्वविद्यालय केन्द्र को भी नवम्बर, 1988 में स्वायत्त सोसाइटी का दर्जा प्रदान किया गया।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी और संचार

6.2.18 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षा में "देशव्यापी कक्षा" शीर्षक के अंतर्गत उच्च शिक्षा के लिए दिए गए स्लॉट का उपयोग करने और दूरदर्शन कार्यक्रम में इसके प्रसारण के लिए पहल की। सातवीं योजना के दौरान कालेजो को चरणबद्ध तौर पर रंगीन टेलीविजन सैट उपलब्ध कराने के लिए आयोग सहमत हो गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग इन्सेट परियोजना के लिए एक परिप्रेक्ष्य योजना तैयार कर रहा है जिसमें उच्च शिक्षा के लिए भावी इन्सैट समय की आवश्यकता का प्रक्षेपण बनाया जाएगा। आयोग इस समय चार शैक्षिक अनुसंधान संचार केन्द्रों की सहायता कर रहा है जो पूना विश्वविद्यालय, गुजरात विश्वविद्यालय (अहमदाबाद), अंग्रेजी तथा विदेशी भाषाओं का केन्द्रीय संस्थान (हैदराबाद) और जामिया मिलिया इस्लामिया (नई दिल्ली) में स्थित हैं। रूड़की विश्वविद्यालय, उस्मानिया विश्वविद्यालय, जोधपुर विश्वविद्यालय, अन्ना विश्वविद्यालय, मद्रास सेंट जेवियर कालेज, कलकत्ता, मदुरै कामराज विश्वविद्यालय, मदुरै तथा काश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर में सात श्रव्य-दृश्य अनुसंधान केन्द्रों को कार्मिकों के प्रशिक्षण और साफ्टवेयर के उत्पादन के लिए सहायता प्रदान की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कार्रवाई योजना में यथापरिकल्पित, आयोग ने आगामी तीन वर्षों में अच्छे शिक्षकों की सहायता से श्रव्य वीडियो कैसेट के रूप में 15 विषयों में "नाम ब्राडकास्ट मोड एज्यूकेशनल मेटिरियल" की एक परियोजना शुरू की है। अवर-स्नातक छात्रों के लिए मॉडल वीडियो पाठ्यक्रम सामग्री तैयार करने पर सलाह देने के लिए एक समिति गठित की गई है। इस कार्य के लिए आठ उत्पादन-केन्द्रों को चुना गया हैं। शैक्षिक कार्यक्रमों के तैयार करने को बढ़ावा देने के लिए वि अ आयोग ने इस वर्ष दो चरणों में वीडियो कार्यक्रम समारोह आयोजित किये है।

अन्य कार्यक्रम

नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत

6.2.19 कुछ उभरते हुए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षित जन-शक्ति की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आयोग संबंधित राष्ट्रीय एजेन्सियों के परामर्श से पाठ्यक्रमों को तैयार करने का प्रयत्न कर रहा है। विश्वविद्यालय क्षेत्र में महासागर विज्ञान तथा

प्रौद्योगिकी के विकास में परिवर्धन के लिए आयोग, महासागर विकास विभाग का सहयोग कर रहा है। इसके साथ ही आयोग ने कुछ विश्वविद्यालयों/विश्वविद्यालय समझे जाने वाले संस्थानों में पर्यावरण विज्ञान में उत्तर एम. एस. सी. पाठ्यक्रम शुरू किया है। इसी प्रकार से कलकत्ता, दिल्ली तथा पूना विश्वविद्यालयों में एम. एस. सी. इलैक्ट्रानिक्स विज्ञान कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस पाठ्यक्रम की इलैट्रानिक्स विभाग तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से संयुक्त रूप से सहायता प्रदान की जा रही है। संगणक विज्ञान तथा प्रयोग में विभिन्न जनशक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जैसे कि संगणक प्रयोग में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम, 3 वर्षीय मास्टर आफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन कोर्स और संगणक विज्ञान में बी. टैक, और एम टैक, पाठ्यक्रम चलाने के लिए यू. जी. सी. डी. ओ. ई. संयुक्त कार्यक्रम के अंतर्गत आयोग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों को इलैक्ट्रानिक्स विभाग सहायता प्रदान कर रहा है। भविष्य विज्ञान तथा भावी अध्ययनों में पाठ्यक्रम प्रदान किए जाने के लिए विश्वविद्यालयों का पता लगाया गया है।

प्रौढ़, सतत् तथा विस्तार शिक्षा कार्यक्रम :

6.2.20 राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के संदर्भ में आयोग ने वर्ष के दौरान विश्वविद्यालयों में प्रौढ़ तथा सतत् शिक्षा एवं विस्तार कार्यक्रमों पर नई मार्गदर्शी रूपरेखाएं तैयार कीं जिनके अंतर्गत विश्वविद्यालयों को सलाह दी गई कि वे कार्यात्मक साक्षरता के लिए जन कार्यक्रम सहित प्रौढ़ शिक्षा आयोजित करने के लिए विशेष क्षेत्र (क्षेत्रों) को अपनाएं, अपनाए जाने वाले प्रस्तावित क्षेत्र का सर्वेक्षण करने के पश्चात् सूक्ष्मस्तरीय योजनाएं तैयार करें और उन विभिन्न आवश्यकताओं/क्षेत्रों का पता लगाएं जहां शैक्षिक हस्तक्षेप अपेक्षित है और विश्वविद्यालय तंत्र के पास उपलब्ध सुविज्ञता, अवस्थापना और सुविधाओं का उपयोग करें और आयोजित कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए अन्य विकास-एजेन्सियों से संपर्क स्थापित करें तथा उनसे सहायता प्राप्त करें। नई मार्गदर्शी रूपरेखाओं का उद्देश्य सभी कार्यक्रमों को सहायता प्रदान करना और महिलाओं, अनुसूचित जातियों/जनजातियों तथा शारीरिक रूप से विकलांग लोगों पर ध्यान देने पर बल देना है। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन में विश्वविद्यालयों/कालेजों की कार्यात्मक साक्षरता में स्वयं को शामिल करने के अलावा उन्हें 25,000 और 30,000 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से क्रमशः वर्ष 1988-89 के दौरान पांच लाख लोगों तथा वर्ष 1989-90 के दौरान 6 लाख लोगों को शामिल करने का एक महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। विश्वविद्यालयों द्वारा स्थापित किए गए जनसंख्या शिक्षा क्लबों के क्रियाकलापों के लिए सहायता प्रदान करने के अलावा, विश्वविद्यालयों को वर्ष के दौरान क्लबों की संख्या बढ़ाने की सलाह दी गई ताकि प्रारंभ से ही क्रियाकलापों को बढ़ाया जा सके। पाठ्यचर्या प्रशिक्षण तथा विस्तार कार्यक्रमों के विकास के संदर्भ में निर्दिष्ट क्षेत्रों में विश्वविद्यालयों/कालेजों को जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रमों में सहायता सेवाएं प्रदान करने के लिए यू.एन.एफ.पी.ए.-यू.जी.सी. परियोजना के अंतर्गत स्थापित कार्य दल तथा संसाधन केन्द्रों ने महत्वपूर्ण प्रगति दर्शाई है।

छात्रवृत्तियां और शिक्षावृत्तियाँ

6.2.21 आयोग विश्वविद्यालयों और कालेजों में अनुसंधान विकास के लिए विभिन्न विषयों में कनिष्ठ/वरिष्ठ अनुसंधान शिक्षावृत्तियां प्रदान करता है। इस योजना के अंतर्गत हर बार 3500 से अधिक शिक्षावृत्तियां संचालित की जाती हैं। ये छात्रवृत्तियां केवल उन्हीं अनुसंधान अध्येताओं को प्रदान की जाएंगी जिन्होंने यू.जी.सी., सी.एस.आई.आर., जी.ए.टी.ई.ए. आई.सी.टी.ई. आदि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की है। जे.एन.यू. तथा भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर द्वारा कुछ चुनिन्दा विषयों में आयोजित अखिल भारतीय स्तर की परीक्षाओं को इस प्रयोजन के लिए राष्ट्रीय परीक्षाओं के समकक्ष माना गया है।

6.2.22 उन श्रेष्ठ शिक्षकों को एक निर्दिष्ट अवधि के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है जो अपना पूरा समय अनुसंधान और लेखन को समर्पित करते हैं। अनुसंधान वैज्ञानिकों की योजना के अंतर्गत प्राध्यापकों, रीडरों और प्रोफेसरों के 200 पदों का सृजन इस उद्देश्य से किया गया ताकि उन व्यक्तियों को अवसर प्रदान किये जा सकें जो अनुसंधान को एक कैरियर के रूप में अपनाना चाहते हैं। इस योजना के अंतर्गत सीधे आयोग द्वारा चुनाव किया जाता है। इस समय 180 से अधिक अनुसंधान वैज्ञानिक कार्य कर रहे हैं।

अल्पसंख्यक समुदायों के कमजोर वर्गों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण

6.2.23 आयोग ने अल्पसंख्यक समुदाय के कमजोर

वर्गों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु कक्षाओं के लिए 14 विश्वविद्यालय और 39 कालेजों को सहायता देना जारी रखा।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए सुविधाएं

6.224 विश्वविद्यालय के पास उलपब्ध कुल ऐसी शिक्षावृत्तियों में से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित कनिष्ठ अनुसंधान शिक्षावृत्तियों के अतिरिक्त आयोग प्रति वर्ष सीधे ही केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए 50 शिक्षावृत्तियां प्रदान करता है। इसी प्रकार आयोग ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के लिए 40 अनुसंधान सहशिक्षावृत्तियां भी आरक्षित की हैं। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबद्ध कालेजों के शिक्षकों को एम.फिल./पी.एच.डी. करके अपनी अर्हतायें बढ़ाने के अवसर प्रदान करने हेतु इन शिक्षकों को प्रति वर्ष 50 प्राध्यापक शिक्षावृत्तियां प्रदान की जाती हैं।

महिलाओं की शिक्षा:

6.225 आयोग महिलाओं की शिक्षा में अनुसंधान तथा अवर-स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर पाठ्यचर्या के विकास तथा संबंधित विस्तार क्रियकलापों की सुव्यवस्थित परियोजनाओं को चलाने के लिए विश्वविद्यालयों को सहायता प्रदान कर रहा है। आयग ने समाज विज्ञान तथा इंजीनियरी और प्रौद्यगिकी सहित महिलाओं के लिए विज्ञान तथा मानवेकी में अंशकालिक सह-अनुसंधान के लिए 40 पदों का सृजन किया है। महिला शिक्षा से संबंधित विषयों में 28 अनुसंधान परियोजनाओं को नवम्बर, 1988 तक सहायता के लिए अनुमोदित किया गया। महिला शिक्षा संबंधी स्थाई समिति ने विभिन्न प्रस्तावों की जांच करने के पश्चात महिलाओं की शिक्षा के लिए कुछ चुनिन्दा विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में केंद्रों/सैलं का गठन करने के लिए सहायता देने की सिफारिश की

सूचना तथा लाइब्रेरी नेटवर्क की स्थापना:

6.226 आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान संगणक तथ संचार प्रौद्योगिकी के प्रयोग के साथ आयोग ने देश में लाइब्रेरियों तथा सूचना केन्द्रों के आधुनिकीकरण की एक परियोजना तैयार करने में पहल की। इस नेटवर्क में उच्च अध्ययन के सभी संस्थानों को शामिल किया जाएगा और यह सूचना-स्थानांतरण तथा पहुंच की क्षमता में सुधार करेगा। जिससे छात्रवृत्ति, अध्ययन, अनुसंधान तथा शैक्षिक मामलों में सहायता मिलेगी।

द्विपक्षीय आदान-प्रदान कार्यक्रम

6.2.27 आयोग ने समय-समय पर सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत उसे सौंपी गई विभिन्न मदों के कार्यान्वयन को जारी रखा। इन कार्यक्रमों में शिक्षकों का आदान-प्रदान, उच्च शिक्षा संस्थाओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों का विकास, संयुक्त सेमिनार, छात्रवृत्तियां तथा शिक्षावृत्तियां और भारतीय विश्वविद्यालयों में विदेशी भाषा के शिक्षकों का सौंपना शामिल है। वर्ष 1987-88 के दौरान इन कार्यक्रमों के अंतर्गत 75 भारतीय शिक्षकों ने विदेशों का दौरा किया और 70 विदेशी अध्येताओं ने भारत का दौरा किया।

केन्द्रीय विश्वविद्यालय

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

6.3.1 अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, देश में उच्च अध्ययन का प्रमुख संस्थान है जिसमें किसी जाति अथवा धर्म के भेदभाव के बिना सभी छात्रों को दाखिला प्रदान किया जाता है। विश्वविद्यालय को अपना अखिल-भारतीय स्वरूप बनाये रखने के लिए विश्वविद्यालय ने अपने क्षेत्रीय केन्द्रों अर्थात् बंबई, कलकत्ता, मद्रास, हैदराबाद, कोचीन, श्रीनगर तथा नई दिल्ली में दाखिले के लिए आवेदन प्राप्त करने की नई प्रणाली शुरू की है।

6.3.2 विश्वविद्यालय अपने आवासीय स्वरूप के लिए प्रसिद्ध है। इसमें 55 होस्टल वाले 13 आवासीय हाल हैं। इसमें छात्रों की कुल संख्या 19,041 (विश्वविद्यालय में नामांकन 12,697 स्कूलों में 6344) है तथा आवासीय हाल में रहने वाले छात्रों की संख्या 7,928 है। विश्वविद्यालय ने इस वर्ष 5,498 नए छात्रों को दाखिल किया।

6.3.3 विश्वविद्यालय अधिनियम के खंड 5 (9) (क) के उपबंधों के अंतर्गत इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी संकाय में अध्ययन के छः नए विभाग तथा पांच नए केन्द्र खोले गये। गणित तथा भौतिकी के विभागों को वि.अ. आयोग द्वारा विशेष सहायता के लिए मान्यता

प्रदान की गई है। आलोच्य वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों में कई नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किये। कई पाठ्यक्रमों को अद्यतन बनाया गया तथा संशोधित किया गया।

6.3.4 विज्ञान संकाय के अनुसंधान पुनर्मूल्यांकन तथा भू-इंजीनियरी के लिए रिमोट सैन्सिग प्रायोगिक केन्द्र ने रिमोट सैन्सिंग में एम. फिल डिग्री कार्यक्रम प्रारंभ किया है। संगणक केन्द्र संतोषजनक कम्पयूटिंग कार्यक्रम परामर्श तथा शिक्षकों, अनुसंधान अध्येताओं तथा छात्रों के लिए कार्यक्रम लाइब्रेरी सुविधाएं प्रदान कर रहा है। केन्द्र दाखिला-प्रक्रियाओं तथा परीक्षा-परिणामों को तैयार करने में भी मदद करता है।

6.3.5 नए इलैक्ट्रानिक्स इंजीनियरी विभाग में इलैक्ट्रानिक्स और संचार प्रयोगशालाएं शामिल हैं। इसने रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को इंटेग्रेटेड सर्किट फैब्रीकेशन के क्षेत्र में प्रमुख अनुसंधान परियोजना को पूरा किया।

6.3.6 चिकित्सा संकाय सबसे बड़ा संकाय है जिसमें 18 अध्ययन विभाग हैं। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के सहयोग से अपने मैडिकल कालेज में प्रारम्भिक कैंसर निदान केन्द्र प्रारंभ करने के प्रयास कर रहा है। भारत सरकार द्वारा 12 लाख रू० की लागत का एक कोबाल्ट यूनिट अनुमोदित किया गया है। मैडिकल कालेज में पेस-मेकर इंपलांटेशन शुरू किया गया है।

6.3.7 विश्वविद्यालय के महिला कालेज में, एक महिला अध्ययन केन्द्र स्थापित करने की योजना पेश की गई है जो कि वि.अ. आयोग के विचाराधीन है।

6.3.8 विश्वविद्यालय के अन्तर-विषयक जैव तकनीकी एकक ने एक रेडियो-आइसोटोप प्रयोगशाला स्थापित की है।

6.3.9 जुलाई, 1987 में स्थापित शैक्षिक स्टाफ कालेज ने पिछले पांच वर्षों के दौरान भर्ती किए गए शिक्षकों के लिए 8 शैक्षिक स्टाफ अनुस्थापन कार्यक्रम आयोजित किये। इस कालेज को कुछ चुनिन्दा विषयों में वरिष्ठ शिक्षकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों को आयोजित करने के लिए वि.अ. आयोग द्वारा क्षेत्रीय केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान की गई है।

6.3.10 विश्वविद्यालय का, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, नई दिल्ली के सहयोग से, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जन्म शताब्दी समारोह मनाने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव है।

6.3.11 विश्वविद्यालय की फुटबाल टीम ने उत्तरी क्षेत्र तथा अखिल-भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय फुटबाल चैम्पियनशिप जीती। इसने अखिल भारतीय ड्रामा समारोह की "शरद उत्सव" ट्राफी भी जीती।

6.3.12 सर सैयद स्मारक सोसाइटी, इस्लामाबाद (पाकिस्तान) के 17 सदस्यों वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने 15.3.1988 से 26.3.1988 तक भारत का दौरा किया तथा 18 मार्च, से 23 मार्च, 1988 तक विश्वविद्यालय का दौरा किया।

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय :

6.3.13 इटली तथा जापानी भाषाओं में चालू शैक्षिक सत्र से प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम शुरू किया गया जो जुलाई, 1988 में प्रारंभ हुआ। अनुसंधान छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए प्रतियोगी परीक्षा शुरू की गई।

6.3.14 कैंसर में अनुसंधान के लिए अवस्थापना सहायता तथा मैडिकल साइंस संस्थान में शिक्षण और रोगी देख-भाल में सुधार संबंधी सुविधाओं के लिए विश्वविद्यालय के प्रस्ताव को वि.अ. आयोग द्वारा कोसीसूट कार्यक्रम के अंतर्गत अनुमोदित किया गया है। वि.अ. आयोग द्वारा विशेष सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत इलैक्ट्रीकल इंजीनियरी विभाग को 45.20 लाख रू० की राशि संस्वीकृत की गई है। शैक्षिक स्टाफ कालेज ने विश्वविद्यालय तथा पड़ोस के संस्थानों के शिक्षकों के लिए तीन अनुस्थापन पाठ्यक्रम आयोजित किये। भारतीय विश्वविद्यालय संघ की 5-7 दिसम्बर, 1988 को हुई 63वीं वार्षिक बैठक की मेज़बानी बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने की। विश्वविद्यालय ने वर्ष के दौरान 10 राष्ट्रीय तथा 2 अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किये तथा पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय हाकी टूर्नामेंट की मेज़बानी की।

6.3.15 विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी संस्थान के अंतर्गत औद्योगिक परामर्शी केन्द्र के माध्यम से परामर्शी सेवाएं प्रदान कर रहा है। समेकित ग्रामीण विकास केन्द्र, प्रौढ़ तथा सतत शिक्षा केन्द्र तथा आई.सी.एम.आर. द्वारा वित्त-पोषित "ओरफीक" परियोजनाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से निरक्षरता, अस्वस्थता तथा गरीबी दूर करने के लिए ग्रामीणोन्मुख विस्तार सेवा कार्यक्रम को पर्याप्त सहायता प्रदान की

जा रही है। खेतीबाड़ी के लिए कृषि फसलों के बीजों की कुछ नई किस्में भी प्रदान की गई।

6.3.16 विश्वविद्यालय ने बहु-विषयक अनुसंधान विकसित करने के लिए कई क्षेत्रों का पता लगाया। इनमें अंतरिक्ष-विज्ञान, जन-शक्ति-विकास, विज्ञान-संग्रहाल्य, ऊर्जा इंजीनियरी आदि शामिल हैं। अधिक-चालकता के क्षेत्र में भौतिक विभाग में ग्रुप को सौंपे गए कार्य की वि.अ.आ. द्वारा प्रशंसा की गई है।

6.3.17 विभिन्न संकायों के कुछ अध्येताओं की अनुसंधान/छात्रवृत्ति के उनके अपने-अपने क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान-पत्र/पुरस्कार प्रदान किये गये। प्रो० श्री कान्त लेले को वर्ष 1987 के लिए विज्ञान इंजीनियरी में शान्ति स्वरूप भटनागर पुरस्कार के लिए चुना गया था। मराठी विभाग के प्रो० डब्ल्यू.ठ. लेले को पुणे विश्वविद्यालय द्वारा ज्ञानदेव पुरस्कार प्रदान किया गया था। प्रो० बी.सी. कटिया की वर्ष 1989 में होने वाले विश्व तन्त्रिका-विज्ञान संघ के कार्यकारी सदस्य के रूप में चुना गया है। प्रो० वी.वी.पी. कुटुम्बा राव ने राष्ट्रीय धातुकर्मी दिवस पुरस्कार 1988 जीता।

6.3.18 विश्वविद्यालय ने डॉ० सर्वपल्ली राधा कृष्णन, पं० जवाहरलाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद और सर सी.वी. रमन की जन्म शताब्दियां मनाने के लिए महत्वाकांक्षी कार्यक्रम तैयार किये। पूरे वर्ष शताब्दी समारोह मनाने के कार्यक्रमों में स्मारक व्याख्यान, सेमिनार, प्रदर्शीनियां और सांस्कृतिक सांध्य गोष्ठियां आदि शामिल हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय

6.3.19 शैक्षिक वर्ष 1988-89 के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न नियमित और अन्य पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या 65,088 थी। इससे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की कुल संख्या 1,59,636 हो गई जिसमें से 12,177 नान-कालजिएट महिला शिक्षा बोर्ड, 13,842 एक्सटर्नल कैंडीडेट सैल में पंजीकृत और 33,556 पत्राचार पाठ्यक्रम और सतत शिक्षा विद्यालय के विद्यार्थी थे। विभिन्न पी.एच.डी. और एम.फिल. पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या क्रमशः 2,456 और 650 थी।

6.3.20 वर्ष के दौरान प्रवेश पाने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों की सख्या 4,190 थी।

6.3.21 वर्ष के दौरान शिक्षकों की संख्या 737 थी जिसमें से 260 प्रोफेसर 315 रीडर, 145 प्राध्यापक और 17 रिसर्च एसोसिएट थे।

6.3.22 वर्ष के दौरान निम्नलिखित नए पाठ्यक्रम आरम्भ किये गये :

i) एम.बी.ए. (सार्वजनिक प्रणाली प्रबंध)
ii) एक वर्षीय स्पेनिश भाषा गहन पाठ्यक्रम।
iii) बी.ए. (आनर्स) अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान।
iv) संगणक विज्ञान में एम. टैक. पाठ्यक्रम।
v) प्लांट मोलोक्युलर बायोलॉजी में एम.एस.सी.।

6.3.23 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय ने भारत और विदेशों के अनेक लब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों के व्याख्यान आयोजित किए। भौतिक विज्ञान और खगोल भौतिकी विभाग के डॉ० मदन मोहन बजाज को अंतर्राष्ट्रीय पोषण महाविद्यालय अध्येतावृत्ति से सम्मानित किया गया।

6.3.24 वनस्पति विज्ञान विभाग के एक पी.एच.डी. छात्र श्री दीनबन्धु साहू ने सातवें भारतीय दक्षिणी-ध्रुव अभियान में प्रथम भारतीय छात्र के रूप में भाग लिया।

6.3.25 संस्कृत विभाग के प्रो० सत्यव्रत को उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी द्वारा संस्कृत साहित्य में उनके (रचनात्मक और आलोचनात्मक) योगदान के लिए 25,000/- रु० की राशि के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

6.3.26 भौतिक विज्ञान और खगोल भौतिकी विभाग के श्री विजय राज सिंह को अंतर्राष्ट्रीय पेन प्रतिष्ठान, संयुक्त राज्य अमरीका की सदस्यता से सम्मानित किया गया है।

6.3.27 इतिहास विभाग के प्रो० पी०एस० गुप्ता को रॉयल हिस्टारिकल सोसाइटी, यू.के. का फैलो चुना गया है।

6.3.28 कुलपति प्रो० मूनीस रज़ा ने अगस्त 1988 में सिडनी, आस्ट्रेलिया में आयोजित 26वीं अंतर्राष्ट्रीय भौगोलिक कांग्रेस में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व किया।

6.3.29 विश्वविद्यालय ने वर्ष 1988-89 में क्रास

कंट्री (पुरुष और महिला), टेबल टेनिस (पुरुष और महिला), क्रिकेट (पुरुष) (उत्तर क्षेत्र) और खो-खो (पुरुष) (उत्तर-पूर्वी क्षेत्र) आदि सात खेलों में अखिल-भारतीय चैम्पियनशिप जीती। विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप में पांच खेलों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। श्री धर्मेंद्र सिन्हा ने "हाई जम्प" में एक नया अंतर-विश्व-विद्यालय कीर्तिमान स्थापित किया।

हैदराबाद विश्वविद्यालय

6.3.30 विश्वविद्यालय ने अपना शैक्षिक वर्ष 1988-89 1 जुलाई, 1988 से आरम्भ किया। इससे पूर्व विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हैदराबाद से बाहर 6 केन्द्रों पर प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की थीं। आलोच्य वर्ष के दौरान, पूरे देश में चयन के बाद 758 नए छात्रों को दाखिल किया गया था। मुख्य रूप से अनु.ज./अनु.जनजाति के छात्रों का ध्यान आकर्षित करने के लिए, एक विशेष प्रवेश परीक्षा विज्ञापन जारी किया गया था। न्यूनतम पात्रता मापदण्ड में छूट दी गई थी ताकि वे प्रवेश परीक्षा में बैठ सकें। विश्वविद्यालय में अगस्त, 1988 तक 1504 में से 179 अनु.जाति, 27 अनु.ज. जाति और 24 शारीरिक रूप से विकलांग छात्र दाखिल थे। महिला छात्रों का दाखिला 568 अर्थात 37.20 प्रतिशत है।

6.3.31 31.3.1988 की स्थिति के अनुसार, विश्वविद्यालय में 51 प्रोफेसर, 61 रीडर तथा 50 लेक्चरार थे। गैर-शिक्षण स्टाफ की संख्या 887 है जिसमें "क", "ख", "ग" और "घ" अधिकारी शामिल है।

6.3.32 वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय का अध्यापन कार्य बिना किसी व्यवधान के जारी रहा। छात्रों को वित्तीय सहायता योग्यता छात्रवृत्तियों के रूप में दी जाती रही। एम.फिल. और पी.एच.डी. के 40 छात्र जिन्होंने वि.अनु.आ./सी.एस.आई.आर. द्वारा संचालित एन.ई.टी. उत्तीर्ण कर लिया था, उन्हें "किसी निर्दिष्ट समय के आधार" के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से शिक्षावृत्तियां मिल रही थीं। इसके अतिरिक्त, कुछ छात्रों ने भारत सरकार और आंध्र प्रदेश की विभिन्न एजेन्सियों से अनु.जा., अनु.ज.जा., शा. वि., जैसी विशेष श्रेणियों के अंतर्गत छात्रवृत्तियां तथा वि.अनु.आ./आई.सी.पी.आर. से राष्ट्रीय/राज्य योग्यता, एल.बी.सी., ई.पी.पी. छात्रवृत्तियां प्राप्त कीं। विश्वविद्यालय ने 767 छात्रों को छात्रावास सुविधाएं उपलब्ध कराईं। इसमें 136 अनु.जा., 18 अनु.ज.जा., तथा 16 शारीरिक रूप से विकलांग छात्र शामिल हैं। 201 महिला छात्रों को छात्रावासों के स्थान उपलब्ध कराया गया था।

6.3.33 वि.अनु.आ., सी.एस.आई.आर., आई.सी.एम.आर., डी.एस.टी., डी.ए.ई., आई.सी.ए.आर. आदि द्वारा वित्त-पोषित अनुसंधान परियोजनाओं की कुल संख्या 72 थी।

6.3.34 आलोच्य वर्ष के दौरान, सामाजिक विज्ञान स्कूल, इन्दिरा गांधी स्मारक पुस्तकालय, प्रशासनिक खण्ड-II फेज और शापिंग आरकेड के भवन पूरे कर दिये गये थे और उन्होंने अपना काम करना आरम्भ कर दिया था। सरोजिनी नायडू निष्पादन कला, ललित कला और संप्रेषण स्कूल ने पेन्टिंग, नृत्य, थियेटर-कलाओं और संप्रेषण में एम.ए.पाठ्यक्रम सहित वि.अनु.आ. की सहायता से इस शैक्षिक वर्ष में कार्य करना आरंभ किया। शैक्षिक स्टाफ कालेज इस वर्ष आरम्भ हुआ। यह दो अनुस्थापन पाठ्यक्रम जिसमें से एक मार्च, 1988 में तथा दूसरा जुलाई-अगस्त 1988 में आयोजित कर सका। वि.अनु.आ. ने एक नए महिला छात्रावास के लिए भी लगभग 53.00 लाख रु० संस्वीकृत किये जिस पर निर्माण-कार्य आरम्भ हो गया है।

6.3.35 कार्यकारी परिषद् की वर्ष के दौरान छः बार बैठक हुई। कोर्ट की वार्षिक बैठक 3 दिसम्बर, 1988 को हुई और विश्वविद्यालय के कार्यकरण पर वार्षिक रिपोर्ट और वर्ष 1987-88 के वार्षिक परीक्षित लेखे प्रस्तुत किये गये थे और अनुमोदित किये गये थे। शैक्षिक परिषद् की बैठक वर्ष के दौरान दो बार मार्च और अक्तूबर, 1988 में हुई।

6.3.36 प्रो० बी.एच. कृष्णामूर्ति जिन्हें 11.6.1986 से कुलपति के रूप में नियुक्त किया गया था, आलोच्य वर्ष के दौरान इसी पद पर बने रहे। न्यायमूर्ति मोहम्मद हिदयातुल्ला 10.4.1986 से विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं। विश्वविद्यालय ने अपने पर्याप्त मात्रा में सेमिनारों का क्रम जारी रखा। विश्वविद्यालय के पांच शिक्षकों को विभिन्न पुरस्कार मिले।

6.3.37 विश्वविद्यालय के वर्ष 1987-88 के वार्षिक लेखे 7.12.1988 को संसद के सम्मुख रखे गये। विश्वविद्यालय को योजनागत तथा योजनेत्तर योजनाओं के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से

नियमित अनुदान के जरिए वित्तीय सहायता मिल रही हैं।

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय

6.3.38 इंदिरा गांधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय ने 20 दिसम्बर, 1985 से कार्य करना आरंभ किया। विश्वविद्यालय के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं: उच्च शिक्षा को जनसंख्या के बड़े भागों, विशेषकर सुविधाहीन वर्गों की पहुँच में लाना; सतत शिक्षा के कार्यक्रम आयोजित करना; ज्ञान और कौशलों को स्तरोन्नत करना; और महिलाओं, पिछड़े क्षेत्रों, पर्वतीय क्षेत्रों आदि में रहने वाले लोगों जैसे विशिष्ट लक्षित वर्गों के लिए उच्चतर शिक्षा के विशेष कार्यक्रम आरंभ करना।

शैक्षिक कार्यक्रम

6.3.39 विश्वविद्यालय ने जनवरी, 1987 में दो डिप्लोमा कार्यक्रम आरंभ किए। वर्ष 1988-89 के दौरान इन दोनों कार्यक्रमों में नए दाखिले किए गए थे। इसके अतिरिक्त प्रबंध (माडयूल-II) और सृजनात्मक लेखन में नए डिप्लोमा पाठ्यक्रम आरंभ किए गए। अवर-स्नातक कार्यक्रमों (बी०ए० और बी०काम०) के प्रथम बैच में दाखिले अगस्त, 1988 में किए गए थे। इन कार्यक्रम के लिए नामांकन में शामिल थे: उत्तर-माध्यमिक धारा तथा विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए प्रारंभिक पाठ्यक्रम से वे सफल उम्मीदवार जिनके पास कोई औपचारिक अर्हता नहीं है, से सीधे प्रवेश। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय ने वर्ष के दौरान ग्रामीण विकास तथा खाद्य और पोषाहार में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम आरंभ किए।

6.3.40 विश्वविद्यालय का, वर्ष 1989 के प्रारंभ में लाइब्रेरी और सूचना विज्ञान में ब्रैचलर डिग्री पाठ्यक्रम तथा प्रबंध डिप्लोमा का माडयूल-III आरंभ करने का विचार है। विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में कुल नामांकन के मार्च, 1989 तक 40,000 तक पहुँच जाने की संभावना है। वर्ष 1989-90 के दौरान आरंभ किए जाने वाले प्रस्तावित शैक्षिक कार्यक्रमों में प्रबंध माडयूल-IV, ग्रामीण विकास खाद्य तथा पोषाहार, बाल देख-भाल और शिक्षा, हिन्दी तथा उच्च शिक्षा में सृजनात्मक लेखन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम और जल संसाधन प्रबंध तथा ऊर्जा संरक्षण तथा प्रबंध में प्रमाण-पत्र कार्यक्रम शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों को आरंभ करने का प्रारंभिक कार्य प्रगति पर है।

परिसर विकास

6.3.41 स्थायी परिसर के डिज़ाइन और निर्माण के लिए वास्तुकारों का चयन कर लिया गया है। आरंभ से विश्वविद्यालय ने परिसर में अपने कार्यालयों हेतु कुछ अर्ध स्थाई संरचनाओं के निर्माण का निर्णय लिया है। लगभग 60,000 वर्ग फुट आवास के निर्माण का ठेका, भारत सरकार के एक उपक्रम, हिन्दुस्तान प्री०-फेब०लि० को दे दिया गया है। इस बीच विश्वविद्यालय दिल्ली में कई किराए के परिसरों में कार्य कर रहा है।

उपकरण तथा अन्य सुविधाएं

6.3.42 विश्वविद्यालय की एक प्रमुख अवस्थापना संबंधी आवश्यकता मुद्रण तथा इलेक्ट्रानिक साधनों के लिए सामग्री तैयार करने के लिए उत्पादन सुविधा है। फिलहाल मुद्रित सामग्री पर बहुत भरोसा है। लेकिन विश्वविद्यालय इलेक्ट्रानिक साधनों के लिए सामग्री निर्मित करने के लिए भी सुविधाएं साथ-साथ विकसित कर रहा है। श्रव्य/दृश्य कार्यक्रमों के निर्माण के लिए एक स्टूडियो, भारत सरकार के उपक्रम जी०सी०ई० एल० से उपकरण खरीद का स्थापित किया जा रहा हैं। भारत सरकार और यू०के० के बीच हस्तारक्षित सहायता के एक कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय को अपना एक निर्माण स्टूडियो स्थापित किए जाने के लिए पर्याप्त उपकरण तथा अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई है। ब्रिटेन से कुल सहायता (इलेक्ट्रानिक्स उपकरण, संगणक, परामर्श तथा प्रशिक्षण) 8 करोड़ रुपये तक की प्राप्त होने की संभावना है।

जापान सरकार भी विश्वविद्यालय के स्टूडियो तथा निर्माण सुविधाओं के लिए जापानी उपकरण के क्रय के लिए 611 मिलियन येन (7.50 करोड़ रुपये) की सहायता देने के लिए सहमत हो गयी है। अक्तूबर, 1988 में हस्ताक्षरित करार में वर्ष 1988-89 के दौरान इस उपकरण की सप्लाई की व्यवस्था है।

वितरण प्रणाली

6.3.43 विश्वविद्यालय की वितरण प्रणाली में प्रभावी छात्र सहायता सेवाएं शामिल हैं जिसके क्षेत्रीय केन्द्र तथा अध्ययन केन्द्र अभिन्न घटक हैं। अध्ययन केन्द्रों पर अंशकालिक शिक्षक तथा गाइड छात्रों को परामर्श, सलाह और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। वे सभी पाठ्यक्रमों के लिए सारी सामग्री एकत्र करते हैं

और दृश्य/श्रव्य कार्यक्रमों के लिए देखने/सुनने की सुविधाएं उपलब्ध कराते है। मार्च, 1989 तक विश्वविद्यालय की ऐसे 125 अध्ययन केन्द्र स्थापित करने की योजना हैं जिसमें से 107 को दिसम्बर, 1988 तक स्थापित कर दिया गया है।

6.3.44 इस समय बारह क्षेत्रीय केन्द्र विद्यमान अध्ययन केन्द्रों का पर्यवेक्षण तथा समन्वय करते हैं। अध्ययन केन्द्रों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ और क्षेत्रीय केन्द्र स्थापित किए जाएंगे।

6.3.45 वर्ष 1988-89 के दौरान विश्वविद्यालय को 10 करोड़ रु० का अनुदान संस्वीकृत किया गया था।

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय

6.3.46 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्व विद्यालय के विभिन्न स्कूलों में विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पूरे देश में 24 केन्द्रों में संचालित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा को, विभिन्न विज्ञान विषयों में एम०फिल०/एम०टेक०/पी०एच०डी० कार्यक्रमों में अध्ययन कर रहे छात्रों को जूनियर अनुसंधान शिक्षावृत्तियां प्रदान करने के लिए आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक परीक्षा के बराबर मान्यता प्रदान की। इस मान्यता के परिणामस्वरूप, विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों में ऊपर उल्लिखित कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा में अपनी पारस्परिक योग्यता के आधार पर प्रवेश लेने वाले छात्र वि०अनु०आ० जूनियर अनुसंधान शिक्षावृत्तियाँ प्रदान किए जाने के लिए इस प्रयोजनार्थ आयोग द्वारा संचालित परीक्षा उत्तीर्ण किए बगैर स्वत: ही पात्र हो जाएंगे।

6.3.47 अध्ययन के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रमों को पुन: तैयार किया गया तथा उन्हें अद्यतन बनाया गया। संगणक तथा पद्धति विज्ञान स्कूल में एक माइक्रो-वैक्स-II संगणक पद्धति स्थापित की गई। विभिन्न स्कूलों के संकाय सदस्यों द्वारा पैतीस अनुसंधान परियोजनाएं पूरी हो गई जबकि 69 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर था। ये परियोजनाएं विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा प्रायोजित की गई थीं, जिनमें सरकारी विभाग भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय के विभिन्न केन्द्रों द्वारा लगभग एक दर्जन राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार/विचार-गोष्ठियां आयाजित की गई। वर्ष के दौरान "समकालीन अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में प्रमुख मुद्दे" नामक विषय पर तीस विस्तार लेक्चर आयोजित किए गए। भारत की स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगाँठ के अवसर पर भी सार्वजनिक लेक्चर आयोजित किए गए।

6.3.48 ऐतिहासिक अध्ययनों का केन्द्र वि०अनु० आ० के विशेष सहायता के कार्यक्रम के अंतर्गत अनुमोदित किया गया।

6.3.49 तिरसठ हजार प्रेस कतरनें, 11,831 पुस्तकें तथा 100 सीटों की बैठने की क्षमता वाला एक नया वाचनालय लाइब्रेरी में शामिल किए गए थे। प्रौढ़ शिक्षा एकक ने कारीगरों, विशेष रूप से दिल्ली के कुम्हारों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों का अध्ययन आरंभ किया। इसने ज०ने० विश्वविद्यालय परिसर में तथा उसके आस-पास लगभग 55 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र स्थापित किए। परिसर में छात्रों को चिकित्सा सहायता तथा परामर्श उपलब्ध कराने के अतिरिक्त, स्वास्थ्य केन्द्र ने स्वास्थ्य देखभाल के कई निवारक कार्यक्रम आरंभ किए।

6.3.50 निर्माण कार्यक्रमों ने प्रगति को बराबर बनाए रखा। लाइब्रेरी टावर ब्लाक पूरा हो गया है इसी प्रकार ट्रांजिट आवास के 25 यूनिट तथा टाइप-I क्वार्टरों (फेज-II) के 36 यूनिट के०लो०नि० विभाग द्वारा पूरे किए गए तथा अधिकार में ले लिए गए। समाज विज्ञान स्कूल का अतिरिक्त फलोर भी अधिकार में ले लिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन स्कूल के संबंध में निर्माण कार्य, सामाजिक-विज्ञान स्कूल के विस्तार खण्ड, पर्यावरणीय विज्ञान स्कूल तथा भाषाओं के स्कूल ने सारणी के अनुसार प्रगति बनाए रखी। संकाय क्लब का निर्माण कार्य तथा गेस्ट हाउस, सामुदायिक केन्द्र, छात्र क्लब तथा कर्मचारियों का क्लब प्रगति के उन्नत चरण में है।

6.3.51 विश्वविद्यालय ने 1989 में पं० जवाहरलाल नेहरू का शताब्दी समारोह आयोजित करने के लिए एक समिति गठित की। कार्यक्रम में सांस्कृतिक और खेल-कूद क्रियाकलापों, प्रदर्शनियां, विस्तार लेक्चर आदि का आयोजन शामिल है।

उत्तर-पूर्वी पर्वतीय विश्वविद्यालय

6.3.52 उत्तर-पूर्वी पर्वतीय विश्वविद्यालय के नागालैण्ड, मिजोरम और मेघालय में तीन परिसर हैं, जिनका मुख्यालय शिलांग में है। फिलहाल शिलांग

परिसर में 18 स्नातकोत्तर विभाग हैं, इसके अतिरिक्त कोहिमा परिसर में 4 शैक्षिक विभाग तथा आइजौल परिसर में 5 हैं। आज तक 8 केन्द्र स्थापित हो गए हैं। विश्वविद्यालय के 2 कालेज अर्थात् पछुंगा विश्वविद्यालय कालेज तथा कृषि विज्ञान और ग्रामीण विकास स्कूल क्रमशः मिजोरम और नागालैण्ड में स्थित हैं।

6.3.53 विश्वविद्यालयों के उद्देश्यों के अनुरूप ही उत्तर-पूर्वी पर्वतीय विश्वविद्यालय तीन राज्यों, मेघालय, नागालैण्ड तथा मिजोरम में रहने वाले लोगों विशेषकर युवाओं की सामाजिक तथा शैक्षिक श्रेष्ठता निखारने में लगा हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में शिलांग में विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर का निर्माण करने तथा विकसित करने पर प्रयास केन्द्रित कर रहे हैं। 200 सीटों वाला छात्रवास, 50 स्टाफ क्वार्टस, उत्तर-पूर्वी परिषद् द्वारा प्रायोजित 200 सीट वाला एक और छात्रावास सेमिनार परिसर तथा गेस्ट हाउस का निर्माण पूरा कर लिया गया है। शिलांग स्थित उ०पू०प०वि० परिसर तक एम०एस०ई०बी०टर्मिनल के लिए 33 के०वि०लाइन की व्यवस्था 1987 में पूरी हो गई थी। बिजली तथा पानी की आपूर्ति स्थायी परिसर को अब कर दी गई हैं। 150 स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण 800 सीट वाला छात्रावास भवन भौतिक विज्ञानों तथा जीवन विज्ञानों के स्कूलों के लिए लेक्चर काम्पलेक्स, यू०एस०आई०सी०, आर०एस०आई०सी० तथा कार्यशाला के लिए भवनों का निर्माण प्रगति पर है। उत्तर पूर्वी परिषद द्वारा प्रायोजित मिजोरम परिसर स्थित 100 सीट वाला छात्रावास भी प्रगति पर है।

6.3.54 शैक्षिक काम्प्लेक्स के आस-पास रिंग रोड तथा एक फुटबाल ग्राउंड (खेलकूद काम्पलेक्स) का निर्माण मार्च, 1989 में पूरा हो जाने की संभावना है।

6.3.55 वर्ष 1987 और 1988 के दौरान 17 सेमिनार और सम्मेलन आयोजित किए गए थे जिसमें मिजोरम परिसर, आइजौल शामिल है।

6.3.56 8 सितम्बर, 1988 के शिलांग में हुए एक विशेष दीक्षान्त समारोह में, विश्वविद्यालय ने कृपा और अनुकम्पा की एक मानवीय प्रतीक, मदर टैरेसा, को डॉक्टर आफ लिटरेचर (आनोरिस कौजा) की डिग्री प्रदान की गई।

पांडिचेरी विश्वविद्यालय

6.3.57 पांडिचेरी विश्वविद्यालय की स्थापना 16 अक्तूबर, 1985 में हुई और तब से यह तीव्र गति से प्रगति करता रहा हैं। आलोच्य वर्ष के दौरान निम्नलिखित स्कूलों/विभागों की स्थापना की गई:

(1) सलीम अली परिस्थिति-विज्ञान स्कूल
(2) फ्रांसीसी भाषा-विज्ञान और इतिहास विभाग
(3) अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन स्कूल
(4) शैक्षिणिक स्टाफ कालेज

6.3.58 पांडिचेरी विश्वविद्यालय ने 1.6.1987 जिपमेर के भौतिकी, रसायनिकी और जैव-विज्ञान के नान-मेडिकल विभागों का अधिग्रहण किया।

6.3.59 पांडिचेरी विश्वविद्यालय के अधीन अब दो स्कूल, एक संस्थान, एक शैक्षणिक स्टाफ कालेज और ग्यारह विभाग हैं।

6.3.60 वर्ष के दौरान निम्नलिखित नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए:

(1) एम०ए०	(अंग्रेजी और तुलनात्मक साहित्य)
(2) एम०एस०	(विकास अर्थशास्त्र)
(3) एम०ए०	(व्यावहारिक तमिल)
(4) एम०काम०	(व्यापारिक-वित्त)
(5) एम०एस०सी०	(व्यावहारिक गणित)
(6) एम०फिल०	(इतिहास)
(7) एम०फिल०	(फ्रांसीसी)

(8) फ्रांसीसी भाषा में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम (सायं)
(9) संगणकों के क्षेत्र में प्रमाण-पत्र-पाठ्यक्रम (कोस्टीड मद्रास के सहयोग से)
(10) बी०एस०सी० शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य और खेलकूद में (जुलाई, 1989 से आरंभ होगा)

6.3.61 कुल मिलाकर 7 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम और 10 एम०फिल० पाठ्यक्रम आरंभ किए जा रहे हैं। तमिल, अंग्रेजी, फ्रांसीसी, इतिहास, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, परिस्थिति विज्ञान, भौतिकी, रसायन शास्त्र और जैव-विज्ञान विषयों में पी०एच०डी० कार्यक्रमों के लिए पहली बार नामांकन किया गया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पांडिचेरी विश्वविद्यालय में एक अंग्रेजी भाषा प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना को स्वीकृति दे दी है।

6.3.62 पांडिचेरी विश्वविद्यालय के अधीन अब 14 सम्बद्ध कालेज हैं जिनमें से 8 कालेज पांडिचेरी में हैं, 2 कराईकल में, एक माहे में, एक यनम में और 2 पोर्टब्लेयर में हैं।

6.3.63 उपर्युक्त सम्बद्ध कालेजों में 5677 विद्यार्थी हैं जिनमें 439 विद्यार्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के हैं और 2272 महिला विद्यार्थी हैं। आलोच्य वर्ष के दौरान, इन कालेजों ने 37 अवर स्नातक पाठ्यक्रम, 34 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, 10 स्नातकोत्तर डिप्लोमा/डिग्री पाठ्यक्रम, एक एम० फिल० पाठ्यक्रम और एक विषय में पी०एच०डी० कार्यक्रम आरंभ किए।

6.3.64 शैक्षिक वर्ष 1987-88 के दौरान, विश्वविद्यालय में दाखिला लेने वाले नए छात्रों की कुल संख्या 404 थी, जिनमें 35 विद्यार्थी अनुसूचित जाति के थे, 3 अनुसूचित जनजाति के थे और 95 महिला विद्यार्थी थे। शैक्षिक वर्ष 1987-88 के दौरान जिन छात्रों का नामांकन किया गया था, उनकी कुल संख्या 430 थी। 1987-88 में, पी०एच०डी० कार्यक्रम में 38 छात्रों को दाखिला दिया गया।

6.3.65 31.3.88 तक इस विश्वविद्यालय में 18 प्रोफेसर, 25 रीडर, 38 प्राध्यापक और 3 निर्देशक थे।

6.3.66 31.3.88 तक विश्वविद्यालय में 23 ग्रुप "ए" अधिकारी, 7 ग्रुप "बी", 126 ग्रुप "सी" और 91 ग्रुप "डी" कर्मचारी थे।

6.3.67 आलोच्य वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने, प्रशासनिक परिसर, शैक्षिक भवनों, छात्रावासों, पुस्तकालय भवनों, स्टाफ-क्वार्टर, खेल स्टेडियम और परिसर विकास के निर्माण के लिए 267.67 लाख रुपये की राशि रिलीज की।

विश्व भारती

6.3.68 शैक्षिक वर्ष 1987-88 के दौरान विश्व-विद्यालय में छात्रों की कुल संख्या 4515 थी तथा शिक्षकों की कुल संख्या 458 थी जिनमें 63 प्रोफेसर और 148 रीडर थे।

6.3.69 प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी द्वारा "गणित सदन (संगणक केन्द्र)" का उद्घाटन विश्वविद्यालय के शैक्षिक कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए एक और मील पत्थर था। शैक्षिक स्टाफ कालेज का गठन करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

6.3.70 विश्वविद्यालय ने, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, डी०एस०टी० आई०सी०ए०आर० और आई०सी०एच०आर० संस्थाओं के सहयोग से राष्ट्रीय सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित कीं। इन कार्यकलापों से, संकाय सदस्यों और देश के विभिन्न भागों के छात्रों के बीच तालमेल को बढ़ावा मिलता है। कई व्यक्तिगत और विभागीय परियोजनाएं आरंभ की गई। नई आरंभ की गई परियोजनाओं में से एक परियोजना, विश्व विकास आर्थिक अनुसंधान संस्थान भी है जो संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय की एक अनुसंधान संस्था है जो कि पूर्वी भारत, विशेषकर बंगाल क्षेत्र की ग्रामीण निर्धनता, सामाजिक परिवर्तन और सार्वजनिक नीति का अध्ययन करती हैं।

6.3.71 हिन्दी भवन के स्वर्णजयन्ती समारोह का उद्घाटन प्रधानमंत्री, श्री राजीव गांधी ने 16 जनवरी, 1988 को किया। हिन्दी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में अनुसंधान के मामले में इसका योगदान सर्वव्यापक है। इस कार्यक्रम की मुख्य सफलता टैगोर की कुछ कृतियों का हिन्दी में प्रकाशन था

6.3.72 रवीन्द्र रचनावली के लोकप्रिय संस्करण के चार संग्रहों को प्रकाशित किया गया जिनका पाठकों ने व्यापक रूप से स्वागत किया। विदेशों में भी लोगों में इसके प्रति रुचि देखी गई। पश्चिमी जगत में टैगोर के चित्रों के प्रति भी गहरी रुचि दृष्टिगोचर हुई।

6.3.73 टैगोर की स्मृति से सम्बद्ध पुराने भवनों के जीर्णोद्धार का काम प्रगति पर है।

6.3.74 उड़ीसा, त्रिपुरा और बिहार के साथ सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान तथा सहयोग बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ।

6.3.75 इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता केन्द्र ने कार्य करना आरंभ कर दिया हैं। इस केन्द्र का शैक्षिक कार्यक्रम, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल प्रो० नूरूल हसन के "भारत में धर्मनिरपेक्षवाद" विषय पर भाषण से आरंभ हुआ।

नए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना

जामिया मिलिया इस्लामिया

6.3.76 सरकारी सहायता प्राप्त शैक्षिक संस्थानों के बायकाट के लिए गांधी जी के आह्वान के अनुसरण में खिलाफत और असहयोग आन्दोलन के दौरान 1920 में अलीगढ़ में जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना की गई थी और जिसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम के खण्ड 3 के अंतर्गत 1962 में विश्वविद्यालय समझे जाने वाला संस्थान घोषित किया

गया। पिछले कुछ वर्षों के दौरान जामिया के शैक्षिक समुदाय, इसके प्राधिकारियों तथा आम समाज की माँग थी कि इस संस्थान के ऐतिहासिक स्वरूप और राष्ट्र के प्रति इसकी सेवाओं को देखते हुए, जामिया को संसद के अधिनियम द्वारा पूर्ण विश्वविद्यालय का स्तर प्रदान किया जाना चाहिए ताकि यह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विकसित होने और उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम हो सके- सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, जामिया मिलिया इस्लामिया के कुलपति और कुछ प्रख्यात शिक्षाविदों जिनमें मुस्लिम विद्वान भी शामिल थे, के परामर्श से इस विषय पर गंभीरता से विचार किया है। जामिया की एक राष्ट्रीय संस्था के रूप में उत्पत्ति, स्वतंत्रता संग्राम में इसके योगदान, इसके इतिहास और निस्वार्थ सेवा और इसके धर्मनिरपेक्षीय स्वरूप पर विचार करके सरकार ने यह निर्णय किया कि जामिया को, अन्य केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के अभिशासन की सामान्य पद्धति के अनुसार संसदीय अधिनियम द्वारा एक पूर्ण विश्वविद्यालय में परिवर्तित किया जाए। वर्ष 1988 के संसद के मानसून सत्र के दौरान आवश्यक कानून पेश किया गया और पास किया गया। जामिया मिलिया इस्लामिया अधिनियम 1988, 26 दिसम्बर, 1988 से लागू हुआ।

6.3.77 जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय अपने विश्वविद्यालय क्षेत्र के व्यय को वहन करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से आवर्ती और अनावर्ती अनुदान प्राप्त कर रहा है। इसे अपने गैर विश्वविद्यालय क्षेत्र के लिए अनुदान शिक्षा विभाग से सीधे ही स्वीकृत किए गए।

6.3.78 गैर विश्वविद्यालय क्षेत्र के अंतर्गत जामिया अपना उच्चतर माध्यमिक स्कूल, मिडिल स्कूल, नर्सरी स्कूल तथा पालिटेक्निक चल रहा है। शैक्षिक वर्ष 1988-89 के दौरान स्कूलों और पालिटेक्निक में क्रमश: 2628 और 300 छात्र दाखिल थे।

6.3.79 जामिया मिलिया इस्लामिया को जामिया पालिटेक्निक के लिए भवन निर्माण, स्कूल परिसर के विकास और उच्चतर माध्यमिक स्कूल में इंजीनियरी शाखा के लिए उपर्युक्त ढाँचा प्रदान करने के लिए अनुदान संस्वीकृत किए गए हैं।

6.3.80 26 दिसम्बर, 1988 से जामिया मिलिया इस्लामिया अधिनियम, 1988 के लागू होने से वर्ष 1989-90 के लिए, जामिया के स्कूल क्षेत्र के लिए अनुदान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदान किया जाएगा, जैसे कि अन्य केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को दिया जाता है।

नए प्रस्तावित विश्वविद्यालय

6.3.81 सरकार ने असम में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए विधेयक को 1989 के आरंभ में संसद में पेश किए जाने की आशा है।

6.3.82 नागालैण्ड में लुमानी में एक नया विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। विश्वविद्यालय के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है और विधेयक को संसद में, 1989 के आरंभ में पेश किए जाने की आशा है।

विश्वविद्यालय समझी जाने वाली संस्थाएं

6.3.83 दो संस्थाओं अर्थात् केन्द्रीय तिब्बती उच्च शिक्षा संस्थान, सारनाथ (वाराणसी) और महिलाओं की उच्च शिक्षा और गृह विज्ञान के लिए श्री अविनाशीलिंगम संस्थान, कोयम्बतूर को आलोच्य वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम के खण्ड 3 के अंतर्गत विश्वविद्यालय समझी जाने वाली संस्थाएं घोषित किया गया और इस प्रकार विश्वविद्यालय समझी जाने वाली संस्थाओं की संख्या 24 हो गई है।

विशिष्ट अनुसंधान संगठन

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला

6.4.1 भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला की स्थापना 1965 में एक आवासीय केन्द्र के रूप में की गई थी ताकि विद्वानों को मानविकी, भारतीय संस्कृति, तुलनात्मक धर्म, सामाजिक विज्ञान तथा प्राकृतिक-विज्ञान के चुने हुए विषयों में शैक्षणिक अनुसंधान के अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। संस्थान का उद्देश्य मूलभूत विषयों और जीवन तथा चिन्तन की समस्याओं पर निष्पक्ष और रचनात्मक खोज करना है। यह विस्तृत पुस्तकालय और प्रलेखन सुविधा के अतिरिक्त, उच्च परामर्शी और सहयोग के लिए सुविधाएं प्रदान करता है।

6.4.2 वर्ष 1988-89 में इस संस्थान में दाखिल 27 अध्येता, विभिन्न विषयो पर अनुसंधान कार्य कर रहे हैं। कुछ अन्य अध्येताओं द्वारा निकट भविष्य में दाखिला लिए जाने की उम्मीद है।

6.4.3 आलोच्य अवधि के दौरान संस्थान ने निम्नलिखित विषयों पर तीन विचार संगोष्ठियां आयोजित कीं जिनमें देश के सभी भागों से प्रख्यात शिक्षा-शास्त्रियों ने भाग लिया :–

i) स्वतंत्रता के पश्चात भारत में कला और जीवन

ii) महाभारत के नैतिक धर्मसंकट पर संभाषण

iii) आत्म छवि, पहचान और राष्ट्रीयता

इन विचार संगोष्ठियों की कार्यवाही को संक्षिप्त खण्डों के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

6.4.4 संस्थान की शैक्षिक गतिविधियों की उल्लेखनीय विशेषता, अध्येताओं की साप्ताहिक सामूहिक वाद-विवाद बैठकें हैं और इससे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे अध्येताओं के मध्य परस्पर तालमेल स्थापित करना है। इन सामूहिक वाद-विवाद बैठकों में प्रस्तुत किए गए कागजों को "प्रासंगिक पत्र" नामक एक नई श्रृंखला के अंतर्गत प्रकाशित किया जा रहा है जो कि पुस्तिका के रूप में हैं। आलोच्य वर्ष के दौरान इस संस्थान ने कई प्रकाशन निकाले और तीन प्रकाशन अभी मुद्रणाधीन हैं।

भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद

6.5.1 इतिहास के वैज्ञानिक लेखन के उद्देश्य को बढ़ावा देने, ऐतिहासिक अनुसंधान कार्यक्रम प्रायोजित करने तथा देश की राष्ट्रीय और सांस्कृतिक विरासत के सम्यक बोध के लिए 1972 में भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद् की स्थापना की गई थी।

6.5.2 वर्ष 1988-89 के दौरान, दो प्रख्यात इतिहासकारों को राष्ट्रीय शिक्षावृत्तियां प्रदान की गई। इस परिषद ने 28 अनुसंधान परियोजनाएं तथा 98 शिक्षावृत्ति अनुदान और विद्वानों को 108 अध्ययन यात्रा अनुदान प्रदान किए। 82 अनुसंधान विनिबन्धों, मोनोग्राफ और पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशनार्थ आर्थिक सहायता की स्वीकृति दी जा चुकी है। इतिहासकारों के 57 व्यावसायिक संगठनों जैसे भारतीय इतिहास कांग्रेस, दक्षिण भारतीय इतिहास कांग्रेस, पंजाब इतिहास कांग्रेस, उड़ीसा इतिहास कांग्रेस, भारतीय मुद्राशास्त्रीय संस्था आदि को अनुदान संस्वीकृत किया गया है ताकि वे सेमिनारों/संगोष्ठियों आदि का आयोजन कर सकें।

6.5.3 इस परिषद ने इतिहासकारों को विदेशों में आयोजित निम्नलिखित सेमिनारों/सम्मेलनों में भाग लेने के लिए नामित किया : ब्राइटन में 18वां विश्व दर्शनशास्त्र सम्मेलन, बुडापेस्ट में भारतीय राष्ट्रवाद और नेहरू पर गोलमेज सम्मेलन, मास्को में आयोजित "संघर्षरत किसान" और ढाका में आयोजित प्रथम सार्क इतिहास सम्मेलन। इस परिषद ने "भारत में नए पुरातत्व विज्ञान" विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया जिसमें चार विदेशी और 20 भारतीय विद्वानों ने भाग लिया। सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत दो अफगानी, दो पुर्तगाली और जर्मन जनवादी गणराज्य के दो विद्वानों को, भारत में अनुसंधान करने के लिए आमंत्रित किया गया।

6.5.4 इसके प्रकाशन कार्यक्रम के अंतर्गत परिषद ने टी०वी० महालिगम द्वारा लिखित "ए" टोपोग्राफिकल लिस्ट आफ इनस्क्रिप्शन इन तमिलनाडु और केरल" खण्ड 11 तथा रघुबीर सिन्हा द्वारा रचित "जोधपुर राज्य की ख्याति" (हिन्दी में), फारसी में शंभुप्रसाद देसाई द्वारा लिखित "तारीख ए सोराथ", ए०आर० देसाई द्वारा सम्पादित "भारत में मजदूर आंदोलन-1918-1920 दस्तावेज", अमलेन्दु गुहा द्वारा "प्लांटर राज टू स्वराज" (द्वितीय संस्करण) नामक पाँच पुस्तकों का प्रकाशन किया। अंग्रेजी फारसी, हिन्दी और तमिल में बाईस पुस्तकें प्रैस को भेजी गई हैं। इसके अलावा 30 से अधिक मोनोग्राफों तथा शोधपत्रों का प्रकाशन परिषद के प्रकाशन के लिए आर्थिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत किया।

6.5.5 भारत की स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगाँठ और पंडित जवाहर लान नेहरू की जन्म शताब्दी समारोहों के भाग के रूप में भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद ने पांडिचेरी, हैदराबाद, श्रीनगर, कलकत्ता और दिल्ली में राष्ट्रीय आन्दोलन पर पाँच कार्यशालाओं का आयोजन किया।

भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद

6.6.1 भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद की स्थापना मुख्यत: दर्शन शास्त्र में अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा करने, दर्शनशास्त्र में अनुसंधान की परियोजनाओं को प्रायोजित करने अथवा उनको सहायता ने और दर्शनशास्त्र और सम्बद्ध विषयों में अनुसंधान के संवर्धन के लिए अपेक्षित अन्य अनिवार्य उपाय करने के लिए की गई है।

6.6.2 वर्ष 1988 के दौरान परिषद ने पिछले वर्षों में पुरस्कृत अन्य शिक्षावृत्तियों को जारी रखने के अलावा दो वरिष्ठ शिक्षावृत्तियाँ, इक्कीस सामान्य शिक्षा-वृत्तियाँ, चार आवासीय शिक्षावृत्तियाँ तथा एक अल्पकालीन शिक्षावृत्ति भी प्रदान की।

6.6.3 भारतीय दार्शनिक परंपरा को फिर से सशक्त करने की अपनी परियोजना के अंतर्गत परिषद ने लखनऊ में अपने शैक्षिक केन्द्र में फारसी, अरबी और इस्लामी दर्शन सिद्धांतों के उलेमा और आधुनिक विश्वविद्यालय प्रशिक्षित अध्येयताओं के बीच एक वार्ता एवं सेमिनार का आयोजन किया। इस संबंध में परिषद द्वारा बंगलौर में एक शरद स्कूल तथा धर्मशाला में एक ग्रीष्म स्कूल का आयोजन किया गया।

6.6.4 परिषद ने युवा अध्येताओं में प्रतिभा का प्रसार करने के लिए "दर्शन संस्कृति और मूल्य" विषय पर एक अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित की। इसी विषय पर नवम्बर, 1988 में दिल्ली विश्वविद्यालय में एक सेमिनार भी आयोजित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, सेमिनारों आदि में भाग लेने के लिए सात अध्येताओं को परिषद ने यात्रा अनुदान दिए। अपने वार्षिक व्याख्यानों के कार्यक्रम के अंतर्गत जनवरी से मार्च, 1989 तक भारत में लगभग एक दर्जन विश्वविद्यालयों में परिषद यू०के० से ग्रीक दर्शन में एक प्रख्यात अध्येता प्रोफेसर रिचर्ड सोराबजी द्वारा व्याख्यानों की एक श्रृंखला का आयोजन कर रही हैं।

6.6.5 परिषद ने पाँच पुस्तकों तथा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद की पत्रिका के तीन अंकों का प्रकाशन किया।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद

6.7.1 देश में सामाजिक विज्ञान अनुसधान को प्रौन्नत एवं समन्वित करने के लिए भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की स्थापना वर्ष 1969 में की गई थी।

6.7.2 परिषद ने सामाजिक विज्ञानों के क्षेत्र में अनुसंधान कर रहे अखिल भारतीय स्तर की अनुसंधान संस्थाओं और अपने छः क्षेत्रीय केन्द्रों को भी सहायता देना जारी रखा। आलोच्य वर्ष के दौरान दो नए अनुसंधान संस्थानों अर्थात् गुजरात इन्स्टीच्यूट आफ एरिया प्लानिंग, अहमदाबाद तथा इन्स्टीच्यूट फार इन्डुडियल डवलपमेंट (अस्थाई तौर पर नई दिल्ली में स्थापित) को समाज विज्ञान में संस्थानों को वित्तीय सहायता की इसकी योजना के अंतर्गत लाया गया जिससे ऐसी संस्थाओं कीं कुल संख्या 24 हो गई। सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशालाएं और संगोष्ठियाँ आयोजित करने के लिए इकसठ संस्थाओं, व्यावसायिक समाज विज्ञान संगठनों, विश्वविद्यालयों को अनुदान दिए गए।

6.7.3 79 अनुसंधान परियोजनाओं को अनुदान संस्वीकृत किए गए। पहले से अनुमोदित 55 परियोजनाओं के संबंध में परिषद ने पूरी रिपोर्ट प्राप्त कीं। महिलाओं के अध्ययन पर अनुसंधान, सबके लिए स्वास्थ्य, सामाजिक विज्ञान में सिद्धांत परक और प्रणालीविज्ञान परक मुद्दे भारत में सामाजिक विधान पर विश्वकोश तैयार करने आदि जैसे विषयों पर कई प्रायोजित अनुसंधान कार्यक्रम प्रगति पर हैं।

6.7.4 परिषद ने सामाजिक विज्ञानों के क्षेत्र में एक राष्ट्रीय शिक्षावृत्ति 15 वरिष्ठ अनुसंधान शिक्षावृत्तियाँ, सात सामान्य शिक्षावृत्तियाँ, एक प्रतिष्ठान दिवस शिक्षावृत्ति, 31 नियमित डाक्टरोल शिक्षावृत्तियां और 12 आकस्मिक अनुदान प्रदान किए और अनुसंधान प्रणाली विज्ञान में सात प्रशिक्षण पाठ्यक्रम/कार्यशालाएं आयोजित कीं।

6.7.5 राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केन्द्र ने 180 शोध निबंधों और 165 अनुसंधान रिपोर्टों सहित 1500 प्रकाशन प्राप्त किए। 110 पी०एच०डी० अध्येताओं को अपने शोध कार्य हेतु सामग्री संचित करने के लिए पुस्तकालयों के दौरे करने हेतु अध्ययन अनुदान दिए गए। 24 ग्रन्थ विज्ञानीय और प्रलेखन परियोजनाओं के लिए भी वित्तीय सहायता दी गई। आंकड़ा अभिलेखों में 4 आंकड़ा सैट प्राप्त किए गए जिनकी पुनः प्रयोग की क्षमता है। 37 अध्येताओं को आंकड़ा संसाधन में मदद दी गई।

6.7.6 प्रकाशन अनुदान की योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए 65 शोध निबंधों और 16 अनुसंधान रिपोर्टों को अनुमोदित किया गया। वर्ष के दौरान विभिन्न विषयों पर पत्रों के तीस अंक निकाले गए। प्रकाशन अनुदान योजना के अंतर्गत तीस पुस्तकें प्रकाशित की गईं। अनुलिपिय अनुसंधान संसूचना श्रृंखला के अन्तर्गत चौबीस प्रकाशनों को प्रकाशित किया गया। भारत के समाज-वैज्ञानिकों के राष्ट्रीय

रजिस्टर के संकलन के लिए 2 हजार चार सौ अध्येताओं ने अपेक्षित सूचना भेजी जिसमें से 1800 प्रपत्रों का संसाधन किया गया।

6.7.7 प्रोफेसर वाई०के० अलग, सदस्य योजना आयोग की अध्यक्षता में देश के प्रमुख सात सामाजिक वैज्ञानिकों का एक दल ''आयोजना तथा आर्थिक विकास'' विषय पर सेमिनार मे भाग लेने हेतु सोवियत संघ गया। परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर एस० चक्रवर्ती की अध्यक्षता में समाज वैज्ञानिकों का एक आठ सदस्यीय शिष्टमण्डल समाज विज्ञान में इंडो-सोवियत संयुक्त आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए सोवियत संघ गया। परिषद द्वारा आयोजित ग्रामीण विकास पर एक संयुक्त सेमिनार में भारत और चीन प्रत्येक से आठ-आठ अध्येताओं ने भाग लिया। इंडो-डच वैकल्पिक विकास संबंधी कार्यक्रम के लिए संयुक्त समिति ने कार्यक्रम के विभिन्न कार्यकलापों की समीक्षा की और इस कार्यक्रम के तीसरे चरण के लिए अनुसंधान प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत दो चीनी अध्येताओं, एक डच अध्येता और दो फ्रांसीसी अध्येताओं के दौरे को परिषद ने प्रायोजित किया। परिषद ने छः भारतीय अध्येताओं को फ्रांस, 8 भारतीय अध्येताओं को नीदरलैंड तथा तीन भारतीय अध्येताओं को चीन के दौरे हेतु प्रायोजित किया।

अखिल भारतीय उच्च अध्ययन संस्थानों के लिए अनुदान योजना

6.8.0 इस योजना का उद्देश्य कुछ स्वैच्छिक संगठनों को सहायता देना है जो अखिल भारतीय स्तर पर कार्य कर रहे हैं और विश्वविद्यालय शिक्षा की परंपरागत पद्धति से हटकर शिक्षा के कार्यक्रम प्रदान कर रहे हैं जो विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों की रुचि के हैं अथवा नवीन स्वरूप के हैं। वर्ष 1988-89 के दौरान निम्नलिखित संस्थाओं को इस योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की गई हैं:

- श्री अरबिन्दो अंतराष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडिचेरी
- लोक भारती, सनोसरा
- श्री अरबिन्दो अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान संस्थान, आरोविल।

द्विपक्षीय/विदेशी सहयोग

शास्त्री भारत-कनाडा संस्थान

6.9.1 शास्त्री भारत कनाडा संस्थान, कनाडा में संस्थापित एक स्वायत्त स्वैच्छिक संगठन है जिसने भारत सरकार के साथ एक सद्भावना ज्ञापन के अनुसरण में नवम्बर, 1968 में भारत में अपने कार्यकलाप शुरू किए। संस्थान का उद्देश्य अध्येताओं तथा छात्रों के बीच एक दूसरे देश के ज्ञान की प्रगति और सूझबूझ को प्रोत्साहित करने तथा सहायता देने के प्रयोजन के लिए कार्य करना है। भारत सरकार द्वारा इसके कार्यकलापों के संचालन के लिए अनुदान नई दिल्ली स्थित इसके शाखा कार्यालय को प्रदान किए जाते हैं।

6.9.2 वर्ष 1988-89 के दौरान संस्थान ने कनाडा के ग्यारह अध्येताओं को मानविकी में अनुसंधान शुरू करने और भारतीय भाषाएं सीखने के लिए तथा निष्पादन कलाओं के क्षेत्र में शिक्षावृत्तियाँ प्रदान कीं। विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत कनाडा का दौरा करने के लिए छः भारतीय अध्येताओं को भी संस्थान ने प्रायोजित किया।

भारतीय विश्वविद्यालयों आदि का दौरा करने वाले विदेशी अध्येताओं की अनुसंधान परियोजनाएं

6.9.3 भारत में अनुसंधान कार्य शुरू करने के लिए दौरा करने वाले विदेशी अध्येताओं के लिए प्रस्ताव विदेशी एजेंसियों अर्थात अमेरिकन इन्स्टीच्यूट, भारत में यूनाइटेड स्टेट्स एज्यूकेशनल फाउंडेशन, कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय भारत में बारकले व्यावसायिक अध्ययन कार्यक्रम द्वारा प्रायोजित किए जाते हैं। इसके अलावा विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों, भारतीय संस्थाओं और भारतीय विश्वविद्यालय प्रणाली में सम्बद्ध अलग-अलग अध्येताओं से भी प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। वर्ष के दौरान ऐसे 182 प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया और 21 प्रस्तावों को रद्द कर दिया गया।

अन्य कार्यकलाप

विश्वविद्यालय और कालेजों के शिक्षकों के वेतनमानों में संशोधन की योजना।

6.10.1 विश्वविद्यालय और कालेजों के शिक्षकों के वेतनमानों में संशोधन की योजना की घोषणा 17 जून, 1987 को की गई। शिक्षकों/शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ आगे चर्चा के अनुसरण में इस

योजना में कुछ संशोधन/स्पष्टीकरण किए गए। संशाधित योजना को राज्यों/संघ शासित प्रदेशों द्वारा 22 जुलाई, 1988 को संसूचित किया गया था।

6.10.2 इस संशोधित योजना में मुख्य संशोधन यह किया गया कि रीडरों के दो ग्रेडों को मिलाया गया है, लेक्चररों के लिए प्रवरण ग्रेड बनाया गया है जो कि रीडरों के संशोधित ग्रेड के बराबर हैं तथा कुलपति के लिए 7600/-रु० का नियत वेतन रखा गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि लेक्चररों की भर्ती के लिए अर्हक परीक्षा एजेंसियों के जरिए विभिन्न राज्यों/विश्वविद्यालयों द्वारा अनुसरण किए जा रहे शिक्षा के माध्यम की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार स्नातकोत्तर अध्ययन की तत्काल समाप्ति के बाद अनुसंधान कार्यक्रमों में दाखिले को प्रोत्साहित करने के लिए अग्रिम वेतनवृद्धियों के लिए प्रावधान किया गया। तदनुसार जो उम्मीदवार एम०फिल० अथवा पी०एच०डी० डिग्रियों के लिए पात्र होंगे उन्हें उनकी भर्ती के समय क्रमश: एक और तीन अग्रिम वेतनवृद्धियाँ दी जाएंगी। पदोन्नति के प्रयोजन के लिए वे सेवा के तद्नुरूपी वर्षों के लाभ के हकदार होंगे। वर्तमान लेक्चररों और भविष्य में भर्ती किए गए वे लेक्चरर जिन्होंने अनुसंधान डिग्रियां नहीं ली हैं वे भी अनुसंधान डिग्रियां प्राप्त करने के बाद सेवारत लाभ के लिए पात्र होंगे। रीडर के पद के लिए प्रौन्नति और प्रवरण ग्रेड में तैनाती एक समिति द्वारा चयन प्रक्रिया द्वारा की जाएगी जिसका गठन विश्वविद्यालय द्वारा रीडरों की नियुक्ति के लिए किया गया है। दोनों मामलों में सतत शिक्षा कार्यक्रमों में सहभागिता और इसके साथ-साथ अच्छे निष्पादन संबंधी मूल्यांकन रिपोर्ट वृत्तिका में प्रगति के क्रम में अनिवार्य घटक हैं। लेक्चररों के सीनियर स्केल और सलेक्शन ग्रेड में नियुक्ति के साथ-साथ रीडरों के पदों पर प्रौन्नति के लिए संबंधित उम्मीदवारों द्वारा धारित पदों को स्तरोन्नत करके अपेक्षित संख्या में पदों का सृजन किया जाएगा।

पुस्तकाध्यक्षों और शारीरिक शिक्षा कार्मिकों के वेतनमानों का संशोधन

6.10.3 विश्वविद्यालय तथा कालेजों में पुस्तकाध्यक्षों तथा शारीरिक शिक्षा कार्मिकों के वेतनमानों में भी संशोधन किया गया है। उनके लिए भी, विश्वविद्यालयों तथा कालेज शिक्षकों के लिए अनुमोदित संशोधन वेतनमान के समान वेतनमान हैं। पुस्तकाध्यक्षों तथा शारीरिक शिक्षा कार्मिकों के संशोधित वेतनमानों के ब्यौरे पदनाम सहित निम्नलिखित हैं:-

पदनाम	**संशोधित वेतनमान**
(क) विश्वविद्यालय	
1. सहायक पुस्तकाध्यक्ष/ प्रलेखन अधिकारी शारीरिक शिक्षा के सहायक निदेशक	2200-75-2800-100-4000
2. सहायक पुस्तकाध्यक्ष/ प्रलेखन अधिकारी (वरिष्ठ वेतनमान) शारीरिक शिक्षा के सहायक निदेशक (वरिष्ठ वेतनमान)	3000-100-3500-125-5000
3. सहायक पुस्तकाध्यक्ष/ प्रलेखन अधिकारी (प्रवारण ग्रेड) शारीरिक शिक्षा के सहायक निदेशक (प्रवारण ग्रेड)	3700-125-4950-150-5700

4.	उप-पुस्तकाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा के उप-निदेशक	3700-125-4950-150-5700
5.	पुस्तकाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा के निदेशक	4500-150-5700-200-7300

	पदनाम	**संशोधित वेतनमान**
ख.	कालेज	
1.	कालेज पुस्तकाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा के निदेशक	2200-75-2800-100-4000
2.	कालेज पुस्तकाध्यक्ष (वरिष्ठ वेतनमान) शारीरिक शिक्षा के निदेशक (वरिष्ठ वेतनमान)	3000-100-3500-200-5000
3.	कालेज पुस्तकाध्यक्ष (प्रवरण ग्रेड) शारीरिक शिक्षा के निदेशक (प्रवरण ग्रेड)	3700-125-4950-150-5700

विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए पुस्तकाध्यक्षों और शारीरिक शिक्षा कार्मिक को भी वृत्तिका में प्रगति योजना के अंतर्गत शामिल किया जाएगा।

इस योजना का कार्यान्वयन

6.10.4 अधिकांश राज्यों ने इस योजना को स्वीकार करने की सूचना दे दी है। कुछ राज्यों ने अपने-अपने राज्यों के विश्वविद्यालयों और कालेजों में शिक्षकों, पुस्तकाध्यक्षों और शारीरिक शिक्षा कार्मिकों के संशोधित वेतनमानों के आदेश भी जारी कर दिए हैं। जिन राज्य सरकारों ने इस योजना को कार्यान्वित करने का निर्णय कर लिया है वे हैं : आन्ध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश। कुछ शेष राज्य सरकारें इस योजना पर विचार करने के लिए शिक्षा विभाग से अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण माँग रही हैं।

डा० जाकिर हुसैन स्मारक कालेज न्यास

6.11.1 डा० जाकिर हुसैन स्मारक कालेज न्यास की स्थापना 1973 में, डा० जाकिर हुसैन कालेज (पहले दिल्ली कालेज) के प्रबंध और रखरखाव का उत्तरदायित्व लेने के लिए की गई थी। कालेज जो दिल्ली विश्वविद्यालय का संघटक है, का रखरखाव व्यय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और न्यास द्वारा 95:5 के अनुपात में किया जाता है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के लिए आयोग द्वारा निर्धारित सहायता की पद्धति के अनुसार विकास व्यय के रूप में कालेज के अनुदान संस्वीकृत करता है। इस प्रकार के विकास संबंधी व्यय के लिए बराबर का योगदान न्यास द्वारा वहन किया जाना अपेक्षित है। चूँकि न्यास के पास अपना कोई स्रोत नहीं है अतः उपर्युक्त व्यय वहन करने के लिए सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किए जाते हैं। इन अनुदानों में न्यास का प्रशासनिक व्यय भी शामिल है।

6.11.2 न्यास द्वारा निर्णित प्रमुख कार्यक्रमों में से एक कालेज के वर्तमान परिसर को मिन्टो रोड क्षेत्र में स्थानान्तरित करना था। नए स्थान पर निर्माण कार्य के लिए अनुमोदित पाँच ब्लाकों में से 1986 में साइंस ब्लाक का कार्य पूरा हो गया तत्पश्चात् लेक्चर आरंभ हुआ। प्रशासनिक ब्लाक, लड़के और लड़कियों के लिए

कामन रूम और कैंटीन की इमारतों को क्रमश: दिसम्बर 1987 और जनवरी, 1988 में शुरू किया गया। कला और वाणिज्य खण्डों का निर्माण कार्य भी समापन पर है। पुस्कालय के विशाल ढाँचे के निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू किया जाने वाला है। छात्रों और शिक्षकों के छात्रावास, प्राक्कलन, प्रिंसिपल और उप प्रिंसिपल और अन्य अनिवार्य स्टाफ के लिए रहने के क्वार्टर, व्यायामशाला और वनस्पति संग्रहालय के लिए योजना और प्राक्लन की डी०डी०ए० और विअ०आ० से स्पर्ष्टकरण की प्रतीक्षा है।

राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसरशिप की योजना

6.12.0 राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसरशिप की योजना 1949 में प्रतिष्ठित शिक्षाविदों तथा अध्येताओं को उनके अपने-अपने क्षेत्र में ज्ञान के योगदान को स्वीकारते हुए, सम्मानित करते हुए शुरू की गई थी। 1949 से 1965 के बीच 9 प्रतिष्ठित अध्येताओं को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। योजना को 1982 में एक विख्यात परीक्षा विज्ञानी डा० सलीम अली और प्रो०टी०एम०पी० महादेवन, दर्शनशास्त्र के एक प्रतिष्ठित प्रो० की नियुक्ति के साथ फिर से चालू किया गया था। इस समय चार राष्ट्रीय प्रोफेसर है। वे हैं: डा० वी०के०आर०वी० राव, अर्थशास्त्री; डा० (न्यायमूर्त) डी०डी० बसु; संविधान विशेषज्ञ, डा० सी०आर० राव, गणितज्ञ और डा० ए० एप्पोदोराई (राजनीतिक विज्ञानी)

भारतीय विश्वविद्यालय संघ

6.13.1 भारतीय विश्वविद्यालयों का संघ एक स्वैच्छिक संगठन है। विश्वविद्यालय इसके सदस्य हैं, और समान हित के मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करने तथा उन पर चर्चा करने के लिए एक साथ इकट्ठा होने के लिए विश्वविद्यालयों, प्रशासनों तथा शिक्षाविदों को यह एक मंच प्रदान करता है। संघ, उच्च शिक्षा में सूचना ब्यूरो के रूप में कार्य करता है और उच्च शिक्षा पर लाभप्रद प्रकाशन, शोध-पत्र, पुस्तकें और पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित करता है।

6.13.2 संघ का पर्याप्त रूप से वित्त पोषण सदस्य विश्वविद्यालयों द्वारा दिए गए वार्षिक चन्दे से होता है। सरकार उच्च शिक्षा के महत्वपूर्ण मामलों में अनुसंधन/अध्ययनों के लिए संघ को अनुदान प्रदान करती है। सरकार की सहायता से स्थापित अनुसंधान सैल द्वारा आरंभ किए गए कार्यकलापों सहित इसके अनुरक्षण व्यय के एक भाग को वहन करने के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अनुसंधान सैल ने दूरस्थ शिक्षा की अर्थ-व्यवस्था, विश्वविद्यालय क्षेत्र में विज्ञान तथा प्रौद्योगिक का सर्वेक्षण, जन-शक्ति विश्वविद्यालय उद्योग अन्त: क्रिया, भारत में स्नातक बेरोजगारी और विश्वविद्यालय क्षेत्र में योजनेत्तर व्यय का वित्त पोषण संबंधी विषयों पर अध्ययन आरंभ किया है। परीक्षा-सुधार के क्षेत्र में प्रश्न बैंक पर अध्ययन प्रारंभ किए गए हैं। प्रश्न बैंक पर बहुत सी पुस्तकें प्रकाशित की गई हैं। वर्तमान में (क) विश्वविद्यालय उद्योग अन्त: क्रिया, (ख) सुदूर शिक्षा और (ग) प्रश्न बैंक पर अनुसंधान अध्ययन प्रगति पर है।

पंजाब विश्वविद्यालय

6.14.0 पंजाब राज्य के पुनर्गठन के साथ पंजाब विश्वविद्यालय को पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1986 के प्रावधानों के अंतर्गत अंतर राज्य निगमित निकाय घोषित किया गया था। विश्वविद्यालय का अनुरक्षण व्यय इस समय पंजाब सरकार तथा चण्डीगढ़ के संघ शासित क्षेत्र प्रशासन द्वारा 40:60 के अनुपात में बांटा जा रहा है। विश्वविद्यालय का विकास संबंधी व्यय मुख्य रूप से वि०अनु०आ० द्वारा संस्वीकृत किए गए अनुदानों में से वहन किया जा रहा है जो आयोग की मार्गदर्शी रूपरेखाओं के अनुसार विशिष्ट कार्यक्रमों के लिए अनुदान प्रदान करता है। तथापि, विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संस्वीकृत किए गए विकास अनुदानों के लिए बराबर के हिस्से उपलब्ध कराने हैं और कई परियोजनाएं और कार्यक्रम जो वि०आ०आ० की योजनाओं में शामिल नहीं हुए है उनका भी वित्त पोषण करना है। इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए केन्द्रीय सरकार विश्वविद्यालय को वार्षिक ऋण संस्वीकृत कर रही है। वर्ष 1988-89 के दौरान विश्वविद्यालय को अपने विकास कार्यक्रमों के लिए 50 लाख रुपए संस्वीकृत किए गए हैं।

नौकरियों से डिग्रियों को अलग करना—राष्ट्रीय परीक्षण सेवा की स्थापना

6.15.1 राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में राष्ट्रीय परीक्षण सेवा की स्थापना की परिकल्पना की गई है जिससे कि उन नौकरियों में भर्ती के लिए विश्वविद्यालय डिग्री को अलग करने की प्रक्रिया को आसानी से लागू किया जा सके जिनके लिए

विश्वविद्यालय डिग्री का एक आवश्यक योग्यता होना जरूरी न हो।

6.15.2 जब राष्ट्रीय परीक्षण सेवा की स्थापना की जाएगी तो यह स्वैच्छिक आधार पर परीक्षाएं आयोजित करेगी ताकि उन विशिष्ट (क) नौकरियों के लिए उम्मीदवारों की उपयुक्तता को निर्धारित और प्रमाणित किया जा सके जिनके लिए डिप्लोमा अथवा डिग्री की योग्यता की जरूरत नहीं होती (ख) जो उम्मीदवार स्वेच्छा से परीक्षाएं देना चाहेंगे उनके लिए परीक्षण उपलब्ध कराना (और जो विशिष्ट नौकरियों/सेवाओं के लिए अर्हक और प्रमाणित कर दिए जाएंगे वे किसी अन्य योग्यता पर जोर दिए बिना ही ऐसी नौकरियों/सेवाओं पर नियुक्ति के लिए पात्र होंगे); (ग) विस्तृत नौकरी विवेचन, नौकरी विश्लेषण आदि के आधार पर परीक्षणों की एक श्रृंखला तैयार करेगी ताकि निर्धारित नौकरियों के प्रयोजनार्थ आवश्यक अभिरूचि, दक्षता कौशलों, ज्ञान की अपेक्षाओं का पता लगाया जा सके और (घ) परीक्षण विकास, परीक्षण प्रशासन परीक्षा में अंक प्राप्त करना, कम्प्यूटर प्रणाली के अनुप्रयोग और आप्शनल मार्करीडर आदि में राष्ट्रीय स्तर पर यह सुसज्जित संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करेगी।

6.15.3 उक्त लक्ष्यों के साथ सरकार ने सिद्धांत रूप में, राष्ट्रीय परीक्षण सेवा की स्थापना के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। राष्ट्रीय परीक्षण सेवा की स्थापना सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के अंतर्गत एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में की जा रही हैं। संगम ज्ञापन और नियमों की अंतिम रूप दे दिया गया है। आम परिषद और शासी निकाय के गठन और अध्यक्ष तथा निदेशक की नियुक्ति की अंतिम रूप दिया जाने वाला है। जैसे ही इन ब्यौरों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा, रा०पं०सं० को पंजीकृत कर दिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 1989-90 के शुरू हाने से पूर्व यह चालू हो जाएगी।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के विशेष सैल

6.16.1 यह सैल कालेज और विश्वविद्यालयों में प्रवेश और नियुक्ति में आरक्षण के संबंध में नीति की समीक्षा करने के लिए उत्तरदायी है। यह सैल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आयोग और संसद को आरक्षण के संबंध में सूचना देने के लिए संपर्क एकक के रूप में कार्य करता है। सैल ने कालेज तथा विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति शिक्षकों/छात्रों/कर्मचारियों से प्राप्त अभ्यावेदनों की जाँच की तथा जहाँ कहीं आवश्यक था उन्हें संबंधित प्राधिकारियों के साथ उठाया गया।

6.16.2 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कल्याण संबंधी संसदीय समिति ने वि०अनु०आयोग और केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में अनु०ज/जन जाति के कर्मचारियों के लिए आरक्षण एवं उनके रोजगार के लिए तथा अनु०जा०/अनु०ज०जा० के छात्रों को प्रवेश और अन्य सुविधाएं प्रदान किए जाने की जाँच की और वर्ष 1988 में संसद के समक्ष अपनी 38वीं रिपोर्ट पेश की। सैल ने वि०अनु०आयोग, केन्द्रीय विद्यालयों आदि के साथ परामर्श से संसदीय समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर की गई कार्रवाई का विवरण लोकसभा सचिवालय को प्रस्तुत किया।

ग्रामीण संस्थाएं

16.17.0 राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में शिक्षा के बारे में गाँधी जी के विचारों के आधार पर ग्रामीण संस्थाओं/विश्वविद्यालयों की स्थापना की परिकल्पना की गई है। ग्रामीण संस्थाओं के विकास के सुसमन्वित कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए एक स्वायत्त पंजीकृत निकाय के रूप में एक केन्द्रीय ग्रामीण संस्थान परिषद की स्थापना करने का प्रस्ताव है जो सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्त पोषित होगी। ग्रामीण संस्थाओं के माध्यम से नई शिक्षा पद्धति सामाजिक रूप से लाभप्रद उत्पाद कार्य और शैक्षिक कार्यकलापों के बीच सहसंबंध की संकल्पना पर आधारित होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में परिवर्तन के लिए ग्रामीण संस्थाएं विस्तार कार्यकलापों को अपनाएंगी। प्रस्तावित केन्द्रीय परिषद गाँधी जी की बुनियादी शिक्षा में संलग्न उन ग्रामीण संस्थानों और अन्य एजेंसियों का पता लगाएंगी जिनकी विकास की क्षमता है और जो मुख्यत: ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ही हैं। परन्तु वर्षों से जिन्हें पर्याप्त सहायता और प्रोत्साहन नहीं मिला। अगले कुछ वर्षों में नए संस्थान खोलने की बजाय विद्यमान कार्यशील कार्यक्रमों और संस्थानों के समेकन विस्तार और उन्हें सहायता देने पर मुख्य बल दिया जाएगा।

राष्ट्रीय उच्च शिक्षा परिषद

6.18.0 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में उच्च शिक्षा नीति के समन्वय के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक शीर्ष

निकाय स्थापित करने की परिकल्पना की गई है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ नीति के बेहतर समन्वय और उसमें निरंतर तादात्म्य बनाए रखने के लिए कृषि, चिकित्सा, तकनीकी और कानूनी क्षेत्र शामिल होंगे। संबधित विभागों और एजेंसियों से विस्तार से विचार-विमर्श करने के पश्चात् राष्ट्रीय उच्च शिक्षा परिषद की स्थापना करने से संबंधित प्रारूप प्रस्ताव तैयार कर लिए गए हैं। इन प्रस्तावों को टिप्पणियों/सहमति के लिए संबंधित मंत्रालयों और विभागों को भेजा गया था। उनमें से कुछ ने इन प्रस्तावों पर शंकाएं व्यक्त की हैं। इन बातों को दृष्टिगत रखते हुए पूरे प्रस्ताव की समीक्षा की जा रही है।

तकनीकी शिक्षा

7.1.1 तकनीकी शिक्षा मानव संसाधन विकास के सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटकों में से एक हैं जिसमें उत्पादों तथा सेवाओं का महत्व बढ़ाने, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान देने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार करने की अधिक सम्भावना दिखाई देती है। इस क्षेत्र के महत्व को पहचानते हुये क्रमिक पंचवर्षीय योजनाओं में तकनीकी शिक्षा के विकास पर अधिक बल दिया गया।

7.1.2 पिछले चार दशकों के दौरान, देश में तकनीकी शिक्षा सुविधाओं का असाधारण विस्तार हुआ है जैसा कि आगे दिए गए ग्राफों से स्पष्ट हो जाता है तथापि इसके कार्यक्षेत्र को बढ़ाने तथा विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों तक इसकी पहुंच बढ़ाने एवं इसकी उत्पादकता में और सुधार करने के लिए तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अभी और बहुत कुछ प्राप्त करना बाकी है। इसके अतिरिक्त सामाजिक, आर्थिक, औद्योगिक तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सदी बदलने के साथ-साथ परिवर्तनशील परिस्थितियों पर विचार करने की आवश्यकता है ताकि तकनीकी शिक्षा प्रणाली अपनी भूमिका और अधिक प्रासंगिक रूप से तथा उद्देश्यपूर्ण ढंग से निभा सके। इन्हीं विचारों पर आधारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कार्रवाई योजना में, तकनीकी शिक्षा प्रणाली में और सुधार करने के लिए अनेक नये उपायों का यथोचित उल्लेख किया गया है। इनमें आधुनिकीकरण तथा अप्रचलित सामग्री को हटाना, संस्थागत-उद्योग में परस्पर तालमेल को प्रौन्नत करना, पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों की पुन: संरचना करना, उद्यमता विकास, महिलाओं की तकनीकी शिक्षा को प्रौन्नत करना, तकनीकी शिक्षा को विकास क्षेत्रों के साथ जोड़ना और ग्रामीण विकास के लिए विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी का अनु-प्रयोग शामिल है।

7.1.3 आलोच्य वर्ष के दौरान तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण कार्य किये गये। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित कई कार्यक्रमों और योजनाओं के कार्यान्वयन के क्षेत्र में पर्याप्त प्रगति हुई। सांविधिक अधिकार प्राप्त अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् ने उसे सौंपे गये कार्यों को पूरा करने के लिए अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। सांविधिक अधिकार प्राप्त अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की पहली बैठक 6 जुलाई, 1988 को हुई। पाठ्यक्रमों और संस्थाओं के लिए नियम, मापदण्ड और स्तर, शुल्क, प्रवेश-दिशानिर्देश, संस्थाओं और पाठ्यक्रम के निष्पादन-मूल्यांकन के लिए प्रत्यायन का विवरण, राज्य-निदेशालयों के लिए माडल, और राज्यों तथा केन्द्रीय संस्थाओं की परिप्रेक्ष्य योजनाओं और कार्रवाई योजनाओं को सूत्रबद्ध किया गया। नई संस्थाओं/पाठ्यक्रमों को शुरू करने के लिए कई प्रस्तावों की जांच की गई और उसमें से 70 को स्वीकार किया गया।

7.2.0 इस वर्ष के दौरान, तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों तथा उनकी प्रगति का संक्षिप्त सारांश नीचे दिया गया है :—

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान

7.2.1 अवर-स्नातक स्तर पर इंजीनियरी तथा प्रयुक्त विज्ञान में शिक्षा तथा प्रशिक्षण के प्रमुख केन्द्रों के रूप में और स्नातकोत्तर अध्ययन तथा अनुसंधान के लिए पर्याप्त सुविधायें प्रदान करने के लिए खड़गपुर, बम्बई, मद्रास, कानपुर तथा दिल्ली में पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित किये गये थे। ये राष्ट्रीय महत्व के संस्थान हैं।

7.2.2 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री (बी.टेक.) प्राप्त करने के लिए चार वर्षीय अवर-स्नातक कार्यक्रम आयोजित करते हैं। वे भौतिकी, रसायन शास्त्र तथा गणित में पांच वर्ष की अवधि के समेकित मास्टर डिग्री पाठ्यक्रम विभिन्न विशेषज्ञताओं में डेढ़ वर्ष के एम. टेक. डिग्री पाठ्यक्रम और चुनिन्दा क्षेत्रों में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त ये संस्थान इंजीनियरी, विज्ञान, मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में पी.एच.डी. कार्यक्रम प्रदान करते हैं। विशेषज्ञता के ज्ञात क्षेत्रों में प्रत्येक संस्थान में प्रशिक्षण तथा अनुसंधान के उन्नत केन्द्र भी है।

7.2.3 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों ने प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के मामले में बड़े योगदान दिये हैं। अनेक उद्योगों को या तो प्रायोजन द्वारा अथवा अपनी ओर से इन संस्थानों द्वारा किये गये अनुसंधान कार्य से लाभ पहुंचा है। इन वर्षों में उन्होंने पेटेन्ट को विकसित करने और उद्योग द्वारा उनका उपयोग करने में भी सफलता प्राप्त की है। प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाओं और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों तथा उनके संकाय द्वारा शुरू किये परामर्शी कार्य द्वारा संस्थानों को प्रत्येक वर्ष पर्याप्त राजस्व प्राप्त होता है।

7.2.4 देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा दिया गया अन्य महत्वपूर्ण योगदान अन्य इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी संस्थानों के लाभ के लिए पाठ्यचर्याओं आदि के विकास में उनके द्वारा दी गई सहायता है।

7.2.5 इन संस्थाओं को अपने स्नातकों पर नाज़ है—क्योंकि पास होकर निकलने पर वे उच्च स्तरीय क्षमता, मूल्यों और परिपक्वता का परिचय देते हैं। सर्वाधिक होनहार छात्रों का चयन तथा प्रशिक्षण की अति उच्च कोटि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पद्धति की शक्तियां हैं जो कि उत्कृष्टता के लक्ष्य से प्रतिबद्ध है। आलोच्य वर्ष के दौरान, इन संस्थानों ने अप्रचलित उपस्करों के प्रतिस्थापन तथा प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाने की प्रक्रिया को इस प्रयोजन के लिए प्रदान की गई निधियों की सहायता से जारी रखा।

7.2.6 इन संस्थानों ने क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों को संस्थागत नेटवर्क योजना के अंतर्गत उनकी प्रयोगशालाओं तथा संकाय के विकास में सहायता करना भी जारी रखा।

7.2.7 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के छात्रों के प्रवेश को सुधारने के लिए 10 महीने की अवधि का एक विशेष तैयारी पाठ्यक्रम जारी रखा गया। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उन छात्रों को, जो भारतीय प्रौद्योगिक संस्थानों में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं परन्तु एक न्यूनतम अंक प्रतिशतता प्राप्त कर लेते हैं इस तैयारी पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है। तैयारी पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, इन छात्रों को एक अर्हक परीक्षा देनी होती है जिसके आधार पर पुनः संयुक्त प्रवेश परीक्षा में बैठे बिना बी.टेक. कार्यक्रम में प्रवेश प्रदान कर दिया जाता है। इससे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में अनु. जाति/अनु. जनजाति के छात्रों के प्रवेश की स्थिति में पर्याप्त सुधार हुआ है। अनु. जाति/अनु. जन जाति के छात्रों को इन संस्थानों से निःशुल्क भोजन के अतिरिक्त जेब खर्च, ऋण तथा विवेकाधीन अनुदानों के रूप में वित्तीय सहायता भी प्राप्त होती रही।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान	दाखिला अवर स्नातक/स्नातकोत्तर+ अनुसंधान	छात्र-संख्या अवर-स्नातक/स्नातकोत्तर+ अनुसंधान	उत्तीर्ण अवर-स्नातक/स्नातकोत्तर+ अनुसंधान
दिल्ली	277/799	1054/1654	209/439
मद्रास	267/493	1067/1281	247/481
कानपुर	268/295	1070/893	220/261
बम्बई	326/606	1249/1364	268/404
खड़गपुर	364/504	1477/1094	378/442

7.2.8 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में दिए गये दिशानिर्देशों को कार्यान्वित करने के लिए प्रत्येक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने, अपनी-अपनी कार्रवाई योजना तैयार की है। जैसा कि योजना आयोग ने इच्छा प्रकट की है, इन संस्थानों ने आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विशिष्ट क्षेत्रें के विकास के लिए दृष्टिकोण दस्तावेज़ भी तैयार किए हैं। आगे विकास में अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने पर बल दिया जाएगा जिनमें अतिरिक्त छात्रावासों और कर्मचारियों के क्वार्टरों के निर्माण, प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण, उभरते हुये महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नए पाठ्यक्रमों का आरम्भ, अप्रचलित उपस्कर को हटाना, गुणवत्ता सुधार, कर्मचारियों और संकाय विकास आदि के लिए नये कार्यक्रमों को शुरू करना भी शामिल हैं।

7.2.9 उच्च अधिकार प्राप्त समीक्षा समिति, जिसने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के कार्यचालन और कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन किया था, ने अपनी रिपोर्ट, फरवरी 1987 में प्रस्तुत कर दी थी। यथेष्ट विचार और संवीक्षा करने के पश्चात् बहुत सी सिफारिशों को क्रियान्वित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में भेजा गया है। अन्य सिफारिशों पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान परिषद् और अधिकृत समिति द्वारा विचार किया जा रहा है। सिफारिशों के कार्यान्वयन की मानीटरिंग भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान परिषद् द्वारा की जायेगी।

1988-89 में पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के लिए बजट प्रावधान 91 करोड़ रुपये था।

7.2.10 'असम समझौता' के अंतर्गत, सरकार असम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करने के लिए सहमत हो गई थी। यह संस्थान देश में छठा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान होगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के लिए स्थान नौगांव जिले में मिसा में चुना गया है। इस संस्थान का विस्तार केन्द्र गुवाहटी में होगा। राज्य सरकार द्वारा दोनों स्थानों पर भूमि-अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू हो गई है। विशेषज्ञ परियोजना टीम ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की है। जिसे अब अन्तिम रूप दिया जा रहा है। 1989-89 में इस योजना के लिए बजट प्रावधान 400 लाख रुपये था।

भारतीय प्रबन्ध संस्थान :

7.3.1 प्रबन्ध के क्षेत्र में कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तथा इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में अनुसंधान आयोजित करने और ज्ञान-वृद्धि में योगदान करने के लिए कलकत्ता, अहमदाबाद, बंगलौर और लखनऊ में क्रमशः 1961, 1962, 1972 और 1984 में यह चार भारतीय प्रबन्ध संस्थान स्थापित किये गये। ये संस्थान प्रबन्ध में स्नातकोत्तर तथा फैलोशिप कार्यक्रम आयोजित करते हैं और इसके साथ-साथ उद्योगों में प्रबन्धकों के लिए कार्यपालक विकास कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं। वे कार्मिकों के लिए सेवाकालीन कार्यक्रम भी संचालित करते है। वर्ष के दौरान, संस्थानों ने अनेक व्यवस्थापन कार्यक्रम संचालित किये और बड़ी संख्या में परामर्श परियोजनाएं भी प्रारम्भ कीं।

7.3.2 लखनऊ में नये संस्थान ने अपना पहला शैक्षिक सत्र जुलाई, 1985 में शुरू किया। यह विकास के चरण में हैं। संस्थान ने अपने स्थायी स्थल का कब्जा ले लिया है जहां सिविल निर्माण-कार्य को रहा है।

राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान (रा. औ. ई. प. स.)

7.4.0 राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान, बम्बई की स्थापना औद्योगिक इंजीनियरी तथा संबद्ध क्षेत्रों में प्रशिक्षण के लिए सुविधाएं प्रदान करने हेतु संयुक्त-राष्ट्र विकास कार्यक्रम की सहायता से एक स्वायत्त निकाय के रूप में 1963 में की गई थी। संस्थान औद्योगिक इंजीनियरी में स्नातकोत्तर कार्यक्रम, एम. टेक के समकक्ष औद्योगिक इंजीनियरी में (अनुसंधान द्वारा) स्नातकोत्तर डिप्लोमा और पी.एच-डी. के समकक्ष औद्योगिक इंजननियरी में फैलोशिप कार्यक्रम प्रदान करता है। यह औद्योगिक इंजीनियरी तथा प्रबन्ध तकनीकों के क्षेत्रों में विविध अल्पकालीन कार्यपालक विकास कार्यक्रम आयोजित करता है। संस्थान, संचालन अनुसंधान, सूचना पद्धतियों, कार्य पद्धति डिज़ाइन संगणक और उनके प्रयोग, औद्योगिक सम्बंध, कार्य-मूल्यांकन, आपद-विश्लेषण और प्रबन्ध से संबंधित अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान तथा परामर्शदात्री सेवाएं सक्रिय रूप से प्रदान करने में लगा हुआ है। संस्थान ने हैदराबाद के और उसके आस-पास उद्योगों और संगठनों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, हैदराबाद में एक विस्तार केन्द्र की स्थापना की है।

राष्ट्रीय ढलाई और गढ़ाई प्रौद्योगिकी संस्थान

7.5.1 रांची स्थित यह संस्थान ढलाई तथा गढ़ाई प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण तथा अनुसंधान के लिए एक शिखर संस्था के रूप में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम-यूनेस्को के सहयोग से वर्ष 1966 के दौरान स्थापित किया गया था। यह भारत सरकार द्वारा पूर्णतः वित्त पोषित एक स्वायत्त संस्था है। संस्थान के उद्देश्य हैं :—

- उच्च डिप्लोमा पाठ्यक्रमों, पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों, एम. टेक. पाठ्यक्रमों के जरिए प्रशिक्षण प्रदान करना और उद्योग द्वारा अपेक्षित यूनिट-आधारित कार्यक्रम संचालित रना।
- गढ़ाई और ढलाई प्रौद्योगिकी में प्रयुक्त अनुसंधान में मार्गदर्शन करना तथा संचालन करना, और

तकनीकी शिक्षा की प्रगति

इंजीनियरी और तकनीकी कालेज (डिग्री और उससे उच्च स्तर)					
संस्थाओं की संख्या	33	78	107	120	225
नामांकन (हजारों में)	17	48	93	130	182
इंजीनियरी और प्रौद्योगिकीय कालेज (डिग्री स्तर से कम)					
संस्थाओं की संख्या	78	130	631	885	1075
नामांकन (हजारों में)	38	84	133	331	303*

* 1983-84 से सम्बन्धित





– ढलाई, गढ़ाई और सम्बद्ध उद्योगों को परामर्शी परीक्षण, प्रलेखन और सूचना-सेवाएं प्रदान करना।

7.5.2 संस्थान ने ढलाई तथा गढ़ाई प्रौद्योगिकी में अपना 15वां उच्च डिप्लोमा पाठ्यक्रम सितम्बर, 1987 में आरम्भ किया था जिसमें कुल 54 छात्र थे। एम. टेक. का तीसरा बैच अगस्त 1987 में आरम्भ किया गया था, जिसमें कुल 13 छात्र थे। वर्ष 1987-88 के दौरान, संस्थान ने 9 पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किए जिसमें 72 प्रायोजित प्रत्याशियों ने भाग लिया। संकाय सदस्यों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों/संगोष्ठियों /सम्मेलनों में भाग लिया और उन्होंने 16 तकनीकी पेपर प्रस्तुत किये ओर प्रकाशित किये। संस्थान ने कई एजेन्सियों के साथ तालमेल स्थापित किया तथा अनुसंधान एवं परामर्शी परियोजनाएं भी बड़ी मात्रा में आरम्भ कीं।

7.5.3 संस्थान ने होरीज़न – 3,32 बिट विभिन्न परिधियों के साथ 2 आर. ए. एम. पद्धति सहित एक संगणक केन्द्र की भी स्थापना की। नवीनतर पद्धतियों के निकट भविष्य में प्राप्त कर लिए जाने की सम्भावना है। वर्ष 1988-89 के दौरान संस्थान का बजट-प्रावधान 180.00 लाख रुपये था।

आयोजना तथा वास्तुकला स्कूल।

7.6.1 नई दिल्ली स्थित इस स्कूल की स्थापना 1955 में मानव बस्तियों और पर्यावरण से संबंधित क्षेत्रों में प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक अग्रगामी संस्था के रूप में की गई थी। यह एक स्वायत्त संस्था है और भारत सरकार द्वारा पूर्णतः वित्तपोषित है। इस स्कूल को वर्ष 1979 में "समझा जाने वाला विश्वविद्यालय" का दर्जा दिया गया था ताकि यह अपने शैक्षिक कार्यक्रमों के क्षेत्रों को विस्तृत कर सके, अनुसंधान तथा विस्तार कार्यक्रमों को और अधिक बढ़ावा दे सके और अपनी ही अवर-स्नातक, स्नातकोत्तर तथा डाक्टोरल उपाधियां प्रदान कर सकें।

7.6.2 यह स्कूल वास्तुकला में स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम आयोजित करता है जिसमें दो पारियों में वार्षिक संस्वीकृत प्रवेश क्षमता 68 है। यह स्कूल आयोजना (शहरी तथा क्षेत्रीय आयोजना, परिवहन आयोजना और आवास में विशिष्टता के साथ), वास्तुकला (शहरी डिज़ाइन तथा वास्तुशिल्पीय-संरक्षण-में विशिष्टताओं के साथ), भवन इंजीनियरी और प्रबन्ध तथा भूदृश्य वास्तुकला में निष्पात डिग्री पाठ्यक्रम भी संचालित करता है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की कुल प्रवेश क्षमता 110 है। संस्थान पी. एच. डी. कार्यक्रम भी संचालित करता है जिसकी प्रवेश क्षमता 10 है। अन्तर-विषय अनुसंधान तथा विस्तार कायक्रमों को बढ़ावा देने तथा उन्हें समन्वित करने के उद्देश्य से, स्कूल ने पहले से ही अध्यापन विभागों के संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य कर रहे विद्यमान ग्रामीण विकास और पर्यावरणीय अध्ययनों के केन्द्रों के अतिरिक्त एक संरक्षण अध्ययन केन्द्र तथा विश्लेषण और पद्धति अध्ययन केन्द्र की स्थापना की है। विश्लेषण और पद्धति अध्ययन केन्द्र में, संगणक सहायतायुक्त डिज़ाइन के लिए उन्नत सुविधाओं के साथ एक अपोलो डी. एन. 560 संगणक स्थापित किया गया है।

7.6.3 आलोच्य वर्ष के दौरान, स्कूल के महारानी बाग परिसर में एक छात्रावास, एक अतिथि-गृह और 71 कर्मचारियों के क्वार्टरों का स्थानीय निर्माण कार्य आरम्भ किया गया। इस स्कूल ने कई अध्ययन गोष्ठियां, कार्यशालाएं और अल्पकालीन पाठ्यक्रमों का आयोजन किया और बहुत सी अनुसंधान और परामर्शदात्री परियोजनाएं भी आरम्भ कीं।

तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाए

7.7.0 पोलिटेक्निक शिक्षकों को सेवाकालीन प्रशिक्षण देने तथा पालिटेक्निक शिक्षा के समग्र सुधार के लिए कई कार्यकलाप आरम्भ करने के लिए भी सातवें दशक के मध्य में चार तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाएं भोपाल, कलकत्ता, चण्डीगढ़ और मद्रास में आयोजित की गई थी। ये संस्थाएं शिक्षकों को पाठ्यचर्या विकास और संबद्ध कार्यकलापों से अवगत कराने के लिए अल्पकालिक प्रशिक्षण देने के अतिरिक्त पालिटेक्निकों के डिग्री और डिप्लोमाधारी शिक्षकों को 12 माह/18 माह की अवधि के दीर्घकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करती है। मद्रास और भोपाल स्थित पालिटेक्निक अब तकनीकी अध्यापन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान करने के स्तर तक पहुंच गए हैं। शिक्षक प्रशिक्षण के अतिरिक्त, ये संस्थाएं संसाधन विकास, विस्तार कार्य, परामर्शदात्री और परियोजनाएं बनाने जैसे कार्यकलाप भी आयोजित करती है। ये संस्थाएं यू. एन. डी. पी. परियोजना के अंतर्गत शैक्षिक फिल्म-निर्माण, राष्ट्रीय परीक्षण सेवाओं, शैक्षिक पैकेजों आदि को तैयार करने में गहरी रुचि ले रही हैं।

आलोच्य वर्ष के दौरान, इन संस्थाओं ने अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले कई क्षेत्रों में अपने कार्यकलापों को जारी रखा और पालिटेक्निक शिक्षा के आगे विकास के लिए महत्वपूर्ण रूप से योगदान दिया।

अंतराष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिक्षा केन्द्र

7.8.0 अंतराष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी केन्द्र की स्थापना 1986 में, देश में विद्यमान संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से कार्य करने तथा एक संसाधन केन्द्र और सहयोगी अनुसंधान केन्द्र के रूप में कार्य करने के लिये की गई थी। यह अंतराष्ट्रीय केन्द्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान कार्यक्रमों को भी समन्वित करेगा जिसके लिए देश में थोड़े से प्रयास किये गये हैं जबकि कई संस्थाएं इस कार्यकलाप में लगी हुई हैं। यह केन्द्र विकासशील देशों की आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा और यूनेस्कों तथा यू. एन. डी. पी. जैसी अंतराष्ट्रीय एजेन्सियों से इसे अपने कार्यक्रमों के लिए सहायता मिलने की सम्भावना हैं। यह केन्द्र एक स्वायत्त संस्था है और यह भारत सरकार द्वारा पूर्णतः वित्त-पोषित है।

गैर-विश्वविद्यालय केन्द्रों में प्रबंध शिक्षा

7.9.0 इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन चुनिन्दा गैर-सरकारी विश्वविद्यालय केन्द्रों को सहायता प्रदान की जाती है जो अखिल भारतीय स्तर पर कार्य कर रहे हैं और प्रबन्ध अध्ययन में 2 वर्षीय पूर्णकालिक और 3 वर्षीय अंशकालिक स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान कर रहे हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के अखिल भारतीय प्रबन्ध अध्ययन बोर्ड की सिफारिशों पर सहायता प्रदान की जाती है।

क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज

7.10.1 दूसरी तथा तीसरी योजना अवधियों के दौरान प्रत्येक प्रमुख राज्य में एक-एक करके चौदह क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों की स्थापना की गई थी ताकि देश आगामी उत्तरवर्ती योजना अवधियों के दौरान प्रशिक्षित कार्मिकों के लिए बढ़ती हुई आवश्यकता को पूरा कर सके। सिल्चर (असम) स्थित पन्द्रहवें क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज ने नवम्बर, 1977 में कार्य करना आरम्भ किया तथा सोलहवां क्षे. ई. कालेज, जो हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में स्थापित किया गया था, ने जुलाई, 1986 में कार्य करना आरम्भ किया। पंजाब के जालन्धर में एक और क्षे. ई. का. स्थापित किये जाने की अनुमति दे दी गई है और आशा है कि यह 1989-90 के शैक्षिक सत्र से आगे कार्य करना आरम्भ कर देगा

7.10.2 जबकि सभी क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज (हमीरपुर के क्षे. ई. का. को छोड़कर) सिविल इंजीनियरी, यान्त्रिक इंजीनियरी, विद्युत इंजीनियरी में प्रथम डिग्री पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं, उनमें से बहुत से क्षे. ई. का. रसायन इंजीनियरी, धातुकर्मीय इंजीनियरी, इलैक्ट्रानिक्स उत्पादन इंजीनियरी, खनन इंजीनियरी, वास्तुकला तथा संगणक विज्ञान में प्रथम डिग्री पाठ्यक्रम भी प्रदान करते है। हमीरपुर स्थित क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज में इस समय सिविल तथा इलैक्ट्रिकल इंजीनियरी तथा इलैक्ट्रानिक्स में प्रथम डिग्री पाठ्यक्रम की व्यवस्था है। चौदह क्षे. ई. कालेज स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का भी संचालन करते हैं। इनमें नौ कालेज उच्च दाब के बायलरों और अन्य सहायक उपकरणों का डिज़ाइन और निर्माण, इस्पात संयंत्रों के लिए भारी मशीनों, परिवहन इंजीनियरी, औद्योगिक तथा समुद्रीय संरचनाओं, समेकित ऊर्जा पद्धतियों आदि जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में उद्योगोन्मुख पाठ्यक्रमों का भी संचालन कर रहे हैं।

7.10.3 आलोच्य वर्ष के दौरान शैक्षिक कार्यक्रमों की विविधता एवं विस्तार, बेकार उपस्करों को बदलने सहित प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाने, छात्रावासों के निर्माण, छात्र-कार्यकलाप केन्द्रों के विकास, अनुसंधान कार्यों के विस्तार, संस्थान-उद्योग सहयोग तथा सतत् शिक्षा कार्यक्रमों जैसे नये कार्यकलाप शुरू करने पर बल दिया गया। इन कालेजों ने अपनी विकास-योजनाओं के कार्यान्वयन में अच्छी प्रगति की। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के साथ संस्थागत नेटवर्क की योजना के अंतर्गत इन कालेजों में एक सौ छप्पन प्रयोगशालाओं का विकास किया जा रहा है। इन संस्थाओं में से चार में प्रमुख फ्रेम कम्प्यूटर है, जबकि अन्य में मुख्यतः छात्रों के प्रशिक्षण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए माइक्रो-प्रणाली और पर्सनल कम्प्यूटर प्राप्त किये गये हैं।

7.10.4 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के कार्यान्वयन के संदर्भ में सभी क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों द्वारा अपने संस्थागत लक्ष्यों और उद्देश्यों को पुनर्भाषित करते हुए और सातवीं योजना की बकाया अवधि और आठवीं योजना अवधि को शामिल करने के लिए परिप्रेक्ष्य योजनओं को दिखाते हुए, कार्रवाई योजना संबंधी

दस्तावेज तैयार किये गये थे। आलोच्य वर्ष के दौरान, क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज प्रणाली को उपलब्ध कराये गये साधनों के सीमित होने के कारण ही इन दस्तावेजों मिें उल्लिखित कार्यकलापों की केवल शुरूआत की जा सकी।

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों और अनुसंधान कार्य का विकास

7.11.1 भारत सरकार प्रत्यक्ष रूप से, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर शिक्षा और अनुसंधान के विकास की केन्द्रीय योजना के अंतर्गत, 15 राज्य सरकार संस्थानों और 24 गैर-सरकारी स्नातकोत्तर संस्थानों को सहायता दे रही है। सामान्य तौर पर तकनीकी शिक्षा के विकास और विशेष रूप से अनुसंधान तथा विकास और विशेष रूप से अनुसंधान तथा विकास को बढ़ावा देने के लिए इस योजना ने पर्याप्त योगदान दिया है। आलोच्य वर्ष के दौरान 7 नए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम स्वीकृत किये गये।

7.11.2 अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त सभी प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थाओं में अनुसंधान शिक्षावृत्ति/अनुसंधान सम्बद्धता-वृत्ति और आकस्मिक अनुदान की राशियां पहली अप्रैल, 1987 से बढ़ा दी गईं।

7.11.3 फरवरी, 1988 में इंजीनियरी में स्नातक अभिरुचि जांच (जी. ए. टी. ई.) परीक्षा आयोजित की गई, जिसके आधार पर स्नाकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिये गये।

गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम

7.12.1 तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता और स्तरों में सुधार करने के उद्देश्य से गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम वर्ष 1970-71 में प्रारम्भ किया गया। इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

(i) संकाय विकास जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं:-

– एम. टेक. और डाक्टोरल कार्यक्रम
– गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम केन्द्रों में अल्पकालीन पाठ्यक्रम
– भारतीय तकनीकी शिक्षा सोसाइटी के जरिए ग्रीष्म और शरद् स्कूल कार्यक्रम

(ii) पाठ्यचर्या विकास, जिसमें प्रयोगशाला विकास, शैक्षणिक सामग्री और पाठ्य-पुस्तकों आदि को तैयार करना शामिल है।

(iii) इंजीनियरी कालेजों और पॉलिटेक्निकों के शिक्षकों के लिए उद्योगों में व्यावहारिक प्रशिक्षण

गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अधीन उपलब्धियां

* पी. ए. डी. के लिए प्रशिक्षित शिक्षक	1100
* एम. टेक. के लिए प्रशिक्षित शिक्षक	1020
* अल्पकालिक पाठ्यक्रमों में डिग्री स्तर पर प्रशिक्षित शिक्षक	12600 (770 पाठ्यक्रम)
* भारतीय तकनीकी शिक्षा सोसाइटी (आई. एस. टी. ई.) के ग्रीष्मकालीन और शीत कालीन स्कूल कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित इंजीनियरी कालेजों और पोलिटेक्निकों के शिक्षक	31890

7.12.2 एम. टेक. और डाक्टोरल कार्यक्रम 5 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थाओं, रूड़की विश्वविद्यालय, भारतीय विज्ञान संस्थान (बंगलौर), बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, कुछ क्षेत्रीय इंजीनियरी कॉलेजों, अन्ना विश्वविद्यालय (मद्रास), और जादवपुर विश्वविद्यालय (कलकत्ता) में कार्यान्वित किये जा रहे हैं। अल्पावधि पाठ्यक्रमों से संबंधित कार्यक्रम इंजीनियरी कालेज शिक्षकों के लिए उपरोक्त केन्द्रों के जरिए और चार तकनीकी शिक्षक-प्रशिक्षण संस्थानों तथा डिप्लोमा स्तर की संस्थाओं के शिक्षकों के लिए इंजीनियरी व ग्रामीण प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद के जरिए कार्यान्वित किये जाते हैं। जबकि उद्योग में अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा आयोजित किये जाते हैं, ग्रीष्म/शरद् स्कूलों का कार्यक्रम भारतीय तकनीकी शिक्षा सोसाइटी के जरिये आयोजित किया जाता है।

7.12.3 वर्ष 1987-88 तक लगभग 1020 शिक्षक एम. टेक. के लिए और 1100 शिक्षक पी. एच. डी. के लिए प्रशिक्षित किये गये। गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम केन्द्रों में लगभग 770 अल्पकालिक पाठ्यक्रम डिग्री स्तर के शिक्षकों के लिए आयोजित किये गये जहां लगभग 12,600 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। इंजीनियरी कॉलेजों और पालिटेक्निकों के शिक्षकों के लिए भारतीय तकनीकी शिक्षा सोसाइटी द्वारा लगभग 1472 अल्पकालिक ग्रीष्म/शरद् स्कूल कार्यक्रम आयोजित

किये गये जिनमें लगभग 31,890 शिक्षक प्रशिक्षित किये गये। तकनीकी शिक्षक-प्रशिक्षण संस्थान ने पालिटेक्निक शिक्षकों के लिए लगभग 1520 अल्पकालिक कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा 31,000 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। उद्योग में अल्पकालिक कार्यक्रम के अंतर्गत डिग्री और डिप्लोमा स्तरों पर 6,300 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

7.12.4 डिग्री स्तर पर पाठ्यचर्या विकास सैलों ने अब तक 250 पाठ्य-पुस्तकें, 125 मोनोग्राफ्स, 50 नियम-पुस्तिकाओं, 125 अन्य प्रकाशनों का प्रकाशन तथा लगभग 175 कार्यशालाओं औ सेमिनारों का आयोजन किया। भारतीय तकनीकी शिक्षा सोसाइटी ने भी लगभग 90 शिक्षक नियम-पुस्तिकाओं का प्रकाशन किया।

संगणकीकरण और जनशक्ति विकास

7.13.1 संगणक संबंधी जागरुकता उत्पन्न करने और इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी में विद्यमान पाठ्यक्रमों में विभिन्न संगणक कार्यक्रम आरम्भ करने के लिए भारत सरकार तकनीकी संस्थाओं के लिए संगणक सुविधाओं के अर्जन के लिए सहायता प्रदान करती रही है। यह राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी केन्द्र, बम्बई के जरिए स्वदेशी "O" "ओ" संगणकों की जांच करवा रही है। राष्ट्रीय साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी केन्द्र से प्राप्त मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर 24 प्रणालियों को अब तक स्वीकृति दी जा चुकी है। सातवीं योजना के दौरान सभी स्वीकृत इंजीनियरी कॉलेजों में कम से कम "O" स्तरीय संगणक प्रदान करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

7.13.2 आलोच्य वर्ष के दौरान इलैक्ट्रानिकी विभाग के सहयोग से संगणक अनुप्रयोग में 1½ वर्षीय पोस्ट-पालिटेक्निक डिप्लोमा शुरू करने के लिए कुछेक और पालिटेक्निकों का चयन किया गया जिससे ऐसे पालिटेक्निकों की कुल संख्या 55 हो गई है। संगणक अनुप्रयोग में त्रिवर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री-पाठ्यक्रम में ऐसी संस्थाओं की कुल संख्या 56 हो गयी है। संगणक विज्ञान/इंजीनियरी में अवर-स्नातक कार्यक्रम को 37 केन्द्रों में स्वीकृत किया गया है।

संस्थागत नेटवर्क योजना

7.14.1 यह योजना 1981-82 में शुरू की गई थी ताकि प्रयोगशालाओं के विकास, संकाय के विनिमय, संकाय सदस्यों के प्रशिक्षण, और अनुसंधान कार्यक्रमों में सहयोग के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों जैसे विकसित प्रौद्योगिकी संस्थानों और कम विकसित संस्थानों अर्थात् क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों और राज्य इंजीनियरी कालेजों के बीच आंतरिक सहायता कार्यक्रम का नेटवर्क विकसित किया जा सके।

7.14.2 सातवीं योजना अवधि के पहले तीन वर्षों के दौरान नेटवर्क योजना के जरिए 120 प्रयोगशालाएं विकसित की गईं और इस प्रयोजन के लिए 300 लाख रुपये की धनराशि दी गई है। वर्ष 1988-89 के दौरान 100 लाख रुपये की लागत पर 40 अन्य प्रयोगशालाएं विकसित करने का प्रस्ताव हैं।

7.14.3 इस योजना के प्रावधानों के अनुसार, 5 लाख रुपये के अनुदान द्वारा नेटवर्क की एक परियोजना स्वीकृत है, जिसमें से 50% इस विभाग द्वारा और शेष 50% सम्बद्ध संस्थान द्वारा पूरा किया जाता है।

7.14.4 वर्षों से इस योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा के बाद, योजना के संचालन में निम्नलिखित परिवर्तन लागू किए गये हैं :–

(i) उपकरणों की खरीद पर दबाव कम होगा और संकाय विनियम, संयुक्त व सहयोगात्मक अनुसंधान, पाठ्यचर्या विकास, परामर्श, संगणक समय के लिए प्रावधान, उपकरणों की मरम्मत और रख-रखाव आदि जैसी प्रभावी "आंतरिक सहायता" पर अधिक दबाव होगा। उपकरणों की खरीद के लिए अनुदान का 40% और प्रभावी आंतरिक सहायता के लिए 60% का उपयोग हो सकता है।

(ii) एक ओर शैक्षिक संस्थाओं और दूसरी ओर सी. एस. आई. आर., अनुसंधान प्रयोगशालाओं, रक्षा अनुसंधान प्रयोगशालाओं और अन्य उपभोक्ता एजेन्सियों के बीच संबंध स्थापित करते हुए योजना का कार्यक्षेत्र विकसित किया जाना है। संस्थागत नेटवर्क पर एक व्यापक आधार वाली योजना शीघ्र ही तैयार की जायेगी।

तकनीकी शिक्षा के विशिष्ट क्षेत्र

(क) प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण तथा कमजोर क्षेत्रों में औद्योगिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना

7.15.1 इस योजना को छठी योजना के दौरान

आरम्भ किया गया था और सातवीं योजना के दौरान क्षेत्र और आयाम की दृष्टि से सुधार किये गये थे जिनका उद्देश्य प्रौद्योगिकी के निश्चित चुनिन्दा क्षेत्रों में जहां काफी कमियां विद्यमान हैं, प्रौद्योगिकीय अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण/पाठ्यक्रमों की विविधता द्वारा दुर्बलता निवारण के लिए निर्धारित प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण क्षेत्र संस्थाओं में अवर-स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रम प्रस्तुत करके निम्नलिखित द्वारा सुविधाओं को सुदृढ़ करना था: (I) भौतिकीय सुविधाओं में वृद्धि जैसे प्रयोगशाला उपस्कर, स्थान, निकाय और सहायक स्टाफ, (II) पाठ्यक्रमों की विविधता और (III) स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए आधार तैयार करना। प्रौद्योगिकी के वे चुनिन्दा क्षेत्र जहां कमियां विद्यमान हैं वे हैं :- कम्प्यूटर विज्ञान/ प्रौद्योगिकी इलैक्ट्रानिकी, शल्यकर्म, पदार्थ विज्ञान/ प्रौद्योगिकी, अनुरक्षण इंजीनियरी, उत्पाद विकास/ अभिकल्पना/ जैव-सम्परिवर्तन, एरगोनोमिक्स, मुद्रण प्रौद्योगिकी, प्रबन्ध-विज्ञान और व्यवसाय।

- ☐ कम्प्यूटर विज्ञान/प्रौद्योगिकी
- ☐ इलैक्ट्रानिक्स
- ☐ इन्स्ट्रूमेन्टेशन
- ☐ पदार्थ विज्ञान/प्रौद्योगिकी
- ☐ अनुरक्षण इंजीनियरी
- ☐ उत्पाद विकास/डिजाइन
- ☐ बायो कनवर्शन
- ☐ ऑर्गोनॉमिक्स
- ☐ मुद्रण प्रौद्योगिकी
- ☐ प्रबंध विज्ञान और उद्यमशीलता

7.15.2 217 परियोजनाओं को सहायता प्रदान करते हुए सातवीं योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान 2446.75 लाख रुपये दिये गये। 800.00 लाख रुपये मूल्य पर 1988-89 के दौरान 55 परियोजनाओं को सहायता देने का प्रस्ताव हैं।

(ख) नई प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में अवस्थापना का निर्माण।

7.15.3 यह योजना छठी योजना अवधि के दौरान चुनिन्दा इंजीनियरी/ प्रौद्योगिकी संस्थाओं में नई प्रौद्योगिकी के 14 निर्धारित क्षेत्रों में शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण के लिए प्रयोगात्मक आधार पर शुरू की गई थी। सातवीं योजना अवधि के दौरान योजना के क्षेत्र और आयाम को बढ़ाया गया था। योजना के मुख्य उद्देश्य हैं :-

- नई प्रौद्योगिकी के निर्धारित क्षेत्रों में आधुनिक प्रयोगशाला के संबंध में अवस्थापना का विकास।
- निर्धारित कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों द्वारा उच्चस्तरीय कार्य के लिए मजबूत आधार विकसित करना।
- राष्ट्रीय स्तर पर प्रौद्योगिकी के अनुवर्ती क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास के कार्यकलापों के लिए सुविधायें तथा समर्थन प्रदान करना ताकि धीरे-धीरे विकसित देशों की तुलना में प्रौद्योगिकी के अंतर को पाटा जा सके।
- जन शक्ति का विकास
- संकाय के प्रशिक्षण की सुविधायें।
- अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठानों तथा प्रयोक्ता अभिकरणों सहित अन्य संस्थानों के साथ सम्पर्क बढ़ाना।
- समर्थित संस्थानों द्वारा विकसित सुविज्ञता के क्षेत्र में सूचना का प्रसार।

अवस्थापना सृजन के लिए निर्धारित नई प्रौद्योगिकियां

- ☐ ऊर्जा विज्ञान
- ☐ परिवहन इंजीनियरी
- ☐ माइक्रो इलैक्ट्रानिक्स
- ☐ सुदूर सुग्राहिता
- ☐ वायुमंडलीय विज्ञान
- ☐ विश्वसनीयता इंजीनियरी
- ☐ पर्यावरणीय इंजीनियरी
- ☐ जल संसाधन प्रबंध
- ☐ प्रकाशीय संचार और फाइबर प्रकाश विज्ञान
- ☐ लेसर प्रौद्योगिकी
- ☐ इन्फोर्मेटिक्स
- ☐ टेलीमेटिक्स
- ☐ शिक्षा प्रौद्योगिकी
- ☐ कम्प्यूटर आधारित डिजाइन/कम्प्यूटर आधारित विनिर्माण
- ☐ माइक्रो प्रोसेसर
- ☐ रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धि

तकनीकी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए सहायता

(वर्ष 1985-89 के दौरान 30 क्षेत्रों को सहायता दी गई)

क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	शामिल की गई संस्थाओं की संख्या	अनुदान (लाख रू० में)
1	2	3	4
संगणक विज्ञान/इनफार्मेटिक्स/माइक्रोप्रोसेसर्स	120	50	1335
रोबोटिक्स/कृत्रिम आसूचना/सी.ए.डी.सी.ए.एम.	89	45	1503
इलेक्ट्रानिक्स/माइक्रो इलेक्ट्रानिक्स	89	35	1089
इन्स्ट्रूमेंटेशन	53	39	607
लेसर प्रौद्योगिकी/फाइबर आप्टिकस/सुदूर संवेदन	51	39	722
पदार्थ विज्ञान	34	30	397
उत्पाद विकास अनुरक्षण प्रौद्योगिकी/विश्वसनीयता	32	24	589
पर्यावरणात्मक प्रौद्योगिकी	44	18	519
जैव प्रौद्योगिकी	26	23	314
ट्रांसपोर्टेशन	25	18	257
जल संसाधन प्रबंध	23	23	179
उर्जा विज्ञान	18	16	225

7.15.4 इस योजना के अंतर्गत सहायतार्थ जिन क्षेत्रों की पहचान की गई वे हैं : ऊर्जा विज्ञान, परिवहन इंजीनियरी, माइक्रो-इलैक्ट्रानिकी, दूरस्थ संवेदन, वातावरण, विज्ञान, विश्वसनीयता विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, जल संसाधन प्रबंध, ऑप्टिकल संचार और फाइबर ऑप्टिक्स, लेसर प्रौद्योगिकी, इनफोर्मेटिक्स, टेलीमेटिक्स, शिक्षा–प्रौद्योगिकी, संगणक सहायता प्राप्त डिज़ाइन/संगणक सहायता प्राप्त निर्माण, माइक्रो-प्रोसेसर, रोबेटिक्स तथा कृत्रिम बुद्धि।

7.15.5 सातवीं योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान 206 परियोजनाओं को 2911.25 लाख रुपये जारी किये गये। 1988-89 के दौरान 125 परियोजनाओं की सहायता करने का प्रस्ताव है।

(ग) नई और/या उन्नत प्रौद्योगिकियों और विशेषज्ञता के क्षेत्रों में नये पाठ्यक्रम लगाने के कार्यक्रम।

7.15.6 यह एक नई योजना है जो वर्ष 1987-88 के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के एक भाग के रूप में शुरू की गई थी। यह योजना बदलती हुई औद्योगिक परिस्थितियों और विश्वभर के प्रौद्योगिकी विकास की गति को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। प्रौद्योगिकी के परम्परागत क्षेत्रों के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के कई नए उभरते हुए क्षेत्र हाल ही के वर्षों में विकसित हुए हैं जो कि राष्ट्रीय आवश्यकताओं के लिए प्रासंगिक हैं, जहां उपयुक्त विशेषज्ञता के साथ जन-शक्ति का विकास किया जाना आवश्यक है। प्रौद्योगिकी के 46 नए/सुधरे हुए क्षेत्रों का पता लगाया गया है जहां इस योजना के अंतर्गत कार्यक्रमों/पाठ्यक्रमों को सहायता दी जायेगी।

7.15.7 वर्ष 1987-88 के दौरान केवल 37.00 लाख रुपये की लागत से दो परियोजनाओं की सहायता की गई। वर्ष 1988-89 के दौरान 12 परियोजनाओं को सहयोग देने का प्रस्ताव है।

आधुनिकीकरण और पुरानी अप्रचलित चीजों को हटाना

7.16.1 छठी योजना अवधि के दौरान, चुनिन्दा इंजीनियरी कालेजों में शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष केन्द्रीय सहायता के आधार पर, प्रौद्योगिकीय प्रगति और पाठ्यक्रमों के परिवर्तन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक यंत्रों और मशीनों को प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई थी।

7.16.2 सातवीं योजना अवधि के दौरान और विशेष रूप से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अपनाये जाने के बाद में इस योजना का क्षेत्र और आयाम काफी बढ़ गया है जिसमें तकनीकी विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालयों के प्रौद्योगिकी संकाय, पालिटेक्निक सहित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों और अन्य इंजीनियरी कालेजों को सम्मिलित करना तथा मानव संसाधनों संबंधी पुरानी अप्रचलित चीजों को हटाना शामिल है। इस योजना के उद्देश्यों को निम्नानुसार पुनः परिभाषित किया गया है :

- इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं में अप्रचलित मशीनों और उपकरणों को हटाना।
- प्रौद्योगिकी के तीव्र विकास के परिणाम-स्वरूप संबद्ध पाठ्यचर्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नए अतिरिक्त उपस्करों द्वारा आधुनिकीकरण
- छात्रों को आधुनिक प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला कार्य का अनुभव प्रदान करना।
- नई प्रयोगशालाओं का निर्माण।
- संगणकों का प्रावधान।
- संकाय और सहायता करने वाले स्टाफ का प्रशिक्षण और पुनर्प्रशिक्षण।

7.16.3 सातवीं योजना के प्रथम तीन वर्षों के दौरान सहायता प्राप्त परियोजनाओं की संख्या और प्रतिवर्ष

दिये गये (रिलीज़ किये गये) अनुदान की राशि निम्नानुसार है :–

वर्ष	सहायता प्राप्त परि-योजनाओं की संख्या	दिया गया (रिलीज़ किया गया) अनुदान (लाख रूपयों में)
1985-86	131	1500
1986-87	151	1800
1987-88	497	6000
1988-89	530	4300 (प्रस्तावित)

राष्ट्रीय तकनीकी जनशक्ति सूचना प्रणाली

7.17.1 • राष्ट्रीय तकनीकी जनशक्ति सूचना प्रणाली की योजना वर्ष 1983-84 में, सतत रूप से अद्यतन एवं लाभप्रद जनशक्ति संबंधी सूचना प्रदान करने के मुख्य उद्देश्य से शुरू की गई थी ताकि संबंधित शैक्षिक प्राधिकरण इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास क्षेत्रों का पूर्वानुमान लगा सकें और देश में तकनीकी जनशक्ति की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सुव्यवस्थित आधार पर योजनाएं तैयार कर सकें। इस प्रणाली के अंतर्गत प्रयुक्त जनशक्ति अनुसंधान संस्थान में एक लीड सेन्टर, चुने गये इंजीनियरी कालेजों/प्रौद्योगिकी संस्थाओं/प्रशिक्षु प्रशिक्षण बोर्ड में 21 प्रमुख केन्द्र और मंत्रालय में जनशक्ति सैल शामिल हैं। इस योजना की वर्तमान में एक विशेष दल द्वारा समीक्षा की जा रही हैं। इस दल की सिफारिशों के आधार पर इस योजना के कार्य-क्षेत्र का विस्तार करने के लिए अगली कार्रवाई की जायेगी।

उच्च तकनीशियन पाठ्यक्रम

7.18.0 यह योजना वर्ष 1981-82 में डिप्लोमा-धारियों के लिए बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के मुख्य लक्ष्य से शुरू की गई थी। इस योजना के अंतर्गत उन्नत स्तर पर अध्ययन के उच्च पाठ्यक्रम उपलब्ध कराये जाते हैं, ताकि इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी की विभिन्न शाखाओं में डिप्लोमा प्राप्त तकनीशियन अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में उच्च योग्यता प्राप्त कर सकें और व्यावसायिक रूप से प्रगति कर सकें। इन पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्रों की, औद्योगिक क्षेत्र द्वारा बहुत प्रशंसा की गई है। इस समय यह योजना निम्नलिखित 9 संस्थानों के जरिए कार्यान्वित की जा रही है :

(1) वाई.एम.सी.ए. इंजीनियरी संस्थान, फरीदाबाद।

(2) सी.एम. कोठारी प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास।

(3) एस.बी.एम. पॉलिटेक्निक, बम्बई।

(4) इंजीनियरी और ग्रामीण प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद।

(5) कमला नेहरू महिला पॉलिटेक्निक, हैदराबाद।

(6) के.जी. इंजीनियरी संस्थान, बिशनपुर (पश्चिम बंगाल)।

(7) राजकीय पॉलिटेक्निक, खुराई (मध्य प्रदेश)।

(8) खेतान पॉलिटेक्निक, जयपुर।

(9) राजकीय पॉलिटेक्निक, पोरबन्दर।

वर्ष 1988-89 के दौरान इस योजना में 33 लाख रूपये का बजट प्रावधान था।

ग्रामीण विकास के लिए तकनीकी शिक्षा

* ग्रामीण आवश्यकताओं से संबंधित तकनीकी विकास के लिए पंद्रह ग्रामीण प्रौद्योगिक विकास केन्द्र
* ग्रामीण समुदाय को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में लगे 109 सामुदायिक पोलिटेक्निक
* चुनिन्दा सामुदायिक पॉलिटेक्निकों के माध्यम से समग्र ग्रामीण विकास के लिए प्रायोगिक पाइवर परियोजनाएं
* ग्रामीण विकास के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी के विशेष संस्थान

ग्रामीण प्रौद्योगिकी के विकास के लिए केन्द्र

7.19.0 योजना 1980-81 के दौरान शुरू की गई। विभिन्न डिप्लोमा स्तरीय संस्थानों में स्थापित किये गये 15 ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास केन्द्र ग्रामीण



तकनीकी शिक्षा के महत्वपूर्ण क्षेत्र और आधुनिकीकरण के लिए सहायता

राज्य मंत्री (शिक्षा एवं संस्कृति), श्री ललितेश्वर प्रसाद शाही—उद्यमवृत्ति-विकास संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए।

पदार्थ विज्ञान और प्रौद्योगिकी केन्द्र, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली—पदार्थ अनुसंधान में तापीय विश्लेषक।

आवश्यकताओं के अनुरूप प्रौद्योगिकी को विकसित, परिवर्तित और अपनाने के लिए तेजी से कार्य कर रहे हैं।

सामुदायिक पॉलिटेक्निक

7.20.1 यह योजना वर्ष 1978-79 में केन्द्रीय क्षेत्र के अंतर्गत शुरू की गई थी, जिसमें 36 पॉलिटेक्निकों को "सामुदायिक पॉलिटेक्निक" के रूप में कार्य करने के लिए चुना गया था। इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी की विभिन्न शाखाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करने के अतिरिक्त इन पॉलिटेक्निकों से अपेक्षा की जाती हैं कि यह पर्यावरण के साथ तालमेल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के अंतरण को प्रोत्साहित करने के लिए केन्द्र बिन्दु के रूप में कार्य करें। इन पॉलिटेक्निकों द्वारा शुरू किये गये कार्यकलापों में ग्रामीण युवकों के लिए विभिन्न पेशों/व्यवसायों में अल्पकालिक दक्षता-प्रशिक्षण, ग्रामीण लोगों के लिए प्रौद्योगिकी और सहायक सेवाओं का प्रावधान, पहले से ही विकसित, परीक्षित, और अपनाई गई उपयुक्त प्रौद्योगिकी की संबद्ध चीजों का स्थानान्तरण, अधिष्ठापन तथा अनुरक्षण, सूचना एवं प्रसार केन्द्रों की स्थापना और ग्रामीण विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग सहित प्रयोगात्मक मार्गदर्शक परियोजनाएं शुरू करना शामिल हैं। वर्ष 1984-85 के दौरान अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों के निकटस्थ 10 पॉलिटेक्निकों को सामुदायिक पॉलि-टेक्निक के रूप में स्वीकृति दी गई ताकि अल्पसंख्यक समुदायों के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा सके। वर्ष 1988-89 के दौरान असम राज्य में अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में 2 और पॉलिटेक्निकों को शामिल करने के लिए इस योजना का और अधिक विस्तार किया गया। वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत कुल 109 सामुदायिक पॉलिटेक्निक हैं।

7.20.2 सामुदायिक पॉलिटेक्निकों ने दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस योजना के अंतर्गत उपलब्ध सेवाएं और सुविधाएं गांवों में ही उपलब्ध हों, विस्तार केन्द्रों की स्थापना की हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार स्थापित विस्तार केन्द्रों की कुल संख्या लगभग 236 है। इस योजना के प्रारंभ से प्रशिक्षित लोगों की संख्या 94,000 और तकनीकी सेवाओं/प्रौद्योगिकी के स्थानान्तरण के जरिए लाभान्वित गांवों की संख्या लगभग 3600 हैं। इसकी उपयोगिता के मूल्यांकन के लिए इस योजना का हाल ही में मूल्यांकन किया गया है। इस मूल्यांकन के आधार पर इस योजना को और अधिक सुदृढ़ और विस्तृत किया जा रहा है।

प्रशिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम

7.21.1 प्रशिक्षुता अधिनियम 1961 (1973 में संशोधित) के अंतर्गत इंजीनियरी स्नातक और डिप्लोमाधारियों के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम का कार्यान्वयन कानपुर, कलकत्ता बम्बई और मद्रास स्थित चार प्रशिक्षुता बोर्डों के जरिए जारी रहा। उद्योग के साथ बेहतर सम्पर्क के लिए बोर्डों की राज्य स्तरीय समितियां है। प्रशिक्षुओं को दिये जा रहे भत्ते का खर्च प्रशिक्षण संस्थानों और भारत सरकार द्वारा परस्पर बांटा जाता है।

7.21.2 पिछले तीन वर्षों में, 31 अक्तूबर की स्थिति के अनुसार प्रत्येक वर्ष लगाये गये प्रशिक्षुओं की संख्या नीचे दर्शाई गई है :–

	31.10.86	31.10.87	31.10.88
कुल प्रशिक्षाणार्थी	16362	17352	21221
स्नातक प्रशिक्षाणार्थी	4658	4667	6021
डिप्लोमाधारी	11704	12685	15200
अनुसूचित जाति	242	450	547
अनुसूचित जनजाति	65	80	104
अल्पसंख्यक	767	1208	1082
विकलांग	9	2	12
महिलाएं	927	1138	1273

7.21.3 इन बोर्डों द्वारा कुछ इंजीनियरी कालेजों तथा पॉलिटेक्निकों के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए प्रशिक्षुता प्रशिक्षण तथा आजीविका, मार्गदर्शन कार्यक्रम की कोटि सुधारने के लिए कई पर्यवेक्षी विकास कार्यक्रम आयोजित किये गये। ये बोर्ड ऐसी पत्रिकायें प्रकाशित कर रहे हैं जिनमें सूचनात्मक लेख हैं। उनमें से कुछ ने प्रशिक्षण मैनुअल भी तैयार किये हैं।

7.21.4 वर्ष 1988-89 से 10+2 के व्यावसायिक छात्रों के लिए प्रशिक्षुता प्रशिक्षण की एक नई योजना शुरू की गई।

समग्र ग्रामीण विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग हेतु प्रयोगात्मक मार्गदर्शी परियोजनाएं

7.22.0 सातवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल यह एक नई योजना है। इस विशेष योजना का उद्देश्य इस कार्य

में शामिल चुनिन्दा सामुदायिक पोलिटेक्निकों और/अथवा अन्य विशिष्ट संस्थानों को समग्र ग्रामीण विकास हेतु विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग के लिए प्रयोगात्मक मार्गदर्शी परियोजनाएं शुरू करने के लिए सहायता सुलभ कराना है ताकि ये ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त वर्तमान वास्तविक परिस्थितियों के अनुसार और अधिक प्रांसगिक बन सकें और वैज्ञानिक दिशा में ग्रामीण विकास को बढ़ाने और सहायता करने में कुछ व्यवहार्य और परिवर्तित माडलों का विकास हो सके। इस योजना से सम्पूर्ण ग्रामीण विकास के लिए 100 गांवों की एक इकाई के रूप में परिकल्पित किया गया है। इस परियोजना का संचालन व्यावसायिक प्रबन्धकों के एक दल, जिसमें मुख्यालय में एक महाप्रबंधक, मुख्य केन्द्रों में क्षेत्रीय प्रबन्धक और गांव स्तर पर प्रबन्धक होंगे, द्वारा किया जायेगा। समन्वय-संस्थान स्रोत संस्थान का काम करेगा और परियोजना की शासी परिषद् की सहायता करेगा। इस परिषद् में ग्रामीण विकास से सभी संबंधित हित शामिल होंगे। विभिन्न सामुदायिक पालिटेक्निक और अन्य संस्थान आवश्यक वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिकी निवेश प्रदान करेंगे। परियोजना का उद्देश्य 5 वर्षों की अवधि के दौरान रोजगार उत्पन्न करना, उत्पादकता में सुधार लाना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, और जीवन को अधिक मूल्यवान भरापूरा बनाने के लिए वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकी और प्रबंध निवेशों के माध्यम से क्षेत्र की आय को 10 गुणा बढ़ाना हैं। यह परियोजना अनुसंधान कार्रवाई द्वारा वैध मानी जायेगी।

उपयुक्त प्रौद्योगिकी और ग्रामीण विकास के विशेष संस्थान

7.23.0 यह एक मई योजना है जिसे सातवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया है। ये संस्थान उपयुक्त प्रौद्योगिकी और ग्रामीण विकास की विभिन्न शाखाओं में अनुसंधान कार्य के लिए तथा प्रमाण पत्र स्तर से लेकर स्नातकोत्तर तक के विभिन्न स्तरों के पाठ्यक्रमों के विकास और आयोजन के लिए, श्रेष्ठता केन्द्रों के रूप में कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त, ये संस्थान प्रौद्योगिकी और समेकित ग्रामीण विकास के स्थानान्तरण के लिए मुख्य केन्द्रों के रूप में कार्य करेंगे और ग्रामीण विकास में किसी भी रूप में लगे हुए सभी अन्य संस्थानों और संगठनों के लिए स्रोत संस्थान के रूप में भी कार्य करेंगे।

वर्ष 1988-89 के दौरान योजना के लिए बजट प्रावधान 20.00 लाख रुपया था।

एशियाई प्रौद्योगिकी संस्थान, बैंकाक

7.24.1 एशियाई प्रौद्योगिकी संस्थान, बैंकाक, एक स्वायत्त अंतर्राष्ट्रीय स्नातक संस्थान है जो इंजीनियरी, विज्ञान और सम्बद्ध विषयों में उच्च शिक्षा प्रदान करता है। यह 20 से अधिक देशों से लगभग 600 छात्रों को दाखिल करता है और इसके अंतर्राष्ट्रीय संकाय सदस्य हैं। यह संस्थान भारत सहित विभिन्न देशों के सदस्यों के एक अंतर्राष्ट्रीय न्यासी बोर्ड द्वारा अभिशासित है। यह 9 विषयों में शैक्षिक कार्यक्रमों, एशियाई देशों से सम्बद्ध समस्याओं पर अनुसंधान और अल्पकालिक पाठ्यक्रमों सहित विशेष कार्यक्रमों, सम्मेलनों आदि का आयोजन करता है।

7.24.2 भारत सरकार एशियाई प्रौद्योगिकी संस्थान (ए. आई. टी.) को निम्नलिखित सहायता प्रदान करने के लिए सहमत हो मई है :-

- इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी के विशिष्ट क्षेत्रों में भारतीय शिक्षकों/विशेषज्ञों की प्रति-नियुक्ति और प्रतिनियुक्ति के सम्पूर्ण व्यय का वहन।
- निम्नलिखित एक या अधिक उद्देश्यों के लिए 3.00 लाख रु. तक के वार्षिक अनुदान का उपयोग :

(क) भारत से उपकरणों की खरीद
(ख) पुस्तकों की खरीद तथा भारत में प्रकाशित अकादमीय तथा तकनीकी पत्रों के चन्दे के लिए भुगतान, तथा
(ग) भारत में अकादमी संबंधी गतिविधियों पर व्यय।

1983-88 की अवधि के दौरान 42 भारतीय विशेषज्ञ ए. आई. टी., बैंकाक में प्रतिनियुक्त किये गये।

ऐजुकेशनल कन्सलटेन्ट इण्डिया लिमिटेड

7.25.1 इस मंत्रालय का एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम अर्थात् शैक्षिक परामर्शदाता भारत लि, नई दिल्ली 17 जून, 1981 को कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत स्थापित किया गया था। यह केन्द्रीय सरकार

के विभिन्न मंत्रालयों और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक बोर्ड आफ डायरेक्टर्स की देखरेख में कार्य करता है। इसमें एक अंशकालिक गैर-सरकारी अध्यक्ष तथा एक पूर्णकालिक प्रबंध निदेशक है।

7.25.2 वर्ष 1988-89 के दौरान कम्पनी ने बैंकाक, थाईलैंड में एक इलैक्ट्रानिक डिज़ाईन प्रयोगशाला की स्थापना के लिए प्रारम्भिक कार्य की शुरुआत सहित अपनी अनेक गतिविधियों को संचालित किया। कम्पनी ने भारत और विदेशों में निम्नलिखित परियोजनाएं भी पूरी कीं :-

1 भारत में :

1. बायो-इंजीनियरिंग तथा मेडिकल इन्स्ट्रू-मेंटेशन विभाग, स्वास्थ्य विज्ञान विश्व-विद्यालय, विजयवाड़ा की स्थापना।
2. न्यू ओखला इन्डस्ट्रियल डेवलेपमेंट ऑथारिटी, नौएडा, उ. प्र. में एक तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना।
3. न्यू ओखला इन्डस्ट्रियल डेवलेपमेंट ऑथा-रिटी, उ. प्र. में स्कूलों की स्थापना के लिए ज़मीन के आवंटन हेतु शैक्षिक सोसाइटियों का मूल्यांकन।
4. भारत में पोत निर्माण उद्योग, हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड, विशाखापत्तनम के लिए एक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना।
5. भारत में राष्ट्रीय परीक्षण सेवा (मानव संसाधन विकास मंत्रालय) की स्थापना के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना।
6. असम में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना।
7. ग्रामीण संस्थानों/विश्वविद्यालयों के लिए केन्द्रीय परिषद् की तथा ग्रामीण संस्थान/विश्वविद्यालय (मानव संसाधन विकास मंत्रालय) की स्थापना।
8. महिलाओं के लिए आवासीय पॉलिटेक्निक स्थापित करने तथा लोंगोवाल इंजीनियरी व प्रौद्योगिकी संस्थान, लोंगोवाल (पंजाब), मानव संसाधन विकास मंत्रालय) की स्थापना करने से संबंधित परियोजना रिपोर्टों सहित मानव संसाधन विकास मंत्रालय, तकनीकी शिक्षा ब्यूरो की 21 परियोजनाओं का कार्यकरण।

II विदेश में

1. मोई विश्वविद्यालय, केनिया सरकार के लिए एक मास्टर प्लान तैयार करना।
2. बोत्सवाना गणराज्य, शिक्षा मंत्रालय, बोत्सवाना में माध्यमिक स्कूलों के लिए भारतीय अध्यापकों का अनुसमर्थन।
3. भारत व अफ्रीकी देशों, यूनेस्को, पेरिस के मध्य अन्तर्क्षेत्रीय तकनीकी सहयोग।
4. रियाद, सऊदी अरब के भारतीय दूतावास के द्वारा रियाद व जद्दाह में भारतीय दूतावास स्कूलों के लिए प्रिंसिपलों व उप-प्रिंसिपलों-सह-प्रशासकों की भर्ती।

7.25.3 कम्पनी ने अपने आवर्त में 30 प्रतिशत की वृद्धि की, जबकि पिछले वर्ष के वित्तीय आंकड़ों की तुलना में लाभ में 100 प्रतिशत वृद्धि हुई। जहां कम्पनी के कार्यचालन संबंधी लगभग सभी क्षेत्रों में विकास हुआ, वहां विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या में गिरावट का रुख रहा।

7.25.4 1987-88 के दौरान कम्पनी ने टूट-फूट व्यय के बाद 38.66 लाख रु. का लाभ अर्जित किया। कम्पनी ने 10 प्रतिशत के एक अप्रयुक्त लाभांश के भुगतान की घोषणा की जो 10 रु. प्रति शेयर था।

शैक्षिक अर्हता मूल्यांकन बोर्ड

7.26.1 यह मूल्यांकन बोर्ड के केन्द्रीय सरकार के अन्तर्गत पदों और सेवाओं में भर्ती के लिए शैक्षिक और व्यावसायिक अर्हताओं को मान्यता प्रदान करने के प्रयोजनार्थ भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। तकनीकी शिक्षा ब्यूरो इस बोर्ड के सचिवालय का कार्य करता है और अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग इस बोर्ड के अध्यक्ष हैं।

7.26.2 वर्ष के दौरान सात शैक्षिक अर्हताओं (छः भारतीय और एक विदेशी) को मान्यता प्रदान की गई। सोवियत संघ के साथ अर्हताओं की समकक्षता के एक प्रोटोकोल पर भी हस्ताक्षर किये गये।

आंशिक वित्तीय सहायता

7.27.1 तकनीकी शिक्षा ब्यूरो विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्रों के शिक्षकों तथा वैज्ञानिकों को हवाई-किराए की आंशिक प्रतिपूर्ति के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की "आंशिक वित्तीय सहायता योजना" का प्रबंध करता है।

7.27.2. इस वर्ष के दौरान, 10 व्यक्तियों को जिन्होंने विदेशों में सम्मेलनों/अधिवेशनों की अध्यक्षता की थी।

महिलाओं के लिए आवासीय पॉलिटेक्निक

7.28.0 महिलाओं के लाभ के लिए तकनीकी शिक्षा के उपयुक्त औपचारिक व अनौपचारिक कार्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए महिलाओं के लिए आवासीय पॉलिटेक्निक स्थापित करने की योजना को मंजूरी दी गई। ये पोलिटेक्निक स्वरूप में स्वायत्त होंगे तथा अपने पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों के डिजाइन, विकास, क्रियान्वयन व पुनरीक्षण में स्वतंत्र होंगे तथा संबंधित राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा अनुमोदित अपने स्वयं के डिप्लोमा व प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। वे स्वरूप में पूर्णतः आवासीय होंगे तथा रोजगार के लिए उच्च सम्भावनाओं सहित प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में पाठ्यक्रम प्रदान करेंगे।

विद्यमान संस्थानों का सुदृढ़ीकरण तथा गैर-निगमित तथा असंगठित क्षेत्रों के लिए नए संस्थानों की स्थापना

7.29.0 इस योजना का उद्देश्य असंगठित तथा गैर-निगमित क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, जो लगभग 90% कृत्य बल (वर्किंग फोर्स) को काम देते हैं, डिप्लोमा स्तर के कुछ चुने हुये संस्थानों में उद्यमशीलता व प्रबन्ध विकास केन्द्र (सी.इ.एम.डी.ई.वी.) तथा उद्यमशीलता विकास केन्द्र (सी.ई.डी.) स्थापित करना था। आरम्भ में भोपाल, कलकत्ता, चण्डीगढ़ तथा मद्रास में तकनीकी शिक्षक-शिक्षा संस्थानों में चार सी.ई.एम.डी.ई.वी. स्थापित करने का प्रस्ताव है, जो देश में तकनीशियन शिक्षा प्रणाली के लिए संसाधन संस्थान हैं।

तकनीकी शिक्षा में पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों की पुनर्संरचना

7.30.0 राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के एक भाग के रूप में 1987-88 के दौरान शुरू की गई इस नई योजना में डिप्लोमा, डिग्री तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों की पुनर्संरचना के लिए प्रावधान है। 1987-88 के दौरान यह योजना चार संस्थानों में कार्यान्वित की गई थी– डिग्री तथा डिप्लोमा स्तरों पर प्रत्येक में दो-दो संस्थानों में तथा इस उद्देश्य के लिए 10.00 लाख रु. का एक योजना परिव्यय दिया गया (रिलीज किया गया) था।

पाठ्यचर्या विकास :

7.31.1 यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के एक भाग के रूप में 1987-88 के दौरान निम्नलिखित विस्तृत उद्देश्यों के साथ प्रारम्भ हुई :

– प्रयोक्ता एजेन्सियों की मांग पूरी करने के लिए पाठ्यचर्या अद्यतन बनाना
– डिग्री तथा डिप्लोमा दोनों स्तरों पर बहु-केन्द्र प्रविष्टि तथा क्रेडिट प्रणाली के लिए पाठ्यचर्या विकास।
– दूरस्थ शिक्षा पैकेज तथा अध्ययन/शिक्षण मैनुअलों सहित बहु-माध्यम पैकेज तैयार करना।
– प्रयोगशाला तथा कक्षा में प्रयोग के लिए ट्रान्सपेरेंसीज़, स्लाइडें तथा वीडियो फिल्में तैयार करना।
– राज्यों में संस्थानों की आवश्यकताओं का आकलन, पाठ्यचर्या विकास सैलों को पुनर्निवेश उपलब्ध कराना तथा पा. वि. सैलों व संस्थानों के बीच सम्पर्क स्थापित करना।

7.31.2 1987-88 के दौरान, 5 आई.आई.टी., आई.आई.एस. बंगलौर तथा रुड़की विश्वविद्यालय में चल रहे सात विद्यमान पाठ्यचर्या विकास केन्द्रों को, अनेक नई गतिविधियां शुरू करने तथा चल रहे कार्यक्रमों के समेकन को सुसाध्य बनाने के लिए सुदृढ़ किया गया। योजना में संसाधन विकास केन्द्रों, अध्ययन संसाधन केन्द्रों तथा राज्यस्तरीय पाठ्यचर्या विकास सैलों की स्थापना की परिकल्पना की गई है।

उद्योग-संस्थान अन्तःक्रिया

7.32.1 "उद्योग-संस्थान अन्तः क्रिया" की योजना अक्तूबर, 1988 में मंजूर की गई। योजना में निम्नलिखित की कल्पना की गई है :–

(क) इंजीनियरी कालेजों तथा उद्योगों के मध्य अंतः क्रियाएं।

(ख) पोलिटेक्निकों तथा उद्योगों के मध्य अन्तः क्रियाएं।

(ग) आई.आई.टी., दिल्ली में एक "औद्योगिक प्रतिष्ठान" की स्थापना।

7.32.2 1988-89 के दौरान ऐसी आशा है कि योजना 18 इंजीनियरी कालेजों तथा 10 पोलिटेक्निकों में शुरू की जायेगी। कालेज स्तर पर, यह परिकल्पना है कि प्रत्येक कालेज तथा एक औद्योगिक प्रतिष्ठान के मध्य कम से कम दो संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। संस्थानों तथा उद्योगों के बीच संकाय आदान-प्रदान भी होगा।

7.32.3. आई.आई.टी. दिल्ली में स्थापित किया जाने वाला प्रस्ताविक औद्योगिक प्रतिष्ठान संस्थान की अनुसंधान तथा परामर्श क्षमताओं के विपणन, उद्योग तथा अन्य संगठनों द्वारा प्रायोजित वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिकीय समस्याओं के समाधान, प्रोटोटाइप विकास तथा औद्योगिक पाइलट प्लांट की प्रावस्थाओं के जरिए अनुसंधान परिणामों के व्यासायिकरण, उद्योगों के साथ संयुक्त रूप से सहकारी अनुसंधान कार्यक्रमों को सम्भालने, प्रौद्योगिकी सूचना के प्रसार तथा उद्योगों को सामान्य प्रौद्योगिकी समर्थन प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

सतत् शिक्षा

7.33.1 "सतत् शिक्षा" योजना, कार्य कर रहे व्यवसायियों की इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में पाठ्यक्रम सामग्री तैयार करने की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए फरवरी, 1988 में शुरू की गई।

योजना के व्यापक रूप से दो पहलू हैं:

(i) उद्योग व अन्य प्रयोक्ता एजेन्सियों के परामर्श से पहचाने गए चुनिन्दा विषयों पर पाठ्य सामग्री तैयार करना।

(ii) सतत शिक्षा आवश्यकताओं का सर्वेक्षण करना जिनके आधार पर भविष्य में पाठ्य सामग्री तैयार की जानी है।

7.33.2 दस संगठनों अर्थात् दिल्ली, कानपुर, खड़गपुर, बम्बई तथा मद्रास स्थित पांच आई.आई.टी., चण्डीगढ़, कलकत्ता, मद्रास तथा भोपाल स्थित चार टी.टी.टी.आई. और भारतीय तकनीकी शिक्षा सोसाइटी द्वारा तैयार की जा रही सामग्री का समन्वय करना यह एक तीसरा तत्व है।

तकनीकी शिक्षा की विशिष्टिताएं

- अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद अधिनियम पारित हुआ और व्यय किया गया
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के अपने ओर प्रायोजित अनुसंधानों के फलस्वरूप पेटेंटों का विकास और उद्योगों द्वारा उनका उपयोग
- अन्य इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी संस्थानों के साथ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों का निकटतम सम्पर्क
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रवेश में सुधार के लिए विशेष प्रारंभिक पाठ्यक्रमों का संचालन
- गुवाहाटी में एक विस्तार केन्द्र सहित नौगांव के मीसा में (असम समझौते के अधीन) छठे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के स्थान के बारे में निर्णय
- जालंधर में क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज की स्वीकृति (शिक्षा-सत्र 1989-90 से कार्य प्रारंभ)
- गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के माध्यम से डाक्टरल स्नातकोत्तर, स्नातक आदि स्तरों पर शिक्षकों के सामूहिक प्रशिक्षण पर सतत बल
- महत्वपूर्ण और नई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सार्थक निवेश
- राष्ट्रीय तकनीकी जनशक्ति सूचना प्रणाली का पुनरावलोकन
- ग्रामीण विकास के लिए तकनीकी शिक्षा में उपयोग पर बल
- इंजीनियरी स्नातकों और डिप्लोमाधारियों के लिए सामूहिक प्रशिक्षुता प्रशिक्षिण + दो के व्यावसायिक विषयो के छात्रों के लिए प्रशिक्षुता प्रशिक्षण लागू करना
- आवासी पोलिटेक्निकों के माध्यम से महिलाओं के लिए औपचारिक और अनौपचारिक तकनीकी शिक्षा।

7.33.3 आशा है कि 1988-89 के अंत तक 137 पाठ्य-सामग्रियां तैयार हो जाएंगी।

नए संस्थानों की स्थापना तथा नए पाठ्यक्रमों/ कार्यक्रमों की शुरूआत

7.34.0 आलोच्य वर्ष के दौरान, भारत के विभिन्न

भागों में 15 नए पोलिटेक्निकों की स्थापना तथा विभिन्न संस्थानों में 55 नए पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों की शुरूआत को मंजूरी दी गई।

7.35.0 संक्षेप में, आलोच्य वर्ष के दौरान तकनीकी शिक्षा ने उल्लेखनीय प्रगति की। जहां तकनीकी शिक्षा का विस्तार तथा उसकी पहुंच बढ़ाने के लिए अनेक नई पहलें की गई हैं, वहां नई शिक्षा नीति में उल्लिखित निदेशों/लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुये, चल रहे कार्यक्रमों/योजनाओं को नया रूप तथा नई दिशा प्रदान की गई। कुल मिलाकर विभिन्न कार्यक्रमों/योजनाओं के लिए निर्धारित आवंटनों का अधिकतम उपयोग किया गया।

प्रौढ़ शिक्षा

(राष्ट्रीय साक्षरता मिशन)

8.1.0 समाज के वंचित वर्गों तथा देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लाभ के लिए वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिक अनुसंधान की उपलब्धियों का प्रयोग करने के उद्देश्य से साक्षरता की उन्नति को छः राष्ट्रीय मिशनों में से एक निर्धारित किया गया है। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (रा.सा.मि.) का उद्देश्य 15-35 आयु वर्ग में 8 करोड़ प्रौढ़ शिक्षार्थियों को—3 करोड़ को 1990 तक और अतिरिक्त 5 करोड़ को 1995 तक शिक्षित करना है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए मिशन द्वारा विभिन्न उपाय अपनाने का प्रस्ताव है। यह चल रहे प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों का विकल्प नहीं है बल्कि इसका उद्देश्य नया संस्थागत ढांचा उपलब्ध कराकर और विद्यमान अवस्थापना का बेहतर सदुपयोग सुनिश्चित करके पहले के कार्यक्रमों की कुछ कमियों और बाधाओं को दूर करने के लिए दृढ़ प्रयास करना है। प्रधानमंत्री ने 5 मई, 1988 को राष्ट्रीय साक्षरता मिशन में व्यापक जन सहयोग के लिए एक राष्ट्रीय अभियान प्रारम्भ किया था। साथ ही, सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों ने राज्य स्तर पर इसी प्रकार के अभियान प्रारम्भ किए। ऐसी सूचना है कि चौबीस राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों ने ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता परियोजना

8.2.1 यह एक केन्द्र प्रायोजित योजना है जिसके अन्तर्गत सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों को अनुमोदित वित्तीय पद्धति के अनुसार शत-प्रतिशत आधार पर निधियां प्रदान की जाती हैं। ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता परियोजनाओं को निधियां प्रदान करने की पद्धति की समीक्षा की गई है और इसमें संशोधन किया गया है और नई पद्धति 1.4.88 से लागू है। संशोधित पद्धति में पर्यवेक्षण अवधि कम कर दी गई है। इस योजना का उद्देश्य 300 केन्द्रों तक की परियोजनाएं स्थापित करने का है, जिनमें प्रत्येक जिले में एक या दो निकटवर्ती विकास खण्ड तथा कुछ राज्यों के पहाड़ी क्षेत्र में 100 केन्द्र तक शामिल होंगे। 1988-89 के दौरान देश के लगभग सभी जिलों को शामिल करने वाली 513 परियोजनायें जारी रहीं। सितम्बर, 1988 के अंत तक 1,32,291 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों में ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता योजना के अंतर्गत कुल मिलाकर 39.40 लाख प्रौढ़ निरक्षर लोगों को दाखिल किया गया। इनमें से, महिलाएं 57.50% हैं और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सदस्य क्रमशः 25.63% और 13.8% हैं।

8.2.2 ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता परियोजना के अन्तर्गत संस्वीकृत प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों के अलावा, राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों ने भी सितम्बर, 1988 के अंत तक राज्य प्रौढ़ शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत 109218 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र खोले हैं जिनमें 32.87 लाख शिक्षार्थी हैं।

स्वैच्छिक एजेंसियां

8.3.1 प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही स्वैच्छिक एजेंसियों को यह मंत्रालय वित्तीय सहायता प्रदान करता हैं जिसके अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटियां, जनशिक्षण निलयम, संसाधन विकास, प्रकाशन, सेमिनार आयोजन इत्यादि के माध्यम से कार्यात्मक साक्षरता, उत्तर साक्षरता परियोजनाओं के लिए अनुदान प्राप्त करने की पात्र होती हैं। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन में

परिकल्पित नीतियों के अनुसरण में विभिन्न नियमों को सरल बनाकर योजना को उदार और कारगर बनाया गया है। क्षेत्र विकास की अवधारणा, संशोधित योजनाओं में शामिल की गई है जिससे स्वैच्छिक एजेंन्सियां एक निश्चित समय में और पूर्ण तथा सटे हुये क्षेत्र में कार्यात्मक साक्षरता परियोजनायें प्रारम्भ कर सकेंगी।

8.3.2 चालू वर्ष में नवम्बर, 1988 तक 11,415 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों और 964 जन शिक्षण निलयमों को चलाने के लिए लगभग 200 स्वैच्छिक एजेंसियों को सहायता दी गई जिसमें 7.42 करोड़ रुपये खर्च हुये।

प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों में छात्र सहयोग

8.4.1 15-35 आयु वर्ग में साक्षरता संबंधी कार्यों में विश्वविद्यालयों तथा कालेजों के छात्रों और शिक्षकों के सहयोग को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध प्रौढ़ तथा सतत शिक्षा निदेशालय के माध्यम से प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र स्थापित करने के लिए 92 विश्वविद्यालयों और कालेजों को वित्तीय सहायता देना जारी रखा।

8.4.2 इसके अतिरिक्त सरकार ने स्वैच्छिक आधार पर कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए पहली मई, 1986 को एक कार्यक्रम आरंभ किया जिसमें विश्वविद्यालयों और कालेजो के लगभग 2 लाख राष्ट्रीय सेवा योजना के और 1 लाख गैर-राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र शामिल हुये। राज्य संसाधन केन्द्रों द्वारा छात्रों को निःशुल्क साक्षरता किटें प्रदान की गईं। यह कार्यक्रम स्वैच्छिक प्रयत्न के रूप में पूर्णरूपेण छात्रों द्वारा कार्यान्वित किया जाना है। कार्यात्मक साक्षरता के व्यापक कार्यक्रम (एम.पी.एफ.एल.) में 3.50 लाख राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों, 1.50 लाख अन्य छात्रों तथा 0.75 लाख एन.सी.सी. कैडेटों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया।

राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में प्रशासनिक ढाँचे को सुदृढ़ करना

8.5.0 प्रत्येक राज्य/संघ शासित क्षेत्र में प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, योजना के अन्तर्गत अनुमोदित वित्तीय पद्धति के अनुसार राज्य और जिला दोनों स्तरों पर आवश्यक प्रशासनिक ढांचे को जारी रखने/सृजित करने के लिए उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। सन् 1987 में इस योजना में संशोधन किया गया है और राष्ट्रीय साक्षरता मिशन कार्यक्रम के उचित कार्यान्वयन, पर्यवेक्षण और मानीटरिंग के लिए राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को राज्य और जिला, दोनों स्तरों पर अतिरिक्त कर्मचारी मंजूर किये गये। वर्तमान में 26 राज्य/संघ शासित क्षेत्र वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य बुद्धिमान, ज्ञानी और सक्षम लोगों का एक कैडर बनाना है जिनमें प्रौढ़ शिक्षा के प्रति उचित बोध और प्रतिबद्धता हो।

प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम का मूल्यांकन

8.6.0 प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए इसका बाह्य मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण निवेश है। देश के 12 राज्यों में कार्यक्रम की समीक्षा और मूल्यांकन करने के लिए सोलह विख्यात समाज विज्ञान अनुसंधान संस्थानों की पहचान की गई है, बाद में इन्हें और राज्यों में बढ़ाया जाएगा। अब तक इस प्रयोजनार्थ 6 मूल्यांकन एजेंसियों को वित्तीय सहायता दी गई है।

राज्य संसाधन केन्द्रों के माध्यम से शैक्षिक तथा तकनीकी सहायता प्रदान करना

8.7.1 कुल मिलाकर 13 राज्य संसाधन केन्द्र है जिनका वित्त पोषण शिक्षा विभाग द्वारा किया जाता है और वे बुनियादी, उत्तर साक्षरता और सतत शिक्षा के लिए सामग्री का निर्माण करके और प्रशिक्षण प्रदान करके प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को आवश्यक शैक्षिक और तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त 2 राज्य संसाधन केन्द्र राज्य सरकारों द्वारा तथा 3 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा चलाये जा रहे हैं। इसके अलावा मणिपुर, त्रिपुरा, अरूणाचल प्रदेश और सिक्किम के लिए 4 अनुसंधान सैल स्वीकृत किये गये जिनमें से मणिपुर और अरूणाचल प्रदेश में 2 सैल औपचारिक रूप से स्थापित किये जा चुके है। राज्य संसाधन केन्द्र स्वायत्त निकाय हैं जिनका प्रबंध उनके प्रबंध बोर्ड द्वारा किया जाता है। उपरोक्त 13 राज्य संसाधन केन्द्रों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 80% अनुदान, राज्य सरकार द्वारा 15% और स्वैच्छिक एजेंसियों द्वारा 5% अनुदान के साथ वित्त पोषण पद्धति निर्धारित की गई है। राज्य संसाधन केन्द्रों ने कार्यात्मक साक्षरता जन कार्यक्रम के अन्तर्गत किट सामग्री के निर्माण तथा मास्टर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का अतिरिक्त उत्तरदायित्व भी लिया है। उन्होंने प्रौढ़

MASS CAMPAIGN
FOR
NATIONAL LITERACY
MISSION
LAUNCHING
MAY 5, 1988

1988



इंदिरा गांधी प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र, खानाखेड़ी ग्राम, श्रीनगर, अजमेर, राजस्थान।

नानु बाज़ार डोंगा आदिवासी प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र, मोहम्मद बाजार ब्लाक, जिला बीरभूम, पश्चिम बंगाल।

शिक्षा कार्यक्रम के लिए आवश्यक प्रचार माध्यम सहायता प्रदान करने के लिए सॉफ्टवेयर का विकास कार्य भी शुरू किया है।

8.7.2 एक विशेषज्ञ द्वारा सभी राज्य संसाधन केन्द्रों के कार्यकरण की समीक्षा की गई है और उपचारात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। और अधिक विकेन्द्रीकरण के उपाय के रूप में तथा प्रारम्भिक स्तर पर संसाधन सहायता सुदृढ़ करने के लिए 110 जिला संसाधन इकाइयों के लिए संस्वीकृति दी गई है।

कार्यात्मक साक्षरता के लिए जन कार्यक्रम (एम.पी.एफ.एल.)

8.8.0 राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की एक मुख्य नीति जन-आन्दोलन चलाना है ताकि साक्षरता को लोगों का मिशन बनाया जा सके और इस मिशन के लिए सभी एजेन्सियों का उपयोग किया जा सके। कार्यात्मक साक्षरता जन कार्यक्रम में पहले ही संलग्न किये गये विश्वविद्यालय और कालेज छात्रों के अलावा, इस कार्यक्रम के आधार को विस्तृत करने के लिए इस वर्ष शुरूआत की गई है। अब तक उठाये गये महत्वपूर्ण कदम इस प्रकार है:–

(i) केन्द्रीय नियोक्ताओं और मजदूर संघों का एक सम्मेलन 7.7.1988 को हुआ ताकि उनकी सहभागिता की पद्धतियों पर विचार कर अंतिम रूप दिया जा सके। ये संगठन अपने फेडरेशन/संघ के साथ इस बात पर विचार कर रहे है कि किस प्रकार ये संगठन साक्षरता कार्यक्रमों में सहायता दे सकते हैं।

(ii) रेलवे बोर्ड ने 9 रेलवे जोनों के विभिन्न स्थानों पर खोले जाने वाले 425 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से अपने कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी ली। साक्षरता किटों और प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण को आयोजित करने के प्रावधान के लिए निधियां शिक्षा विभाग द्वारा दी गई और शेष रेलवे द्वारा दी गईं। क्षेत्रीय रेलवे द्वारा विस्तृत कार्य योजनायें तैयार की गईं।

(iii) सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के गृह सचिवों और पुलिस महानिरीक्षकों (जेल) से, बंदियों (विचाराधीन तथा आजीवन कारावास से दण्डित दोनों), जो कि प्रौढ़ (15-35 आयु वर्ग के) हों, के लिए कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस संबंध में सभी मुख्य सचिवों को लिखा।

(iv) गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद ने मई-जून, 1988 में एक साक्षरता अभियान आरम्भ किया, जिसमें 2,60,000 स्वयंसेवी छात्र थे और यह अभियान 1,45,000 लोगों के लिए था।

(v) महानगर दिल्ली, में साक्षरता मिशन में स्कूल के छात्रों को शामिल करने के लिए शुरूआत की गई। 8 सितम्बर, 1988 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सात हजार स्कूली छात्रों ने निरक्षरता समाप्त करने की राजघाट पर शपथ ली। इन्दिरा गांधी स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर पर एक समारोह आयोजित किया गया जिसमें 10,000 छात्रों ने भाग लिया। तब से दिल्ली के 78 स्कूलों ने स्वयं को इस कार्यक्रम में शामिल किया।

उत्तर साक्षरता और सतत् शिक्षा:

8.9.0 फरवरी, 1988 में, सरकार ने, राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्रलेख में उल्लिखित, देश भर में एक चरणबद्ध रूप में जन-शिक्षण निलयमों की स्थापना का निर्णय किया। यह उत्तर-साक्षरता और सतत शिक्षा का स्थायी आधार पर एक संस्थागत ढांचा है। इस प्रकार का ढांचा प्रदान करने का मुख्य लक्ष्य, साक्षरता कौशल का अनुरक्षण सुनिश्चित करना, प्रारम्भिक साक्षरता से आगे अपने अध्ययन को जारी रखने के लिए शिक्षार्थियों को सक्षम बनाने हेतु सुविधाओं का प्रावधान करना और उन्हें अपने रहन-सहन में सुधार के लिए अपनी शिक्षा के अनुप्रयोग के पर्याप्त अवसर प्रदान करना है। ये जन-शिक्षण निलयम सांस्कृतिक ओजस्व और सृजनात्मकता को पुनः स्थापित करेंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में उनको काम में लगायेंगे एवं एक शिक्षित समाज के निर्माण में सहायक होंगे। अब तक सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में 10,065 जन शिक्षण निलयमों को संस्वीकृत किया गया है। इनको स्थापित करने की कार्रवाई चल रही है। ऐसी आशा है कि चालू वर्ष के दौरान, 4300 और जन शिक्षण निलयमों को संस्वीकृत किया जाएगा।

प्रौद्योगिकी प्रदर्शन

8.10.1 प्रौद्योगिकी प्रदर्शन की प्रक्रिया में साक्षरता

कार्यक्रम की प्रगति ओर गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय अनुसंधान की उपलब्धियों के अनुप्रयोग की अपेक्षा की गई हैं। तकनीकी शैक्षणिक निवेशों के विकास, अन्तरण और अनुप्रयोग के लिए 40 जिलों को चुना गया है। इनमें से 20 को इन जिलों में उपलब्ध अवस्थापना के संदर्भ में कम साधन प्रदान किये गये है और शेष 20 को पर्याप्त साधन प्रदान किये गये हैं।

8.10.2 विभिन्न तकनीकी शैक्षणिक निवेशों के विकास और अनुप्रयोग के लिए जो कदम उठाये गये हैं, वे निम्नलिखित है:—

* गैर-परम्परागत ऊर्जा विभाग ने, 5 जिलों के बिजली-रहित ग्रामों में सौरशक्ति पैक्स के अधिष्ठापन की एक मुख्य परियोजना शुरू कर दी है। अब तक अलीगढ़, बीकानेर और उस्मानाबाद जिलों में, 93 सौर-शक्ति पैक्स अधिष्ठित किये गये हैं।
* भारतीय पैट्रो-केमिकल लि. (आई.पी.सी.एल.) ने उन्नत प्लास्टिक ब्लैक बोर्डों का निर्माण किया है। इस तरह के 1000 आदर्श ब्लैकबोर्डों का गुजरात और महाराष्ट्र में क्षेत्रपरीक्षण किया जा रहा है।
* केन्द्रीय इलैक्ट्रानिक लिमिटेड (सी.ई.एल.) ने राजस्थान और कर्नाटक में अपने टी.वी. प्रक्षेपण का क्षेत्र-परीक्षण किया और उसके संतोषजनक परिणाम निकले।
* सामान्यतः राष्ट्रीय साक्षरता मिशन और विशेषतया प्रौद्योगिकी प्रदर्शन प्रक्रिया के निमित विज्ञान और प्रौद्योगिकी निवेशों हेतु आर. एण्ड डी. के लिए सलाह देने हेतु प्रौद्योगिकी प्रदर्शन संबंधी एक पैनल गठित किया गया।

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण :

8.11.0 जून, 1988 में एक राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण की स्थापना एक संकल्प द्वारा की गई। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) का एक स्वतंत्र और स्वायत्त खंड है और इस के कार्यक्षेत्र में कार्यकारी और वित्तीय शक्तियां निहित हैं। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन में परिकल्पित सभी कार्यों के निष्पादन और कार्यान्वयन के लिए यह प्राधिकरण एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण की एक समिति और एक कार्यकारिणी समिति है जिन्हें जून, 1988 में जारी की गई एक अधिसूचना द्वारा गठित किया गया है। समिति और कार्यकारिणी समिति की कई बैठकें हो चुकी हैं और इन बैठकों में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार किया गया, जो ये हैं:—

(i) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की विवेचनात्मक समीक्षा।
(ii) माध्यमिक और उच्चतर साध्यमिक स्तर के स्कूल-छात्रों को शामिल करते हुये इसके लिए सामूहिक रूप से प्रेरित करना।
(iii) राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा संस्थान की स्थापना।
(iv) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण की वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों का प्रत्यायोजन।
(v) प्रौद्योगिकी प्रदर्शन प्रक्रिया।
(vi) दूरदर्शन-वीडियो कैसेट प्लेयर द्वारा साक्षरता प्रदान करना।
(vii) साक्षरता जत्थों या साक्षरता कारवां का आयोजन।

पोस्ट आफिस बाक्स नं. 9999:—

8.12.0 केन्द्रीय और राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों को डाक विभाग द्वारा एक सामूहिक पोस्ट बाक्स नं. 9999 आर्वटित किया गया है। कोई भी प्रौढ़ निरक्षर जो राष्ट्रीय साक्षरता मिशन कार्यक्रम की सुविधाएं और सेवाएं प्राप्त करना चाहता है, या कोई भी व्यक्ति जो राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की सफलता के लिए किसी भी प्रकार का योगदान देना चाहता है, वह इस पोस्ट-बाक्स को लिख सकता है और उसे सकारात्मक उत्तर प्राप्त होगा। इस पोस्ट-बाक्स को राष्ट्रीय स्तर पर पहले ही क्रियाशील बनाया गया है और इसे राज्य और जिला स्तर पर भी याथासमय क्रियाशील बनाने की कार्रवाई चल रही है।

श्रमिक विद्यापीठ

8.13.1 देश भर में विभिन्न औद्योगिक केन्द्रों में इस समय 36 श्रमिक विद्यापीठ कार्य कर रहे हैं जो कि रोजगार प्राप्त कार्मिकों, स्व-रोजगार प्राप्त व्यक्तियों, भावी कार्मिकों और औद्योगिक कार्मिकों के पारिवारिक सदस्यों के लिए अनौपचारिक, सतत शिक्षा और बहु संयोजक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए

संस्थागत ढांचे का प्रतिनिधित्व करते हैं ताकि बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर सुलभ हों और रोजगार प्राप्त कार्मिकों के लिए अर्जन-क्षमता में वृद्धि हो। श्रमिक विद्यापीठ उन लोगों के लिए एकमात्र संस्थाएं हैं जिनकी शैक्षिक अर्हताएं बहुत कम हैं और जिनकी आय कम है और वे किसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान या इंजीनियरी संस्थान में प्रवेश प्राप्त नहीं कर सकते। पहले श्रमिक विद्यापीठ की स्थापना 1967 में बम्बई में की गई। इस समय कार्यरत 36 श्रमिक विद्यापीठों में से, केवल एक का संचालन, दिल्ली में केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जा रहा है। तीन श्रमिक विद्यापीठों का संचालन विश्वविद्यालयों द्वारा, 23 श्रमिक विद्यापीठों का संचालन स्वायत्त संगठनों द्वारा और शेष नौ का राज्य सरकारों द्वारा संचालन किया जा रहा है।

8.13.2 प्रत्येक विद्यापीठ का कार्य-प्रबन्ध, एक प्रबन्ध बोर्ड द्वारा किया जाता है जिसका अध्यक्ष एक मानद अध्यक्ष होता है। इस बोर्ड के सदस्य वे लोग हैं जो कामगारों और नियोजकों के हितों का तथा, प्रौढ़ों की एक विशेष इकाई के रूप में, कामगारों की शिक्षा और प्रशिक्षण में रूचि प्रदर्शित करने वाली शैक्षिक, सामाजिक और विकास एजेन्सियों और व्यक्तियों के हितों का प्रतिनिधित्व करते है। प्रत्येक श्रमिक विद्यापीठ में व्यावसायिक स्टाफ का एक केन्द्र होता हैं जो कि एक निदेशक के नियंत्रणाधीन होता है जिसे दो या तीन पूर्णकालिक कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा सहायता दी जाती है। विभिन्न पाठ्यक्रमों को आयोजित करने के लिए प्रत्येक श्रमिक विद्यापीठ, विशिष्ट क्षेत्रों के लिए अनुकूल पाठ्यक्रमों को अंशकालिक आधार पर आयोजित करने या विभिन्न दक्षताएं प्रदान करने के लिए, स्थानीय योग्य और अनुभवी संसाधन व्यक्तियों की सेवाएं प्राप्त करता है। इन प्रशिक्षकों को, उनके द्वारा दिए गए प्रत्येक व्याख्यान के लिए मानदेय दिया जाता है।

8.13.3 कार्यक्रम तैयार करने से पूर्व सभी श्रमिक विद्यापीठों में कार्यकलापों के प्रचालन के लिए एक सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा और कार्य योजना तैयार की गई है। सम्बद्ध औद्योगिक आवाह क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा ऐसे मानदण्ड प्रदान करती है जिनके अन्तर्गत श्रमिक विद्यापीठ अपने कार्यक्रमों का प्रचालन करेंगे। इन रूपरेखाओं ने शहरी परिवेश की जनशक्ति आवश्यकताओं और औद्योगिक कार्मिका की अर्जन-क्षमता और संसाधनों (अंतर्निहित और अप्रयुक्त), जिन्हें कि काम में लाया जा सकता है, में वृद्धि करने से संबंधित विशेष आवश्यकताओं की, श्रमिक विद्यापीठों को पूरी जानकारी देने में सहायता की है।

8.13.4 ये कार्यक्रम, पाठ्यक्रम कार्यकलापों और अनुवर्ती सेवाओं के रूप में प्रदान किये जाते है, जिनमें से सभी कार्यक्रम प्रौढ़ शिक्षा कार्यकर्ताओं, संगठित और असंगठित क्षेत्र में निरक्षर, अर्धशिक्षित, कुशल, अर्धकुशल, अकुशल, स्त्री और पुरूषों के लिए विशेष सेवाएं प्रदान करते हैं। कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए श्रमिक विद्यापीठ विभिन्न स्थानीय एजेंसियों, ट्रेड-यूनियनों, औद्योगिक संस्थाओं, कल्याण-केन्द्रों, विकास एजेन्सियों और वित्तीय सहायता एजेन्सियों से सहयोग/सहायता प्राप्त करते हैं। यह प्रक्रिया अन्य एजेंसियों के पास उपलब्ध संसाधनों के उपयोग जैसे परिसर के प्रयोग, प्रशिक्षकों की सेवाओं, औजारों और उपस्करों के प्रयोग और कार्य के निरीक्षण और प्रबन्ध के बंटवारे, जो कि अन्यथा बहुत मंहगा पड़ेगा, के रूप में सहायता करती है।

8.13.5 मंत्रालय में, श्रमिक विद्यापीठों के निष्पादन का विषयानुसार विवेचनात्मक अध्ययन करने के लिए एक टीम गठित की गई है। श्रमिक विद्यापीठों के निदेशकों और कार्यक्रम अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण चक्र का गठन किया गया है। प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय, नई दिल्ली में अभी तक, श्रमिक विद्यापीठ के निदेशकों और कार्यक्रम अधिकारियों के लिए, श्रमिक विद्यापीठों में प्रशिक्षण कक्षाएं आयोजित करने के लिए, उपागम के पुनर्अभिविन्यास हेतु तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। उन्नत निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए त्वरित निवेशन प्रदान करने की प्रणाली विकसित की गई है। प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय, दिल्ली ने श्रमिक विद्यापीठों द्वारा, अपने चल रहे कार्यक्रमों के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए विशिष्ट प्रपत्र निर्धारित किये हैं।

8.13.6 श्रमिक विद्यापीठों को वित्तीय सहायता देने की योजना के अंतर्गत, कार्यक्रमों को चलाने और स्टाफ कर्मचारियों के वेतन से संबंधित व्यय को वहन करने के लिए प्रारम्भिक राशि (3.5 लाख रूपये) प्रदान की गई है। सभी श्रमिक विद्यापीठों को अपने कार्यक्रमों को विस्तृत और सुदृढ़ करने के लिए और अपने संसाधनों को विकसित करने के लिए कहा गया है। श्रमिक विद्यापीठों के लिए वित्तीय सहायता पद्धति पर पुनर्विचार किया

गया है और मामला अनुमोदन के लिए व्यय वित्त समिति के समक्ष रखा गया है।

8.13.7 इस समय उस समेकित प्रभाव का अनुमान लगाने के लिए एक आंकड़ा आधार तैयार करने पर बल दिया जा रहा है जो प्रत्येक श्रमिक विद्यापीठ का अपने अनुयायियों के रहन-सहन की परिस्थितियों को सुधारने में पड़ा है। ऐसा करते समय श्रमिक विद्यापीठ अपने भूतपूर्व शिक्षार्थियों की वर्तमान स्थिति के बारे में अनुवर्ती कार्रवाई करेंगे ताकि यह जाना जा सके कि जो प्रशिक्षण उन्होंने श्रमिक विद्यापीठ में लिया था उससे उनकी आय बढ़ाने में कहां तक सहायता मिली है।

8.13.8 1987-88 के दौरान श्रमिक विद्यापीठ में 5862 कार्यक्रम चलाये गये जिनमें से 3467 व्यावसायिक पाठ्यक्रम थे तथा 2395 अन्य कार्यक्रम थे। इन पाठ्यक्रमों तथा कार्यक्रमों से लाभान्वित व्यक्तियों का अलग-अलग ब्यौरा नीचे दिया गया है:—

(i) व्यावसायिक पाठ्यक्रमों तथा अन्य गतिविधियों से लाभान्वित कुल व्यक्तियों की संख्या = 2,30,156
- पुरुष = 88,272 (33.35%)
- महिलाएं = 1,41,884 (61.65%)

(ii) व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में कुल लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या = 67,785
- पुरुष = 22,935 (33.83%)
- महिलाएं = 44,850 (66.17%)

जोड़ : = 2,30,156

(iii) व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से भिन्न अन्य गतिविधियों में लाभान्वित व्यक्तियों की कुल संख्या = 1,62,371
- पुरुष = 65,924 (40.60%)
- महिलाएं = 96,447 (59.40%)

उपयुक्त मद 2 का अलग-अलग ब्यौरा

I. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की सहभागिता

अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति	अन्य
13,809 (20.37%)	2,513 (3.71%)	51,463 (75.92%)

II साक्षरता स्तर

कुछ शिक्षा सहित	निरक्षर
55,485 (81.85%)	12,300 (18.15%)

III आयु वर्ग

15 वर्ष से नीचे	15-35 वर्ष	35 वर्ष से ऊपर
2,951 (4.35%)	60,798 (89.70%)	4,036 (5.95%)

IV आय संबंधी पृष्ठभूमि

500/- रु. प्रतिमाह से नीचे	500-1500 रु. प्रतिमाह	1500/- रु. प्रतिमाह
44,571 (65.75%)	20,666 (30.49%)	2,548 (3.76%)

V व्यावसायिक व्यवस्था

औद्योगिक तथा श्रमजीवी	स्व. रोजगार प्राप्त	भावी कामगार
9,060 (13.37%)	15,069 (22.23%)	43,656 (64.40%)

अंतर्राष्ट्रीय और यूनेस्को मामले

8.14.1 सभी के लिए एशिया प्रशान्त महासागर शिक्षा कार्यक्रम, (स.ए.प्र.म.शि.का.) फरवरी 1987 में शुरू किया गया जिसका उद्देश्य निरक्षरता उन्मूलन, प्राथमिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना तथा एशिया तथा प्रशान्त महासागर क्षेत्र में सतत शिक्षा के लिए अवस्थापना को सुदृढ़ करना है। स.ए.प्र.म.शि.का. संबंधी एक राष्ट्रीय समन्वय समिति इस देश में आरम्भ की गई गतिविधियों का मूल्यांकन करने के लिए गठित की गई है ताकि नये कार्यक्रम बनाये जा सकें तथा इसके कार्यान्वयन के लिए कार्यनीतियां भी तैयार की जा सकें।

8.14.2 संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भी 1990 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष के रूप में घोषित किया है। स.ए.प्र.म.शि.का. संबंधी समन्वय समिति अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष मनाने के लिए नीतियां तैयार करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष संबंधी समन्वय समिति के रूप में भी कार्य करेगी। इस वर्ष के दौरान अब तक समिति की दो बार बैठकें हो चुकी हैं। यूनेस्को के महानिदेशक ने भी दिसम्बर, 1988 में भारत में अपने दौरे के दौरान इस समिति के सदस्यों को संबोधित किया था।

8.14.3 प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय के एक प्रतिनिधि ने थाईलैंड तथा चीन में 1-23 अगस्त, 1988 को हुई प्रशिक्षण सामग्री के विकास संबंधी क्षेत्रीय कार्यशाला में भाग लिया था।

8.14.4 अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष संबंधी कार्यदल की एक बैठक 10-14 अक्तूबर, 1988 को नई दिल्ली में आयोजित की गई। इसमें अफगानिस्तान, बंगलादेश, इण्डोनेशिया, भारत, ईरान, नेपाल तथा पाकिस्तान के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यदल की अध्यक्षता (भारत के प्रतिनिधि) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण के महानिदेशक ने की।

8.14.5 यूनेस्को ने 14-18 नवम्बर, 1988 तक बैंकाक में स.ए.प्र.म.शि.का. की क्षेत्रीय समन्वय समिति की बैठक का भी आयोजन किया जिसमें राष्ट्रीय साक्षरता मिशन, नई दिल्ली के महानिदेशक ने भाग लिया।

8.14.6 2-11 नवम्बर, 1988 तक सिडनी, आस्ट्रेलिया में हुये प्रौढ़ शिक्षा में सरकार की भूमिका संबंधी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय के निदेशक को भेजा गया।

प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय

8.15.1 प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय राष्ट्रीय शीर्ष संसधन केन्द्र है। इसने व्यावसायिक संसाधन सहायता तथ सभी स्तरों पर कार्यक्रम के उन्नत प्रबंध के लिए तंत्र तैयार करने के कई उपाय शुरू किये हैं।

8.15.2 तीव्र साक्षरता अध्ययन पद्धतियों को शुरू करने के प्रयास इस वर्ष के दौरान भी जारी रहे। वर्ष के दौरान देश के विभिन्न भागों में तीव्र साक्षरता के क्षेत्र तथ सम्भावनाओं का अध्ययन करने के लिए तीन कार्यशालाएं आयोजित की गई। कार्यशालाओं की सिफारिशों के आधार पर तीव्र साक्षरता अध्ययन पद्धतियों पर मार्ग-निर्देशिकाएं तैयार करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई शुरू की गई है। इस प्रयास का उद्देश्य कार्यक्षमता तथा जागरूकता के तत्वों को गंवाये बिना अध्ययन की समग्र अवधि को कम करना, अध्ययन की गति को तेज करना तथा कम समय में उच्च-प्रसार को प्राप्त करना है।

8.15.3 सम्पूर्ण प्रोत्साहन प्रयास में साक्षरता के निर्धारित स्तरों तथा संख्या को प्राप्त करने पर बल दिया जाना है, न कि अधिक प्रसार पर। अध्ययन परिणाम के मूल्यांकन के विभिन्न मानदण्डों एवं सीमाओं पर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई।

8.15.4 बोलचाल की भाषाओं में साक्षरता प्रदान करने के लिए, उन भाषाओं की पहचान के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई जिनपर पठन-पाठन सामग्री तैयार की जानी है

8.15.5 अब तक निम्नलिखित बोलचाल की भाषाओं में पठन-पाठन सामग्रियां तैयार की गई हैं :—

हाल्बी	मध्य प्रदेश
भीली	मध्य प्रदेश
नागपुरिया	बिहार
ब्रज	उत्तर प्रदेश
ढुंढाड़ी	राजस्थान
मारवाड़ी	राजस्थान
हाड़ोती	राजस्थान
डोगरी	हिमाचल प्रदेश
चमियाली	हिमाचल प्रदेश
किन्नोरी	हिमाचल प्रदेश

8.15.6 जैसा कि एम. आई. एस. और मूल्यांकन पर कार्यदल द्वारा सिफारिश की गई थी, मानीटरिंग और मूल्यांकन की मौजूदा प्रणाली की समीक्षा की गई है। नए एम. आई. एस. के प्रयोजन के लिए राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एन. आई. आई. टी.) के सहयोग से एक सम्भाव्यता अध्ययन चलाया गया था। पूर्व-जांच के बाद एम. आई. एस. प्रपत्र तैयार कर लिया गया है और उसे अन्तिम रूप दिया जा चुका है। प्रपत्रों का भौतिक और संगणीकृत दोनों प्रकार का संकलन किया जा सकेगा। 40 टी. डी. जिलों में इस प्रयोजन के लिए स्थापित किये जाने वाले कम्प्यूटरों के प्रयोग के जरिए डी.ए.ई.ओ. के कार्यालयों में सूचना संकलित की जाएगी।

8.15.7 निदेशालय ने राज्य संसाधन केन्द्रों के कार्यकलापों को मानीटर करना और इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन से संबंधित सूचना का प्रसार करना जारी रखा।

8.15.8 आलोच्य वर्ष के दौरान 9 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये थे जिनमें 6 कार्यक्रम डी. ए. ई. ओ. के लिए, 2 एम. पी. एफ. एल. के तहत एन. एस. एस. और गैर एन. एस. एस. के प्रशिक्षणार्थियों के लिए और एक डी. ए. ई. तथा एस. आर. सी. निदेशकों के लिए हैं। इन कार्यक्रमों में जिस मूल विषय पर चर्चा की गई वह था, प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय साक्षरता मिशन को कैसे संचालित किया जाये।

8.15.9 चूंकि राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्रलेख में प्रचार मीडिया सहायता से प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम पर बल दिया गया है, इसलिए मीडिया एजेन्सियां जैसे आकाशवाणी, दूरदर्शन, दृश्य-श्रव्य प्रचार निदेशालय, गीत एवं नाटक प्रभाग आदि का, जनता के बीच उत्प्रेरणा और सही परिप्रेक्ष्य विकसित करने की दृष्टि से प्रौढ़ शिक्षा पर अधिक कार्यक्रमों का प्रसारण करने के लिए उपयोग किया जा रहा है ताकि वह सहायता कर सके और उसमें भाग ले सके।

8.15.10 निदेशालय को आलोच्य वर्ष के दौरान प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में 42 नए शोध प्रस्ताव प्राप्त हुए। एक शोध रिपोर्ट प्राप्त हुई और तीन सारांश रिपोर्टें तैयार की गई तथा सभी को सूचना प्रसारित की गई। प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर आठ शोध अध्ययन शुरू करने के लिए विभिन्न वैयक्तियों और संगठनों को 5, 33, 252/- रुपये कुल अनुदान स्वीकृत किया गया।

8.15.11 जनसंख्या शिक्षा पर 1986 में शुरू की गई यू. एन. एफ. पी. ए. से सहायता प्राप्त परियोजना इस वर्ष के दौरान भी जारी रही। इस परियोजना के अंतर्गत, वर्ष के दौरान की गई प्रगति की समीक्षा के लिए निदेशालय ने दो प्रगतिशील परियोजना रिपोर्ट संबंधी बैठकें आयोजित कीं।

8.15.12 लड़कियों और महिलाओं की अनौपचारिक शिक्षा की यूनीसेफ से सहायता प्राप्त परियोजना के अंतर्गत वर्ष के दौरान शुरू किये गये कार्यकलाप निम्नलिखित थे :

- 8 वीडियो मॉड्यूल (संख्या 16-20) प्रवेशिका 'खिलती कलियां' तैयार करना जो यूनीसेफ से सहायता प्राप्त परियोजना "महिलाओं और लड़कियों के लिए अनौपचारिक शिक्षा" के तहत पहले तैयार की गई थी।
- राज्य संसाधन केन्द्र जम्मू और कश्मीर द्वारा जन शिक्षण निलयमों और महिलाओं के लिए प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों को सहायता के लिए उर्दू की पन्द्रह पाण्डुलिपियों में से प्रत्येक की 40,000 प्रतियों का अनुलिपिकरण। ये पाण्डुलिपियां स्वास्थ्य-समस्याओं और महिलाओं, बच्चों व लड़कियों की पोषण आवश्यकताओं तथा सुरक्षित पेयजल आदि से संबंध रखती हैं।

8.15.13 आलोच्य वर्ष के दौरान निदेशालय ने प्रधानमंत्री द्वारा 5.5.1988 को राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के जन अभियान को प्रारम्भ करने के अवसर पर और 8.9.1988 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह के अवसर पर भी काफी तादाद में प्रकाशन निकाले।

8.15.14 प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय की द्विभाषी मासिक पत्रिका न्यूज़लेटर (अब अगस्त 1988 के अंक से "साक्षरता मिशन" के नाम से ज्ञात) को हर महीने नियमित रूप से प्रकाशित करना जारी रखा गया।

8.15.15 देश भर के सृजनात्मक कलाकारों को प्रौढ़ साक्षरता में दृश्य-उत्प्रेरक सामग्री तैयार करने में प्रेरणा और प्रोत्साहन देने के मुख्य प्रयोजन सहित छठी राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। चयनित पोस्टरों को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष 1990 में आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए यूनेस्को, पेरिस भेजा जाएगा।

प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय ने विदेशी उच्चाधिकारियों की अगवानी की और उनके लिए निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये गये :-

- मालावी से तीन प्रौढ़ों के लिए संयोजन प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- मालदीव से स्कूल से बाहर जनसंख्या शिक्षा के एक प्रौढ़ शिक्षक का स्थापन प्रशिक्षण।
- प्रौढ़ शिक्षा और जनसंख्या शिक्षा में सोमालिया से तीन महिला प्रौढ़ शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम
- यूनीसेफ कार्यक्रम 1984-88 के तहत अंतराष्ट्रीय पर्यावरणीय शिक्षा कार्यक्रम के मूल्यांकन के संबंध में अवकाश प्राप्त प्रोफेसर हॉन क्रोक्केट स्मिथ प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय में आए।
- यूनीसेफ मुख्यालय न्यूयार्क के कार्यक्रम निदेशक श्री न्यी-न्यी 28 अक्तूबर, से 3 नवम्बर, 1988 तक भारत की यात्रा पर आए।

संघ राज्य क्षेत्रों में शिक्षा

9.0.0 संघ राज्य क्षेत्रों में शिक्षा, केन्द्रीय सरकार का एक विशेष दायित्व रहा है। प्रत्येक संघ राज्य क्षेत्र में इस वर्ष के दौरान किए गए शैक्षिक कार्यकलापों का विवरण इस अध्याय में दिया गया है।

अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह

9.1.1 इस संघ राज्य क्षेत्र में, शिक्षा निदेशालय के प्रधान शिक्षा निदेशक हैं, जिनकी सहायता सहायक निदेशक तथा अन्य अधिकारी करते हैं।

9.1.2 इस वर्ष के दौरान 4 मिडिल स्कूलों का दर्ज़ा बढ़ाकर सीनियर स्कूल तथा 3 माध्यमिक स्कूलों का दर्ज़ा बढ़ाकर सीनियर माध्यमिक स्कूल कर दिया गया। संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को 4 नए प्राइमरी स्कूल खोलने तथा 5 प्राइमरी स्कूलों को मिडिल स्तर का स्कूल बनाने का भी प्रस्ताव है।

प्रोत्साहन योजनाएं

9.1.3 संघ राज्य क्षेत्रों में शिक्षा की प्रौन्नति के लिए संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं को चला रहा है। छात्रों को मध्याह्न भोजन, वर्दियाँ, यात्रा रियायतों, रियायतों, पाठ्य पुस्तकों इत्यादि के रूप में वित्तीय रियायतें दी गईं।

9.1.4 प्रारंभिक तथा माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों कीं अतिरिक्त जरूरत को पूरा करने के लिए 4 प्रधानाधयापकों, 40 प्राइमरी स्कूल शिक्षकों, 60 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों और 30 स्नातकोत्तर शिक्षकों के पदों का सृजन किया गया।

छात्रवृत्ति दरों में सुधार

9.1.5 संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन अंडमान निकोबार द्वीपसमूह से बाहर अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं चला रहा है। इस छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों को जारी रखने के लिए जैसे कि बी०ए०, एम०ए० मेडिसिन में डिग्री/इंजीनियरी/मछली उद्योग, वनविद्या/पुस्तकालय/बी०एड०/पी०एच०डी० और विभिन्न प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं। छात्रवृत्ति की दरें पिछली बार 1983-84 के दौरान संशोधित की गईं थीं। संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन ने इन दरों में सुधार करने का प्रस्ताव मंत्रालय के समक्ष रखा है। मंत्रालय ने अण्डमान निकोबार द्वीप समूह के छात्रों को उपर्युक्त पाठ्यक्रम अध्ययनों को जारी रखने के लिए उन्हें मिल रही वर्तमान छात्रवृत्ति को पर्याप्त रूप से बढ़ा दिया हैं, इससे छात्रों की बड़ी संख्या को लाभ होगा।

प्रशिक्षण संस्थान

9.1.6 शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, बी०एड० और जे०बी०टी० पाठ्यक्रम चलाए गए। बी०एड० तथा जे०बी०टी० में नामित छात्रों की संख्या क्रमशः 80 और 128 थी

चण्डीगढ़

9.2.1 संघ राज्य क्षेत्र चण्डीगढ़ में 332 स्कूल हैं जिनमें पूर्व–प्राथमिक से लेकर सीनियर माध्यमिक स्तर तक के बच्चे होते हैं। ये स्कूल प्रारंभिक स्तर पर लगभग एक लाख छात्रों तथा माध्यमिक स्तर पर लगभग 24,000 छात्रों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करते हैं।

छात्रवृत्तियाँ

9.2.2 अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन/छात्रवृत्तियाँ दी जाती हैं। आलोच्य अवधि के दौरान दिए गए प्रोत्साहनों का विस्तृत ब्यौरा निम्नलिखित हैं :

(लाख रुपयों में)

	योजनागत	योजनेत्तर
उपस्थिति छात्रवृत्तियाँ	0.90	3.50
अनु०जा०/अनुजन०जा० छात्रवृत्तियां	1.25	5.50
प्रतिभा खोज छात्रवृत्तियाँ	0.50	-
पाठ्यपुस्तकें	1.69	3.50
वर्दी तथा लेखन सामग्री	4.50	11.20
अतिरिक्त शिक्षण	1.20	1.70

प्रारंभिक शिक्षा

9.2.3 संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा को बढ़ावा दे रहा है। 1988-89 के दौरान दो नए स्कूल खोले गए तथा 6 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के नामांकन 5500 से भी अधिक हो जाने के कारण 4 स्कूलों का स्तर बढ़ा दिया गया।

अनौपचारिक शिक्षा

9.2.4 संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा इस समय 100 केन्द्र चलाए जा रहे हैं जिनमें लगभग 2300 बच्चों का नामांकन है। ये केन्द्र स्कूल छोड़ने वाले बच्चों के लिए नर्सरी के रूप में कार्य करते हैं। समाज के इस वर्ग के कल्याण के लिए दस अध्ययन कक्ष भी चलाए जा रहे हैं।

व्यावसायिक शिक्षा

9.2.5 इस संघ शासित क्षेत्र के 9 सीनियर माध्यमिक स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं जहाँ, आशुलिपि और सचिवालय कार्य, पोशाक प्रौद्योगिकी, इलैक्ट्रोनिकी, ड्रैस डिजाईन आदि की शिक्षा दी जा रही है। संघ शासित प्रशासन ने अपने स्कूलों में सामान्य बीमा का शिक्षण भी शुरू कर दिया है ।

प्रौढ़ शिक्षा

9.2.6 विभिन्न प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों जैसे कि ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम तथा राज्य प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों में 6700 अध्येताओं को शामिल किया गया है। पन्द्रह जन शिक्षा निलयम खोले गए हैं। महिला साक्षरता गृह का 8.9.1988 को उद्घाटन किया गया। इस भवन का निर्माण महिला साक्षरता की प्रौन्नति के लिए भारत सरकार से प्राप्त पुरस्कार राशि से किया गया।

खेल

9.2.7 चण्डीगढ़ के स्कूलों में खेलकूद एक नियमित प्रमुख क्रिया है। खेलों में भागीदारीता को बढ़ावा देने के लिए संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन नियमित रूप से टूर्नामेंट्स तथा प्रतियोगिताएं आयोजित करता है। संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्कूल खेल, जवाहरलाल नेहरू जूनियर हाकी टूर्नामेंट तथा सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल टूर्नामेंट आदि में भाग लिया।

राज्य शिक्षा संस्थान

9.2.8 संस्थान सेवाकालीन पाठ्यक्रमों और अनुस्थापन तथा अनुसंधान कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता संबंधी सुधार लाने में सहायक हुआ है। स्कूल शिक्षा में अध्यापकों के लिए सेवाकालीन पाठ्यक्रम आयोजित करने के वास्ते एक क्षेत्रीय अंग्रेजी संस्थान की स्थापना की गई है ताकि अंग्रेजी शिक्षण में गुणवत्तात्मक सुधार लाया जा सके। वर्ष के दौरान चालीस अध्यापकों को अनुस्थापन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

उच्चतर शिक्षा

9.2.9 उच्चतर शिक्षा में प्रशासन कला, विज्ञान तथा वाणिज्य विषयों में डिग्री स्तर तक शिक्षा प्रदान की जाती है। कालेज में लड़कियों को संगीत में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान किया जाता है। व्यावसायिक पक्ष में दो कालेज हैं—एक राजकीय शिक्षा कालेज और दूसरा राजकीय गृह-विज्ञान कालेज।

9.2.10 इसमें से प्रथम कालेज स्नातकों को शिक्षा स्नातक की डिग्री के लिए प्रशिक्षित करता है और बाद वाला गृह-विज्ञान में डिग्री स्तर तक एवं गृह-विज्ञान के विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षा प्रदान करता है।

9.2.11 इसके अतिरिक्त यहाँ सात निजी रूप से

अनुदान/सहायता प्राप्त कालेज हैं। इन निजी रूप से प्रबंधित सहायता प्राप्त कालेजों को प्रशासन राजस्व व्यय की 95% सहायता-अनुदान प्रदान करता है।

दादरा तथा नगर हवेली

9.3.1 इस संघ राज्य में 161 प्राइमरी तथा 8 माध्यमिक एवं सीनियर माध्यमिक स्कूल हैं जो कि लगभग 18,000 छात्रों की प्राइमरी स्तर पर तथा लगभग 3500 छात्रों की माध्यमिक/सीनियर माध्यमिक स्तर पर शैक्षिक आवश्यकता को पूरा करते हैं।

अनु०जा०/अनु०जन०जा० के लिए प्रोत्साहन योजना

9.3.2 संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन अनु०जा०/अनु०जन०जा० के छात्रों को, नि:शुल्क शिक्षा, शिक्षण-सहायक-उपस्कर, मध्याह्न भोजन, वर्दी तथा पुस्तकें आदि प्रदान करने जैसी विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं चलाकर पढ़ाई की ओर आकर्षित कर रहा है।

प्रौढ़ शिक्षा

9.3.3 संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 100 केन्द्र तथा राज्य प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत 50 केन्द्र क्रमश: 3000/1500 अध्येताओं को शामिल करते हुए चला रहा है।

शारीरिक शिक्षा/खेल

9.3.4 भारत स्काउट तथा गाइड्स कार्यक्रम आयोजित किए गए। वर्ष के दौरान लगभग 300 छात्रों ने राष्ट्रीय कैडेट कोर में भाग लिया। एक अध्यापक ने भारत के राष्ट्रपति से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया।

विविध

9.3.5 इस संघ राज्य राज्य क्षेत्र में संगणक साक्षरता अध्ययन शुरू किया गया और इसे चार स्कूलों तक बढ़ाया गया तथा इस परियोजना में और अधिक नामित किया गया। कबीले के लोगों को अध्ययन के प्रति आकर्षित करने तथा कबीली उप-भाषा को प्रौन्नत करने के लिए "देवरावरेली" तथा "दंगरवर्ली" नामक दो भाषाओं में द्विविभाषी पाठ्यपुस्तकें तैयार करने के लिए परियोजना शुरू की गई। (चार स्कूलों में)

दमन और दीव

संघ राज्य क्षेत्र में शैक्षिक सुविधाएं

9.4.1 पूर्व संघ राज्य क्षेत्र गोवा, दमन और दीव से अलग होने के बाद 30 मई, 1987 को संघ राज्य क्षेत्र दमन और दीव अस्तित्व में आया। इस संघ राज्य क्षेत्र में पश्चिमी तटों पर स्थित दमन और दीव जैसे दो जिलों को समाविष्ट किया गया। एक किलोमीटर के अन्दर-अन्दर की दूरी के छात्रों को शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्ष 1988-89 के दौरान संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन ने दोनों जिलों में दो-दो स्कूलों सहित चार नए प्राइमरी स्कूल खोलने का निर्णय किया है। इसके साथ ही वर्ष के दौरान चार स्कूलों का दर्जा बढ़ाया गया है।

स्कूल शिक्षकों के लिए व्यापक अनुस्थापन

9.4.2 इस कार्यक्रम के अंतर्गत 147 प्राइमरी स्कूल शिक्षकों तथा 84 माध्यमिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। राज्य शिक्षा संस्थान, गोवा और शिक्षा विभाग दमन द्वारा 5 शिविर आयोजित किये गये। इस शैक्षिक वर्ष के दौरान संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन का 4 और अनुस्थापन शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव है जिसमें 100 प्राइमरी/माध्यमिक शिक्षकों को शामिल किया जाएगा

नवोदय विद्यालय

9.4.3 केन्द्रीय सरकार द्वारा दमन और दीव दोनों के लिए एक-एक नवोदय विद्यालय की संस्वीकृति दी गई है। 100 छात्रों का एक नवोदय विद्यालय पहले ही कार्य करना शुरू कर चुका है। शिक्षक तथा सचिवालयी स्टाफ की नियुक्ति हो चुकी है। दो विद्यालयों के लिए नए भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

व्यवसायिक शिक्षा

9.4.4 ग्रामीण क्षेत्रों के तीन स्कूलों में संघीय क्षेत्र प्रशासन ने टंकण तथा टेलरिंग की कक्षाएं शुरू कर दी हैं जिसमें पिछड़े वर्ग के 100 छात्र लाभ उठा रहे हैं।

तकनीकी शिक्षा

9.4.5 इस संघ राज्य क्षेत्र में दो तकनीकी हाई स्कूल तथा दो आई०टी०आई० चलाए जा रहे हैं। भारत सरकार ने शीघ्र ही एक राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज को शुरू करने का अनुमोदन दे दिया है।

प्रौढ़ शिक्षा

9.4.6 राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम योजना के अंतर्गत इस समय संघीय प्रशासन 36 केन्द्र चला रहा है। दमन जिले में एक जन शिक्षण निलयम स्थापित किया गया।

छात्रवृत्ति योजना

9.4.7 संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन अनु०जा०/अनु०जन०जाति के छात्रों के लिए कन्या शिक्षा, विकास, पुस्तक अनुदान, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति, विकलांग बच्चों को वजीफा, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति जैसी सभी छात्रवृत्तियाँ/वजीफा योजनाएं चला रहा है।

जन जाति उप-योजना

9.4.8 इस योजना के अंतर्गत संघ राज्य प्रशासन अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पाठ्यपुस्तकें, वर्दी और लेखन सामग्री आदि प्रदान करता है। स्कूलों में उपस्थिति को बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनजाति महिला छात्रा के लिए 25/- रु० की राशि भी प्रदान की जाती है।

दिल्ली

9.5.1 दिल्ली प्रशासन द्वारा अनु०जा०/अनु०जन० जाति के छात्रों की सहायता पर विशेष बल दिया गया है। अनु०जाति/अनु०जन०जाति के छात्रों के शैक्षिक सुधार के लिए उनको बहुत सी छात्रावृत्तियाँ प्रदान की जाती है तथा अनु०जा०/अनु०जन जाति के छात्रों के लिए उपचारी शिक्षण तथा कोचिंग सुविधाएं बढ़ाई गई हैं।

शैक्षिक सुविधाएं

9.5.2 वर्ष 1988-89 के दौरान दिल्ली में स्कूलों की संख्या निम्नलिखित है :

	राजकीय स्कूल	सहायता प्राप्त स्कूल	बिना सहायता प्राप्त स्कूल	दि०न०नि० के स्कूल	केन्द्रीय विद्यालय	कुल
अपर प्राइमरी स्कूल	223	30	126	10	-	389
माध्यमिक स्कूल	169	37	71	-	-	277
सीनियर माध्यमिक स्कूल	453	138	104	5	29	729

9.5.3 शैक्षिक वर्ष 1988-89 के दौरान दिल्ली प्रशासन ने 9 मिडिल स्कूल खोले। 6 मिडिल स्कूलों का दर्जा बढ़ा कर माध्यमिक स्कूलों का कर दिया गया तथा 15 माध्यमिक स्कूलों को सीनियर माध्यमिक स्कूलों में बदल दिया गया। वर्ष के दौरान 3 मिडिल स्कूलों, 2 माध्यमिक स्कूलों तथा तीन सीनियर माध्यमिक स्कूलों का भी द्विभाजन किया गया।

9.5.4 गाँवों में लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से गाँवों में रहने वाली तथा राजकीय कन्या स्कूलों में पढ़ने वाली लगभग 4000 छात्राओं को कार्य दिवस पर प्रतिदिन घर से स्कूल तथा स्कूल से वापस घर लाने ले जाने की व्यवस्था की गई हैं। वर्ष 1988-89 के दौरान शिक्षा निदेशालय ने दिल्ली के गाँवों की लड़कियों की इस यात्रा भत्ते की योजना पर 7 लाख रुपये की बजट व्यवस्था की है।

प्रौढ़ शिक्षा

9.5.5 दिल्ली प्रशासन का शिक्षा विभाग ऐसे प्रौढ़ व्यक्तियों के लिए जो कि अपने घरेलू सामाजिक और आर्थिक कारणों की वजह से नियमित शिक्षा पूरी नहीं कर पाते, उनको लाभान्वित करने की दृष्टि से इस समय 12 सायंकालीन प्रौढ़ स्कूल चला रहा है। इन स्कूलों में इस समय 6000 प्रौढ़ अध्येताओं का नामांकन किया गया है।

अनौपचारिक शिक्षा

9.5.6 शिक्षा विभाग उन बच्चों जो औपचारिक शिक्षा सुविधाएं प्राप्त कराने में असमर्थ है, के लिए 74 अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों को चला रहा है। पिछले 5 वर्षों के दौरान इन केन्द्रों में 10,234 छात्रों ने लाभ उठाया है।

राज्य शिक्षा संस्थान

9.5.7 संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के राज्य शिक्षा संस्थान का महत्व बहुत अधिक बढ़ गया है। यह विशेष विषय के शिक्षकों के लाभ के लिए सेमिनार तथा पाठ्यक्रमों को आयोजित करता है। संस्थान 30,000 अध्यापकों के अनुस्थापन का कार्य भी देखता है। इसके पास प्राइमरी शिक्षक शिक्षा मूल्यांकन के लिए यूनेस्को सहायक परियोजना भी हैं। राज्य शिक्षा संस्थान द्वारा ''दिल्ली शिक्षा'' नामक शिक्षा की एक त्रैमासिक पत्रिका प्रकाशित की जाती है।

खेल-कूद कार्यकलाप

9.5.8 दिल्ली प्रशासन के पास ''छत्रसाल स्टेडियम'' नामक एक स्टेडियम भी है जो शिक्षा विभाग के व्यायाम तथा खेल-कूद कार्यकलापों की जरूरतों को पूरा करता है। प्रशासन के पास 10 तरण ताल भी हैं। खेल विभाग कोचिंग कैम्पस आयोजित करता है तथा लड़के-लड़कियों को राष्ट्रीय कैम्पों के लिए तैयार करता है।

विज्ञान शिक्षा

9.5.9 दिल्ली प्रशासन (शिक्षा निदेशालय) की विज्ञान शाखा वैज्ञानिक रुचि को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्रतिभा खोज तथा अन्य विज्ञान कार्यकलापो को भी चलाता है। यह दिल्ली में सभी जगह कार्यशालाएं, अध्ययन सर्किल, बैठकें तथा छात्र अध्ययन शिविर भी आयोजित करता है।

पत्राचार विद्यालय

9.5.10 दिल्ली प्रशासन छात्रों की शिक्षा के लिए एक पत्राचार विद्यालय भी चलाता है और माध्यमिक स्कूल परीक्षा तथा सीनियर माध्यमिक स्कूल परीक्षा में बैठने के लिए उनका मार्गदर्शन भी करता है। पूरे वर्ष विशेष तौर से छुट्टियों के दौरान माध्यमिक तथा सीनियर स्तर पर विज्ञान विषयों के छात्रों के लिए प्रयोगशाला सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। पत्राचार विद्यालय 22,000 छात्रों की शैक्षिक जरूरतें पूरी करता है।

9.5.11 भाषाओं तथा साहित्य को प्रोत्साहन देने के लिए, दिल्ली प्रशासन, पंजाबी, हिंदी, संस्कृत तथा उर्दू अकादमियों को सहायता देने के अलावा, दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली, नगर पालिका, दिल्ली छावनी बोर्ड, साहित्य कला परिषद् तथा सांस्कृतिक संगठनों को सहायता अनुदान भी देता है। इन अकादमियों की स्थापना संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में पंजाबी, उर्दू और संस्कृत भाषाओं की प्रौन्नति तथा विकास के लिए की गई।

लक्षद्वीप

9.6.1 लक्षद्वीप संघ क्षेत्र एक केन्द्र प्रशासित क्षेत्र है, प्रशासन विभाग का प्रशासक ही इसका प्रमुख है। शिक्षा विभाग के लिए शिक्षा निदेशक ही नियंत्रक अधिकारी है और जिनकी सहायता विभिन्न शिक्षा अधिकारी और अन्य कर्मचारी करते हैं। लक्षद्वीप में दस बसे हुए द्वीप शामिल है।

शैक्षिक सुविधाएं

9.6.2 इस संघ राज्य क्षेत्र में 54 शैक्षिक संस्थान शामिल हैं जिनका ब्यौरा निम्नलिखित है :

1. जूनियर कालेज	2
2. हाई स्कूल	9
3. सीनियर बेसिक स्कूल	4
4. जूनियर बेसिक स्कूल	19
5. नर्सरी स्कूल	9
6. बालवाड़ी (लस्सवा बोर्ड के अन्तर्गत)	11
जोड़	54

9.6.3 बित्रा को छोड़कर 9 द्वीपों में नर्सरी स्कूल कार्य कर रहे है। वर्ष 1988-89 के दौरान छात्रों की संख्या 14,523 थी। सभी स्कूलों में शिक्षण और खेलों के लिए आवश्यक उपस्कर उपलब्ध कराए गए। यहाँ चार होस्टल हैं, दो लड़कों और दो लड़कियों के लिए हैं। प्रवेश पाने के इच्छुक सभी छात्रों को स्थान प्राप्त करने की सुविधा दी जाती है। मिनीकाय में एक नवोदय विद्यालय ने कार्य करना शुरू कर दिया है।

प्रौढ़ शिक्षा

9.6.4 संघ राज्य क्षेत्र ने विभिन्न प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम चला रखे हैं। मई, 1988 में इसी संघ क्षेत्र में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन अभियान का उद्घाटन किया गया। निरक्षरता उन्मूलन के कार्य को गति देने के लिए साक्षरता मिशन प्राधिकरण की स्थापना की गई है और विभिन्न द्वीपों को तीन अभिकरणों, अर्थात् शिक्षा विभाग, नवयुवक केन्द्र और लस्सवा (एल० एस०

एस० डब्ल्यू० ए०) बोर्ड में विभाजित कर दिया गया है।

खेल

9.6.5 संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन ने क्षेत्र में खेल और शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। वर्ष के दौरान संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन ने खिलाड़ी लड़कों और तैराकी के प्रशिक्षकों के रिक्त पदों को भर दिया है। 4 एन०सी०सी० जूनियर डिवीजन कैडिटों को कोचीन में गणतंत्र दिवस परेड के चयन और तैयारी शिविरों में नियुक्त किया गया। संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के छात्रों ने भी बंगलौर के राष्ट्रीय खेल प्रतिभा (एथेलेटिक) में भाग लिया।

छात्रवृत्ति दरों का संशोधन

9.6.6 संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन, मैट्रिक, मैट्रिकोत्तर, स्नातक, विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर अध्ययन को जारी रखने के लिए छात्रवृत्तियों की योजना को कार्यान्वित कर रहे है। छात्रवृत्ति की दरें काफी बढ़ा दी गई हैं और इससे काफी अधिक संख्या में छात्रों को लाभ पहुँचा है।

शिक्षा का व्यावसायीकरण

9.6.7 शैक्षिक सुधार के लिए संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों में नीपा ने एक अध्ययन शुरू किया है जिसमें उन क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा के महत्व पर बल दिया गया है। संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन ने माध्यमिक स्कूलों में मछली पालन, प्रौद्योगिकी और नारियल रेशा संसाधन पर आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरूआत के लिए विभिन्न पदों के सृजन के लिए मंत्रालय को कहा है। तदनुसार शिक्षा विभाग ने निम्नलिखित पदों के सृजन के लिए अनुमोदन दे दिया है।

पद का नाम	पदों की संख्या
मैकेनिकल प्रशिक्षक	4
नौका चालक	4
मछेरे एवं जीवन रक्षक	4
नारियल रेशा शिल्प प्रशिक्षक	4
मछली पालन प्रशिक्षक	4

9.6.8 संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के स्कूलों से कक्षा 8वीं से व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए केरल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से स्वीकृति और मान्यता प्राप्त करना आवश्यक होगा क्योंकि यह स्कूल केरल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सम्बद्ध है। इसे स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

9.6.9 शिक्षा विभाग के अधिकारियों और मुख्य अध्यापकों तथा अभिभावक शिक्षक संघ के सदस्यों के लिए कवेरती में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नीपा के प्रसिद्ध शिक्षाविदों और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय के अध्यापकों ने भाग लिया। कुल मिलाकर इस कार्यक्रम में 52 व्यक्तियों ने भाग लिया। जन अनुस्थापन की राष्ट्रीय योजना के अंतर्गत नई शिक्षा नीति, 1986 के अनुरूप अध्यापकों के लिए एक अनुस्थापन पाठ्यक्रम चलाया गया जिसमें 80 अध्यापकों ने भाग लिया। विज्ञान किटों के प्रयोग से संबंधित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया जिसमें 20 अध्यापकों ने भाग लिया। सी०सी०आर०टी०, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 6 सप्ताह के एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न द्वीपों के 6 अध्यापकों ने भाग लिया।

शैक्षिक प्रणाली को सुदृढ़ करना

9.6.10 शिक्षा प्रणाली के और अधिक सुधार के लिए नीपा द्वारा सुझाए गए उपायों की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों ने व्यावसायिक शिक्षा, सामान्य प्रशासनिक स्थापना, अकादमिक स्थापना, माध्यमिक शिक्षा और प्राथमिक शिक्षा आदि के लिए पदों का प्रस्ताव रखा है। शिक्षा विभाग ने व्यावसायिक शिक्षा के लिए 20 पदों और सामान्य प्रशिक्षण, अकादमिक स्थापना और प्रक्योरमेंट सेल आदि के लिए 24 पदों के सृजन की अनुमति प्रदान की है।

सह–पाठ्यचर्या कार्यकलाप

9.6.11 शिक्षक दिवस बहुत उत्साह के साथ मनाया गया। संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों में बाल दिवस भी धूमधाम से मनाया गया जिसमें जन-साधारण बैठक का आयोजन और रंगारंग कार्यक्रम जैसे कि लेख प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, रेखाचित्र और अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजना किया गया। नौका दौड़ और तैराकी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

पांडिचेरी

9.7.0 वर्ष के दौरान पांडिचेरी संघ शासित क्षेत्र प्रशासन की विभिन्न योजनाओं और शैक्षिक कार्यकलापों को बढ़ाने में लगे रहे। वर्ष के दौरान हाथ में लिए गए कुछ महत्वपूर्ण कार्य इस प्रकार हैं :—

प्राथमिक शिक्षा

9.7.1 छठी योजना के दौरान प्रार्थमिक शिक्षा के क्षेत्र में काफी अधिक विस्तार हुआ जिसके फलस्वरूप लगभग शत-प्रतिशत नामांकन प्राप्त हुआ। सातवीं योजना के दौरान स्कूलों को लाइब्रेरी, वैज्ञानिक उपस्करों, फर्नीचर, भवन, श्रव्य-दृश्य सहायक सामग्री और अन्य आधारभूत सुविधाओं द्वारा मजबूत बनाकर शैक्षिक पद्धति के गुणवत्ता संबंधी पहलू को मजबूत किया गया। इन स्कूलों के लिए भूमि अभिग्रहण और भवन-निर्माण के साथ-साथ फर्नीचर की सप्लाई और इन कार्यों के कार्यान्वयन आदि के पिछले सारे अवरुद्ध कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रस्ताव है। प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापकों की नियुक्ति के पिछले आदेशों को भी निपटाने का प्रस्ताव है। इस योजना का उद्देश्य सभी एकल शिक्षक स्कूलों को द्वि-शिक्षक/बहु शिक्षक स्कूलों में परिवर्तित करना है।

9.7.2 1988-89 के दौरान प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत 1 प्रार्थमिक स्कूल, 1 मिडिल स्कूल, 34 अतिरिक्त कक्षाएं, 15 आगामी उच्चतर स्तर के स्कूल भी खोले गए। पाठ्यपुस्तकों, लेखन सामग्री और वर्दी के निःशुल्क वितरण के उद्देश्य के अंतर्गत 57,300 गरीब बच्चों को शामिल किया गया।

विज्ञान शिक्षा

9.7.3 बच्चों में वैज्ञानिक उत्सुकता को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक मिडिल स्कूल में विज्ञान कार्नर स्थापित करने तथा सीनियर माध्यमिक स्कूलों में प्रयोगशालाओं को मजबूत करने का प्रस्ताव है। इसी प्रकार बच्चों को इंसैट सुविधा से लाभ उठाने के योग्य बनाने के लिए शेष सभी मिडिल/माध्यमिक/सीनियर माध्यमिक स्कूलों में श्रव्य-दृश्य शिक्षा के अंतर्गत टी०वी० सेट उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है जो कि पांडिचेरी में टी०वी केन्द्र स्थापित होने के बाद होगा।

व्यावसायिक शिक्षा

9.7.4 योग्य अध्यापकों की नियुक्ति तथा यंत्र एवं कच्चे माल की आपूर्ति द्वारा मिडिल तथा हाई स्कूलों में माध्यमिक शिक्षा का व्यावसायिकरण और व्यावसायिक कार्यों को आगे बढ़ावा देने का भी प्रस्ताव हैं। संघ राज्य क्षेत्र के प्रत्येक सीनियर माध्यमिक स्कूल में कम से कम एक व्यावसायिक कार्य आरंभ करने का प्रस्ताव है।

माध्यमिक शिक्षा

9.7.5 वर्ष 1988-89 के दौरान, 9 मिडिल स्कूलों की उच्च स्कूलों में स्तरोन्नति की गई और 2 अगले उच्च स्तरों के स्कूल खोले गये। विद्यमान सीनियर माध्यमिक स्कूल में अतिरिक्त पाठ्यक्रमों/व्यावसायिक पाठ्यक्रम यथा प्रस्तावित खोले गए। तीन हाई स्कूलों की सीनियर माध्यमिक स्कूलों के रूप में स्तरोन्नति भी की गई।

शिक्षक शिक्षा

9.7.6 प्रत्येक वर्ष विभिन्न श्रेणियों के 500 शिक्षकों को, विभिन्न विषयों में सेवाकालीन अनुस्थापन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

विश्वविद्यालय शिक्षा

9.7.7 विश्वविद्यालय शिक्षा के अंतर्गत इस संघ-राज्य क्षेत्र के उन छात्रों जो उच्च शिक्षा की अभिलाषा रखते हैं। परंतु जिन्हें पड़ौसी राज्यों के कालेजों में आरक्षित कुछ सीटों पर निर्भर रहना पड़ता हैं, की सहायता करने के लिए छः डिग्री कालेजों में नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। जो उच्च शिक्षा की अभिलाषा रखते हैं, परन्तु कुछ आरक्षित सीटों के लिए उन पर निर्भर हैं, को पड़ौसी राज्यों में सीट आरक्षण के आधार पर सीट उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। वर्ष 1988-89 के दौरान विद्यमान कालेजों में कला तथा विज्ञान में उत्तर स्नातक पाठ्यक्रमों को शुरू किया गया तथा एल०एल०एम० में एक और शाखा आरंभ की गई।

तकनीकी शिक्षा

9.7.8 वर्ष 1988-89 के दौरान तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत पांडिचेरी इंजीनियरिंग कालेज में डी०सी०ए० पाठ्यक्रम आरंभ किया गया। नए पाठ्यक्रम इस प्रकार हैं: (1) ओटोमोबाइल इंजीनियरिंग में रेफ्रिजिएशन और एयर कन्डीशनिंग (2) इलैक्ट्रोनिक इंजीनियरिंग में टी०वी० इंजनियरिंग (3) सिविल इंजीनियरिंग में

बिल्डिंग टेक्नोलोजी (4) फैब्रीकेशन तथा डिजाईनिंग (5) कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट डिप्लोमा कोर्स और (6) लैटर प्रैस प्रिंटिंग भी शुरू की गई।

महिला पालिटेक्निक

9.7.9 इस संघ राज्य क्षेत्र के व्यक्तियों की बहुत पहले सोची गई आवश्यकता की पूर्ति के लिए पाण्डिचेरी में एक महिला पॉलिटेक्निक तथा कराईकल में लड़के तथा लड़कियों के लिए एक पॉलिटेक्निक की स्थापना की गई। संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन ने मेह में एक जूनियर टेक्निकल स्कूल के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए भी कदम उठाए हैं।

प्रौढ़ शिक्षा

9.7.10 पांडिचेरी संघ राज्य प्रशासन में राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए शिक्षा विभाग एक प्रमुख विभाग है। राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के अधीन कार्यरत पर्यवेक्षकों तथा एनिमेटर्स के लिए प्रत्येक वर्ष प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दो प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित किए जाते हैं। वर्ष 1988-89 के दौरान इस कार्यक्रम के अंतर्गत 1500 निरक्षरों को शामिल किया जाएगा।

शारीरिक शिक्षा

9.7.11 वर्ष 1988-89 के दौरान शारीरिक शिक्षा के अंतर्गत सभी शारीरिक शिक्षा योजनाएं जारी रखी जा रही हैं। उत्कृष्ट खिलाड़ियों, एन०सी०सी० कैडटों, स्काउट और गाइड को छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं। खेल-कूद परिसर का निर्माण जारी है।

अन्य कार्यक्रम तथा सह-पाठ्यचर्या कार्यकलाप

9.7.12 बाल भवनों तथा समुदाय स्तर के लघु बाल भवनों को सुदृढ़ बनाया गया। विभिन्न स्कूलों में फिल्म-शो, वीडियो कार्यक्रमों जैसे कार्यकलाप आयोजित किए गए। पिछली योजना अवधि के दौरान प्राप्त प्रगति के वेग को बनाए रखने का जब प्रयास किया जा रहा था, संघीय प्रशासन ने पहले से प्राप्त उपलब्धियों को मजबूत बनाने तथा आगामी वर्षों के दौरान इसके स्वरूप में सुधार लाने के प्रयास किए।

छात्रवृत्तियाँ

10.0.0 शिक्षा विभाग भारतीय छात्रों के लिए आगे पढ़ाई के वास्ते छात्रवृत्तियों के अनेक कार्यक्रमों का संचालन करता है, इनमें अन्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियां भी शामिल हैं। विभाग द्विपक्षीय आधार पर अथवा अन्यथा अन्य देशों के राष्ट्रिकों को भी छात्रवृत्तियां प्रदान करता है। महत्वपूर्ण योजनाओं का उल्लेख नीचे किया गया है :-

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना

10.1.0 इस योजना के अंतर्गत, जिसे राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है, छात्रवृत्तियां योग्यता एवं आय के आधार पर उत्तर-मैट्रिक स्तर की पढ़ाई के लिए दी जाती हैं। वर्ष 1988-89 के दौरान, 33,000 छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। छात्रवृत्तियों की दरें अध्ययन पाठ्यक्रम के आधार पर दिवा छात्रों के लिए 60/- रुपये से 120/- रुपये मासिक तक और छात्रावासों में रहने वालों के लिए 100/- रुपये से 170/- रुपये मासिक तक की हैं। 1.4.1988 से, आय संबंधी अधिकतम सीमा सभी अनुमत्य छूटों को प्रदान करने के बाद, 6000/- रुपये से बढ़ाकर 25,000/- रुपये वार्षिक कर दी गई है।

राष्ट्रीय ऋण छात्रवृत्ति योजना

10.2.0 इस योजना के अंतर्गत, वर्ष 1988-89 में 20,000 छात्रवृत्तियां जरूरतमंद छात्रों को अपना अध्ययन पूरा करने के लिए प्रदान की गईं। ये छात्रवृत्तियां उत्तर-मैट्रिक अध्ययन के लिए योग्यता एवं आय के आधार पर प्रदान की जाती हैं। यह योजना राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही हैं। अध्ययन पाठ्यक्रम के आधार पर ऋण की राशि 720/- रु० से 1720/- रु० वार्षिक तक होती है। 1.4.1988 से, आय संबंधी अधिकतम सीमा, सभी अनुमत्य छूटें प्रदान करने के बाद, 6000/- रु० से बढ़ाकर 25,000/- रु० वार्षिक कर दी गई है।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के छात्रों की योग्यता में वृद्धि के लिए योजना

10.3.1 यह योजना वर्ष 1987-88 में शुरू की गई। इस योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति के छात्रों को सुधारात्मक और विशेष दोनों तरीकों से अतिरिक्त कोचिंग प्रदान करके उनकी योग्यता में वृद्धि करना है जिससे स्कूल-विषयों में उनकी शैक्षिक कमियां दूर हो सकें और उन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में, जिनमें प्रवेश, प्रतियोगी परीक्षाओं के आधार पर होता है, उनका प्रवेश सुसाध्य हो सकें। इस योजना के अंतर्गत जिन अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के छात्रों का चयन किया जाता है, उन्हें अच्छे आवासीय स्कूलों में रखा जाता है ताकि वे बेहतर क्वालिटी की शिक्षा प्राप्त कर सकें, अपने अन्दर आत्म-विश्वास ला सकें और ऐसी स्थिति में हो सकें कि सही शैक्षिक तैयारी से अन्य छात्रों के साथ तालमेल कर पायें। यह योजना राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों के माध्यम से संचालित की जा रही है।

10.3.2 इस योजना का आरम्भ 50 स्कूलों में 1000 छात्रों (670 अनुसूचित जाति के और 330 अनुसूचित जन-जाति के) के लिए किया गया। विभिन्न राज्यों में स्कूलों का आवंटन वहां के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति समुदायों की निरक्षर जनसंख्या के आधार पर किया जाता है। सुधारात्मक कोचिंग नवीं

कक्षा-स्तर से आरम्भ की जायेगी और तब तक जारी रहेगी जब तक कि छात्र बारहवीं कक्षा पास न कर ले। सुधारात्मक कोचिंग इन छात्रों को कक्षा नवीं से बारहवीं तक चार वर्ष की अवधि के लिए दी जायेगी जबकि विशेष कोचिंग केवल ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षाओं में ही प्रदान की जायेगी। इस योजना के अंतर्गत, कोई आय-सीमा निर्धारित नहीं है।

मान्यता प्राप्त आवासीय माध्यमिक स्कूलों में भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजना

10.4.0 इस योजना का उद्देश्य प्रतिभाशाली परन्तु निर्धन छात्रों (11-12 वर्ष की आयु वर्ग के) को अच्छे आवासीय स्कूलों में पढ़ने के लिए शैक्षणिक सुविधायें प्रदान करना है। वर्ष 1988-89 के दौरान उन छात्रों को जिनके अभिभावकों की आय 25,000/- रुपये प्रतिवर्ष से अधिक नहीं थी, योग्यता एवं आय के आधार पर पांच सौ छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। इनमें से पचास प्रतिशत छात्रवृत्तियां अखिल भारतीय योग्यता के आधार पर प्रदान की गईं और शेष 50% राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को उनकी जनसंख्या के आधार पर आवंटित की गई। इसमें भी शर्त यह थी कि वे निर्धारित न्यूनतम मानकों को पूरा करते हों। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के छात्रों को क्रमशः 15 प्रतिशत और 7½ प्रतिशत छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। ये छात्रवृत्तियां माध्यमिक स्कूली शिक्षा की पूरी अवधि के लिए होती हैं, इसमें मान्यता प्राप्त आवासीय स्कूलों में शिक्षा का + 2 स्तर भी शामिल है। सरकार द्वारा निर्धारित दरों/सीमा तक जेब खर्च, वर्दी, वस्त्र भत्ता तथा भ्रमण व्यय के अलावा छात्र शिक्षा शुल्क, आवासीय व्यय, पुस्तकों और लेखन सामग्री की लागत की पूरी राशि के हकदार होते हैं। छात्रों और उनके अनुरक्षकों को भी इस प्रयोजन के लिए निर्धारित दरों पर यात्रा अनुदान भी अनुमत्य हैं।

1988-89 में हिन्दी में उत्तर-मैट्रिक अध्ययन के लिए अहिन्दी भाषी राज्यों के छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां

10.5.0 यह योजना 1955-56 में शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य अहिन्दी भाषी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में हिन्दी के अध्ययन को प्रोत्साहन करना और उनकी सरकारों को शिक्षण तथा अन्य पदों के लिए, जहां हिन्दी का ज्ञान अनिवार्य है, उपयुक्त कार्मिक उपलब्ध कराना है। 1988-89 के दौरान विभिन्न अहिन्दी भाषी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को दो हजार पांच सौ छात्रवृत्तियां आवंटित की गई थीं। छात्रवृत्तियों की दरें, अध्ययन के पाठ्यक्रम तथा राज्य/संघ शासित क्षेत्र, जिसमें हिन्दी का अध्ययन किया जा रहा है, पर निर्भर करती हैं और 50/- रु० से 125/- रु० मासिक तक होती है। इस योजना का केन्द्रीय हिन्दी संस्थान आगरा से मूल्यांकन करवाया गया है। समिति ने अन्य बातों के साथ-साथ छात्रवृत्तियों की दरों की संख्या में वृद्धि का सुझाव दिया है। सिफारिशों की जांच की जा रही है।

संस्कृत के अलावा अरबी और फारसी जैसी श्रेण्य (क्लासिकल) भाषाओं के अध्ययन में लगी पारम्परिक संस्थाओं के छात्रों को अनुसंधान छात्रवृत्तियां।

10.6.0 इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष बीस छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। वर्ष 1988-89 में 20 छात्रों को इस छात्रवृत्ति के लिए चुना गया।

ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए माध्यमिक स्तर पर राष्ट्रीय छात्रवृत्तियां

10.7.0 प्रति वर्ष 38,000 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है। 1988-89 के लिए आवंटित 38,000 छात्रवृत्तियों का अलग-अलग ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

		छात्रवृत्तियों की कुल संख्या
—सामान्य वर्ग	प्रत्येक सामुदायिक विकास खण्ड के लिए तीन छात्रवृत्तियां	15,000
—भूमिहीन श्रमिकों के बच्चे	प्रत्येक सामुदायिक विकास खण्ड के लिए दो छात्रवृत्तियां	10,000
—अनुसूचित जाति के बच्चे	प्रत्येक सामुदायिक विकास खण्ड के लिए दो छात्रवृत्तियां और प्रत्येक ऐसे सामुदायिक विकास खण्ड के लिए अतिरिक्त छात्रवृत्ति जिसमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 20% या इससे अधिक हो।	11,500
—अनुसूचित जन-जाति के बच्चे	प्रत्येक जनजातीय सामुदायिक विकास खण्ड के लिए तीन छात्रवृत्तियां	1,500
		38,000

यह योजना राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है।

सामान्य सांस्कृतिक छात्रवृत्ति योजना

10.8.1 सद्भावना और मैत्रीपूर्ण संबंध बढ़ाने के लिए चुनिन्दा अफ्रीकी, एशियाई और अन्य विकासशील देशों के राष्ट्रिकों को भारत में अवर-स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अध्ययन के लिए प्रति वर्ष 180 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं, विशेषकर उन पाठ्यक्रमों में जिनके लिए उनके अपने देशों में सुविधाओं का आभाव है। छात्रों को उनकी अपनी सरकारों की सिफारिशों के आधार पर छात्रवृत्तियां दी जाती हैं।

10.8.2 अवर स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्ति की राशि 750/- रु० प्रतिमाह और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए 900/- रु० प्रतिमाह हैं। इसके अतिरिक्त छात्रों को चिकित्सा और अध्ययन दौरों, का खर्च दिया जाता है। पाठ्यक्रमों पर निर्भर करते हुये उन्हें क्रमशः 1500 रुपये से 2500 रुपये तक का वार्षिक आकस्मिक भत्ता भी दिया जाता है।

बंगलादेश के राष्ट्रिकों के लिए छात्रवृत्तियां/शिक्षावृत्तियां

10.9.1 इस योजना के अंतर्गत, भारत में उच्च अध्ययन के लिए बंगलादेश के राष्ट्रिकों को प्रति वर्ष छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। इनमें संस्कृत और पालि के अध्ययन के लिए 10 छात्रवृत्तियां शामिल हैं। छात्रवृत्तियों के लिए चयन ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग के परामर्श से बंगला देश सरकार द्वारा किया जाता है।

10.9.2 इस छात्रवृत्ति की राशि अवर-स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 750/- रु० प्रतिमाह और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए 900/- रु० प्रति माह हैं। इसके अतिरिक्त छात्रों को वार्षिक आकस्मिक भत्ते के रूप मे 1500 से 2500 रु० तक दिये जाते हैं। चिकित्सा और अध्ययन दौरों पर होने वाले व्यय की भी प्रतिपूर्ति की जाती है। इस छात्रवृत्ति में (ढाका से कलकत्ता तक की) हवाई यात्रा, और (कलकत्ता से भारत में अध्ययन स्थान तक का) प्रथम श्रेणी का रेल किराया तथा अध्ययन पूरा करने के बाद वापसी घर जाने के लिए यात्रा का किराया भी दिया जाता है। यह योजना विदेश मंत्रालय द्वारा वित्त-पोषित है।

श्रीलंका, मालदीव, अंगोला और मारीशस के राष्ट्रिकों के लिए छात्रवृत्तियां

10.10.1 1988-89 के शैक्षिक सत्र से विदेश मंत्रालय की सिफारिशों पर भारत में उच्च अध्ययन के लिए श्रीलंका, मालदीव और अंगोला के राष्ट्रिकों के लिए छात्र-वृत्तियों की संख्या में वृद्धि की गई है। 1988-89 के दौरान इन देशों को प्रदान की गई छात्रवृत्तियों की संख्या इस प्रकार है :-

श्री लंका	50	
अंगोला	40	
मालदीव	20	(सामान्य सांस्कृतिक छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत दी गई 4 सहित)
मारीशस	40	(जी सी एस एस के अन्तर्गत 10+30 अतिरिक्त)

10.10.2 इन छात्रवृत्तियों के नियम व शर्तें वैसी ही हैं जैसी सामान्य सांस्कृतिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत हैं। ये छात्रवृत्तियां विदेश मंत्रालय के बजट से दी जाती हैं।

विदेशों में अध्ययन के लिए छात्रवृत्तियां

10.11.1 विदेशों में अध्ययन के लिए 1988-89 में छात्रवृत्तियां प्रदान करने के लिए 50 भारतीय छात्रों का चयन किया गया है। ये छात्रवृत्तियां मुद्रण प्रौद्योगिकी में स्नातक अध्ययन के लिए, नौसेना वास्तुकला और कागज प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए और मानविकी, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी में डॉक्टरल तथा पोस्ट-डॉक्टरल अध्ययन के लिए प्रदान की जाती हैं। इन छात्रवृत्तियों के लिए केवल वही छात्र पात्र हैं, जिनके अभिभावकों की पूर्व-संशोधित वेतनमानों को ध्यान रखने के बाद सभी स्त्रोतों से आय सामान्य मानक छूटों के बाद 1000 रुपये प्रतिमाह अथवा इससे कम है।

10.11.2 राष्ट्रीय/विदेशी छात्रवृत्ति प्रभाग के प्रबन्ध और प्रशासनिक कार्यों के लिए कम्प्यूटर का उपयोग पहली बार 1987-88 में शुरू किया गया और 1988-89 में जारी रहा।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत विदेशी सरकारों द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्तियां/शिक्षावृत्तियां

10.12.0 शिक्षा विभाग के अंतर्गत विदेश छात्रवृत्ति प्रभाग अनेक ऐसे कार्यक्रम चलाता है जिनके अंतर्गत

भारतीय छात्रों/नागरिकों को विदेशों में उच्च अध्ययन के लिए छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। ये छात्रवृत्तियां विभिन्न विदेशी सरकारों व एजेन्सियों द्वारा हर वर्ष उपलब्ध की जाती हैं। इस मंत्रालय द्वारा 30.11.88 तक इन छात्रवृत्तियों का देशवार वास्तविक उपयोग इस प्रकार किया है: नार्वे-6, पोलैंड-1, जी.डी. आर.-5, मंगोलिया-1, बुलगारिया-4, यूगोस्लाविया-1, फ्रांस-2, एफ.आर.जी.-8, आयरलैंड-8, जापान-9, डेनमार्क-3, टर्की-3, यू.एस.ए.-3, यू.एस.एस.आर.-18, थाइलैंड-4, स्पेन-4, आस्ट्रिया-1. चेकोस्लोवाकिया-2, नीदरलैंड-3, इटली-28, आस्ट्रेलिया-5, ट्रिनीडाड-1, न्यूजीलैंड-1, बेल्जियम-2, ग्रीक-2

विदेश व राष्ट्रमंडलीय छात्रवृत्तियां (एफ.सी.ओ. तथा पुरस्कार योजना, यू.के.

10.13.0 इस योजना के अंतर्गत यू.के. में 9 छात्रों को विदेश भेजा गया।

यू.के./कनाडा सरकार द्वारा प्रदान की गई राष्ट्रमंडलीय छात्रवृत्तियां व शिक्षावृत्तियां

10.14.0 इस योजना के अंतर्गत, 60 छात्रों को विदेश भेजा गया।

विज्ञान अनुसंधान छात्रवृत्तियां

10.15.0 वर्ष 1988-89 के दौरान इस योजना के अंतर्गत कोई छात्र विदेश नहीं भेजा गया।

तकनीकी सहयोग प्रशिक्षण कार्यक्रम

10.16.0 इस योजना के अंतर्गत इस मंत्रालय ने 7 छात्रों को विदेश भेजा।

राष्ट्रमण्डलीय शिक्षा सहयोग कार्यक्रम

10.17.0 इस कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित 3 वरिष्ठ शिक्षाशास्त्रियों को 1988-89 के दौरान विजिटरशिप के लिए चुना गया:-

1. डॉ० लेन कूपर टेलर (कनाडा)
2. श्री जोसेफ केथेम्बा म्वाले (मालवी)
3. श्री अकीकी बोम्बेरा मुजाजु (यूगांडा)

ब्रिटिश काउंसिल विजिटरशिप कार्यक्रम

10.18.0 इस कार्यक्रम के अंतर्गत 150 से अधिक, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों तथा चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी-अपनी विशेषज्ञताओं के क्षेत्र में हुये महत्वपूर्ण विकास की जानकारी के आदान-प्रदान का लाभ उठाया।

भारत में अध्ययन/प्रशिक्षण के लिए विदेशी छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां

10.19.0 आलोच्य वर्ष के दौरान, भारत द्वारा द्विपक्षीय सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अध्ययन के लिए विभिन्न देशों को 300 से भी अधिक छात्रवृत्तियों की पेशकश की गई। ये देश हैं:

सेनेगेल, फ्रांस, जर्मन संघीय गणराज्य, यू.एस.एस.आर., फिलीपाइन्स, बेल्जियम, मेक्सिको, अफगानिस्तान, ग्रीस, सोमालिया, इटली, यूगोस्लाविया, सीरिया, यमन-लोकतांत्रिक गणराज्य, हंगरी, वियतनाम, बुल्गारिया, ट्यूनिशिया, पुर्तगाल, मलेशिया, श्रीलंका, बहरीन, बर्मा, ईरान, केनिया, कोरिया जनवादी लोकतान्त्रिक गणराज्य, मारीशस, जापान, अल्जीरिया, आस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, सुडान, इथोपिया, जोर्डन। इस प्रस्ताव के अंतर्गत हमें 260 नामांकन प्राप्त हुये तथा हमने 185 छात्रों के लिए स्थान का प्रबंध किया। जनवरी, 1989 तक 110 छात्र भारत की विभिन्न संस्थाओं में आ गये हैं।

भारत में अध्ययन के लिए राष्ट्रमंडलीय छात्रवृत्ति/शिक्षावृत्ति योजना

10.20.0 इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा राष्ट्रमंडलीय देशों को उनके राष्ट्रिकों के लिए भारत में स्नातकोत्तर–अनुसंधान अध्ययनों के लिए 75 छात्रवृत्तियों की पेशकश की गई। इस प्रस्ताव के अंतर्गत हमें 70 नामांकन प्राप्त हुये तथा जनवरी, 1989 तक 20 छात्र अपनी संस्थाओं में आ गये हैं।

डॉ० अमिलकर काब्रल छात्रवृत्ति

10.21.0 इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक अफ्रीकी छात्र के लिए एक छात्रवृत्ति की पेशकश की गई है।

डॉ० एन्यूरिन बेवन स्मारक शिक्षावृत्ति

10.22.0 इस कार्यक्रम के अंतर्गत यू.के. के राष्ट्रिकों

के लिए एक से दो तक की शिक्षावृत्तियों की पेशकश की गई है।

कोलंबो योजना की तकनीकी सहयोग योजना

10.23.0 कोलंबो योजना की तकनीकी सहयोग योजना के अंतर्गत कोलंबो योजना देशों से आने वाले छात्रों को स्थान देने के लिए सहायता दी जाती है जिनके नाम हैं: अफगानिस्तान, भूटान, ईरान, इण्डोनेशिया, मलेशिया, मालदीव, नेपाल, फिलीपीन्स, श्रीलंका। इस योजना के अंतर्गत हमें वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) जो इस कार्यक्रम के लिए मुख्य मंत्रालय है, से लगभग 100 छात्रों के नामांकन प्राप्त होते हैं। उन छात्रों को जिन्हें भारतीय संस्थाओं में स्थान मिल जाता हैं, छात्रवृत्ति भी दी जाती है। आलोच्य वर्ष के दौरान, इस कार्यक्रम के अंतर्गत 75 छात्रों को छात्रवृत्तियां दी गईं।

राष्ट्रमण्डलीय शिक्षा सहयोग योजना–शिल्प-अनुदेशकों का प्रशिक्षण

10.24.0 इस योजना के अंतर्गत, रोजगार व प्रशिक्षण महानिदेशालय को नियंत्रणाधीन विभिन्न संस्थाओं में विभिन्न प्रकार के शिल्पों के शिल्प अनुदेशकों के प्रशिक्षण के लिए, एशिया, अफ्रीका, और लेटिन अमेरिका के राष्ट्रमण्डलीय देशों के 10 राष्ट्रिकों के लिए विशेष छात्रवृत्तियां देने की पेशकश की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जनवरी, 1989 तक दो छात्रवृत्तियों का उपयोग किया गया

दादू नायकर पुरस्कार

10.25.0 वर्ष 1988-89 से शुरू किये गये इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक छात्रवृत्ति भारत में अध्ययन के लिए भारतीय मूल के एक सुयोग्य दक्षिण अफ्रीकी छात्र को दी गईं।

पुस्तक संवर्धन और कापीराईट

11.0.0 शिक्षा के क्षेत्र में पुस्तकों की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। देश में शैक्षिक सुविधाओं के विस्तार से पुस्तकों की मात्रा के साथ-साथ विभिन्न विषयों की पुस्तकों की मांग भी अधिक बढ़ गई है। शिक्षा विभाग के पुस्तक संवर्धन प्रभाग की, उचित दामों में अच्छी कोटि की पुस्तकें तैयार करने, स्वदेशी लेखकों को बढ़ावा देने, लोगों में पढ़ने की आदत पैदा करने तथा भारतीय पुस्तक उद्योग की समस्याओं का समाधान करने के लिए कई योजनाएं हैं। इस सम्बन्ध में शुरू किये गए कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का संक्षिप्त ब्यौरा निम्नलिखित पैरा में दिया गया है:

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास :

11.1.1 राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की वर्ष 1957 में एक स्वायत्त संगठन के रूप में स्थापना इस उद्देश्य के साथ की गयी थी कि वह उचित दामों में अच्छी अध्ययन सामग्री तैयार करे तथा उसके उत्पादन को बढ़ावा दे, लोगों में पुस्तकों के प्रति रूचि पैदा करे। इन उद्देश्यों के अनुसरण में, न्यास एक सुपरिभाषित श्रृंखलाओं में अंग्रेजी के साथ भारतीय भाषाओं में पुस्तकें तैयार करता रहा है। न्यास राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय स्तरों पर पुस्तक मेले आयोजित करता है तथा पुस्तक लेखन के विभिन्न पहलुओं पर सेमिनार तथा संगोष्ठियां आयोजित करता है। इसके अलावा यह पुस्तकों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रकाशन उद्योग की ओर से विदेशों में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनियों में भी भाग लेता है। न्यास के बंगलौर तथा बम्बई स्थित दो क्षेत्रीय कार्यालय है तथा अमृतसर, बंगलौर, बम्बई, कलकत्ता, हैदराबाद, मैसूर, शांति निकेतन तथा नई दिल्ली में आठ पुस्तक केन्द्र है।

प्रकाशन कार्यक्रम :

11.1.2 कुछ महत्वपूर्ण विषय जिनमें न्यास पुस्तकें प्रकाशित करता है वे हैं : भारत – लोगों की भूमि, राष्ट्रीय जीवनियां, युवा भारत, लोकप्रिय विज्ञान, आज का विश्व, आदान-प्रदान और नेहरू बाल पुस्तकालय। इन सतत् योजनाओं के अलावा न्यास ने स्कूल पुस्तकालय कार्यक्रमों, नौसिखियों तथा स्कूल बीच में छोड़ जाने वालों की शिक्षा को जारी रखने के लिए पाठ्य सामग्री और प्राचीन साहित्य के प्रकाशन आदि के लिए पुस्तकों के प्रकाशन के लिए नई योजनाएं शुरू की हैं।

प्रकाशन (सतत् योजनाएं)

11.1.3 पिछले वर्षों के दौरान विभिन्न श्रृंखलाओं और भाषाओं में पुस्तकों तथा आने वाले वर्षों के दौरान सम्भावित मांग के आधार पर न्यास ने अब अपनी सतत् योजनाओं में वर्ष 1988-89 से एक आवश्यकता पर आधारित भाषावार प्रकाशन कार्यक्रम आरंभ किया है। उक्त प्रकाशन कार्यक्रम को तैयार करने के फलस्वरूप एक निर्धारित प्रकाशन समय-सारिणी तैयार की गई है और आशा है कि आने वाले महीनों के दौरान पिछले वर्षों में प्रकाशित और मुद्रित पुस्तकों के मुकाबले कहीं बेहतर संख्या में पुस्तकें प्रकाशित की जाएंगी। अप्रैल और अक्तूबर, 1988 के बीच न्यास ने 102 पुस्तकें प्रकाशित कीं जिनमें से 29 मूल पुस्तकें और 73 पुनः मुद्रित हैं।

11.1.4 चूंकि बड़ी मात्रा में पाण्डुलिपियां प्रैस में हैं और पुस्तकों का प्रकाशन कार्यक्रम के अनुसार एक योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है।अतः यह आशा

31-12-88 की स्थिति



शीर्षक

प्रौ· शि·	प्रौढ़ शिक्षा
अ· प्र· स·	अपर प्रशिक्षुता सलाहकार
प्र·	प्रशासन
पु· सं·	पुस्तक संवर्द्धन
ले· नि·	लेखा नियंत्रक
स·	समन्वय
नि·	निदेशक
प्र·	प्रभाग
प्रा· शि·	प्रारम्भिक शिक्षा
वि· छा·	विदेश छात्रवृत्ति
वि· स·	वित्त सलाहकार
हि· अ· ए·	हिन्दी अनुवाद एकक
आ· वि· प्र·	आन्तरिक वित्त प्रभाग
आ· का· अ· ए·	आन्तरिक कार्य अध्ययन एकक
स· स·	संयुक्त सचिव
सं· शि· स·	संयुक्त शिक्षा सलाहकार
हि· प्र· ए·	हिन्दी प्रकाशन एकक
सं· ए·	संसद एकक

भा·	भाषा
रा· छा·	राष्ट्रीय छात्रवृत्ति
रा· सा· मि·	राष्ट्रीय साक्षरता मिशन
रा· भा·	राजभाषा
वे· ए· ले· का·	वेतन एवं लेखा कार्यालय
यो· एवं छा·	योजना एवं छात्रवृत्ति
यो·	योजना
स्कूल	स्कूल
शि· शि·	शिक्षक शिक्षा
त·	तकनीकी
वि·	विश्वविद्यालय
स· रा· क्षे· प्र·	संघ राज्य क्षेत्र प्रभाग
व्या· शि·	व्यावसायिक शिक्षा
रि·	रिक्त
⊗	पदेन अपर महानिदेशक राष्ट्रीय साक्षरता मिशन
⊗⊗	पदेन निदेशक राष्ट्रीय साक्षरता मिशन
प्र·	प्रकाशन एकक

1. पद उपसचिव के रूप में प्रयुक्त है
2. – वही –
3. – वही –
4. पद निदेशक के रूप में प्रयुक्त है
5. पद उपसचिव के रूप में प्रयुक्त है
6. – वही –
7. पद निदेशक के रूप में प्रयुक्त है
8. पद उपसचिव के रूप में प्रयुक्त है
9. पद निदेशक के रूप में प्रयुक्त है
10. पद उप लेखा नियंत्रक के रूप में प्रयुक्त है

की जाती है कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान न्यास कई और पुस्तकें प्रकाशित करेगा।

महत्वपूर्ण (कोर) पुस्तक परियोजना और सहायता प्राप्त योजना

11.1.5 स्वदेशी लेखकों को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय के पास भारतीय लेखकों द्वारा लिखी गई विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों के प्रकाशन के लिए सहायता देने की एक योजना है जिसका उद्देश्य छात्रों को उचित दामों में पुस्तकें उपलब्ध कराना है। यह योजना राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के माध्यम से वर्ष 1970 से कार्यान्वित की जा रही है। आलोच्य वर्ष के दौरान, न्यास ने सहायता प्राप्त पुस्तकों के प्रकाशन के लिए योजना के नियमों को संशोधित किया है ताकि निजी प्रकाशकों को अधिकाधिक भाग लेने के लिए आकर्षित किया जा सके, जिनके लिए मुख्य तौर से यह योजना बनाई गई है। पद्धतियों को सफल बनाने के अलावा संशोधित नियमों में इस योजना को इसके उपयुक्त परिप्रेक्ष्य में तर्कसंगत तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देने के लिए न्यास द्वारा उठाए गए कदम

11.1.6 चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, न्यास अपने पुस्तक संवर्धन कार्यकलापों को बढ़वा दे रहा है। अब से मार्च, 1989 तक, पांच मुख्य पुस्तक मेले/उत्सव दिल्ली, लखनऊ, बम्बई, बड़ौदा और कोयम्बटूर में आयोजित किए गए/जा रहे हैं।

11.1.7 इसके अलावा, फरवरी, 1989 के प्रथम सप्ताह में अन्य कार्यकलापों के अतिरिक्त देश भर में एक साथ विश्वविद्यालयी शहरों में 40 प्रदर्शनियां आयोजित करते हुए एक राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।

11.1.8 भारत में सोवियत महोत्सव के भाग के रूप में न्यास ने मार्च, अप्रैल और मई 1988 में हैदराबाद, मद्रास और बंगलौर में सोवियत पुस्तक प्रदर्शनियां आयोजित कीं।

विदेशी मूल की विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों को कम कीमत पर प्रकाशित करना।

11.2.0 शिक्षा विभाग ब्रिटेन, अमेरिका, रूस तथा जर्मन की सरकारों के सहयोग से चार द्विपक्षीय कार्यक्रमों को चला रहा है ताकि विदेशी मूल की अच्छे स्तर की पुस्तकों को भारतीय विश्वविद्यालयों के छात्रों को कम कीमत के संस्करणों में उपलब्ध कराया जा सके। इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत पुस्तकों के नवीन संस्करणों को शामिल करने पर विचार किया जाता है और इनका विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा इस दृष्टिकोण से मूल्यांकन किया जाता है कि यह भारतीय छात्रों के लिए उपयुक्त हैं तथा इसके बराबर के स्तर की भारतीय पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं। तत्पश्चात् अंग्रेजी तथा भारतीय भाषाओं में उपयुक्त पुस्तकों के प्रकाशन की सिफारिश की जाती है। वर्ष 1987-88 के अंत तक लगभग 763 ब्रिटिश, 1630 अमेरिकी, 600 सोवियत और 9 जर्मन पुस्तकें इन कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रकाशित की जा चुकी हैं। चालू वर्ष के दौरान 25 अमेरिकी और 33 सोवियत पुस्तकों के प्रकाशन की सिफारिश की गई है।

भारत सोवियत साहित्य परियोजना :

11.3.0 दोनों देशों की समकालीन रचनात्मक कृतियों के प्रकाशन के लिए गठित भारत-सोवियत समिति ने भारत तथा सोवियत रूस की 20वीं शताब्दी के साहित्य के अनुवाद को लगभग 20खण्डों में प्रकाशित कराने के लिए एक परियोजना तैयार की है। प्रथम दो खण्डों का मास्को में भारत महोत्सव के दौरान विमोचन किया गया। खण्ड 3 और 4 की विषय वस्तु की संरचना को भी अन्तिम रूप दे दिया गया है। सभी 20 खण्डों का प्रकाशन वर्ष 1995 तक किए जाने की संभावना है।

पुस्तकों और प्रकाशन के लिए नई आयात-निर्यात नीति :

11.4.1 पुस्तकों और प्रकाशन के लिए नई आयात-निर्यात नीति अप्रैल, 1988 से लागू की गई और यह मार्च 1991 तक लागू रहेगी। इस नीति की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं:—

(1) सामान्य खुला लाइसैंस (ओ०जी०एल०) के अंतर्गत शैक्षिक, वैज्ञानिक और तकनीकी पुस्तकें और पत्र-समाचार पत्रिकाएं और समाचार-पत्र सभी व्यक्तियों द्वारा आयात किए जा सकते हैं।

(2) शिक्षण सहायक सामग्रियों और शैक्षिक स्वरूप की माइक्रो फिल्में और माइक्रोफिशे, शैक्षिक स्वरूप की श्रव्य कैसेटों/वीडियो टेपों सहित अथवा रहित फिल्म स्ट्राइपों/स्लाइडों का आयात केवल मान्यता प्राप्त शैक्षिक,

वैज्ञानिक, तकनीकी, अनुसंधान संस्थाओं, ऐसे संस्थाओं के पुस्तकालयों, केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार के विभागों, अनुसंधान और विकास कार्य में संलग्न औद्योगिक एककों, पंजीकृत चिकित्सा संस्थानों, अस्पतालों, परामर्शदाताओं, मान्यताप्राप्त चैम्बर आफ कामर्स, उत्पादकता परिषदों, प्रबंध संघों और व्यावसायिक निकायों द्वारा किया जा सकता है।

11.4.2 तथापि उन विदेशी पुस्तकों के संस्करण जिसके लिए प्राधिकृत भारतीय पुनः मुद्रित संस्करण उपलब्ध हों, के आयात की स्वीकृति नहीं दी जाएगी। भारतीय प्रकाशनों के विदेशी पुनः मुद्रण की स्वीकृति इस मंत्रालय से पूर्व लिखित अनुमति के आधार पर दी जाएगी।

पुस्तक निर्यात और संवर्धन कार्यकलाप :

11.5.1 भारत विश्व के दस प्रमुख पुस्तक प्रकाशक देशों में से एक है। विदेशों में भारतीय पुस्तकों की बिक्री तथा अनुवाद/पुनर्मुद्रण के अधिकारों को प्रोत्साहित करने और विदेशों से मुद्रण कार्य प्राप्त करने के वास्ते अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों में भाग लेकर तथा भारतीय पुस्तकों की विशेष प्रदर्शनियां आयोजित करके, टीका सहित सूची पत्रों, विवरणिकाओं आदि के परिचालन द्वारा वाणिज्यिक प्रचार तथा बाजार का अध्ययन करके हमारी पुस्तकों के प्रचार के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

11.5.2 वर्ष 1988-89 में भारत ने काहिरा, लंदन, सोफिया, मलेशिया, बीजिंग (चीन) सिंगापुर, फैंकफर्ट, सूराबया और बाली (इंडोनेशिया) में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों/प्रदर्शनियों में भाग लिया। कैनबरा, सोफिया, बुलगारिया और ब्रिसबेन में भारतीय पुस्तकों की विशेष प्रदर्शनियां आयोजित की गईं।

11.5.3 सोवियत संघ में भारत महोत्सव समारोहों के एक भाग के रूप में, सोवियत संघ के सात शहरों : ताशकंद, फ्रुंजे, डशानबे, विल्नियस, कीव, बाकु और मास्को में सात भारतीय, पुस्तक प्रदर्शनियों आयोजित की गयीं। प्रत्येक प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर 3000 पुस्तकें प्रदर्शित की गयीं। इन पुस्तक प्रदर्शनियों के दौरान एक विशेष प्रदर्शनी "भारतीय प्रकाशन का इतिहास' का भी आयोजन किया गया था।

11.5.4 अप्रैल-नवम्बर, 1988 के बीच न्यास ने विदेश में अनेक प्रदर्शनियों और पुस्तक मेलों में भाग लिया और/अथवा पुस्तक व्यवसाय की सहभागिता की व्यवस्था की। इसने भारतीय पुस्तकों के लिए संयुक्त स्टाल स्थापित किये तथा विदेशी खरीदारों को भारतीय पुस्तकों और प्रकाशनों के सभी पहलुओं के सम्बन्ध में सूचना प्रदान की।

11.5.5 अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों/विदेशों में प्रदर्शनियों में भाग लेने के परिणामस्वरूप वर्ष 1988-89 में पत्र-पत्रिकाओं सहित पुस्तकों का निर्यात 29 करोड़ रुपये तक बढ़ जाने का अनुमान है।

राजाराम मोहनराय राष्ट्रीय शैक्षिक संसाधन केन्द्र :

11.6.1 केन्द्र की स्थापना वर्ष 1972 में इस मुख्य उद्देश्य से की गई थी कि यह विश्वविद्यालय स्तर पर स्वदेशी पुस्तकों के लेखन और प्रकाशन को बढ़ावा देगा। इसका उद्देश्य पुस्तक प्रकाशन के क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों के लेखकों और प्रकाशकों तथा अनुसन्धान कार्यकर्ताओं को सेवाएं प्रदान करना है। यह स्वदेशी पाठ्य पुस्तकों के संबंध में सभी सूचना स्पष्ट करने के लिए एक आंकड़ा बैंक के रूप में कार्य करेगा। हिन्दी और अंग्रेजी सहित सभी क्षेत्रीय भाषाओं में विश्वविद्यालय स्तर की मानक पाठ्य-पुस्तकों के लिए यह केन्द्र एक संदर्भ पुस्तकालय के रूप में कार्य करता है। यह केन्द्र मौके पर मूल्यांकन की अपनी अभिनव योजना के अंतर्गत सभी विषयों पर स्वदेशी पुस्तकों का विषय विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन कराता है तथा भारतीय विश्वविद्यालयों में विश्वविद्यालय पाठ्य चर्चा में शामिल करने के लिए इन मानक पुस्तकों की सिफारिश करता है। अब तक विषय विशेषज्ञों की ऐसी अस्सी पैनल बैठकें आयोजित हो चुकी हैं और 750 पुस्तकों को मानक पुस्तकें निर्धारित किया गया है जिनमें से 105 को विभिन्न विश्वविद्यालयों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में शामिल कर लिया गया है।

11.6.2 शिक्षकों और छात्रों में मानक स्वदेशी पुस्तकों के प्रकाशन और विद्यमानता के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से केन्द्र बारी-बारी से विभिन्न विश्वविद्यालयों में विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों की प्रदर्शनियां समय-समय पर आयोजित करता है। वर्ष 1988-89 के दौरान, इस केन्द्र ने चार प्रदर्शनियां भोपाल विश्वविद्यालय जीवाजी विश्व-

विद्यालय, ग्वालियर, भारतीदासन विश्वविद्यालय, तिरूचिरापल्ली (तमिलनाडु) और श्री कृष्णदेव राय विश्वविद्यालय, अनंतपुर (आन्ध्र प्रदेश) में आयोजित की हैं।

11.6.3 यह केन्द्र अन्तर्राष्ट्रीय आई०एस०बी० एन० एजेंसी, बर्लिन के मार्गदर्शन से भारत में अन्तर्राष्ट्रीय मानक पुस्तक संख्या प्रणाली को लागू करने में एक राष्ट्रीय एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है। यह एजेंसी प्रकाशकों को आई०एस०बी०एन० निःशुल्क देती है। अब तक इस एजेंसी ने आई०एस०बी०एन० प्रणाली के अन्तर्गत 600 से भी अधिक भारतीय प्रकाशकों को पंजीकृत किया है।

11.6.4 यह केन्द्र पुस्तक व्यापार और विश्वविद्यालयों के लाभ हेतु कई विशिष्ट प्रकाशनों का प्रकाशन कर रहा है। हाल ही में, इसने पुस्तक उद्योग और व्यापार पर पुस्तक सूची प्रकाशित की है। दो अन्य प्रकाशन अर्थात् आई०एस०बी०एन० पुस्तकों की राष्ट्रीय सारणी को भी प्रकाशित किया गया है। इसने आगे विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों के खण्ड 3 की राष्ट्रीय सारणी का प्रकाशन किया है जिसमें 3000 से अधिक विश्वविद्यालय स्तरीय पाठ्यपुस्तकों के बारे में जानकारी निहित है।

कापीराईट

11.7.1 कापीराईट कार्यालय की स्थापना जनवरी, 1958 में कापीराईट अधिनियम, 1957 की धारा 9 के अनुसरण में की गयी थी। वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 1983 के कापीराईट संशोधन अधिनियम की वर्ष 1984 के कापीराईट संशोधन अधिनियम द्वारा कापीराईट अधिनियम में संशोधन किया गया।

11.7.2 वर्ष 1988 के दौरान (30.11.88 की स्थिति के अनुसार) कापीराईट कार्यालय ने 718 कार्य पंजीकृत किए जिनमें 441 कलात्मक कार्य, 276 साहित्यिक कार्य और एक गीतों के रिकार्ड शामिल है। इसके अलावा, कापीराईट कार्यालय ने 27 कलात्मक कार्यों और एक साहित्यिक कार्य के संबंध में कापीराईट के रजिस्टर में दर्ज कापीराईट के विवरणों में परिवर्तनों को पंजीकृत किया है।

11.7.3 कापीराईट बोर्ड, जो कि एक अर्धन्यायिक निकाय है, की स्थापना प्रारंभ में सितम्बर, 1958 में की गयी। कापीराईट बोर्ड का क्षेत्राधिकार पूरे भारत में है। यह कापीराईट पंजीकरण के परिशोधन कापीराईट कार्य के संबंध में विवादों के मामले की सुनवाई करता है। लोगों तक पहुंचने में रोके गये कार्यों के लिए लाइसेंस अप्रकाशित भारतीय कार्यों में अनिवार्य लाइसेंस, अनुवादों को तैयार करने और प्रकाशित करने के लिए लाइसेंस, कुछ प्रयोजनों के लिए कार्यों के प्रकाशन के लिए लाइसेंस देता है और कापीराईट अधिनियम, 1957 के अंतर्गत दायर विविध मामलों की सुनवाई करता है। इसके बोर्ड की बैठकें देश के विभिन्न क्षेत्रों में होती है ताकि लेखकों, सृजनकर्ताओं और बौद्धिक सम्पत्ति के मालिकों को उनके निवास अथवा व्यावसायिक स्थल के समीप न्याय की सुविधाएं मिल सकें। वर्ष 1988 के दौरान (30.11.1988 तक) बोर्ड ने 7 बैठकें आयोजित कीं और 201 मामलों पर सुनवाई की तथा 15 मामलों का फैसला किया और 23 चूककर्ताओं के मामलों को निरस्त कर दिया।

11.7.4 भारत कापीराईट संबंधी दो अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय अर्थात् साहित्यिक और कलात्मक कार्यों के संरक्षण के लिए वर्न अभिसमय और यूनिवर्सल कापीराईट अभिसमय का सदस्य है। इन दोनों अभिसमयों को जुलाई, 1971 में पेरिस में संशोधित किया गया था, ताकि इनमें विकासशील देशों को दी जाने वाली विशेष रियायतों को शामिल किया जा सके और वे शैक्षिक प्रयोजनों के लिए विदेशी मूल की पुस्तकों के पुनः प्रकाशन/अनुवाद के लिए अनिवार्य लाइसेंस जारी कर सकें, यदि कुछ शर्तों के अंतर्गत स्वतंत्रतापूर्वक आपसी बातचीत के माध्यम से इन अधिकारों को प्राप्त नहीं किया जा सका है। भारत ने दोनों अभिसमय स्वीकार कर लिये हैं।

विदेशी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सुविधाएं :

11.7.5 विश्व बौद्धिक सम्पत्ति संगठन शिक्षा वृत्ति कार्यक्रम के अंतर्गत श्री एम०डी० सोमा वीरा ने कापीराईट के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए नवम्बर, 1988 में भारत का दौरा किया।

भारतीय प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सुविधाएं :

11.7.6 श्री एस०ए० पद्मनाभन, विशेष अधिकारी (पुस्तक आयात) और मंत्रालय में कापीराईट के उप-रजिस्ट्रार ने जून, 1988 में स्विटजरलैंड में 1988 के लिए वाइपो शिक्षावृत्ति कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशासन कापीराईट और समीपवर्ती अधिकार संबंधी एक

विशिष्ट पाठ्यक्रम में भाग लिया।

वर्ष 1988 के लिए वाइपो शिक्षावृत्ति कार्यक्रम के अंतर्गत श्री एन०डी० ग्रोवर, डेस्क अधिकारी ने कापीराईट और समीपवर्ती अधिकार संबंधी एक सामान्य प्रारंभिक पाठ्यक्रम में 29 अगस्त से 13 सितम्बर, 1988 तक हंगरी में भाग लिया तथा जेनेवा, स्विटजरलैंड में 14 से 16 सितम्बर, 1988 तक बौद्धिक संपत्ति के नियम की उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के प्रभाव पर वाइपो विश्वव्यापी मंच में भाग लिया।

भाषाओं की प्रौन्नति

12.0.0 शिक्षा के लिए भाषाओं का बहुत महत्व है। अतः राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भाषाओं के विकास को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। यही कारण हैं कि एक ओर संस्कृत और उर्दू सहित संविधान की 8वीं अनुसूची में उल्लिखित 14 भाषाओं तथा दूसरी और अंग्रेजी और विदेशी भाषाओं की प्रोन्नति और विकास पर पर्याप्त ध्यान दिया गया। इस दायित्व के निर्वाह के लिए विभाग की सहायता के लिए अनेक स्वायत्त संगठन और अधीनस्थ कार्यालय हैं अर्थात केन्द्रीय हिंदी शिक्षण मंडल, आगरा, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली तथा इसके 8 विद्यापीठ केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर तथा इसके 4 क्षेत्रीय केन्द्र और 2 उर्दू प्रशिक्षण और अनुसंधान केन्द्र; केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, नई दिल्ली, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली तथा तरक्की-ए-उर्दू ब्यूरो, नई दिल्ली। आलोच्य वर्ष के दौरान विभाग द्वारा अपने पहले से चल रहे कार्यक्रमों और योजनाओं को जारी रखा गया। वर्ष 1988-89 के दौरान भाषाओं की प्रौन्नति और विकास के सम्बन्ध में किए गए महत्वपूर्ण कार्यकलाप निम्नलिखित हैं :—

हिंदी की प्रौन्नति और विकास

12.1.0 दूसरी पंचवर्षीय योजना से ही अहिंदी भाषी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के अपर-प्राथमिक से लेकर उच्चतर-माध्यमिक स्कूलों में हिंदी शिक्षकों की नियुक्ति के लिए केंद्रीय सहायता उपलब्ध की जा रही हैं। इस योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत सहायता दी जाती है। अब तक चालू पंचवर्षीय योजना के दौरान अहिंदी भाषी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा लगभग 7,000 हिंदी शिक्षकों को नियुक्त किया जा चुका है। इसी प्रकार की एक अन्य योजना है जिसके अंतर्गत अहिंदी भाषी राज्यों संघ राज्य क्षेत्रों को हिंदी शिक्षक प्रशिक्षण कालेजों की स्थापना के लिए शत-प्रतिशत केन्द्रीय सहायता दी जाती है। इसी प्रयोजन के लिए यह सहायता स्वैच्छिक संगठनों को भी उपलब्ध है। अब तक इस योजना के अंतर्गत 29 कालेज लाभान्वित हो चुके हैं जिनमें से 19 कालेज राज्य सरकारों द्वारा और 10 स्वैच्छिक संगठनों द्वारा चलाए जा रहे हैं। इन कालेजों में वार्षिक प्रवेश क्षमता लगभग 1000 प्रशिक्षणार्थी हैं।

12.1.1 भाषा अध्ययन और भाषा विश्लेषण के लिए शब्द-कोशों को बहुत महत्वपूर्ण पाया गया है। अतः शब्दकोश प्रयोजनाओं को समुचित महत्व दिया गया है। इन प्रयोजनाओं के अंतर्गत केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा 13 हिंदी आधारित और 13 क्षेत्रीय भाषा आधारित शब्द-कोश संकलित किए जा रहे हैं। अब तक हिंदी-गुजराती, हिन्दी-सिंधी, हिंदी-उर्दू, हिंदी-मराठी, हिंदी-असमी, हिंदी-तमिल, हिंदी-तेलुगु, हिंदी-मलयालम, हिंदी-उड़िया शब्दकोश प्रकाशित किए जा चुके हैं। केन्द्रीय हिंदी निदेशालय ने 5 त्रि-भाषा शब्दकोश भी प्रकाशित किए हैं और हिंदी पर आधारित 12 और क्षेत्रीय भाषाओं पर आधारित 12 त्रि-भाषा कोशों का संकलन कार्य चल रहा है। निदेशालय द्वारा एक बहु-भाषा कोश भी प्रकाशित किया गया है। एक तत्सम शब्दकोश जिसमें 2000 हिन्दी शब्दों के तत्सम शब्द 13 क्षेत्रीय भाषाओं में दिए गए हैं प्रकाशित किया जा चुका है। सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के अंतर्गत हिंदी-चीनी, हिंदी-अरबी, हिंदी-फ्रेंच और हिंदी-स्पेनिश शब्दकोश भी प्रकाशित किए जा चुके है।

12.1.2 मूल विज्ञानों, अनुप्रयुक्त विज्ञानों समाज-विज्ञानों और मानविकी से सम्बन्धित 27 विषयों के वैज्ञानिक और तकनीकी लगभग 5 लाख शब्दों को समन्वित और विषयवार शब्द संग्रहों के रूप में प्रकाशित किया जा चुका है। कम्प्यूटर विज्ञान, मुद्रण प्रौद्योगिकी और आधुनिक वास्तु-कला जैसे उन्नत और विशिष्ट क्षेत्रों की शब्दावली के मूल्यांकन का कार्य चल रहा है। केन्द्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा अंग्रेजी पत्रिका "यूनेस्को कूरियर" का हिंदी रूपान्तर, "यूनेस्को दूत" शीर्षक से प्रकाशित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त निदेशालय एक त्रैमासिक पत्रिका "भाषा" और एक वार्षिक पत्रिका "वार्षिकी" का प्रकाशन भी कर रहा है। वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग भी इसी प्रकार "विज्ञान गरिमा सिन्धु" नाम से एक विज्ञान पत्रिका का प्रकाशन कर रहा है। सामाजिक विज्ञानों के लिए इसी प्रकार "विज्ञान गरिमा सिंधु" नाम की एक ओर पत्रिका इस वर्ष से प्रकाशित करने की योजना बनाई गई हैं।

12.1.3 विश्वविद्यालय स्तर पर अंग्रेजी के स्थान पर शिक्षा माध्यम के रूप में हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं को अपनाने से संबंधित नीति-निर्देश का अनुसरण करते हुए विभिन्न विषयों में विश्वविद्यालय स्तरीय पाठ्य-पुस्तकों के निर्माण की एक योजना बनाई गई थी। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक राज्य को 100 लाख रुपये तक केन्द्रीय सहायता उपलब्ध है। यह सहायता इस योजना में भाग लेने के लिए 15 राज्यों और 4 विश्वविद्यालयों को उपलब्ध की गई ताकि वे उच्च-शिक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं को अपना सकें। इस योजना के अंतर्गत कुल 8300 पुस्तकें प्रकाशित/पुन:प्रकाशित की जा चुकी हैं। यह पुस्तकें हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में हैं और इनमें से 280 पुस्तकें इस योजना की मुख्य एजेंसी अर्थात वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित की गई हैं।

12.1.4 हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं की प्रौन्नति और प्रचार के लिए प्रकाशन निकालने हेतु स्वैच्छिक संगठनों, संस्थाओं, न्यासों तथा व्यक्तियों को वित्तीय सहायता दी जा रही है। यह सहायता सरकार द्वारा स्वीकृत कुल लागत अनुमानों के 80% तक दी जाती हैं। सुदूर शिक्षा के महत्व को स्वीकार करते हुए केन्द्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा अंग्रेजी, तमिल, बंगला और मलयालम के माध्यम से हिंदी शिक्षण के लिए पत्राचार पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। चालू वर्ष के दौरान इन पाठ्यक्रमों में लगभग 15 हजार छात्र प्रशिक्षण पा रहे हैं।

12.1.5 केन्द्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा अहिंदी भाषिओं के अध्ययन दौरे हिंदी भाषी क्षेत्रों में आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त अहिंदी भाषी क्षेत्रों के शोध कर्त्ताओं को यात्रा अनुदान भी दिए गए। इसी प्रकार विद्वानों की व्याख्यान यात्राओं का भी आयोजन किया गया। हिंदी के मूल लेखन को प्रोत्साहन देने के लिए अहिंदी भाषी क्षेत्रों में नव-हिंदी लेखकों के लिए 8 लेखक कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त अहिंदी भाषी क्षेत्रों में भारतीय साहित्य के विभिन्न पहलुओं पर परिचर्चाओं के लिए संगोष्ठियां भी आयोजित की गईं।

12.1.6 वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा विश्वविद्यालय/कालेज स्तर के शिक्षकों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई ताकि उन्हें आयोग द्वारा बनाई गई शब्दावलियों के माध्यम से शिक्षण में हिंदी के प्रयोग के संबंध में मार्गदर्शन दिया जा सके।

12.1.7 अहिंदी भाषी राज्यों के हिंदी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्रीय हिंदी संस्थान द्वारा अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में निष्णात और पारंगत प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम शामिल हैं। संस्थान द्वारा जन-जातीय क्षेत्रों के हिंदी शिक्षकों के लिए विस्तार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संस्थान विदेशियों को हिंदी पढ़ाने के लिए एक सम्पूर्ण शैक्षिक पाठ्यक्रम भी चला रहा है। चालू वर्ष के दौरान सरकार द्वारा इन विदेशी छात्रों को 50 छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं।

12.1.8 प्रधान मंत्री जी द्वारा 13.2.1989 को केन्द्रीय हिन्दी संस्थान की रजत जयन्ती समारोह का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने हिन्दी की उल्लेखनीय सेवाओं के लिए निम्नलिखित पुरस्कार प्रदान किये।

(क) हिन्दी प्रचार तथा शिक्षण प्रशिक्षण

(1) श्री मो० सत्यनारायण
(2) श्री गो०पे० नेने
(3) श्री गिरिराज किशोर
(4) श्री शंकर राव लौंढे
(5) श्रीमती मुतुबाई माने
(6) श्री रजनीकांत चक्रवर्ती
(7) श्री एम०के० वेलायुधन नायर

(8) श्री शा. रा. शारंगपाणि

(9) श्री दत्तात्रेय मिश्र

(10) श्री नरसिंह नन्द शर्मा

(11) श्री एच० गोकुलानन्द शर्मा

(12) श्री नरेन्द्र अंजारिया

(ख) (1) श्री धर्मवीर भारती — हिन्दी पत्रकारिता और

(2) श्री बालशौरि रड्डी — रचनात्मक साहित्य

(3) श्री के०जी० बाल कृष्ण पिल्लै

(ग) (1) श्री राम चरण मेहरोत्रा — हिन्दी में वैज्ञानिक

(2) डा० ब्रज मोहन — साहित्य तथा उपकरण

(3) डा० ओम विकास — आदि का विकास

(4) श्री गुणाकर मुले

(घ) (1) डा० प्रभाकर माचवे — हिन्दी की प्रोन्नति

(2) डा० ब्रजेश्वर वर्मा — और विकास आदि

(3) डा० हरदेव बाहरी

(4) डा० एन० नागप्पा

(5) प्रो० रामसिंह तोमर

12.1.9 एक अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के परामर्श से विचार किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त टिप्पणियां सम्प्रति एक उच्च स्तरीय समिति के विचाराधीन है।

12.1.10 हिंदी की प्रौन्नति विकास और प्रचार में कार्यरत स्वैच्छिक संस्थाओं को प्रोत्साहन देने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा उन्हें उनके स्वीकृत अनुमानों के 75% तक वित्तीय सहायता दी जा रही है। लगभग 170 संगठन इस सहायता से लाभान्वित हो रहे हैं। दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा और अखिल भारतीय संस्था संघ को शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता दी जा रही है।

ख. आधुनिक भारतीय भाषाओं की प्रौन्नति और विकास

12.2.1 त्रिभाषा सूत्र को कार्यान्वित करने के लिए शिक्षकों के आधुनिक भारतीय भाषाओं में प्रशिक्षण और विकास की ध्यान रखते हुये, केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान अपने चार क्षेत्रीय भाषा केंद्रों और दो उर्दू प्रशिक्षण अनुसंधान केन्द्रों में विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के स्कूली शिक्षकों के लिए एक शैक्षिक वर्ष के पाठ्यक्रम चला रहा है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित तीन सौ सत्तानवे शिक्षक-प्रशिक्षुओं को 13 भाषाओं में दाखिला दिया गया था। इसके अलावा 110 पत्राचार पाठ्यक्रमों द्वारा तमिल और बंगला में प्रयोगात्मक आधार पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। भाषा में दक्षता के मूल्यांकन के लिए भाषाओं में योग्यता परीक्षा को विकसित करने के लिए, संस्थान ने सात भाषाओं के परीक्षा पाठों को भी तैयार कर लिया है जबकि अन्य सात भाषाओं के परीक्षा पाठों को तैयार किया जा रहा है।

12.2.2 जनजातीय भाषाओं में तथा उन पर कई पुस्तकें प्रकाशित किए जाने के अलावा, संस्थान द्वारा कई जनजातीय और सीमावर्ती भाषाओं में व्याकरणों, शब्दकोशों और प्रवेशिकाओं का प्रकाशन किया गया है। दक्षिण भारत में उर्दू प्रौन्नति के कार्यकलापों को तेजी से आगे बढ़ाने हेतु ब्यूरो ने हैदराबाद में शाखा कार्यालय की स्थापना की है। उर्दू में सुलेखन कला के परिरक्षण और विकास के लिए, उर्दू प्रौन्नति ब्यूरो द्वारा देश में 36 सुलेखन प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की गई है जिनमें से 6 केन्द्र केवल महिलाओं के लिए हैं। इन केन्द्रों से अब तक लगभग 1000 छात्र लाभान्वित हुये हैं। ब्यूरो द्वारा उर्दू में बहुत से प्रकाशन भी निकाले गये हैं तथा इसके अलावा उर्दू में तकनीकी शब्दों की एक शब्दावली भी प्रकाशित की गई है। उर्दू प्रौन्नति ब्यूरो द्वारा "फिकरो तहकीक" नामक उर्दू में शोध पत्रिका का भी प्रकाशन किया जा रहा है।

12.2.3 आधुनिक भारतीय भाषाओं की प्रौन्नति और प्रचार को दृष्टिगत रखते हुए प्रकाशनों को निकालने के लिए स्वैच्छिक संगठनों और व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार, आधुनिक भारतीय भाषाओं की प्रौन्नति के कार्य में लगे हुये स्वैच्छिक संगठनों को केंद्रीय सहायता मिलती है। योजना के अंतर्गत सहायता का स्वरूप हिन्दी के लिए दी जाने वाली सहायता के स्वरूप की तरह है।

12.2.4 सिंधी की प्रौन्नति और विकास के लिए केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं जिसमें सिंधी की प्रौन्नति और प्रचार में लगे स्वैच्छिक संगठनों को प्रकाशन सहायता तथा वित्तीय सहायता और सिंधी अध्येताओं को पुरस्कार प्रदान करना शामिल है।

अंग्रेजी की निपुणता में सुधार

12.3.1 देश में अंग्रेजी के अध्ययन/अध्यापन के स्तरों में पर्याप्त सुधार लाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा

प्रत्येक राज्य में अंग्रेजी भाषा के लिए कम से कम एक जिला केन्द्र की स्थापना के लिए, केन्द्रीय अंग्रेजी और विदेशी भाषा संस्थान के माध्यम से सहायता प्रदान की जा रही है। अब तक 22 केन्द्र स्थापित किये जा चुके है। सरकार केन्द्रीय और विदेशी भाषा संस्थान के माध्यम से विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय अंग्रेजी संस्थाओं और अंग्रेजी भाषा शिक्षण संस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु सहायता प्रदान कर रही है।

12.3.2 सरकार द्वारा सी.आई.ई.एफ.एल. के साथ सहयोग से क्षेत्रीय अंग्रेजी भाषा संस्थान को एक योजना सौंपी गई है जिसके अंतर्गत Xवीं कक्षा के बाद के छात्रों तथा भारत में उच्च अध्ययन हेतु आए विदेशी छात्रों की अंग्रेजी दक्षता के स्तर के मूल्यांकन के लिए परीक्षाएं तैयार की जाएंगी। "टी.ई.पी.-10" और "टी.ई.पी.-12" नामक अंग्रेजी दक्षता का मूल्यांकन करने वाली ये परीक्षाएं तैयार होने वाली है।

संस्कृत और अन्य श्रेण्य भाषाओं की प्रौन्नति

12.4.1 राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में और हमारी सांस्कृतिक धरोहर के समझने तथा उसके परिरक्षण में संस्कृत के महत्व को मान्यता देते हुये, सरकार द्वारा संस्कृत शिक्षण और अध्ययन के विकास और प्रौन्नति हेतु कई कार्यक्रम आरम्भ किये गये है। दो अन्य श्रेण्य भाषाओं अरबी और फारसी के प्रचार और विकास के लिए भी कार्यक्रम जारी हैं। 1988-89 के दौरान संस्कृत भाषा (पालि और प्राकृत सहित) साहित्य और अध्ययन की प्रौन्नति हेतु शुरू किये गये कुछ मुख्य कार्यक्रम निम्नलिखित हैं :-

संस्कृत के प्रचार और विकास में लगी स्वैच्छिक संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना

12.4.2 इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत संस्कृत संगठनों/संस्थाओं को शिक्षकों के वेतन, छात्रों को छात्रवृत्ति देने, भवन, फर्नीचर, पुस्तकालय आदि के निर्माण और मरम्मत के लिए आवर्ती और अनावर्ती अनुदान प्रदान किये जाते हैं। उपरोक्त प्रत्येक मद पर अनुमोदित व्यय का पिचहत्तर प्रतिशत मंत्रालय द्वारा अनुदान के रूप में दिया जाता है और उन वैदिक संस्थाओं को जहां मौखिक वैदिक परम्पराओं का संरक्षण किया जा रहा है, कुल अनुमोदित व्यय का 95% सरकारी अनुदान के रूप में दिया जाता है। इस वर्ष के दौरान लगभग 700 संस्कृत संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

आदर्श संस्कृति महाविद्यालय/शोध संस्थाएं

12.4.3 स्वैच्छिक संगठनों में से कुछ संस्थाओं में भावी विकास की क्षमता है और वे स्नातकोत्तर शिक्षा प्रदान कर रही हैं, उनको 95% आवर्ती और 75% अनावर्ती व्यय की दर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अभी तक 12 स्नातकोत्तर शिक्षण संस्थाओं और 2 स्नातकोत्तर अनुसंधान संस्थाओं को इस योजना के अंतर्गत लाया गया है। इनमें से तीन उत्तर प्रदेश में, एक केरल में, तीन बिहार में, दो हरियाणा में, दो महाराष्ट्र में तथा 3 तमिलनाडु में है।

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान

12.4.4 अनुसंधान, प्रकाशन, पाण्डुलिपियों के संग्रह और उनके संरक्षण तथा प्रशिक्षण संबंधी कार्यकलापों के आयोजन सहित संस्कृत के संरक्षण और प्रसार के लिए मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त शासी संगठन के रूप में इस संस्थान का गठन किया गया है। सन् 1970 से अब तक इसने सात राज्यों में तिरूपति, दिल्ली, जम्मू, इलाहाबाद, पुरी, गुरूवायुर, जयपुर और लखनऊ स्थित 8 केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों की स्थापना की है। इसके अलावा, इसने परीक्षा के प्रयोजनार्थ अपने से लगभग 39 प्राइवेट संस्थाओं को सम्बद्ध किया है। यह प्रथमा से विद्यावारिधि तक परीक्षा आयोजित करता है और प्रमाण-पत्र तथा डिग्रियां प्रदान करता है। यह स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर तक अध्यापक-प्रशिक्षण भी प्रदान करता है। इस समय संस्थान के विद्यापीठों में 2000 छात्र दाखिल हैं जिनमें से 1200 छात्रों को उनके अध्ययन के लिए छात्रवृत्तियां दी जाती हैं और लगभग 700 छात्रों को छात्रावास संबंधी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

विश्वविद्यालय समझी जाने वाली संस्थाएं

12.4.5 दिल्ली तथा तिरूपति स्थित दो विद्यापीठों को 16 नवम्बर, 1987 को विश्वविद्यालय समझी जाने वाली संस्थाओं के रूप में घोषित किया गया है।

12.4.6 इन विद्यापीठों ने प्रशिक्षण देने के अलावा अनेक अनुसंधान विकास तथा विस्तार संबंधी क्रियाकलापों को भी आरम्भ किया है। उन पर नीचे चर्चा की गई है :-

इलाहाबाद विद्यापीठ : जो पाण्डुलिपियों के संग्रह और उनके परिरक्षण में एक विशिष्ट संस्था है, ने अब तक

लगभग 50000 पांडुलिपियां एकत्र की है और अनेक महत्वपूर्ण कृतियां प्रकाशित की हैं। इसने कश्मीर शैववाद से संबंधित कश्मीर विश्वविद्यालय से पाण्डुलिपियों की माइक्रो फिल्म तैयार करने की योजना बनाई है। यह कार्य चल रहा है।

तिरूपति विद्यापीठ : निम्नलिखित परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है :–

अगम कोष : बैरवानस अगम कोष मुद्रण के लिए लिया गया है। पन्कारत्रा तथा शैववाद कोष इसके बाद होंगे।

वेदों की टेप रिकार्डिंग : विभिन्न शाखाओं का वैदिक गायन 1200 घंटे तक रिकार्ड किया गया। आगे का कार्य तिरूपति तिरूमाला देवस्थानम् की सहायता से प्रगति पर है।

मौखिक शास्त्रीय परम्पराओं की टेप रिकार्डिंग : मीमांसा परम्परा की टेप रिकार्डिंग पूरी हो गई तथा न्याय परम्परा की रिकार्डिंग शुरू हो गई है।

जम्मू विद्यापीठ : इस विद्यापीठ की कश्मीर शैव दर्शन में विशेषज्ञता है तथा कश्मीर शैव दर्शन की पाण्डुलिपि पूरी की गई। पुनरीक्षण जारी है। इस परम्परा की पाण्डुलिपियों के संकलन के लिए श्रीनगर में एक केन्द्र खोला जा रहा है।

दिल्ली विद्यापीठ : सांख्य व योग पर एक संदर्भ कोष तैयार करने में विशेषज्ञ है जिसकी पाण्डुलिपि पूरी हो गई है। कमेन्ट्री के साथ-2 सबारा भाष्य का मुद्रण प्रगति पर है।

12.4.7 **मुख्यालय का कार्यालय** : मीमांसा पर टीका सहित श्लोक वर्तिका। संस्कृत में विद्यार्थियों के लिए वेदों ने चुने गये स्रोत सूत्रों का एक अध्ययन प्रगति पर है। कुल मिलाकर विभिन्न विद्यापीठों तथा संस्थान के मुख्यालय के कार्यालय से 155 प्रकाशन निकाले गये हैं। मुख्यालय कार्यालय द्वारा संस्कृत साहित्य के छात्रों के लिए, लिए गए संक्षिप्त खण्ड पूरे हो गये है। वर्ष के दौरान मीमांसा व शैववाद पर सेमिनार क्रमशः तिरूपति व श्रीनगर में आयोजित किये गये।

12.4.8 वर्ष 1988 के दौरान, लगभग 154 विद्यार्थियों को विभिन्न विद्यापीठों के विद्यावारिधि पाठ्यक्रम के लिए पंजीकृत किया गया तथा लगभग 24 विद्यार्थियों को विद्यावारिधि की डिग्री प्रदान की गई।

छात्रवृत्तियां

12.4.9 राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से, दो छात्रवृत्ति कार्यक्रम चला रहा है।

संस्कृत पाठशालाओं के छात्रों के लिए अनुसन्धान छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत अनुसंधान अध्येताओं को दो वर्ष की अवधि के लिए 300 रु० मासिक भत्ता दिया गया है। इसके अलावा प्रत्येक विद्यार्थी को 500 रु० वार्षिक दर से एक आकस्मिक अनुदान भी दिया गया है।

उत्तर-मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत वे विद्यार्थी, जिन्होंने आधुनिक धारा में एम.ए./आचार्य, पी.एच.डी. स्तरों तथा संस्कृत एक विषय के रूप में पढ़ी है, को क्रमशः 100 रु० प्रति माह तथा 300 रु० प्रतिमाह की दर से छात्रावृत्ति दी गई।

संस्कृत शब्दकोष परियोजना, दि दक्कन कालेज, पुणे

12.4.10 दक्कन कालेज, पुणे को ऐतिहासिक सिद्धान्तों पर एक शब्दकोष तैयार करने के लिए सहायता उपलब्ध कराई जा रही है यह अनुसंधान अध्येताओं की प्राचीन तथा कठिन संस्कृत भाष्यों के अनुवाद में सहायता करेगा। भाग I व II खण्डों के प्रत्येक के तीन भाग, तथा खण्ड III का एक भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं।

शास्त्रों में गहन अध्ययन प्रदान करने के लिए जान-माने वरिष्ठ संस्कृत विद्वानों की सेवाओं का प्रयोग

12.4.11 इस योजना के अंतर्गत 85 जाने-माने संस्कृत विद्वानों को स्टाफ के कनिष्ठ सदस्यों तथा आदर्श संस्कृत पाठशालाओं के वरिष्ठ छात्रों, कुछ महत्वपूर्ण स्वैच्छिक संस्कृत शिक्षण संस्थानों, अनुसंधान केन्द्रों तथा संस्कृत विश्वविद्यालयों को उच्च भाष्यों, अनुसंधान तथा प्रणाली-विज्ञान में गहन अध्ययन में मार्ग-दर्शन के लिए मान्यता दी गई है यह विद्वान 1000 रु० प्रतिमाह के मानदेय पर नियुक्त किये गये हैं

संस्कृत के अलावा अरबी व फारसी जैसी प्राचीन भाषाओं के विकास तथा प्रसार में संलग्न स्वैच्छिक संगठनों के लिए वित्तीय सहायता

12.4.12 इस योजना के अंतर्गत, अरबी व फारसी

की उन्नति के लिए कार्य कर रहे पंजीकृत स्वैच्छिक संगठनों को वेतन, छात्रवृत्ति, फर्नीचर, पुस्तकालय आदि व अन्य गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता दी गई। इस योजना के अंतर्गत लगभग 200 संस्थाओं को सहायता दी जा रही है। अरबी और फारसी ने उच्च अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए परम्परागत मदरसों व मकतबों के विद्यार्थियों को भी प्रत्येक वर्ष छात्रवृत्तियां दी गई

संस्कृत, अरबी व फारसी के विद्वानों को सम्मान-पत्र प्रदान करना

12.4.13 यह योजना जाने-माने संस्कृत, अरबी व फारसी विद्वानों को राष्ट्रपति का पुरस्कार, सम्मान प्रमाण पत्र देने पर विचार करती है। प्रत्येक वर्ष 14 विद्वानों को, 10 संस्कृत तथा अरबी व फारसी प्रत्येक में 2, पुरस्कार के लिए चुनती है तथा उनके नाम स्वतंत्रता दिवस की संध्या को घोषित किये जाते है। पुरस्कार में जीवन भर के लिए 10,000/- रु० का वार्षिक वित्तीय अनुदान है। प्रत्येक विद्वान को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में एक सनद तथा शाल भेंट की जाती है। पिछले वर्षो के समान, इस वर्ष भी 14 विद्वानों को पुरस्कार के लिए चुना गया है।

राज्य सरकारों/केन्द्र शासित क्षेत्रों के द्वारा संस्कृत के विकास के लिए योजना

अभावग्रस्त परिस्थितियों में रह रहे संस्कृत के जाने-माने विद्वानों को वित्तीय सहायता

12.4.14 लगभग 1460 जाने माने विद्वानों को, जिनकी आय 4000/- रु० प्रति वर्ष से कम है इस योजना के अंतर्गत 4000/- रु० प्रति वर्ष तक की वित्तीय सहायता दी जा रही हैं।

संस्कृत पाठशालाओं का आधुनिकीकरण

12.4.15 संस्कृत शिक्षा की परम्परागत तथा आधुनिक प्रणाली के बीच तादात्म्य स्थापित करने के लिए भारत सरकार, राज्य सरकारों को परम्परागत संस्कृत पाठशालाओं में चुने हुये आधुनिक विषयों के शिक्षण के लिए शिक्षक नियुक्त करने लिए अनुदान दे रही है। 1988-89 के दौरान तीन राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के एक-2 शिक्षक की नियुक्ति के लिए अनुदान जारी किए जाने की आशा है।

उच्च तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में संस्कृत शिक्षण के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना।

12.4.16 जहां राज्य सरकारें संस्कृत शिक्षण उपलब्ध कराने की स्थिति में नहीं हैं वहां उच्च तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में नियुक्त होने वाले संस्कृत शिक्षकों के वेतन के लिए भारत सरकार ने शत-प्रतिशत अनुदान देकर अंतर को पाटने के लिए कदम उठाये हैं। 1988-89 के दौरान नौ शिक्षकों की नियुक्ति के लिए तीन राज्यों द्वारा इस सुविधा से लाभ उठाने की आशा है।

उच्च तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में अध्ययनरत संस्कृत के छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां

12.4.17 उच्च तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में मेधावी छात्रों को संस्कृत अध्ययन की ओर आकर्षित करने के लिए 9वीं तथा 10वीं कक्षाओं में संस्कृत छात्रों के लिए 10/- रु० प्रति माह की दर से छात्रवृत्तियां दी गई। लगभग 3,000 छात्र इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

संस्कृत की उन्नति के लिए राज्य सरकारों को उनकी अपनी योजनाओं के लिए अनुदान

12.4.18 इस योजना के अंतर्गत, राज्य सरकारें संस्कृत के विकास और प्रसार के लिए शिक्षकों का वेतन बढ़ाना, वैदिक विद्वानों का सम्मान, विद्वत्त सभाओं का आयोजन, संस्कृत के लिए सांध्य कक्षायें चलाना, कालिदास समारोह मनाना जैसे कार्यक्रमों द्वारा अपने स्वयं के कार्यक्रम बनाने के लिए स्वतंत्र हैं। इस योजना के अंतर्गत 1988-89 के दौरान पांच राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को सहायता दिए जाने की सम्भावना है।

संस्कृत साहित्य की रचना

12.4.19 इस योजना के अंतर्गत (i) संस्कृत साहित्य संबंधी मूल कृतियों का मुद्रण व प्रकाशन, (ii) अप्राप्य संस्कृत पुस्तकों का मुद्रण, (iii) विभिन्न संस्थाओं को नि:शुल्क वितरण के लिए लेखकों व प्रकाशकों से प्रकाशनों की खरीद (iv) संस्कृत पत्रिकाओं की गुणवत्ता व विषयवस्तु में सुधार (v) संस्कृत पाण्डुलिपियों की विस्तृत सूची को तैयार व प्रकाशित करना तथा संस्कृत पाण्डुलिपियों के आलोचनात्मक भाग का प्रकाशन, आदि के लिए सहायता दी गई है।

12.4.20 1988-89 के दौरान (दिसम्बर, 1988 के अंत तक) सरकारी सहायता से 20 प्रकाशन निकाले गये। 1988-89 के दौरान 20 और प्रकाशन निकाले जाने की आशा है।

इसके अलावा धर्मकोश मण्डल, वाई, जो प्राचीन संस्कृत साहित्य के एक धर्मकोश नामक विश्वकोश के निर्माण कार्य और प्रकाशन में लगा हुआ है, को सातवीं, पंचवर्षीय योजना की बाकी अवधि के दौरान, भारत सरकार द्वारा अनुदान की राशि दी जाएगी। अखिल भारतीय काशीराज ट्रस्ट, वाराणसी, सरकार की सहायता से सभी महापुराणों के हिन्दी अनुवाद; अंग्रेजी अनुवाद तथा आलोचनात्मक संस्करणों को निकालने के काम में लगा हुआ है।

12.4.21 लगभग 33 पत्रिकाओं को उनकी कोटि तथा विषय-वस्तु में सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा 1500/- रूपये से 10,000/- रूपये प्रतिवर्ष तक का अनुदान दिया जा रहा है। सरकार ने विभिन्न संस्थाओं को निःशुल्क आवंटन के लिए व्यक्तियों तथा प्रकाशकों से लगभग 200 पुस्तकें भी खरीदी। वर्ष 1988-89 में पाण्डुलिपियों के दो सूची-पत्र आलोचनात्मक संस्करण प्रकाशित किये गये। वर्ष 1988-89 के दौरान पांच और सूची पत्र/आलोचनात्मक संस्करण प्रकाशित किये जाने की संभावना है।

12.4.22 इसके अलावा महत्वपूर्ण दुर्लभ संस्कृत पुस्तकों के फोटो आफसैट पुनर्मुद्रण का भी एक व्यापक कार्यक्रम शुरू किया गया है ताकि इन पुस्तकों को कम कीमत पर पाठकों को उपलब्ध कराया जा सके। वर्ष 1988-89 के दौरान, लगभग 30 पुस्तकों के पुनर्मुद्रण की आशा है।

वैदिक अध्ययन की मौखिक परम्परा का संरक्षण

12.4.23 वैदिक अध्ययन की मौखिक परम्परा के संरक्षण के एक विशेष कार्य के रूप में एक योजना वर्ष 1978 में प्रारंभ की गई थी जिसके अंतर्गत प्रत्येक स्वाध्यायी को किसी एक विशेष वेद शाखा में 12 वर्ष की आयु से कम वाले दो छात्रों को, जिसमें से एक उनका अपना बेटा अथवा सगा-संबंधी होता है, प्रशिक्षित करना होता है। वर्ष 1988-89 के दौरान, ऐसी पन्द्रह इकाइयां सहायता प्राप्त कर रही हैं। इस योजना के अंतर्गत अध्येता को 1250 रूपये प्रतिमाह का मानदेय और प्रत्येक छात्र को 175 रूपये प्रतिमाह का वजीफा दिया जाता है।

वैदिक सम्मेलन

12.4.24 उन क्षेत्रों तथा परिवारों का पता लगाने के लिए जहां आज भी वेदपाठ की मौखिक परंपरा अभी तक कायम है, यह मंत्रालय प्रत्येक वर्ष वैदिक सम्मेलन आयोजित करता है जिसके अंतर्गत पूरे देश के अध्येताओं को आमंत्रित किया जाता है। इस वर्ष वैदिक सम्मेलन जनवरी, 1989 में आयोजित किये जाने की आशा है।

अखिल-भारतीय वाक् प्रतियोगिता

12.4.25 संस्कृत अध्ययन के विभिन्न विषयों में पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं के छात्रों में महत्वपूर्ण प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए मंत्रालय अखिल-भारतीय वाक् प्रतियोगिताएं आयोजित करता है। इसमें भाग लेने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों से एक शिक्षक सहित आठ छात्रों के एक दल को आमंत्रित किया गया। इस वर्ष की प्रतियोगिता जनवरी/फरवरी 1989 में होनी निश्चित हुई है।

राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान

12.4.26 राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान को वैदिक अध्ययन की मौखिक परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में स्थापित किया गया है जो पारम्परिक वैदिक संस्थानों तथा अध्येताओं को बढ़ावा देने, छात्रवृत्तियां/शिक्षावृत्तियां आदि देने जैसे विभिन्न कार्यकलाप करेगा। इस प्रतिष्ठान का 19 अगस्त, 1987 को उद्घाटन किया गया। वर्ष 1988-89 के दौरान प्रतिष्ठान को संग्रह राशि के रूप में उपयोग करने के लिए 40 लाख रूपये की राशि संस्वीकृत की गई है।

12.4.27 इसके अतिरिक्त, वर्ष 1988-89 के दौरान प्रतिष्ठान को स्टाफ की नियुक्ति और वेतन संबंधी खर्चों को पूरा करने के लिए 5 लाख रूपये की राशि की संस्वीकृति दी गई। इस प्रतिष्ठान ने वैदिक गणित पर, दो कार्यशालाएं, पहली जयपुर में मार्च, 1988 में और दूसरी अक्तूबर, 1988 में अहमदाबाद में आयोजित कीं।

संस्कृत पाठशालाओं के निर्माण के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण

12.4.28 यह योजना केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों, आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों और अन्य पारंपरिक

संस्कृत संस्थाओं से निकलने वाले छात्रों के लिए रोजगार की संभावनाएं बढ़ाने की दृष्टि से शुरू की गई थी। यह उन छात्रों के संस्कृत के अध्ययन से जुड़े विषयों में अल्पकालीन व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध करवाती है जैसे पुरालेख शास्त्र, पाण्डुलिपि मुद्रण, धर्मविधि, संस्कृत मुद्रण और कम्पोजिंग आदि। इन पाठ्यक्रमों को चलाने के लिए पंजीकृत स्वैच्छिक संगठनों को शत-प्रतिशत अनुदान प्राप्त होता है। वर्ष 1988-89 के दौरान ऐसे करीब बारह पाठ्यक्रम शुरू होने की संभावना है।

विभिन्न सलाहकार बोर्डों/आयोगों के कार्य और कार्यकलाप

केन्द्रीय संस्कृत बोर्ड

12.4.29 केन्द्रीय संस्कृत बोर्ड भारत सरकार को विभिन्न स्तरों पर संस्कृत शिक्षा के प्रतिमानों से संबंधित देश में संस्कृत के प्रसार और विकास के संबंध में नीति के मामलों पर सलाह देता है।

संस्कृत, अरबी, फारसी के स्वैच्छिक संगठनों पर अनुदान समिति

12.4.30 संस्कृत/अरबी और फारसी संगठनों पर अनुदान समिति, जो संस्कृत/अरबी, फारसी के प्रचार और विकास के लिए कार्य कर रही, संबंधित राज्य सरकारों के जरिए विभिन्न संस्थाओं से प्राप्त आवेदनों पर विचार करती है, और संस्कृत की प्रौन्नति के लिए कार्य कर रहे स्वयंसेवी संगठनों को वित्तीय सहायता की योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता देने और श्रेण्य भाषाओं अर्थात् अरबी और फारसी के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता देने की सिफारिशें करती हैं। इन समितियों की पिछली बैठक क्रमश: 18/19 अगस्त, 1988 और 7 दिसम्बर, 1988 को हुई थी।

संस्कृत के वयोवृद्ध व प्रख्यात विद्वानों के चयन के लिए समितियों का गठन

12.4.31 यह समिति शास्त्र चूडामणि योजना के अंतर्गत व्याकरण, न्याय, वेदांत आदि जैसे शास्त्रीय विषयों की गहन शिक्षा प्रदान करने के लिए पार्टियों के आवेदन पत्रों की जांच करती है और उपयुक्त विद्वानों का चयन करती है। इस समिति की अन्तिम बैठक 26 सितम्बर, 1988 को हुई थी।

प्रधानमंत्री, श्री राजीव गांधी—केन्द्रीय हिन्दी शिक्षण मंडल के रजत जयंती समारोह के उद्घाटन अवसर पर हिन्दी के विद्वानों को सम्मानित करते हुए—विज्ञान भवन, नई दिल्ली—13 फरवरी, 1989.

सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम

13.1.0 सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम में गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू तथा कश्मीर सीमावर्ती चार राज्यों को शामिल किया गया है। सातवीं पंचवर्षीय योजना के लिए 200 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है जिसका कार्यान्वयन वर्ष 1986-87 के दौरान गृह मंत्रालय द्वारा किया गया। इसे 1987-88 में शिक्षा विभाग को हस्तान्तरित किया गया। इसका अभिप्राय यह था कि इस कार्यक्रम को शिक्षा और इससे संबद्ध मामलों तक सीमित रखा जाए, जो सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए महत्वपूर्ण अंग है। अब इस कार्यक्रम के अधीन समग्र मानव संसाधन विकास पर जोर दिया गया है। इस कार्यक्रम के अधीन राज्य शिक्षा विकास कार्यक्रमों की कमी को पूरा करने के प्रयास किये जाते हैं जिनमें वे भी शामिल हैं जो एन०आर०ई०पी०, आर०एल०ई०जी०पी०, आई०आर०डी०पी०, और मरुभूमि विकास कार्यक्रम के अधीन शुरू किये जाते हैं। इस कार्यक्रम के अधीन नये स्कूल खोलने, स्कूलों का ग्रेड बढ़ाने, मौजूदा स्कूलों में कक्षाओं के लिए अतिरिक्त कमरे, प्रयोगशालाएं, शौचालय आदि बनाने, अनिवार्य सुविधाओं की व्यवस्था, पॉलिटेक्निकों और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थाओं की स्थापना, प्रौढ़ शिक्षा और अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों की स्थापना, युवा कार्यक्रम, सांस्कृतिक विकास कार्यकलाप आदि के लिए फंड की व्यवस्था की गई है।

13.2.0 कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए शिक्षा विभाग ने मार्गदर्शी निर्देश तैयार किए हैं और उन्हें सीमावर्ती राज्यों में परिचालित किया। उनसे इन मार्गदर्शी निर्देशों के अनुसार अपने प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया। शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में संस्वीकृतिदात्री समिति गठित की गई है जिसमें योजना आयोग, राज्य सरकारों और संबंधित मंत्रालयों के प्रतिनिधि हैं ताकि राज्यों के प्रस्तावों को तेजी से निपटाया जा सके।

13.3.0 संस्वीकृतिदात्री समिति की सिफारिश के अनुसार राज्य सरकारों को विभिन्न कार्यक्रमों/कार्यकलापों के लिए प्रशासनिक स्वीकृति सूचित की गई है जो 36.63 करोड़ रूपये की है और वर्ष 1987-88 के दौरान उन्हें 25 करोड़ रूपये का संपूर्ण बजट प्रावधान जारी किया गया था। वर्ष 1988-89 के दौरान 45.50 करोड़ रूपये (35.5 करोड़ रूपये के मूल प्रावधान को बढ़ाकर 45.5 करोड़ रूपये किया गया था) के मुकाबले में संस्वीकृतिदात्री समिति ने विभिन्न कार्यकलापों के लिए 6069.18 करोड़ रूपये (पीछे से चले आ रहे कार्यकलापों के लिए वचनबद्धता के अलावा) की प्रशासनिक स्वीकृति दी है और राज्य सरकारों को 31.1.89 तक 23.12 करोड़ रूपये दे दिए गए हैं।

13.4.0 राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना और प्रशासन संस्थान ने 19-21 सितम्बर, 1988 को खंड विकास योजनाओं के लिए मानदंड और मार्गदर्शी निर्देश बनाने और कार्यक्रम के अनुवीक्षण और मूल्यांकन के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया।

बीस सूत्री कार्यक्रम, 1986 और सुविधावंचित वर्गों के लिए शिक्षा की सुलभता

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की शिक्षा

14.1.1 राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के संबंध में कार्य योजना में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य कमज़ोर वर्गों की शैक्षिक स्थिति में सुधार के लिए कई उपायों की संकल्पना की गई है। राष्ट्रीय स्तर पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों से संबंधित मामलों पर समीक्षा करने और परामर्श देने के क्रम में एक केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (सी०ए०बी०ई०) का गठन (जिसका उल्लेख पहले किया गया है) केन्द्रीय कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी की अध्यक्षता में किया गया है। समिति की दूसरी बैठक 25 अगस्त, 1988 को हुई थी। समिति ने कमजोर वर्गों के शैक्षिक विकास के लिए मौजूदा कार्यक्रमों, योजनाओं आदि पर विचार-विमर्श किया और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, समय पर छात्रवृत्तियों और अन्य प्रोत्साहनों के वितरण, उपचारी उपायों और विशेष कोचिंग, माइक्रो-प्लानिंग आदि के संबंध में काफी सिफारिशें की गईं।

14.1.2 उन वर्गों की विशिष्ट आवश्यकताओं पर ध्यान देकर शिक्षा संबंधी असमानता और असंगति के निराकरण पर विशेष बल दिया गया है जो मौजूदा शैक्षिक प्रावधानो और सुविधाओं का पूर्ण लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

14.1.3 आंध्र प्रदेश, असम, उड़ीसा, और राजस्थान में अनुमोदित 12 स्कूलों में विशेष और प्रतिकारी कोचिंग द्वारा "अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की मैरिट उन्नयन" स्कीम के अंतर्गत वर्ष के दौरान 225 छात्रों को सम्मिलित किया गया, देश भर में अनुमोदित आवासीय सैकण्डरी स्कूलों में नामांकन के लिए 113 छात्र चुने गए।

अल्पसंख्यकों की शिक्षा

14.2.0 अल्पसंख्यकों के सुधार के लिए निर्देशित प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम के अनुसार, आलोच्य वर्ष के दौरान, अल्पसंख्यकों के शैक्षिक विकास के लिए ये कार्यक्रम आगे बढ़ाए गए। कार्यक्रम का संक्षिप्त ब्यौरा नीचे दिया गया है :–

(1) व्यावसायिक प्रशिक्षण

अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में दस सामुदायिक पॉलिटेक्निकों में विभिन्न कौशलों/शिल्पों में, अल्पकालीन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से 10,000 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया।

(2) कोचिंग कक्षाएं

शैक्षिक रूप से पिछड़े, अल्पसंख्यक छात्रों की कोचिंग के लिए विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को सहायता प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एक योजना कार्यान्वित करता हैं। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी करने के लिए कोचिंग दी जाती है। इस समय 20 विश्वविद्यालयों और 14 कॉलेजों में कोचिंग कक्षाएं चलाई जा रही हैं।

(3) पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा

राष्ट्रीय एकता के दृष्टिकोण से स्कूल पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन किया जा रहा है। इसका उल्लेख "स्कूल शिक्षा" के अंतर्गत भी किया गया है। भावनात्मक

एकता और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की दृष्टि से स्कूलों और कॉलेजों में निर्धारित पाठ्यपुस्तकों से उस सामग्री और प्रयासों को दूर करने का लक्ष्य हैं जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अस्पृश्यता, जातिवाद, क्षेत्रवाद और सम्प्रदायवाद को चिरस्थायी बनाते हैं। राष्ट्रीय, शैक्षिक, अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद ने विभिन्न विषयों में पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित किए हैं। राज्य स्तर पर राजकीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषदों, राज्य पाठ्यपुस्तक बोर्डों/निगमों ने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या संरचना के प्रकाश में पाठ्यक्रम में संशोधन करने के लिए कदम उठाये हैं।

महिला शिक्षा

14.3.0 शैक्षिक योजनाएं बनाते समय लड़कियों/महिलाओं के लिए एक उत्तम तरीके से शिक्षा में प्रवेश प्रदान करने की आवश्यकता को ध्यान में रखा गया। इन योजनाओं का विवरण संबद्ध अध्यायों—प्रारंभिक शिक्षा, स्कूल शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा और तकनीकी शिक्षा में दिया गया है।

14.4.1 बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारंभिक शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा और प्रौढ़ शिक्षा में प्रगति का मूल्यांकन, पूर्व निर्धारित लक्ष्यों के संदर्भ में किया जाना है। प्रारंभिक और प्रौढ शिक्षा के क्षेत्र में लक्ष्य, कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और योजना आयोग के अनुदेशों के अनुसार नामांकन के रूप में निर्धारित किए जाते हैं। अनौपचारिक शिक्षा का अनुवीक्षण अभी किया जाना हैं।

14.4.2 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 और कार्य योजना के अनुरूप शिक्षा विभाग ने "धारण" के साथ-साथ योग्यता प्राप्ति पर बल देने वाली एक नई मानीटरिंग पद्धति की स्थापना का विचार किया है। इस विषय पर योजना आयोग और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में चर्चा की गई है। अन्ततः केबिनेट मंत्रिमंडलीय सचिवालय में सचिव-समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जब तक नई मानीटरिंग प्रणाली तैयार नहीं की जाती, तब तक लक्ष्य निर्धारित किए जायें और प्रारंभिक शिक्षा और प्रौढ़ शिक्षा के संदर्भ में नामांकन के रूप में मानीटरिंग की जाए।

प्रबंध, मानीटरिंग और मूल्यांकन

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (सी.ए.बी.ई.)

15.1.1 केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (सी.ए.बी.ई.) में राज्यों के शिक्षा मंत्री, प्रशासक, शिक्षाविद और विद्वान शामिल हैं। यह राष्ट्रीय स्तर के निकाय के रूप में वर्ष के दौरान कार्य करता रहा हैं और शिक्षा के क्षेत्र में प्रवृत्तियों की समीक्षा, कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का विश्लेषण और नीति विषयक विषयों पर सलाह देते हुए शिक्षा नीति के प्रबंध के लिए महत्वपूर्ण आदान-प्रदान करता रहा है।

15.1.2 बोर्ड ने, 10 समितियों के माध्यम से कार्य किया, इन समितियों को निम्नलिखित विषयों पर गहराई से विचार करने का काम सौंपा गया:–

- प्रारंभिक शिक्षा (आपरेशन ब्लैकबोर्ड सहित)
- शिक्षा का स्वरूप और प्रक्रिया (खासतौर पर स्कूल स्तर पर)।
- शिक्षकों का स्थानांतरण।
- महिला शिक्षकों के लिए आवास सुविधाएं।
- सामान्य शिक्षा प्रणाली।
- शिक्षा का व्यावसायिकरण।
- भाषा विकास और भाषा शिक्षण।
- अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और शिक्षा की दृष्टि से सुविधा विहीन अन्य वर्ग।
- शिक्षा का प्रबंध।
- **शिक्षा के लिए संसाधन।**

15.1.3 नीचे तालिका में केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठकों के ब्यौरे और इसकी समितियां और उनकी मुख्य-मुख्य सिफारिशें दी गई हैं:–

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड, इसकी समितियों की बैठकें और उनकी मुख्य-मुख्य सिफारिशें

क्र० सं०	केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड और इसके निकायों के ब्यौरे	बैठक की तारीखें	मुख्य-मुख्य सिफारिशें/ संपादित कार्य
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड	13 और 14 सितम्बर, 1988	– आठवीं योजना अवधि के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सभी स्कीमों का निर्धिकरण – विकेन्द्रीकृत माइक्रो-प्लानिंग – सार्थक मानीटरिंग प्रणाली तैयार करना – नैतिक शिक्षा पर बल – व्यावसायिक शिक्षा के सुप्रवाहीकरण के के लिए प्रबंध संरचना – राज्य उच्च शिक्षा परिषदों की स्थापना की आवश्यकता – शिक्षकों के नियमित और योजनाबद्ध कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन – नये कालेजों की

1	2	3	4
			स्थापना में कठिनाई – प्रत्येक गांव में शिशु देख-भाल सेवाओं के रूप में विशेष सहायक सेवाओं की व्यवस्था – जनजातियों की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान और विरासत को बनाए रखने के लिए उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान – पालक माता-पिता योजना का कार्यान्वयन – शैक्षिक संस्थाओं और विशेषज्ञ अनुसंधान तथा विकास संगठनों में सहलग्नता की पुनर्स्थापना की की तत्काल आवश्यकता – तकनीकी संस्थाओं में अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन की व्यवस्था – उच्च शिक्षा के सभी क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास कार्यों का समन्वय करने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान परिषद की स्थापना।
2.	शिक्षकों के स्थानांतरण संबंधी समिति	26 अक्तूबर 1988	– मसौदा रिपोर्ट पर चर्चा की और निर्णय किया कि राज्य सरकारों के विचार आमंत्रित किये जाएं।
3.	शिक्षा प्रबंध संबंधी समिति	15 जून, 1988	– राज्य शिक्षा सलाहकार बोर्ड, जिला शिक्षा बोर्डों और ग्राम शिक्षा समितियों के लिये
			मार्गदर्शी सिद्धांतों को अंतिम रूप दिया।
4.	अनौपचारिक शिक्षा सहित प्रारंभिक शिक्षा पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की समिति	8.7.1988	– आठवीं योजना के दौरान आपरेशन ब्लैक बोर्ड स्कीम के लिए केन्द्रीय सहायता जारी रखने की आवश्यकता। – एन.आर.ई.पी./आर.एल.ई.जी.पी. निधियों से स्कूल भवनों के निर्माण के लिए संबंधित विभागों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई – अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के लिए शिक्षण और अध्ययन सामग्री और पाठ्य-विवरण तैयार करने के लिए प्रत्येक राज्य में संसाधन व्यक्तियों का पूल तैयार करना
5.	व्यावसायिकी-करण पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की समिति	29.7.1988	– ग्रामीण क्षेत्रों के लिए और बालिकाओं/महिलाओं के लिए समुचित व्यावसायिक पाठ्यक्रम तैयार करने के प्रश्न पर विचार करने के लिए दो तदर्थ दलों का गठन। – स्कीम के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई और यह रिपोर्ट दी कि राज्यों द्वारा कोई अधिक कार्रवाई नहीं की गई: सुझाव दिया गया कि इस मामले को राज्यों के साथ दृढ़ता से उठाया जाए।
6.	अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन-	25.8.1988	– शिक्षा की दृष्टि से वंचित वर्गों के विकास के लिए

1	2	3	4
	जातियों तथा शैक्षिक दृष्टि से अन्य वंचित वर्गों पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की समिति		विभिन्न स्कीमों की व्यापक समीक्षा की गई और महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। जिन महत्वपूर्ण मदों पर चर्चा हुई उनमें अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों के शैक्षिक विकास के लिए मुख्य-मुख्य कार्यक्रमों के अनुवीक्षण के लिए मानीटरिंग प्रोफार्म भी शामिल हैं। — सुविधाओं के स्थान निर्धारण के लिए प्रभावी माइक्रो प्लानिंग जहां अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन-जातियों के बच्चों की बहुतायत हो। — छात्रवृत्तियों के संवितरण के लिए तर्क संगत प्रक्रिया और जनजाति भाषाओं में प्राइमर तैयार करना — राज्यों में नोडल एजेंसियों की स्थापना।
7.	महिला शिक्षकों के लिए आवास सुविधाओं के संबंध में केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की उप-समिति	21.7.1988	— समिति का कार्य क्षेत्र प्रारंभिक स्कूल शिक्षकों तक सीमित रखा गया, इसमें प्राथमिक स्कूल शिक्षकों की समस्या पर विशेष ध्यान दिया गया। — निम्नलिखित समस्याओं के साथ-साथ अन्य समस्याओं के बहुआयामी समाधान सुझाए गए: (क) ग्रामीण क्षेत्रों के लिए, समूह प्रस्ताव अर्थात् मुख्य स्थान पर यानि पंचायत घर के समीप महिला कर्मचारियों के लिए सामूहिक भवनों का निर्माण। (ख) शहरी क्षेत्रों में: कामकाजी महिलाओं का हॉस्टल, अधि-मानतः कुछ अपार्टमेंट जो कम लागत के हों। (ग) शिक्षकों को स्वयं अपना मकान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। (घ) सस्ते मकानों की व्यवस्था करने के रास्ते निकाले जाएं। (ङ) सी.ए.पी.ए.आर.टी. से संबद्ध स्वैच्छिक एजेंसियों को कुछ मकान बनाने के लिए काम में लगाया जाए।

राज्यों के शिक्षा सचिवों और निदेशकों के सम्मेलन

15.2.0 शिक्षा प्रबंध के उपाय के रूप में राज्यों के शिक्षा सचिवों और निदेशकों के भी सम्मेलन हुए। इन सम्मेलनों के ब्योरे नीचे दिए जा रहे हैं:—

शिक्षा संबंधी आंकड़े

15.3.1 शिक्षा के प्रबंध को सार्थक बनाने के लिए शिक्षा संबंधी आंकड़ों पर विशेष ध्यान दिया गया। इस "शैक्षिक सांख्यिकीय" पर स्थायी समिति की बैठक 19.12.1988 (13 वीं बैठक) को हुई। इसमें शिक्षा विभाग के सांख्यिकीय यूनिट द्वारा किए गए कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई।

15.3.2 शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अप्रैल, 1988 में भारत के महारजिस्ट्रार द्वारा आयोजित आंकड़ा प्रयोक्ता सम्मेलन (1981 जनगणना) में भाग लिया।

राज्य शिक्षा सचिवों/राज्य शिक्षा निदेशकों के सम्मेलन और उनकी महत्वपूर्ण सिफारिशें

क्र. सं.	भाग लेने वालों के ब्योरे	सम्मेलन की तारीख	महत्वपूर्ण निर्णय
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के शिक्षा सचिव प्रारंभिक शिक्षा के आयुक्त और निदेशक उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा।	17 और 18 जून, 1988	1. माइक्रोलेबल प्लानिंग प्रणाली लागू करना 2. उच्च प्राथमिकता आधार पर आप्रेशन ब्लैक बोर्ड स्कीम का कार्यान्वयन। 3. नवोदय विद्यालयों में शिक्षण की श्रेष्ठता को सुनिश्चित करना 4. राज्यों में शिक्षा प्रौद्योगिकी को सक्रिय बनाना। 5. कम्प्यूटर साक्षरता में शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए कार्यक्रमों में सुधार। 6. समयबद्ध आधार पर देश के सभी भागों में त्रिभाषा सूत्र का कार्यान्वयन। 7. स्वशासी हैसियत प्रदान करने के लिए कालेजों का सावधानीपूर्वक चयन। 8. विश्वविद्यालय और कालेज शिक्षकों के लिए योजनाबद्ध कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली का प्रवर्तन।
2.	--यथोपरि--	12 सितम्बर 1988	प्रारम्भिक शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा और उच्च शिक्षा के सर्व सुलभीकरण के संबंध में प्रभावी मानीटरिंग प्रणाली की सिफारिश की गई।

15.3.3 शिक्षा विभाग ने उड़ीसा सरकार द्वारा आयोजित शिक्षा संबंधी सांख्यिकीय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए संसाधन कार्मिक के रूप में अपने अधिकारियों को भेजा।

15.3.4 विभाग द्वारा गठित कार्यकारी दल ने शिक्षा की दृष्टि से पिछड़े राज्यों में उपयोग के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में शिक्षा संबंधी आंकड़ों के कम्प्यूटरीकरण पर केन्द्रीय योजना स्कीम की कार्य प्रणाली को अंतिम रूप दिया।

15.3.5 आलोच्य वर्ष के दौरान शिक्षा संबंधी आंकड़ों पर निम्नलिखित प्रकाशन निकाले गए:–

1. भारत में शिक्षा, 1976-77 खण्ड 3
2. भारत में शिक्षा, 1979-80 खण्ड 2
3. भारत में शिक्षा, 1982-83 खण्ड 1
4. भारत में शिक्षा, 1983-84 खण्ड 1 (प्रकाशनाधीन)
5. भारत में पत्राचार पाठ्यक्रम पर अध्ययन, 1980-81

6-12. ज़िलेवार शिक्षा संबंधी आंकड़े 1981-82: असम--खण्ड 5, प. बंगाल-खण्ड 6, पंजाब-खण्ड 7, हिमाचल प्रदेश-खण्ड 8, गोवा, दमन और दीव खण्ड-9, बिहार-खण्ड 10, तमिलनाडु खण्ड 11

13. विदेश जाने वाले भारतीय छात्र/प्रशिक्षणार्थी 1983-84
14. भारतीय विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विदेशी छात्र, 1983-84
15. स्कूल शिक्षा पर चुनिन्दा सूचना 1985-86
16. स्कूल शिक्षा पर चुनिन्दा सूचना 1986-87
17. चुनिन्दा शिक्षा संबंधी आंकड़े 1986-87
18. भारत में अनौपचारिक शिक्षा (कालेज स्तर)

कम्प्यूटीकृत प्रबंध सूचना प्रणाली (सी.एम.आई.एस.)

15.4.1 कम्प्यूटीकृत प्रबंध सूचना प्रणाली को विकसित करने में भी प्रगति की गई।

15.4.2 इस संदर्भ में, राष्ट्रीय इन्फार्मेटिक्स केन्द्र ने आठ माइक्रो कम्प्यूटर और 16 टर्मिनलों सहित बृहत भंडारण क्षमता वाले उच्च प्रौद्योगिकी का एक कम्प्यूटर स्थापित किया।

15.4.3 सी.एम.आई.एस. के अंतर्गत कम्प्यूटीकृत परियोजनाओं की स्थिति आगे दी गई है:–

15.5.0 राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना और प्रशासन संस्थान (नीपा) स्वशासी संगठन के रूप में भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। संगठन वर्ष के दौरान निम्नलिखित कार्य करता रहा:–

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्थिति
1.	भारतीय विश्वविद्यालयों में अध्ययन विदेशी छात्र	1984-85 पूरा किया गया
2.	विदेश जाने वाले भारतीय छात्र	1985-86 तक पूरा किया गया
3.	बजट में सम्मिलित व्यय का विश्लेषण	वर्ष 1987-88 के लिए पूरा किया गया
4.	विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों के संबंध में वार्षिक कार्य योजना और मंत्रिमंडल सचिवालय तथा प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत करने के लिए इसके कार्यान्वयन पर तिमाही रिपोर्टें	द्वितीय तिमाही रिपोर्ट प्रस्तुत की गई (1988-89)
5.	"भारत में चुनिन्दा शिक्षा संबंधी आंकड़ों" के संबंध में आंकड़ों का आधार	वर्ष 1987-88 के लिए पूरा किया गया।
6.	सातवीं पंचवर्षीय योजना के चार वर्षों के दौरान राज्य योजना आबंटन और उपलब्धियां	वर्ष 1988-89 के लिए पूरा किया गया।
7.	अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक संख्यांकन प्रणाली का विकास (एन.ई.आर.सी. की परियोजना)	नियमित रूप से सप्लाई की गई।
8.	विभाग के अधिकारियों/स्टाफ के वेतन बिलों और वेतन पर्चियों का कम्प्यूटीकरण	नियमित रूप से सप्लाई की गई
9.	भारत में शिक्षा	1984-85 और 1985-86 पर काम चल रहा है।
10.	कक्षा 1-5 और 6-7 के राज्यवार निवल नामांकन अनुपात के अनुमान के लिए अनुरूपण माडल	पूरे किए गए

- वरिष्ठ शैक्षिक प्रशासकों का प्रशिक्षण और अभिविन्यास प्रशिक्षण
- शैक्षिक आयोजना और प्रशासन की प्रगति में अनुसंधान (दो अनुसंधान अध्ययन पूरे किए गए और 11 पर अनुसंधान हो रहा है)
- राज्यों और अन्य संगठनों के लिए विस्तार सेवाएं और परामर्शी सेवाएं।
- शैक्षिक आयोजना और प्रशासन से संबंधित मामलों पर सेमिनार। कार्यशालाएं और सम्मेलन (49 प्रशिक्षण कार्यक्रम/सेमिनार/कार्यशालाएं नवम्बर 1988 के अंत तक आयोजित किए गए और 31.3.1989 तक 16 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे)।
- अन्य देशों और अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों, यूनेस्को, यू.एन.डी.पी. आई.आई.ई.पी., राष्ट्रमंडल सचिवालय आदि के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान सुविधाओं की व्यवस्था।
- शिक्षा के प्रबंध पर सरकार को तकनीकी सहायता की व्यवस्था (माइक्रो लेवल प्लानिंग पर मार्गदर्शी सिद्धान्त तैयार किए गए। स्कूल शिक्षा के संबंध में सामुदायिक सहभागिता और ग्रामीण समुदायों की भूमिका)।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

भारत और यूनेस्को के बीच सहयोग

16.1.0 संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत संगठन के अनुच्छेद उद्देश्यों और लक्ष्यों की प्रोन्नति की दिशा में निरंतर प्रयास करता रहा है। यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग, जिसकी स्थापना भारत सरकार द्वारा यूनेस्को के संविधान के अनुच्छेद VII के अनुपालन में वर्ष 1949 में की गई थी। राष्ट्रीय स्तर पर एक सलाहकार, कार्यकारी, सूचना तथा सम्पर्क निकाय के रूप में प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है और यूनेस्को के कार्यक्रमों तथा इसकी सक्षमता के सभी क्षेत्रों में कार्यकलापों के कार्यान्वयन के लिए एशिया तथा प्रशान्त क्षेत्र के राष्ट्रीय आयोगों और यूनेस्को के क्षेत्रीय कार्यालय तथा केन्द्रों के साथ सहयोग भी कर रहा है

16.2.0 यूनेस्को के एशिया तथा प्रशान्त क्षेत्र के विकास हेतु शैक्षिक नव-परिवर्तन (ए. पी. ई. आई. डी.) के प्रमुख क्षेत्रीय कार्यक्रम, जो वर्ष 1874 में शुरू हुआ था, के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने ए. पी. ई. आई. डी. कार्यकलापों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत एक राष्ट्रीय विकास दल स्थापित किया गया है जो देश में विकास के लिए शैक्षिक नव परिवर्तन के राष्ट्रीय स्तर पर पहचान करने वाले, प्रेरक तथा समन्वयक के रूप में कार्य करता है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् क्षेत्रीय स्तर पर ए०पी०ई०आई०डी० के कार्यकलापों, क्षेत्रीय स्तर के नए अनुभवों के बारे में सूचना के प्रसार तथा देश में ए. पी. ई. आई. डी. में क्षेत्रीय सहयोग के परिणामों के देशभर में प्रचार में सहायता प्रदान करती है।

16.3.0 एक अन्य महत्वपूर्ण कार्यकलाप, जिसके लिए भारत ने यूनेस्को को अपना पूर्ण समर्थन और सहयोग दिया है, सभी के लिए एशिया–प्रशान्त शिक्षा कार्यक्रम (ए०पी०पी०ई०ए०एल०) है, जिसे यूनेस्को ने वर्ष 1987 में नई दिल्ली में आरंभ किया था। इस कार्यक्रम को और प्रोत्साहन देने तथा 2000 ई. तक निरक्षरता उन्मूलन के लिए उपाय तैयार करने की दृष्टि से ए. पी. पी. ई. ए. एल. के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष क्षेत्रीय कार्यकारी दल की बैठक 11-14 अक्तूबर, 1988 तक नई दिल्ली स्थित यूनेस्को के एशिया तथा प्रशान्त के प्रधान कार्यालय के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें अफगानिस्तान, बंगलादेश, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, नेपाल और पाकिस्तान के उच्च स्तरीय अधिकारियों तथा योजना-निर्माताओं ने भाग लिया। भारत ने दक्षिण एशिया में विकासशील देशों में तकनीकी सहयोग (टी. सी. डी. सी.) के लिए यूनेस्को के सक्षम क्षेत्र में कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए एक उप-क्षेत्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की, जो नई दिल्ली में 5-9 दिसम्बर, 1988 तक चली। भारत ने बैंकाक में अगस्त, 1988 में आयोजित ए. पी. ई. आई. डी. की ग्यारहवीं क्षेत्रीय सलाहकार बैठक में और 22-27 सितम्बर, 1988 तक पेइचिंग में संपन्न एशिया तथा प्रशान्त में यूनेस्को राष्ट्रीय आयोगों के नवें क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

16.4.0 भारत ने यूनेस्को तथा इसके क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ, विभिन्न कार्यशालाओं तथा संगोष्ठियों में, भारतीय विशेषज्ञों और संस्थाओं द्वारा भाग लिए जाने का प्रबन्ध करके, भारतीय संस्थाओं तथा प्रयोगशालाओं में, यूनेस्को अध्येताओं को रखने का प्रबन्ध करके और यूनेस्को के सहभागिता कार्यक्रम

के अधीन परियोजनाओं का कार्यान्वयन करके, इसके कार्यकलापों के कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से सहयोग किया है। इसने यूनेस्को कूपन योजना, यूनेस्को कूरियर तथा न्यूज़लैटर के हिन्दी तथा तमिल संस्करणों के प्रकाशन को भी जारी रखा। वर्ष के दौरान किए गए कार्यकलापों का संक्षिप्त सारांश नीचे दिया गया है।

अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा समीक्षा सम्पादकीय बोर्ड का चौंतीसवां सत्र और यूनेस्को शिक्षा संस्थान, हेम्बर्ग के शासी बोर्ड का चालीसवां सत्र

16.5.0 संस्थान के शासी बोर्ड के सदस्य के रूप में, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग के भूतपूर्व विशेष सचिव, श्री किरीट जोशी ने अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा समीक्षा सम्पादकीय बोर्ड के 34वें सत्र में (2 मई, 1988 को) और हेम्बर्ग में हुए यूनेस्को शिक्षा संस्थान के सम्पादकीय बोर्ड के 40वें सत्र में (3-5 मई, 1988 को), जहां यूनेस्को की तृतीय मध्य-अवधि योजना पर भी चर्चा हुई, भाग लिया। 6-7 मई, 1988 तक हुई सलाहकार बैठक में, सदस्यों ने शिक्षा में अनुसंधान प्राथमिकताओं तथा कार्रवाई के उन विभिन्न पहलुओं पर विचार किया जो यूनेस्को तृतीय मध्य-अवधि योजना के दौरान शुरू कर सकता है।

यूनेस्को,पत्तया,बैंकाक की तृतीय मध्यावधि योजना पर क्षेत्रीय परामर्श, 12-14 मई 1988

16.6.0 शिक्षा विभाग, मानव संस्थान विकास मंत्रालय के अपर सचिव, श्री एस. गोपालन ने 12-14 मई, 1988 तक पत्तया, थाईलैंड में आयोजित तृतीय मध्यावधि योजना पर क्षेत्रीय परामर्श में भाग लिया। बैठक में विचार-विमर्श के दौरान, विश्व-समस्याओं तथा भविष्योन्मुख अध्ययनों से सम्बन्धित कार्यकलापों को इस संगठन के बौद्धिक मिशन के कारण पर्याप्त महत्व दिए जाने पर और कार्यात्मक तथा बौद्धिक कार्यकलापों के बीच में विवेकपूर्ण सन्तुलन बनाए रखने पर बल दिया गया था। विचार-विमर्श में भारत के प्रतिनिधि ने शिक्षा प्रक्रिया के ज़रिए शान्ति एवं मानवीय अधिकारों के उद्देश्य की प्रगति पर पर्याप्त बल दिया। शान्ति एवं मानव अधिकारों से सम्बद्ध कार्यकलापों को, रंगभेद, पूर्वाग्रह के सभी रूपों, असहिष्णुता, जातिवाद तथा भेदभाव को मिटाने और अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना, मानव अधिकारों और मूल स्वतंत्रताओं को बढ़ाने वाले शैक्षिक कार्यक्रमों को आरम्भ तथा प्रोत्साहित करके तृतीय मध्यावधि योजना में महत्वपूर्ण स्थान दिए जाने पर बल दिया।

यूनेस्को के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग के संचार उप-आयोग की बैठक

16.7.0 यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग ने नई दिल्ली में 12 जुलाई, 1988 को अपने संचार उप-आयोग की एक बैठक श्री जी. पार्थसारथी की अध्यक्षता में आयोजित की ताकि प्रारूप विश्व संचार सम्बन्धी रिपोर्ट पर विचार किया जा सके। इस उप-आयोग ने अन्तर्राष्ट्रीय संचार सम्बन्धी मामलों पर विभिन्न सिफारिशें कीं।

जन-सामान्य की शिक्षा के लिए एशिया-प्रशान्त कार्यक्रम तथा अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष की राष्ट्रीय समन्वय समिति की बैठक

16.8.0 जन-सामान्य के लिए शिक्षा के एशिया-प्रशान्त कार्यक्रम (ए. पी. पी. ई. ए. एल.) और अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष (आई. एल. वाई) के महत्व को ध्यान में रखते हुए, ए. पी. पी. ए. एल. तथा आई. एल. वाई. पर एक राष्ट्रीय समन्वय समिति इन कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के अनुश्रवण तथा मूल्यांकन करने सहित नीति निर्माण, जन-जागृति बढ़ाना तथा सूचना और अनुभवों का प्रसार करने के लिए स्थापित की गई है। साक्षरता वर्ष तथा विशेष रूप से महिलाओं के लिए साक्षरता कार्यक्रमों के लिए प्रयोजनात्मक अभियानों को शुरू करने से सम्बन्धित नीतियों पर विचार करने के लिए राष्ट्रीय समन्वय समिति की प्रथम बैठक 20 जुलाई, 1988 को नई दिल्ली में संपन्न हुई।

विकास के लिए शैक्षिक परिवर्तन के एशिया तथा प्रशान्त कार्यक्रम पर ग्यारहवीं क्षेत्रीय सलाहकार बैठक (ए०वी०ई०आई०डी०)

16.9.0 यूनेस्को द्वारा 2-9 अगस्त, 1988 तक बैंकाक में आयोजित विकास हेतु शैक्षणिक नव परिवर्तन के एशिया तथा प्रशान्त कार्यक्रम (ए०पी०ई०आई०डी०) पर ग्यारहवीं क्षेत्रीय सलाहकार बैठक में शिक्षा सचिव, श्री अनिल बोर्दिया ने भाग लिया। इस बैठक में जनवरी-जून, 1988 की अवधि के दौरान ए०पी०ई०आई०डी० की प्रगति की समीक्षा की गई। ए०पी०ई०आई०डी० में भाग ले रहे सदस्य राष्ट्रों में शिक्षा की उभरती प्रवृत्तियों तथा विकास और शिक्षा के भविष्य की वर्तमान कठिनाईयों का अध्ययन किया गया। इस में नव परिवर्तन के जरिए

श्री फ्रेडरिक मेयर, महानिदेशक, यूनेस्को मानव संसाधन विकास मंत्री के साथ। 1988

शिक्षा के स्तर तथा कुशलता को सुधारने तथा बढ़ाने के लिए विशेष बल दिया जाने पर भी विचार किया गया और ए०पी०ई०आई०डी० नेटवर्क और इसके सहयोग की प्रविधि को मज़बूत बनाने के नए दृष्टिकोणों पर विचार किया गया।

एशिया और प्रशान्त क्षेत्र में यूनेस्को राष्ट्रीय आयोगों का नवां क्षेत्रीय सम्मेलन

16.10.0 शिक्षा सचिव, श्री अनिल बोर्दिया ने 22-27 सितम्बर, 1988 तक पेइचिंग में आयोजित एशिया तथा प्रशान्त क्षेत्र में यूनेस्को राष्ट्रीय आयोगों के नवें क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में यूनेस्को की तृतीय मध्य अवधि योजना पर और सांस्कृतिक विकास विश्व दशक में शुरू होने वाले कार्यकलापों पर विचारों का आदान प्रदान किया गया। इसमें अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष की तैयारी करने में शुरू किए जाने वाले उपायों तथा कार्यकलापों ए०पी०पी०ई०ए०एल० कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने और राष्ट्रीय आयोगों तथा उनमें क्षेत्रीय सहयोग की भूमिका की समीक्षा पर भी चर्चा की गई।

अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष पर क्षेत्रीय कार्यकारी दल की बैठक

16.11.0 यूनेस्को के एशिया तथा प्रशान्त क्षेत्र हेतु प्रधान क्षेत्रीय कार्यालय, बैंकाक के सहयोग से 11-14 अक्तूबर, 1988 तक नई दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष पर क्षेत्रीय कार्य दल की एक बैठक आयोजित की। इस कार्यकारी दल में मुख्यत: निरक्षरता की वास्तविक समस्याओं वाले एशिया तथा प्रशान्त देश के उच्च स्तरीय अधिकारी तथा नीति-निर्माता शामिल हैं। अफगानिस्तान, बंगलादेश, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, नेपाल और पाकिस्तान के प्रतिभागियों और यू० एन० डी० पी० यूनीसेफ और विश्व बैंक जैसे अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस बैठक में भाग लिया। बैठक का उद्घाटन शिक्षा तथा संस्कृति राज्य मंत्री ललितेश्वर प्रसाद शाही ने किया था। कार्यकारी दल ने विशेष रूप से बालिकाओं, महिलाओं तथा उपेक्षित जनसंख्या में निरक्षरता उन्मूलन की विभिन्न नीतियों तथा दृष्टिकोणों की प्रभावशीलता की जांच की। इस कार्यकारी दल ने ऐसे उपायों पर भी विस्तारपूर्वक विचार किया, जिनको वर्ष 2000 तक निरक्षरता उन्मूलन को ध्यान में रखत हुए अपनाया जाना चाहिए। साथ ही इस दल ने इस बात पर भी विचार किया कि अन्तर्राष्ट्रीय संगठन इस क्षेत्र के देशों की इस दिशा में वैयक्तिक तथा सामूहिक रूप से किस प्रकार सहायता कर सकते हैं।

दक्षिण एशिया में टी. सी. डी. सी. को प्रोन्नत करने के लिए उप-क्षेत्रीय संगोष्ठी

16.12.0 यूनेस्को के साथ सहयोग के भारतीय राष्ट्रीय आयोग के सहयोग से एशिया तथा प्रशान्त क्षेत्र में समाज तथा मानविकी विज्ञान के लिए यूनेस्को के क्षेत्रीय एकक ने, यूनेस्को के सक्षम क्षेत्रों अर्थात् शिक्षा, सामाजिक-विज्ञानों, प्राकृतिक विज्ञानों, संस्कृति तथा संचार में दक्षिण एशिया के विकासशील देशों में तकनीकी सहयोग के कार्यकलापों को प्रोन्नत करने के लिए एक उप-क्षेत्रीय संगोष्ठी आयोजित की। संगोष्ठी नई दिल्ली में 5-9 दिसम्बर, 1988 तक चली। इसमें बंगलादेश, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान तथा श्रीलंका के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, एशियाई जन संचार अनुसंधान और सूचना केन्द्र, (ए. एम. आई. सी.), एशियाई प्रसारण विकास प्रशान्त क्षेत्र संस्थान (ए. आई. बी. डी.), यूनेस्को, यू. एन. डी. पी. तथा ई. एस. सी. ए. पी. के प्रतिनिधियों ने भी पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया। इस संगोष्ठी में अन्य क्षेत्रीय संस्थाओं के टी. सी. डी. सी. अनुभव के सन्दर्भ में दक्षिण एशियाई क्षेत्र के सदस्य देशों के कार्यकलापों की समीक्षा की गई। इसमें वित्त-पोषण के संभावित स्रोत सहित निष्पादन के सर्वाधिक उपयुक्त तरीकों की सिफारिश करने की दृष्टि से आवश्यकताओं, उपलब्ध सुविधाओं तथा भावी सहयोग के क्षेत्रों का भी पता लगाया गया।

यूनेस्को का सहभागिता कार्यक्रम

16.13.1 सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत, यूनेस्को सदस्य देशों की कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों की प्रौन्नति में लगी विभिन्न संस्थाओं तथा संगठनों को नवीनीकरण परियोजनाओं को शुरू करने के लिए सहायता प्रदान करता है ताकि वे सम्मेलन द्वारा परिभाषित उद्देश्यों के कार्यान्वयन के प्रति राष्ट्रीय उप-क्षेत्रीय, क्षेत्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों पर योगदान कर सकें। यूनेस्को ने 1988-1989 के दो वर्षों के दौरान, 1,12,000 यू. एस. डालर की वित्तीय सहायता के साथ 13 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं।

16.13.2 श्री जवाहरलाल नेहरू, डा. एस राधाकृष्णन, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जन्म

शताब्दी समारोहों से स्वयं को संबद्ध करने के उद्देश्य स यूनेस्को ने सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत इन सब के आयोजन की स्वीकृति दी है।

(I) जवाहरलाल नेहरू मैमोरियल संग्रहालय और पुस्तकालय द्वारा "एशिया और अफ्रीका तथा विश्व में जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्वतंत्रता आन्दोलन" पर संगोष्ठी, (II) भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद द्वारा "दर्शनशास्त्र में डा. राधाकृष्णन का योगदान, एक विवेचनात्मक मूल्यांकन" पर अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार, और (III) जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली द्वारा "मौलाना अबुल कलाम आज़ाद और 20 वीं शताब्दी में इस्लाम में सुधार आन्दोलन" पर गोष्ठी।

यूनेस्को क्लब आन्दोलन

16.14.0 यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग, अपने प्रारंभ से ही इस परियोजना के साथ जुड़ा हुआ है और देश के सभी भागों में यूनेस्को क्लबों की स्थापना और उनके सुदृढ़ीकरण करने को प्रोत्साहित करने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है। इस समय लगभग 250 यूनेस्को क्लब आयोग में पंजीकृत हैं जिन्हें यूनेस्को के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्रौन्नत करने के लिए निर्दिष्ट कार्यकलाप आयोजित करने हेतु सामग्री और वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना के लिए शिक्षा-यूनेस्को संबद्ध स्कूल परियोजना

16.15.0 इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य संस्थाओं के व्यापक नेटवर्क के जरिए अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना के लिए शिक्षा के सामान्य विकास को प्रौन्नत करना है। इस समय भारत में 36 संस्थाएं हैं जो इस परियोजना में भाग ले रही हैं और अपने लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यकलापों के आयोजन के लिए आवश्यक सामग्री और बौद्धिक सहायता के लिए सीधी यूनेस्को सचिवालय से जुड़ी हुई है। देशभर के संबद्ध स्कूलों के प्रमुखों और समन्वयकों को अपने-अपने अनुभवों के आदान-प्रदान के लिए सक्षम बनाने की दृष्टि से और इस परियोजना के कार्यान्वयन को और अधिक कारगर बनाने के लिए उपायों पर विचार करने हेतु, भारतीय राष्ट्रीय आयोग ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली के सहयोग से 9-11 मई, 1988 तक केन्द्रीय विद्यालय, शिमला में संबद्ध स्कूलों के समन्वयकों की एक कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में सहभागियों ने संबद्ध स्कूल परियोजना के विभिन्न पहलुओं, इसके उद्देश्यों, अध्ययन के मुख्य विषयों, प्रासंगिक कार्यकलापों और प्रचालन तंत्रों पर चर्चा की। कार्यशाला में उन उपायों पर विस्तारपूर्वक विचार किया गया जो अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना सहयोग और शान्ति की प्रौन्नति में सहायक होंगे।

16.16.0 आयोग ने उस यूनेस्को अन्तर्राष्ट्रीय कूपन योजना का क्रियान्वयन जारी रखा जो शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और संचार के क्षेत्रों में कार्यरत संस्थाओं और व्यक्तियों की सहायतार्थ तैयार की गयी थी ताकि वे विदेशी मुद्रा तथा आयात नियंत्रण प्रक्रियाओं के बिना ही अपनी वास्तविक ज़रूरतों के अनुसार शैक्षिक प्रकाशनों, वैज्ञानिक उपस्करों, शैक्षिक फिल्में आदि आयात कर सकें। वर्ष 1988-89 के दौरान लगभग 7,35,000 रुपए के यूनेस्को कूपनों की बिक्री हुई।

भारतीय राष्ट्रीय आयोग "न्यूज़लैटर" का प्रकाशन

16.17.0 यूनेस्को तथा भारतीय राष्ट्रीय आयोग के कार्यक्रमों और कार्यकलापों के बारे में सूचना के प्रसारण के प्रयोजनार्थ राष्ट्रीय आयोग द्वारा एक अर्ध-वार्षिक न्यूज़लैटर प्रकाशित किया जाता है। न्यूज़लैटर को भारत और विदेश में व्यापक रूप से परिचालित किया जाता है।

यूनेस्को कूरियर के भारतीय भाषा संस्करणों का प्रकाशन

16.18.0 "कूरियर" विश्व की उत्कृष्ट शैक्षिक और सांस्कृतिक पत्रिका है जिसका यूनेस्को द्वारा प्रकाशन किया जाता है। भारतीय राष्ट्रीय आयोग ने इसके हिन्दी तथा तमिल संस्करणों का प्रकाशन जारी रखा। इस भाषा संस्करणों का शैक्षिक संस्थाओं, पुस्तकालयों, यूनेस्को क्लबों, संबद्ध स्कूलों और बहुत बड़ी संख्या में जनता में व्यापक परिचालन होता है।

स्वैच्छिक निकायों, यूनेस्को क्लबों और संबद्ध स्कूलों को वित्तीय सहायता की योजना

16.19.0 आयोग, यूनेस्को के आदर्शों और उद्देश्यों की प्रौन्नति के लिए विभिन्न नवीन कार्यकलाप/ परियोजनाएं शुरू करने के लिए स्वैच्छिक संगठनों, यूनेस्को क्लबों और सम्बद्ध स्कूलों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की एक योजना चला रहा है। समीक्षाधीन

वर्ष के दौरान विभिन्न संगठनों, यूनेस्को क्लबों आदि की 42,000 रु. का सहायता अनुदान संस्वीकृत किया गया।

यूनेस्को द्वारा प्रायोजित विभिन्न सम्मेलनों/बैठकों में भारत का सहभागिता

16.20.1 भारतीय विशेषज्ञों ने यूनेस्को अथवा इसके क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा प्रायोजित निम्नलिखित कार्यशालाओं, प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों तथा संगोष्ठियों में शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय का प्रतिनिधित्व किया :-

- 22 जून से पहली जुलाई, 1988 तक बैंकाक में आयोजित शैक्षणिक प्रबंध सूचना प्रणाली में माइक्रो कम्प्यूटर की भूमिका पर क्षेत्रीय कार्यशाला।
- 13 से 31 अक्तूबर, 1988 तक टोकियो में आयोजित पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देने तथा पुस्तक प्रौन्नति (एशिया और प्रशांत में पुस्तक प्रौन्नति पर 21वां प्रशिक्षण पाठ्यक्रम) हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- 18 से 27 अक्तूबर, 1988 तक पेइचिंग में आयोजित उपेक्षित जनसमूहों के लिए शिक्षा के अवसर की समानता पर क्षेत्रीय कार्यशाला।
- सभी के लिए शिक्षा के एशिया प्रशान्त के कार्यक्रमों के क्षेत्रीय समन्वयकों के लिए प्रथम बैठक बैंकाक में 14 से 18 नवम्बर, 1988 तक आयोजित की गई।

16.20.2 उपरोक्त बैठकों के अतिरिक्त भारतीय राष्ट्रीय आयोग ने यूनेस्को द्वारा अथवा उसके तत्वावधान में बुलाई गई करीब 34 राष्ट्रीय क्षेत्रीय अन्तर्राष्ट्रीय बैठकों, कार्यशालाओं, सेमिनारों, सम्मेलनों आदि में भाग लेने के लिए विशेषज्ञों को मनोनीत किया। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आयोग ने बहुत से यूनेस्को अध्येताओं के नियोजन की भी व्यवस्था की तथा भारत में विभिन्न संस्थाओं में अध्ययन दौरे भी आयोजित किए।

विदेशी आगन्तुक

